RNI NO. DELHI/2012/48369
वर्ष 7 अंक 336
नई दिल्ली, बुधवार, 16 अक्टूबर, 2019
पृष्ठ 16 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर





कैटरीना के लिए चुनौती थी फिल्म 'भारत'
विविध-16



www.dailypioneer.com


**मौसम**

अधिकतम 34.8°C (+2)
न्यूनतम 20.4°C (+1)

**बाजार**

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 38,506 | ↑ | 291 |
| निफ्टी | 11,428 | ↑ | 87 |
| सोना | 39,105 | ↑ | 05 /10g |
| चांदी | 46,809 | ↓ | 91 /kg |

**क्विक न्यूज**


### मीडिया, मनोरंजन क्षेत्र में कौशल प्रशिक्षण केंद्र स्थापित करेगी सरकार

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कौशल विकास और उद्यमिता (एमएसडीई) मंत्री महेंद्र नाथ पांडे ने मंगलवार को मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र के लिए भारत के 9 शहरों में 14 अधिकृत विश्व कौशल भारत प्रशिक्षण केंद्र (एडब्ल्यूएसआईटीसी) शुरू करने की घोषणा की। नए संस्थान मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र में न केवल विश्व कौशल और भारत की कौशल प्रतियोगिताओं से मुकाबला करने के लिए उम्मीदवारों को अत्याधुनिक कौशल प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए स्थापित किए जा रहे है बल्कि इनका उद्देश्य अंतरराष्ट्रीय बाजार के लिए उम्मीदवारों को प्रशिक्षण देने केलिए कौशल परिवेश विकसित करना भी है। पांडे ने कहा, ...ग्राफिक्स डिजाइन, 3 डी डिजिटल गेम आर्ट, प्रिंट मीडिया आदि जैसे क्षेत्रों में कौशल प्राप्त लोगों के लिए ढेर सारी संभावनाएं है। विश्व स्तर के आधुनिक केंद्र उम्मीदवारों को विभिन्न प्रतियोगिताओं में देश को गौरव दिलाने के लिए तैयार करने में मदद करेंगे और लाभकारी तरीके से कार्य करने के लिए उनका कौशल बढ़ाएंगे।

# पी. चिदंबरम को आज ईडी कर सकती है गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**आईएनएक्स मीडिया मामला**



नई दिल्ली में कोर्ट में पेशी के दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम

- कोर्ट ने प्रवर्तन निदेशालय को दी पूछताछ-जरूरी होने पर गिरफ्तारी की इजाजत, सीबीआई हिरासत में अभी तिहाड़ में हैं पूर्व वित्त मंत्री
- सुबह ही जेल पहुंचेगी ईडी की टीम, अधिकतम 30 मिनट तक हो सकेगी पूछताछ
- सीबीआई पर चिदंबरम का आरोप-अपमानित करने को रखना चाहती है हिरासत में

**आईएनएक्स** मीडिया मनी लांड्रिंग मामले में वरिष्ठ कांग्रेसी नेता और पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम की मुश्किलें बढ़ती ही जा रही हैं। मंगलवार को दिल्ली की एक अदालत ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को उन्हें गिरफ्तार करने की इजाजत दे दी है। ईडी की टीम उनकी गिरफ्तारी के लिए बुधवार को तिहाड़ जाकर पूर्व वित्त मंत्री से पूछताछ करेगी और आवश्यक हुआ तो गिरफ्तार कर शाम को ही कोर्ट में पेश कर उन्हें रिमांड पर देने की मांग करेगी। अदालत ने कहा कि प्रवर्तन निदेशालय के तीन अधिकारी सुबह साढ़े आठ बजे के बाद चिदंबरम से पूछताछ कर सकते हैं। यह पूछताछ अधिकतम तीस मिनट तक की जा सकती है। कोर्ट ने जेल अधीक्षक को इस बाबत जरूरी बंदोबस्त करने के निर्देश भी दिए। पूर्व वित्त मंत्री ने आज ही सुप्रीम कोर्ट में जमानत अर्जी दाखिल कर सीबीआई पर आरोप लगाया था कि केंद्रीय जांच ब्यूरो उन्हें अपमानित करने के लिए जेल में रखना चाहता है।

सीबीआई ने चिदंबरम को इसी मामले में गिरफ्तार किया था। उन्हें 21 अगस्त को न्यायिक हिरासत में लिया गया था और वह अभी तक 55 दिन तिहाड़ जेल में गुजार चुके हैं। उनकी न्यायिक हिरासत की अवधि 17 अक्टूबर को समाप्त हो रही है। विशेष न्यायाधीश अजय कुमार कुहाड़ ने चिदंबरम से पूछताछ की प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की अर्जी को कबूल करते हुए पूर्व वित्त मंत्री के खिलाफ 10 अक्टूबर को जारी पेशी वारंट को निरस्त करने या वापस लेने की उनकी याचिका को खारिज कर दिया। पूछताछ की मंजूरी का अदालती आदेश मिलने पर ईडी की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता और विशेष सरकारी अभियोजक अमित महाजन ने 74 वर्षीय चिदंबरम से राउस एवेन्यू अदालत परिसर में उपलब्ध किसी जगह पर पूछताछ की अनुमति मांगी। जिस पर अदालत ने कहा कि यह उनकी (चिदंबरम) की गरिमा के विरुद्ध होगा कि उनसे यहां पूछताछ हो और उन्हें सार्वजनिक रूप से गिरफ्तार किया जाए। ईडी के रिमांड के आवेदन पर कोर्ट ने कहा कि यह आग्रह जल्दबाजी में किया गया है। इस पर तभी विचार किया जाएगा जब जांच एजेंसी मामले में चिदंबरम को गिरफ्तार करेगी।

इससे पहले, सोमवार को दिल्ली की राउस एवेन्यू कोर्ट में चिदंबरम की ईडी कस्टडी मामले में सुनवाई पूरी हो गई थी और, अदालत ने अपना फैसला सुरक्षित रखा था। प्रवर्तन निदेशालय ने कोर्ट से कहा था कि मनी लॉन्ड्रिंग (शेष पेज 10)

# ड्रग के बादशाह रहे मिर्ची से सौदे पर प्रफुल्ल पटेल तलब

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली/मुंबई



राकांपा नेता प्रफुल्ल पटेल

- ईडी ने वरिष्ठ राकांपा नेता से कहा 18 को दर्ज कराएं बयान, पटेल और उनकी पार्टी ने आरोपों को किया खारिज
- जांच एजेंसी का दावा-पटेल की रियल एस्टेट कंपनी ने 2007 में मिर्ची की पत्नी हाजरा के नाम की थी सीजे हाउस की दो मंजिलें

**अंडरवर्ल्ड** डॉन दाउद इब्राहिम के दाहिने हाथ रहे इकबाल मिर्ची से कथित सौदेबाजी मामले में राकांपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रफुल्ल पटेल पर ईडी ने अपना शिकंजा कस दिया है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मिर्ची की कथित अवैध संपत्तियों से जुड़ी धन शोधन मामले की जांच के सिलसिले में पटेल को तलब किया है। जांच एजेंसी के अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि पूर्व केंद्रीय मंत्री से 18 अक्टूबर को मुंबई में अपना बयान दर्ज कराने को कहा गया है।

प्रवर्तन निदेशालय का दावा है कि प्रफुल्ल पटेल और उनकी पत्नी द्वारा संचालित कंपनी मिलेनियम डेवलपर्स ने 2006-2007 में मुंबई में सीजे हाउस नामक एक इमारत बनाई थी जिसकी तीसरी व चौथी मंजिलें मिर्ची की पत्नी हाजरा इकबाल मेमन के नाम हस्तांतरित कर दी। बताया जाता है कि जिस जमीन पर यह इमारत बनाई गई वह मिर्ची की थी और उक्त हस्तांतरण उसके लाभ के तौर पर किया गया। जांचकर्ताओं का कहना था कि यह जमीन धन शोधन, मादक पदार्थों की तस्करी और कथित जबरन वसूली के अपराधों से उगाहे पैसों से खरीदी गई थी।

इस बीच, पटेल और उनकी पार्टी राकांपा ने गैंगस्टर इकबाल मिर्ची के साथ मुंबई में अपने कथित सौदे की रिपोर्ट को कोरी अटकलें करार दिया। आरोपों को नकारते पटेल ने कहा कि उनके बीच एक पैसे मूल्य की भी संपत्ति का लेनदेन नहीं हुआ है। संवाददाताओं से मुखातिब प्रफुल्ल पटेल के मुताबिक, हो सकता है कि दस्तावेज मीडिया को लीक किए गए हों। जहिर है कि उनके पास कुछ कागजात भी होंगे लेकिन कभी भी इस तरफ उनका ध्यान नहीं खींचा गया। ड्रग की दुनिया का बादशाह कहलाने वाले मिर्ची की 2013 में लंदन में मौत हो गई थी। ऐसी रिपोर्ट मिली है कि उसकी पत्नी हाजरा मेमन ने प्रफुल्ल पटेल के परिवार के साथ संपत्ति का एक सौदा किया था। इस पर पटेल ने तर्क दिया कि मिलेनियम डेवलपर्स पर उनके परिवार का मालिकाना हक है और कंपनी में और कोई भी साझीदार नहीं है। पटेल परिवार और हाजरा मेमन के बीच एक पैसे कीमत की संपत्ति तक का लेनदेन नहीं हुआ है। सब कुछ बॉम्बे हाईकोर्ट के कोर्ट रिसीवर के पास मौजूद है। वे लोग न तो सीधे तौर पर संपत्ति की देखरेख करते हैं और न ही इसके प्रत्यक्ष प्रभारी हैं। ईडी की कार्रवाई के पीछे क्या उन्हें राजनीतिक मंशा दिखाई देती है? इस सवाल (शेष पेज 10)

# भाजपा ने सावरकर के लिए भारत रत्न की मांग की

- महाराष्ट्र विधान चुनाव के लिए जारी किया घोषणा पत्र
- कांग्रेस, माकपा ने इस मांग की तीखी आलोचना की



**पायनियर समाचार सेवा।** मुंबई/नई दिल्ली

**भारतीय** जनता पार्टी ने महाराष्ट्र में होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव के लिए अपने घोषणा पत्र में विनायक दामोदर सावरकर को देश का सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न देने की मंगलवार को मांग उठाई। पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष जे पी नड्डा ने संकल्प पत्र जारी किया। घोषणा पत्र में कहा गया है कि भाजपा केंद्र में अपनी पार्टी की अगुवाई वाली राजग सरकार से वीर सावरकर के नाम से लोकप्रिय विनायक दामोदर सावरकर को देश का सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न देने की मांग करेगी। दूसरी ओर कांग्रेस ने कहा कि अगर महात्मा गांधी की 150वीं जयंती पर ऐसा कोई विचार होता है तो फिर इस देश को भगवान बचाए। पार्टी प्रवक्ता मनीष तिवारी ने संवाददाताओं से बातचीत में यह दावा भी किया, सावरकर के ऊपर महात्मा गांधी की हत्या के मामले में फौजदारी का मुकदमा चला है। यह बात सही है कि वह बरी हो गए थे। इसके बाद कपूर आयोग बना। एक पत्रकार ने अपने लेख में लिखा है कि कपूर आयोग इस निष्कर्ष पहुंचा कि सभी तथ्य इस बात के (शेष पेज 10)

# फारुख अब्दुल्ला की बहन, बेटी गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** श्रीनगर



**पुलिस** ने मंगलवार को पूर्व मुख्यमंत्री फारुक अब्दुल्ला की बेटी और बहन समेत छह महिलाओं को गिरफ्तार कर लिया। अधिकारियों ने बताया कि ये महिलाएं जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधान हटाए जाने और राज्य को दो संघ शासित प्रदेशों में बांटने के विरोध में प्रदर्शन कर रही थीं। महिला प्रदर्शनकारियों के एक समूह का नेतृत्व कर रहीं अब्दुल्ला की बहन सुरैया और उनकी बेटी साफिया को पुलिस ने पहले हिरासत में ले लिया और बाद में उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया।

उन्होंने कहा कि बांह पर काली पट्टी बांधकर तख्तियां पकड़े प्रदर्शन कर रहीं इन महिलाओं को इसकी इजाजत नहीं दी थी। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों से शांतिपूर्वक लौट जाने के लिए कहा। पुलिस के अनुरोध के बावजूद महिलाओं ने लौटने से इनकार कर दिया और प्रदर्शन जारी रखते हुए धरना देने की कोशिश की। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की महिला जवानों ने प्रदर्शनकारियों को पुलिस वाहनों में बैठाया। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को कवरेज के लिए आए मीडियाकर्मियों को बयान वितरित करने से रोकने का प्रयास भी किया। बयान में कहा गया है हम कश्मीर की महिलाएं भारत सरकार द्वारा अनुच्छेद 370 और 35 ए को हटाए जाने तथा राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित करने के एकतरफा फैसले को अस्वीकार करते हैं। नागरिक स्वतंत्रता और मौलिक अधिकारों की बहाली की मांग करते हुए महिलाओं ने कहा कि उन्हें केंद्र सरकार की तरफ से धोखा और अपमान मिला है।

उन्होंने हिरासत में लिए गए लोगों को तत्काल रिहा करने और ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के विसैन्यीकरण की भी मांग की। बयान में यह भी कहा गया है हम कश्मीर में झूठे एवं गुमराह करने वाले प्रचार के लिए राष्ट्रीय मीडिया के खिलाफ अपना आक्रोश व्यक्त करते हैं।

## कश्मीर में एहतियात के तौर पर एसएमएस सेवा बंद

**पायनियर समाचार सेवा।** श्रीनगर

**कश्मीर** घाटी में पोस्ट पेड मोबाइल सेवा बहाल होने के कुछ ही घंटों बाद एहतियात के तौर पर एसएमएस सेवा बंद कर दी गई। दूसरी ओर पुलिस ने मंगलवार को पूर्व मुख्यमंत्री फारुक अब्दुल्ला की बेटी और बहन समेत छह महिलाओं को गिरफ्तार कर लिया। अधिकारियों ने बताया कि ए महिलाएं जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधान हटाए जाने और राज्य को दो संघ शासित प्रदेशों में बांटने के विरोध में प्रदर्शन कर रही थीं। कश्मीर में सोमवार मध्याह्न को 72 दिनों बाद पोस्ट पेड मोबाइल सेवा बहाल कर दी गई थी जबकि इंटरनेट अभी भी बंद है। अधिकारियों ने बताया कि शाम 5 बजे एसएमएस सेवा बंद कर दी गई। सोमवार रात 8 बजे शोपियां जिले में दो आतंकवादियों ने राजस्थान के एक ट्रक ड्राइवर की गोली मारकर हत्या कर दी और एक बगीचे के मालिक पर हमला किया। पुलिस ने बताया कि मृतक का नाम शरीफ खान है। हमलावर (शेष पेज 10)

# सीरिया में तुर्की के सैन्य अभियान पर चीन-पाकिस्तान में मतभेद

**एजेंसी।** बीजिंग


**अपनी** दोस्ती को हिमालय से उंची बताने वाले वाले चीन और पाकिस्तान के बीच उत्तरी सीरिया में कुर्द लड़ाकों के खिलाफ तुर्की की सैन्य कार्रवाई को लेकर मतभेद हैं। बीजिंग ने जहां तुर्की से सैन्य अभियान रोकने को कहा है, वहीं पाकिस्तान ने इसका समर्थन किया है।

तुर्की ने पिछले सप्ताह सीरियन कुर्दिश पीपुल्स प्रोटेक्शन यूनिट्स (वाईपीजी) के खिलाफ सैन्य कार्वाई शुरू की थी जिसे वह अपने क्षेत्र में सक्रिय कुर्द विद्रोहियों की शाखा मानता है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार अभियान में अब तक दर्जनों आम लोग मारे जा चुके हैं और कम से कम एक लाख 60 हजार लोग क्षेत्र से पलायन कर गए हैं। चीन ने मंगलवार को तुर्की से कहा कि वह उत्तरी सीरिया में जारी अपनी सैन्य कार्वाई को रोके क्योंकि इससे आईएस के आतंकवादियों को भागने का मौका मिल सकता है। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गेंग शुआंग ने एक नियमित संवाददाता सम्मेलन में कहा, सीरिया की संप्रभुता, स्वतंत्रता, एकीकरण और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान किया जाना चाहिए तथा इसे बरकरार रखा जाना चाहिए। उन्होंने आगाह किया कि तुर्की के अभियान के चलते आतंकवादी भाग सकते हैं और इस्लामिक स्टेट दोबारा पैर जमाने के लिए इस अवसर का लाभ उठा सकता है। बीजिंग को आशंका है कि आईएस के उइगुर लड़ाकों के लौटने से उसके शिनजियांग प्रांत में अशांति हो सकती है जो व्यापक धरपकड़ के बाद पिछले कुछ वर्षों से शांत है। उइगुर तुर्की भाषा बोलने वाले मुसलमान हैं जिनकी जातीय जड़ें तुर्की से जुड़ी हैं। वहीं, पाकिस्तान ने उत्तरी सीरिया में तुर्की की सैन्य कार्वाई का समर्थन किया है और तुर्की के राष्ट्रपति रजब तैयब एर्दोआन इस महीने के अंत में पाकिस्तान की यात्रा कर सकते हैं। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान के कार्यालय ने कहा कि (शेष पेज 10)

# बाबर की ऐतिहासिक भूल को सुधारने की जरूरत

## अयोध्या विवाद में हिन्दू पक्ष ने न्यायालय से कहा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**राम जन्म भूमि-बाबरी मस्जिद** भूमि विवाद की उच्चतम न्यायालय में सुनवाई के दौरान मंगलवार को एक हिन्दू पक्ष ने दलील दी कि भारत विजय के बाद मुगल शासक बाबर द्वारा करीब 433 साल पहले अयोध्या में भगवान राम के जन्म स्थान पर मस्जिद का निर्माण कर ऐतिहासिक भूल की गई थी और अब उसे सुधारने की आवश्यकता है।

प्रधान न्यायाधीश रंजन गोगोई की अध्यक्षता वाली पांच सदस्यीय संविधान पीठ के समक्ष एक हिन्दू पक्षकार की ओर से पेश पूर्व अटार्नी जनरल एवं वरिष्ठ अधिवक्ता के. परासरण ने कहा कि अयोध्या में कई मस्जिदें हैं जहां मुस्लिम इबादत कर सकते हैं लेकिन हिन्दू भगवान राम का जन्म स्थान नहीं बदल सकते। सुन्नी वक्फ बोर्ड और अन्य द्वारा 1961 में दायर मामले में प्रतिवादी महंत सुरेश दास की ओर से पेश वरिष्ठ वकील ने कहा कि विदेशी शासक बाबर द्वारा की गई ऐतिहासिक भूल को सुधारने की जरूरत है।

बाबर ने भगवान राम के जन्म स्थान पर मस्जिद का निर्माण कर ऐतिहासिक भूल की और कहा कि मैं बादशाह हूं और मेरा आदेश ही कानून है। उन्होंने कहा, अयोध्या में मुस्लिम किसी भी अन्य मस्जिद में इबादत कर सकते हैं। अकेले अयोध्या में 55-60 मस्जिदें हैं। लेकिन, हिंदुओं के लिए यह भगवान राम का जन्म स्थान है ... जिसे हम बदल नहीं सकते। संविधान पीठ के अन्य सदस्यों में न्यायमूर्ति एस ए बोबडे, न्यायमूर्ति धनन्जय वाई चन्द्रचूड, न्यायमूर्ति अशोक भूषण और न्यायमूर्ति एस अब्दुल नजीर शामिल हैं। संविधान पीठ ने परासरण से परिसीमा के कानून, विपरीत कब्जे के सिद्धांत और अयोध्या में 2.77 एकड़ विवादित भूमि से मुस्लिमों को बेदखल किए जाने से संबंधित अनेक सवाल किए। पीठ ने यह भी जानना चाहा कि क्या मुस्लिम (शेष पेज 10)

# ऑड-ईवन में महिला व दोपहिया चालकों को छूट

## सीएनजी वाहन किए गए शामिल, नियमों के उल्लंघन पर लगेगा दोगुना जुर्माना

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**ऑड-ईवन** के दौरान महिलाओं के साथ-साथ अब दुपहिया वाहन चालकों को भी छूट दे दी गई है। महत्वपूर्ण बात यह कि नियमों का उल्लंघन करने वालों पर दोगुना जुर्माना ठोका जाएगा। परिवहन विभाग के अनुसार पिछली बार के ऑड-ईवन के समय यह राशि 2,000 रुपये थी, अब सीधे 4,000 रुपये वसूले जाएंगे। राजधानी में आगामी 4 से 15 नवंबर तक सम-विषम नंबरों के आधार पर वाहन चलाए जाएंगे।

राष्ट्रीय राजधानी में वायु प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए पहली बार ऑड-ईवन योजना 2016 के जनवरी और अप्रैल में लागू की गई थी। योजना के अनुसार सड़कों पर नंबर प्लेट के आखिरी संख्या के सम-विषम होने के आधार पर वाहन चलाए जाते हैं। जैसे यदि वाहन की नंबर प्लेट पर आखिरी अंक 0, 2, 4,6,8 हैं तो ईवन दिन पर चलाए जाएंगे। इसी तरह नंबर प्लेट पर आखिरी अंक 1, 3, 5, 7 और 9 आदि लिखा है तो ऐसे वाहनों को ऑड दिन पर चलाया जाएगा।

इससे पहले शनिवार को दिल्ली सरकार ने ऑड-ईवन योजना के दौरान महिला वाहन चालकों को छूट दी थी। उसी दिन सरकार ने कहा था कि दुपहिया वाहन चालकों को भी छूट देने पर विचार चल रहा है। निजी सीएनजी वाहनों को इस बार छूट नहीं दी गई है और उन्हें ऑड-ईवन के नियम का पालन करना होगा। पिछली बार उन्हें इससे अलग रखा गया था और उनके लिए स्टीकर जारी किए गए थे।

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवल ने कहा है कि सुरक्षा की दृष्टि से महिलाओं को ऑड-ईवन स्कीम से अलग रखा गया है। इसमें सभी महिला चालक और उनके साथ बैठे 12 साल तक के बच्चे छूट के दायरे में रहेंगे। बारह दिन की ऑड-ईवन योजना के दौरान सरकार ने 2,000 निजी बसें अतिरिक्त उतारने का फैसला लिया है। सरकार ने उबर और ओला जैसी निजी कैब एजेंसियों को भी व्यस्त समय में किराया नहीं बढ़ाने का निर्देश दिया है। परिवहन मंत्री कैलाश गहलौत ने कहा कि उबर ने वादा किया है कि कंपनी ऑड-ईवन के दौरान डेढ़ गुना से अधिक किराया बढ़ाने की अनुमति नहीं देगी। योजना के बारे में जागरूकता के लिए जगह-जगह कर्मचारी तैनात किए जाएंगे।

# पाकिस्तानी सैनिकों की गोलाबारी में महिला की मौत

**पायनियर समाचार सेवा।** जम्मू

**पाकिस्तान** की सेना ने बुधवार को जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा से लगे हुए गांवों को निशाना बनाकर भारी गोलाबारी की। इस घटना में 24 वर्षीय एक महिला की मंगलवार को मौत हो गई। पुंछ जिला विकास आयुक्त राहुल यादव ने बताया कि शाहपुर सेक्टर में पाकिस्तानी सैनिकों की ओर से हुई गोलाबारी में नूना-बांदी की रहनेवाली शमीमा अख्तर की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि इस घटना में चार भैंसों की जान भी चली गई। पाकिस्तानी सेना ने सुबह से ही अग्रिम चौकियों और गांवों को निशाना बनाया हुआ है। इससे पहले एक रक्षा प्रवक्ता ने बताया कि पाकिस्तानी सेना ने पुंछ के कस्बा और किर्नी सेक्टरों में छोटे हथियारों से गोलीबारी की और मोर्टार से गोले दागे।

# यमुना एक्सप्रेसवे इलाके में पचास हजार लोगों को मिलेगा रोजगार

## प्राधिकरण ने 180 औद्योगिक इकाइयों को किया जमीन आवंटन

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

उत्तर प्रदेश के यमुना एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण क्षेत्र में प्रस्तावित जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट की घोषणा के बाद से यमुना प्राधिकरण क्षेत्र निवेशकों की पसंद बन गया है। ऐसा माना जा रहा है कि आने वाले समय में यहां पर रोजगार के तमाम अवसर पैदा होंगे। यहां पर हर क्षेत्र में रोजगार मिलेगा।

दरअसल, प्राधिकरण ने करीब डेढ़ साल में 180 इकाइयों के लिए जमीन आवंटन की है। इसमें करीब 50,000 लोगों को रोजगार मिलने की बात कही जा रही है। उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रदेश समेत प्राधिकरण क्षेत्र में निवेश को आकर्षित करने के लिए सम्मेलन आयोजित किया था। इसमें भागीदारी करने वाले निवेशकों ने यमुना प्राधिकरण क्षेत्र को भी निवेश के लिए चुना। जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट की वजह से यमुना प्राधिकरण क्षेत्र निवेशकों की नजर में आ चुका है।

यहां पर बता दें कि प्राधिकरण क्षेत्र में निवेश के लिए विभिन्न कंपनियों ने आवेदन किया था। इसमें बड़ी कंपनियों ने खासी रुचि दिखाई थी। इस बीच जानकारी सामने आई है कि प्राधिकरण 180 इकाइयों के लिए 342 एकड़ जमीन आवंटित कर चुका है। एक अनुमान के मुताबिक, यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में करीब सात हजार करोड़ का निवेश होगा। प्राधिकरण क्षेत्र में निवेश करने वाली कंपनियों में मोबाइल, इलेक्ट्रानिक्स, कपड़ा, खाद्य प्रसंस्करण आदि शामिल हैं। कई और कंपनियों के आवेदन अभी विचाराधीन है।

शैलेंद्र भाटिया ओएसडी, यमुना प्राधिकरण का कहना है कि जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट के कारण प्राधिकरण क्षेत्र में निवेश के लिए रुचि बढ़ी है। बड़े पैमाने पर निवेश से क्षेत्र में औद्योगिक विकास और रोजगार सृजन होगा। पिछले कुछ महीनों के दौरान यमुना औद्योगिक क्षेत्र में उद्योग लगाने के लिए सिर्फ देशी ही नहीं, बल्कि विदेशी निवेशकों ने भी रुचि दिखाई है। यहां पर बता दें कि जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट देश का सबसे बड़ा और दुनिया का चौथा बड़ा एयरपोर्ट बनने जा रहा है।

दिल्ली-एनसीआर के तीसरे एयरपोर्ट तक अब मेट्रो भी पहुंचेगी। इसकी भी तैयारी की जा रही है।

### पत्नी को जलाकर मारने का प्रयास, मामला दर्ज

**नोएडा।** आपसी विवाद में पत्नी को जलाकर मारने के प्रयास का मामला सामने आया है। पत्नी गंभीर अवस्था में सफदरजंग अस्पताल में भर्ती है। पीड़िता के पिता की शिकायत पर कोतवाली फेज थ्री पुलिस ने पति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक मयूर विहार दिल्ली निवासी 27 वर्षीय खुशबू की शादी 2011 में छिजारसी निवासी दीपक ऊर्फ चंद्रदीप से हुई थी। शिकायत के अनुसार शादी के बाद से ही दीपक बात-बात पर खुशबू के साथ मारपीट करता था। आरोप है कि 8 अक्तूबर को किसी बात पर विवाद होने पर दीपक ने खुशबू पर तेल छिड़ककर आग लगा दी। बुरी तरह झुलसी खुशबू को पहले नोएडा के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से डॉक्टरों ने सफदरजंग अस्पताल रेफर कर दिया गया। कोतवाली फेज थ्री प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र सिंह ने बताया कि जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# वेस्ट टू एनर्जी प्लांट के लिए निगम का करार


नीदरलैंड की कंपनी से करार करते गाजियाबाद नगर निगम के अधिकारी।

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

गाजियाबाद महानगर से निकलने वाले ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए वेस्ट टू एनर्जी प्लांट की स्थापना को मंगलवार को नीदरलैंड की कंपनी किंगडम ऑफ द नीदरलैंड तथा नगर निगम के बीच करार संपन्न हुआ।

इस अवसर पर कंपनी की ओर से नगर निगम को यह जानकारी भी दी गई कि वह ठोस अपशिष्ट प्रबंधन किस तरह करेगी यानी निकलने वाले कूड़े का वैज्ञानिक विधि से किस तरह निस्तारण किया जाएगा।

इसके लिए कंपनी ने पुस्तिका भी नगर निगम को उपलब्ध कराई। इस अवसर पर नीदरलैंड कम्पनी की ओर से किंग एंड क्वीन ऑफ़ नीदरलैंड, भारत सरकार की ओर से केंद्रीय मंत्री डॉ हर्षवर्धन, प्रदेश सरकार की ओर से नगर विकास मंत्री आशुतोष टंडन, प्रमुख सचिव मनोज सिंह, नगर निगम की ओर से दिनेश चंद्र नगर आयुक्त उपस्थित थे। यह करार दिल्ली में किया गया।

### चार चोर गिरफ्तार, नौ लैपटॉप किए बरामद

**नोएडा।** शहर की पुलिस ने चार चोरों को गिरफ्तार कर उनके पास से चोरी के नौ लैपटॉप और अन्य सामान बरामद किया है। पूछताछ के दौरान पकड़े गए बदमाशों ने पुलिस को बताया कि वे लोग दुकानों के शटर काटकर चोरी करते थे। गौतमबुद्ध नगर एसएसपी वैभव कृष्ण ने मंगलवार को बताया कि थाना सेक्टर 24 पुलिस ने एक सूचना के आधार पर मंगलवार को हंसराजपुर, दिलीप कुमार भट्ट, मुन्नू उर्फ रमेश तथा देवेंद्र उर्फ लंबू को गिरफ्तार किया है।

उन्होंने बताया कि पकड़े गए बदमाशों के पास से पुलिस ने चोरी किए गए नौ लैपटॉप, डेस्कटॉप, शराब की बोतलें, कीमा बनाने की मशीन, शटर काटने के औजार, चोरी में प्रयोग होने वाली कार और कंप्यूटर सीपीयू आदि बरामद किया है। पकड़े गए चोरों ने उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, दिल्ली आदि प्रांतों में चोरी की दर्जनों वारदातें करना स्वीकार की है। ये लोग दुकानों और आफिसों के शटर काटकर लैपटॉप, कंप्यूटर आदि चोरी करते थे।

### तीन तलाक देने पर युवक गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** मोदीनगर थाना क्षेत्र में अवैध संबंधों का विरोध करने पर पत्नी को तीन तलाक देकर घर से निकालने वाले शख्स को पुलिस ने सोमवार रात गिरफ्तार कर लिया। रेहान नामक युवक पर आरोप है कि उसने अपनी पत्नी को सिर्फ इसलिए तलाक दे दिया कि वह उसके किसी अन्य महिला के साथ संबंधों का विरोध करती थी। उसने उसके साथ मारपीट भी की।

पुलिस अधीक्षक देहात नीरज जादौन ने बताया कि मोदीनगर थाना क्षेत्र के कलछीना गांव निवासी एक युवती की शादी हापुड़ के माजिद पुरा मोहल्ला निवासी रेहान के साथ हुई थी। पिछले दिनों माजिद की पत्नी ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

# अवैध फ्लैट बेचने वाले बिल्डरों के खिलाफ लगाई रासुका

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

**शाहबेरी मामला**

गौतमबुद्धनगर जिले में प्रशासन ने मंगलवार को सरकारी जमीन पर अवैध रूप से फ्लैट बनाकर बेचने के आरोप में एक बिल्डर के खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) के तहत कार्रवाई की।

डीएम बृजेश नारायण सिंह ने बताया कि ग्रेटर नोएडा के शाहबेरी गांव में अवैध रूप से सबसे ज्यादा फ्लैट बनाकर बेचने वाले बिल्डर जसबीर मान (36) के खिलाफ रासुका के तहत कार्रवाई की गई है। मान को थाना बिसरख पुलिस ने एक अक्टूबर को गिरफ्तार किया था।

उन्होंने बताया कि शाहबेरी गांव में जसवीर मान ने मान प्रॉपर्टी व डेवलपर्स के माध्यम से 261 फ्लैट का अवैध रूप से निर्माण किया तथा जनता को गुमराह करके उनमें से 169 फ्लैट अवैध रूप से बेचे। शाहबेरी में पिछले साल 17 जुलाई को अगल-बगल स्थित दो इमारतें गिर गई थीं जिसमें एक बच्चे और दो महिलाओं समेत नौ लोगों की जान चली गई थी।

जिलाधिकारी ने बताया कि जसवीर मान ने ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण से भवन योजना तथा नक्शा पास नहीं कराया है। उन्होंने बताया कि उसने भवन नियमावली का उल्लंघन करते हुए, सुरक्षा के मानकों का भी ध्यान नहीं रखा। उन्होंने बताया कि फ्लैटों के निर्माण में घटिया सामग्री का प्रयोग किया गया। जिलाधिकारी ने बताया कि अवैध रूप से फ्लैट बनाने वाले सैकड़ों बिल्डर के खिलाफ थाना बिसरख में मुकदमा दर्ज हुआ है।

कई बिल्डरों की गिरफ्तारी हुई है तथा कई बिल्डरों के ऊपर गैंगस्टर एक्ट लगाया गया है। उन्होंने बताया कि पिछले दिनों शाहबेरी गांव में अवैध रूप से बनाई गई 76 प्रॉपर्टी को जिला प्रशासन ने कुर्क किया है।

**आमरण अनशन का पांचवां दिन**

ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित शाहबेरी में फ्लैट बायर्स के आमरण अनशन का पांचवां दिन है। आम आदमी पार्टी गौतमबुद्ध नगर धरना स्थल पर पहुंचकर शाहबेरी संघर्ष समिति को अपना समर्थन दिया और उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर साथ देने का भरोसा दिया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष भूपेंद्र जादौन ने कहा कि ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण व भ्रष्ट प्रशासन की खामियों की सजा बेकसूर फ्लैट बायर्स भुगत रहे हैं जो बिल्कुल ठीक नहीं है। आम आदमी पार्टी मांग करती है, कि इन सब सोसायटी को वैधकर सभी क्षेत्र में सम्पूर्ण विकास कराया जाए। दिल्ली में ऐसी बहुत सी कॉलोनियों को नियमित किया जा चुका है। इस अवसर पर जिलासचिव एवं पार्टी प्रवक्ता संजीव निगम, जिला प्रवक्ता प्रो ए के सिह, जिला उपाध्यक्ष परशुराम चौधरी, वीरेन चौधरी, एस सी शर्मा व जबर सिंह कैंतुरा उपस्थित रहे।



शाहबेरी गांव में धरना देते घर खरीदार। फोटो : दीपक यादव

### आवंटी की शिकायत पर बिल्डर के खिलाफ आरसी

**गाजियाबाद।** समय पर जुर्माना अदा ना करने वाले बिल्डरों पर रेरा का डंडा जारी है। वसूली के लिए रेरा द्वारा वसूली प्रमाण पत्र भी जारी किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में रेरा के सचिव अबरार अहमद ने दो आवंटियों की शिकायतों के आधार पर दो बिल्डरों के खिलाफ वसूली प्रमाण पत्र जारी किए हैं।

इनमें दिल्ली की आवंटी शिवानी शर्मा की शिकायत के आधार पर मोहननगर साइट पर विकसित किए जा रहे प्रोजेक्ट एक्सोटिका फेस-वन के ऑनर मैसर्स पार्श्वनाथ बिल्डवेल के खिलाफ 44 लाख 31 हजार 286 रूपए की आरसी जारी की गई है। आवंटी को उक्त बिल्डर ने समय पर फ्लैट नहीं दिया है।

## संक्षिप्त समाचार


डीडीपीएस की बालक वर्ग अंडर-19 टीम विजेता ट्रॉफी के साथ।

### डीडीपीएस ने खो-खो प्रतियोगिता जीती

**गाजियाबाद।** ग्रेटर नोएडा के गगन पब्लिक स्कूल में आयोजित चार दिवसीय सीबीएसई खो-खो क्लस्टर प्रतियोगिता में गाजियाबाद के डीडीपीएस संजय नगर ब्रांच के लड़कों की टीम ने ट्रॉफी पर कब्जा जमाते हुए अपने लिए नेशनल का रास्ता साफ कर लिया। प्रतियोगिता में 180 विद्यार्थियों ने भाग लिया। कोच राकेश कुमार ने बताया कि अंडर 19 वर्ग में देहरादून पब्लिक स्कूल संजय नगर गाजियाबाद के बालक वर्ग में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा नेशनल के लिए चयनित हुए। अंडर 19 बालिका वर्ग में भी स्कूल की छात्राओं ने सराहनीय प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया। टीम की सफलता में कोच राकेश कुमार, अंकेश सिंह तथा आरती का योगदान सराहनीय रहा। विद्यालय की प्रधानाचार्या प्रिया ढल ने समस्त टीम और उनके कोच को बधाई दी।

### डॉक्टर अब्दुल कलाम की जयंती मनाई

**गाजियाबाद।** महानगर में कैला भट्टा के पार्षद जाकिर अली सैफी ने कैला जरनल प्राइमरी पाठ्शाला में स्कूल के बच्चों के साथ भारत रत्न महान वैज्ञानिक व पूर्व राष्ट्रपति डॉ एपीजे अब्दुल कलाम की 88वीं जयंती मनाई। इस मौके पर स्कूली बच्चों को पेंसिल, कलम, टॉफी और फल वितिरित किये गए। स्कूल के छोटे-छोटे बच्चो को कलाम साहब के जीवन के बारे में जानकारियां देते हुए उनके बताए रास्ते पर चलने की अपील की गई। इस मौके पर स्कूल की प्रधानाचार्य अंजलि सिहं, शिक्षिका साईस्ता, समाज सेवी हाजी कासम, रमीज राजा, समीर कादरी, युसुफ अब्बासी, इरशाद सैफी, इमरान, नोमान सैफी आदि उपस्थित थे।


सेल्फ डिफेंस के गुण सीखतीं छात्राएं।

### छात्राओं को सिखाए सेल्फ डिफेंस के तरीके

**गाजियाबाद।** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की महानगर संयोजिका रूबी अग्रवाल ने पिंक डिफेंस नाम से शहर में लड़कियों को सेल्फ डिफेंस की ट्रेनिंग की शुरुआत की है। इसमें एके चिल्ड्रन एकेडमी साहिबाबाद में 350 बच्चों ने सेल्फ डिफेंस सीखा। स्कूल की प्रधानाचार्य स्वेता राय ने इस कार्यक्रम को बहुत सराहा। कराटे एसोसिएशन के जनरल सेक्रेटरी सुरेश कुमार ने संस्था को आगे भी ऐसा ही सहयोग देते रहने का आश्वासन दिया। रूबी अग्रवाल ने बताया कि वर्ल्ड मॉडल सोतो कान कराटे फ़ेडरेशन ग़ाज़ियाबाद डेनियाल बेथ के द्वारा सेल्फ डिफेंस हम बेटियो को सिखा रहे हैं। नीरज पाल व आयुष स्नेहा ने डिफेंस के स्टेप्स सिखाकर बेटियो को अपने को सुरक्षित रहने के टिप्स दिए। इस अवसर पर क्षेत्रीय पार्षद हेमलता शर्मा भी मौजूद रहीं।

### युवक पर बलात्कार व मारपीट का आरोप

**नोएडा।** दिल्ली की एक महिला ने गाजियाबाद निवासी एक व्यक्ति पर बलात्कार का आरोप लगाया है। पुलिस उपाधीक्षक (नगर) विमल कुमार सिंह ने बताया कि दिल्ली के न्यू अशोक नगर की रहने वाली एक महिला ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि गाजियाबाद के रहने वाले विपिन ने शादी का झांसा देकर कई बार उसका बलात्कार किया।

उन्होंने बताया कि युवती ने आरोप लगाया है जब उसने विपिन से शादी के लिए कहा तो वह उसके साथ मारपीट करने लगा। उन्होंने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। मामले की जांच जारी है। आरोपी फरार है और तलाश की जा रही है।

# सड़क सुरक्षा सप्ताह में विद्यार्थियों को बताए यातायात के नियम

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

- बी.एस. मेमोरियल स्कूल में हुआ आयोजन

मंगलवार को सद्भावना सेवा संस्थान ने प्रदेश भर में मनाए जा रहे सड़क सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत छात्र-छात्राओं को परिवहन नियमों की जानकारी देने व नियमों का महत्व को समझाने हेतु ग्राम निठारी स्थित बी एस मेमोरियल पब्लिक स्कूल में एक कार्यशाला का आयोजन किया।

मुख्य अतिथि संभागीय परिवहन अधिकारी गौतबुद्धनगर ए.के. पांडेय ने छात्र-छात्राओं को परिवहन नियमों का पालन व सुरक्षित यात्रा के महत्व के बारे में बताते हुए सभी को इसके पालन करने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर सद्भावना सेवा संस्थान के अध्यक्ष अनिल सिंह ने कहा कि हम सभी को नियमों का पालन केवल जुर्माने से बचने के लिए नहीं बल्कि अपने व दूसरों के जीवन की रक्षा के लिए करना चाहिए।

उन्होंने बताया कि विश्व में सर्वाधिक सड़क हादसे में मौतें हमारे देश में ही होती है जिसका प्रमुख कारण नियमों का पालन ना करना है।

# एनसीआर प्लानिंग बोर्ड ऑफिस में लगी आग

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

- मचा हड़कंप, सूचना पर पहुंचे आला अधिकारी

नवयुग मार्केट स्थित एनसीआर प्लानिंग बोर्ड के कार्यालय में सोमवार देर रात में आग लग गई जिस कारण पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना पर फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। गनीमत रही कि आग ज्यादा नहीं फैली सूचना मिलने पर मेयर आशा शर्मा व नगर आयुक्त दिनेश चंद्र भी मौके पर पहुंचे और मौके का जायजा लिया ।

दरअसल, नवयुग मार्किट में नगर निगम का पांच मंजिले भवन में मुख्यालय है। दूसरी मंजिल में एनसीआर प्लानिंग बोर्ड और पहली मंजिल में स्टील अथॉरिटी ऑफ़ इंडियन (सेल) का कार्यालय है। हालांकि दूसरी मंजिल पर एक भाग में नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग का भी कार्यालय है।

ग्राउंड फ्लोर पर यूनियन बैंक है तो बेसमेंट में डूडा का कार्यालय भी है। यदि आग पर जल्दी काबू नहीं पाया जाता तो आग नगर निगम व सेल, बैंक व डूडा के कार्यालय को भी लपेटे में ले सकती थी और भारी नुकसान हो सकता था।

सोमवार देर रात एनसीआर प्लानिंग बोर्ड के कार्यालय में पहले धुआं उड़ता देखा गया और चंद मिनटों में आग की लपटे निकलने लगी और देखते ही देखते आग ने भयंकर रूप धारण कर लिए। वहां तैनात गार्ड ने फायर ब्रिगेड को इसकी सूचना दी। फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां तत्काल मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

उधर, आग की सूचना मिलने पर मेयर आशा शर्मा व नगर आयुक्त दिनेश चंद्र भी मौके पर पहुंचे और हालात का जायजा लिया। मेयर ने आग पर काबू पाने के लिए अग्नि शमन दल की सराहना की।

# स्पाइन सर्जरी में सफलता दर 95 फीसद से ज्यादा

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

फोर्टिस अस्पताल के डॉक्टरों ने दावा किया है कि आधुनिक और तकनीकी रूप से उन्नत उपकरणों का इस्तेमाल करने पर स्पाइन सर्जरी में सफलता की दर 95 प्रतिशत से ज़्यादा है।

हाइ एंड ऑपरेटिंग माइक्रोस्कोप, न्यूरो मॉनिटरिंग सिस्टम, न्यूरो नेविगेशन,या रोबोटिक्स और बेहतरीन क्वालिटी की फ्लोरोस्कोपी जैसी प्रणालियों के इस्तेमाल से स्पाइन सर्जरी की सफलता दर बेहतर होती है। फोर्टिस अस्पताल, नोएडा के न्यूरोसर्जरीविभाग के प्रमुख डॉ राहुल गुप्ता और डिपार्टमेंट ऑफ न्यूरोसर्जरी, फोर्टिस अस्पताल, नोएडा के वरिष्ठ सलाहकार डॉ गौरव बंसल ने इस बारे में जानकारी दी।


मरीजों के साथ फोर्टिस अस्पताल के डॉक्टर।

इस बात को साबित करते हुए पांच मरीजों ने अपनी स्पाइन सर्जरी के अनुभवों के बारे में बताया। इन मरीजों के स्पाइन ट्यूबरकुलोसिस, ट्यूमर्स और ऐसी ही दूसरी घातक बिमारियों को स्पाइन सर्जरी द्वारा सफलतापूर्वक ठीक किया गया।

### छठ घाटों का निरीक्षण करने पहुंचीं महापौर

**गाजियाबाद।** महानगर में हिंडन नदी के किनारे एवं वसुंधरा में बने छठ घाटों का महापौर आशा शर्मा ने अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। यहां निगम द्वारा पहले से ही घाट पर सफाई कराई जा रही थी। जिसमें नदी से जलकुभी भी निकाली जा रही थी।

इस काम में लगभग 50 कामगार लगे हुए थे। वहीं निर्माण विभाग द्वारा सीढ़ियां बनाई जा रही थी। महापौर ने अधिकारियों को अच्छा एवं तेज कार्य कराए जाने की शुभकामनाएं दी। साथ ही उन्होंने अधिकारियों निर्देशित किया कि छठ पर्व पर सफाई व्यवस्था का विशेष ध्यान रखें।


हिंडन किराने छठ घाटों पर व्यवस्थाओं का निरीक्षण करतीं मेयर आशा शर्मा।

# ग्रेप लागू, पहले दिन नहीं हुई कोई कार्रवाई

**पायनियर सामचार सेवा।** गाजियाबाद

- शहर का एक्यूआई स्तर बेहद खराब

शहर में बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए मंगलवार से ग्रेडेड रेस्पॉंस एक्शन प्लान (ग्रेप) प्रभावी हो गया। हालांकि पहले दिन प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड ने कोई कार्रवाई इसको लेकर नहीं की जबकि मंगलवार को आबोहवा का स्तर बेहद खराब श्रेणी में रहा । वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 304 (बेहद खराब ) रहा।

डीएम अजय शंकर पांडेय का कहना है कि ग्रेप तो मंगलवार से प्रभावी हो गया है लेकिन, कार्रवाई बुधवार से शुरू की जाएगी। इसके तहत जुर्माना लगाने के अलावा दोषी पाए जाने पर सीलिंग भी की जाएगी।

उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आंकड़े बताते हैं कि गाजियाबाद /साहिबाबाद क्षेत्र एनसीआर के 19 हॉटस्पाट में से एक है। पिछले कुछ वर्षों से सर्दियों में लगातार प्रदूषण का स्तर बढ़ रहा है। इस वर्ष भी दशहरा के बाद से शहर का प्रदूषण स्तर मानकों से ढाई गुना से अधिक बना हुआ है। जिसके चलते पर्यावरण प्रदूषण नियंत्रण एवं संरक्षण प्राधिकरण (ईपीसीए) चेयरमैन भूरेलाल ने एनसीआर के सर्वाधिक प्रदूषित 19 स्थानों के लिए 15 अक्तूबर से ग्रेडेड रेस्पांस एक्शन प्लान (ग्रेप) लागू करने का आदेश सभी बोर्ड को दिया है।

ग्रेप लागू होने के बाद खुले में निर्माण सामग्री रखने, निर्माण कार्य करने और कूड़ा निस्तारण को लेकर लगाए गए प्रतिबंध सख्ती से लागू किए जाएंगे। नियमों का पालन ना करने पर एनजीटी कोर्ट के आदेशानुसार जुर्माना वसूला जाएगा। इसकी एक रिपोर्ट बनाकर भी सीपीसीबी में भेजनी है। बता दें कि अभी कुछ दिन पहले पीसीबी ने एनएचएआई पर 90 लाख और दो फैक्ट्रियों पर 50 लाख रुपये का जुर्माना प्रदूषण फैलाने पर लगाया था।

**सीओपीडी मौत का दूसरा कारण : डॉ. ज्ञानेंद्र**

गाजियाबाद। देश में मरीजों की मौत के 10 बड़े कारण हैं और उनमें तीन कारण रेस्पिरेट्री डिजीज के हैं। क्रॉनिक ऑब्स्ट्रक्टिव पलमोनरी डिजीज (सीओपीडी) मरीजों की मौत का दूसरा सबसे बड़ा कारण है। इसे आम भाषा में काला दमा भी कहा जाता है। यह बीमारी फेफड़ों के गंभीर संक्रमण से होती है और इसके लिए सबसे ज्यादा जिम्मेदार वायु प्रदूषण होता है। ये कहना है जेपी अस्पताल के सीनियर पल्मोनिस्ट डॉ. ज्ञानेंद्र अग्रवाल का। उन्होंने बताया कि सीओपीडी के अलावा मरीजों की मौत के लिए चौथे स्थान पर न्यूमोनिया और सातवें स्थान पर टीबी सबसे बड़ा कारण है। डॉ. अग्रवाल ने बताया कि इन तीनों बीमारियों के लिए वायू प्रदूषण सबसे ज्यादा जिम्मेदार होता है। तीनों ही बीमारियां लंग्स के इंफैक्शन के कारण होती हैं। शुरुआती तौर पर मरीज इन बीमारियों को गंभीरता से नहीं लेते।

# 25 हजार होमगार्डों की सेवा समाप्त : भड़की आप

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

- यूपी सरकार से पुर्नविचार करने की मांग

आम आदमी पार्टी ने यूपी के 25 हजार होमगार्ड जवानों की सेवाओं को समाप्त करने पर योगी आदित्यनाथ की सरकार पर जोरदार हमला बोला है। पार्टी ने कहा है कि ये बीजेपी सरकार की पकोड़ा रोजगार के बाद कटोरा रोजगार योजना है। आप प्रवक्ता का कहना है कि सरकार की नीतियां लोगों को भीख मांगने पर मजबूर कर रही हैं।

पार्टी की प्रदेश प्रवक्ता तरुणिमा श्रीवास्तव ने कहा कि युवाओं को रोजगार देने के वादे के साथ सत्ता में आई भारतीय जनता पार्टी की सरकार रोजगार देने के बजाय लोगों के रोजगार ले रही है। प्रदेश सरकार की गलत नीतियों की वजह से होमगार्ड जवान के 25 हजार परिवार सड़क पर आ गए हैं। उन्होंने कहा कि इस सरकार ने जहां एक तरफ पिछले समय चुनाव में वादा किया था कि रोजगार को बढ़ावा देंगे, दूसरी तरफ हर विभाग में छंटनी का काम शुरू कर दिया गया है।

उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी सरकार की इस नीति का विरोध करती है और मांग करती है कि सरकार अपने फैसले पर पुर्नविचार करे और होमगार्ड के 25 हजार जवानों को बेरोजगार होने से बचाएं।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाषः 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। सम्पादकः चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादकः उषा श्रीवास्तव।
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।
पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879800-4879900।

# पांच सौ वर्ग मीटर तक के मकानों का नक्शा ऑनलाइन होगा पास

**● मंजूरी प्रक्रिया में तेजी की उम्मीद, अफसरशाही-भ्रष्टाचार पर लगेगी लगाम**


भवन निर्माण को लेकर उपराज्यपाल अनिल बैजल एक बैठक में तीनों नगर निगमों के मेयर और आयुक्तों के साथ।

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दीवाली से पहले नगर निगमों ने दिल्ली वालों को तोहफा दिया है। दक्षिणी दिल्ली नगर निगम ने 500 वर्ग मीटर तक के रिहायशी भवनों का नक्शा पास कराने की ऑनलाइन प्रक्रिया शुरू की है।

इन भवनों के निर्माण की मंजूरी के लिए अब एक साधारण आवेदन फार्म ऑनलाइन भरना होगा और इस प्रक्रिया में नगर निगम कार्यालय और उनके अधिकारियों का कोई हस्तक्षेप नहीं होगा। इसके अलावा सारा भुगतान और उसका हिसाब ऑनलाइन कैल्कुलेटर के माध्यम से किया जा सकेगा। यह कदम तीनों निगमों द्वारा ईज ऑफ डूईंग के तहत तहत भवन निर्माण प्रक्रिया को और अधिक सरल और मजबूत बनाना है।

उपराज्यपाल अनिल बैजल ने तीनों निगमों के महापौर और आयुक्तों की की मौजूदगी में मंगलवार को पेशेवरों इंजीनीयर, आर्किटेक्ट द्वारा 500 वर्ग मीटर तक के रिहायशी भवनों की स्वीकृति की प्रक्रिया को शुरू किया। इससे पहले 105 वर्ग मीटर के रिहायशी भवन के नक्शे की मंजूरी के लिए खुद या आर्किटेक्ट का प्रमाण पत्र का प्रावधान रखा गया जोकि अब 500 वर्ग मीटर के रिहायशी भवनों पर भी लागू होगा।

इस प्रणाली में पंजीकृत आर्किटेक्ट द्वारा प्रस्तुत सभी तथ्यों की जांच सॉफ्टवेयर आधारित रूल इंजन द्वारा स्वत: ही हो जाएगी। यह सिस्टम मास्टरप्लान 2021, भवन के अधिनियमों के अनुरूप बनाया गया है। यह सुविधा पहले 105 वर्ग मीटर तक के रिहायशी भवनों के प्लान के स्वीकृति के लिए उपलब्ध थी जिसे अब 500 वर्ग मीटर के भवनों के लिए भी लागू कर दिया गया है। इससे लोगों को अपने 500 वर्ग मीटर के भवनों का नक्श पास कराने के लिए नगर निगमों के कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे।

नगर निगम आयुक्त ज्ञानेश भारती ने बताया कि अभी 1491 आर्किटेक्टों को इस प्रणाली में पंजीकृत किया गया है। वे इस सुविधा का इस्तेमाल आज से कर सकते हैं और सारी प्रक्रिया एक दिन के भीतर पूरी हो जाएगी। कोई भी नया आर्किटेक्ट पंजीकरण औपचारिकताओं को पूरा करके इस ऑनलाइन सिस्टम में खुद को पंजीकृत कर सकता है। यह देश में किसी भी राज्य या केंद्र शासित प्रदेश में अपनी तरह की पहल है।

### सिस्टम को आधुनिक बनाना चाहिए : एलजी

**अनिल बैजल की मौजूदगी में आधुनिक डिजिटल नागरिक सेवाएं प्रदान करने के लिए आईआईआईटी दिल्ली और नगर निगमों के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौता ज्ञापन के तहत राजधानी में नागरिक सुविधाएं प्रदान करने के लिए तकनीकी समाधानों की पहचान करने में आइआइआइटी नगर निगमों को सभी जरूरी तकनीकी सहायता मुहैया कराएगा। आधुनिक प्रौद्योगिकी को अपनाने के लिए अनुसंधान आधारित जानकारी प्रदान करेगा। मौजूदा प्रक्रिया को सरल करना और अनुकूल बनाने के लिए प्रस्ताव तैयार करना, तकनीक के माध्यम से नागरिक केन्द्रित सेवाएं प्रदान करने के लिए सभी प्रक्रियाओं को स्वचालित कर मानवीय हस्तक्षेप को कम करना है।**

## घरेलू उद्योगों पर अब नहीं लटकेगी सीलिंग की तलवार : गोयल

**नई दिल्ली।** पूर्व केंद्रीय मंत्री विजय गोयल ने तीनों नगर निगम की ओर से दिल्ली के लोगों को राहत देने वाली कई घोषणाएं की। जिससे आम लोगों को मकान बनाने और ट्रेड लाइसेंस लेने में सहूलियत होगी।

गोयल ने कहा कि पहले ट्रेड लाइसेंस लेने में लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था और 12 तरह के कागज जमा कराने पड़ते थे। लेकिन अब इस प्रक्रिया को बेहद सरल किया जा रहा है। अब ट्रेड लाइसेंस लेने के लिये सिर्फ कुछ कागज ही जमा कराने पड़ेंगे। एक उस ट्रेड की जानकारी और दूसरा आधार कार्ड, कुछ कागजों पर कारोबारी को ट्रेड का लाइसेंस मिल जायेगा जिससे वह अपना कारोबार आसानी से कर सकेंगे। ट्रेड लाइसेंस प्रक्रिया आसान होने के बाद दुकानदारों सहित छोटे-छोटे कारोबार करने वालों को बड़ी राहत मिलने वाली है।

गोयल ने बताया कि पहले घरेलू उद्योग के लिये निगम द्वारा 5 किलोवाट और 5 कर्मचारियों के काम करने की स्वीकृति दी गई थी लेकिन अब 11 किलोवाट और 9 कर्मचारियों को एक साथ काम करने की स्वीकृति दे दी गई है।



## अलग-अलग मेट्रो स्टेशनों पर दो ने की खुदकुशी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

मंगलवार को दो अलग-अलग मेट्रो स्टेशनों पर एक युवकों ने आत्महत्या कर ली। पहला मामला उत्तम नगर पूर्वी मेट्रो स्टेशन का है यहां 40 वर्षीय एक व्यक्ति ने ऊंचे स्थान से कूदकर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली।



मृतक के पास से एक सुसाइड नोट मिला है जिसके अनुसार, उसने कर्ज के कारण यह कदम उठाया। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान उत्तम नगर के हब्सल रोड की जे जे कॉलोनी के निवासी राजीव के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि सुबह करीब साढ़े नौ बजे, उन्हें सूचना मिली कि उत्तम नगर पूर्वी मेट्रो स्टेशन पर एक व्यक्ति ने अवैतनिक क्षेत्र की रेलिंग से सड़क पर छलांग लगा दी है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि ड्यूटी पर मौजूद एक यातायात पुलिसकर्मी ने राजीव को माता चनन देवी अस्पताल पहुंचाया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। उसके परिवार को सूचित कर दिया गया है। वहीं दूसरी घटना में न्यू अशोक विहार इलाके में भी मेट्रो के आगे कूदकर एक युवक ने अपनी जान दे दी। मृतक की पहचान अमित सोनी के रूप में हुई है वहीं मध्यप्रदेश का रहने वाला है।

शव को पोस्टमार्टम के लिए एलबीएस अस्पताल में भेज दिया है। वहीं मामले की जानकारी परिजनों को दे दी गई है।

## बच्चों के बस्ते का बोझ कम करें स्कूल : दिल्ली सरकार

**● स्वास्थ्य के लिए खतरनाक, घुटनों को हो सकता है नुकसान**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



दिल्ली सरकार ने राष्ट्रीय राजधानी स्थित स्कूलों से यह सुनिश्चित करने को कहा है कि बच्चों के स्कूल बैग का वजन कम करने संबंधी दिशानिर्देशों का क्रियान्वयन किया जाए।

मानव संसाधन विकास मंत्रालय (एचआरडी) ने बच्चों को भारी बैग के बोझ से बचाने के लिए 2016 में दिशानिर्देश जारी किए थे। शिक्षा निदेशालय (डीओई) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, दिशानिर्देशों के क्रियान्वयन के लिए हमने स्कूलों को नए निर्देश जारी किए हैं। भारी बैग स्कूली छात्रों के स्वास्थ्य के लिए एक गंभीर खतरा है। अधिकारी ने कहा, भारी स्कूल बैग का बढ़ते बच्चों पर एक गंभीर, प्रतिकूल शारीरिक प्रभाव होता है जो उनके वर्टिब्रल क ॉलम और घुटनों को नुकसान पहुंचा सकता है। इसके अलावा दो या बहुमंजिला इमारतों वाले स्कूलों, जहां ब'चों को सीढ़ियां चढ़नी पड़ती हैं, ऐसे में भारी बैग समस्या और बढ़ा सकते हैं। यह घबराहट का भी एक कारण हैं। दिशा-निर्देशों को इस बात पर गौर कर तैयार किया गया था कि पाठ्यपुस्तक, गाइड, होमवर्क और क्लासवर्क नोटबुक, किसी न किसी काम की नोटबुक, पानी की बोतलें, लंच बॉक्स स्कूल बैग का भार बढ़ा देते हैं। कभी कभी स्कूल बैग भी भारी होते हैं।

अकसर देख गया है कि बच्चे स्कूली वैन से खुद ही अपने भारी बैग निकालते है जिसके कारण उन्हें बिना किसी सहारे के भारी बैगों को ढोहना पड़ता है। वहीं स्कूलों में होने वाली रोजमर्रा की एक्टिीविटी स्कूली बच्चों का बोझ बढ़ाने में इजाफा ही करती है। सरकार को इसकी तरफ विशेष रूप से ज्ञान देने की जरूरत है।

# निगम ने काटे धड़ाधड़ चालान, सड़कों पर छिड़काव

### ग्रेडेड रेस्पांस एक्शन प्लान लागू होने के बाद कार्रवाई में जुटी एजेंसियां

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



वायु प्रदूषण पर पूरी तरह लगाम लगाने के लिए मंगलवार से लागू हुईं पाबंदियों का उल्लंघन करने वालों पर नगर निगम और अन्य सरकारी एजेंसियों ने सख्ती करनी शुरू कर दी है।

दक्षिणी दिल्ली नगर निगम ने अपने चारों जोनों में एनजीटी एक्ट और डीएमसी एक्ट के उल्लंघन पर धड़ाधड़ चालान काटे। सड़कों पर पानी का छिड़काव शुरू कर दिया गया है। राजधानी में मंगलवार को वायु गुणवत्ता बेहद खराब श्रेणी में पहुंच गई। आसपास के शहरों का भी यही हाल रहा।

इसके अलावा संबंधित विभागों ने निर्माण गतिविधियों और कचरा जलाने वालों पर भी कार्रवाई शुरू कर दी है। नियमों का कड़ाई से पालन कराने के लिए निगम आयुक्त ज्ञानेश भारती की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय बैठक हुई। इसके अलावा एसडब्ल्यूएम नियमों के तहत चालान किए जा रहे हैं। निगम ने ठोस कचरे और प्लास्टिक या रबड़ जलाने के खिलाफ भी कार्रवाई की है। सड़कों पर धूल समाप्त करने के लिए पानी का छिड़काव शुरू कर दिया गया है।

नजफगढ़ जोन में धूल पर नियंत्रण के लिए 9 वाटर स्प्रींकलर लगाये गये और द्वारका सैक्टर 8 जहां अधिकतम वायु प्रदूषण होता है वहां के लिए एक अतिरिक्त वाटर स्प्रींकलर तैनात किया गया है। पश्चिमी जोन में धूल पर नियंत्रण के लिए 2 वाटर स्प्रींकलर लगाये गए। दक्षिणी जोन में धूल पर नियंत्रण के लिए 8 वाटर स्प्रींकलर तैनात किए गए हैं। भारती ने संबंधित अधिकारियों से अपने सभी कर्मचारियों और मशीनों का अधिकतम इस्तेमाल करने को कहा है क्योंकि वायु प्रदूषण के खराब स्तर से दिल्ली के सभी नागरिकों में चिंता का विषय बना हुआ है। चारों जोनों में 660 चालान किए गए हैं और जुर्माने के रूप में 23,76,100 रुपये वसूले गए।

### राजधानी वालों को दो तीन दिन में मिलेगी राहत

***नई दिल्ली।*** *मानसून की वापसी के बाद प्रदूषण झेल रही दिल्ली को अगले दो-तीन दिन में बादल और तेज हवाएं कुछ राहत देंगी। मौसम विभाग के अनुसार 18 तारीख से पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है। इससे दिल्ली-एनसीआर में पश्चिमी हवाओं की गति में इजाफा होने का अनुमान है, जो कि समूचे क्षेत्र में वायु प्रदूषण बढ़ाने वाली धुंध के छंटने में मददगार साबित होगी।* इस बीच, दिल्ली के पर्यावरण मंत्री कैलाश गहलोत ने केंद्रीय पृथ्वी विज्ञान मंत्री हर्षवर्धन को पत्र लिखकर उनसे मंत्रालय की वायु गुणवत्ता की तकनीकी विशेषज्ञता और उससे हर रोज प्राप्त होने वाले प्रदूषण के आंकड़े साझा करने का अनुरोध किया ताकि वायु प्रदूषण पर लगाम लगाने के लिए फौरन उपचारात्मक कदम उठा सके।

## प्रदूषण को लेकर ईपीसीए और सरकार के दावे अलग- अलग



**● एजेंसी ने गिनाए स्थानीय कारण, सरकार ने जारी की पराली जलाने संबंधी नासा की तस्वीर**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

राजधानी में बढ़ रहे वायु प्रदूषण पर पर्यावरण प्रदूषण (रोकथाम और नियंत्रण) प्राधिकरण (ईपीसीए) और दिल्ली सरकार के दावे अलग-अलग हैं। वायु प्रदूषण के खिलाफ कड़े कदम लागू होने के बीच पर्यावरण प्रदूषण (रोकथाम और नियंत्रण) प्राधिकरण (ईपीसीए) ने जहां यह कहा कि दिल्ली, उत्तर प्रदेश और हरियाणा में प्रदूषण के स्थानीय स्रोत खराब वायु गुणवत्ता के मुख्य कारण हैं।

वहीं, दिल्ली सरकार ने नासा की तस्वीर साझा कर पड़ोसी राज्यों में बड़े पैमाने पर पराली जलाए जाने का दावा किया और धुएं को ही प्रदूषण फैलाने के लिए जिम्मेदार बताया। राष्ट्रीय राजधानी में हर साल सर्दियों में वायु गुणवत्ता खराब हो जाती है। सुप्रीम कोर्ट से अधिकार प्राप्त ईपीसीए की सदस्य सुनीता नारायण ने कहा कि कूड़े का ढेर और धूल के साथ-साथ रबड़ कबाड़ और प्लास्टिक को खुले में जलाना चिंता का मुख्य कारण है। पृथ्वी विज्ञान की वायु गुणवत्ता एवं मौसम पूर्वानुमान एजेंसी सफर ने भी कहा है कि दिल्ली में पीएम 2.5 की सघनता में बायोमास जलने की हिस्सेदारी अब तक 10 प्रतिशत से कम रही है।

सफर के आंकड़ों के अनुसार 10 अक्टूबर और 13 अक्टूबर के बीच बायोमास जलाए जाने का प्रभाव शून्य से नौ प्रतिशत के बीच रहा। उसने एक रिपोर्ट में कहा कि दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक (259) खराब श्रेणी में रहा। वायु गुणवत्ता बीती रात कुछ देर के लिए बहुत खराब श्रेणी में रही। इस दौरान पराली जाने का प्रभाव सर्वाधिक आठ प्रतिशत रहा। सुनीता नारायण ने कहा कि बायोमास जलाने की घटनाओं को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

## संक्षिप्त समाचार


नीदरलैंड के राजा विलेम-अलेक्जेंडर और रानी मैक्सिमा ने नंदनगरी इलाके में स्थित दिल्ली के सरकारी स्कूल का दौरा किया। इस दौरान दिल्ली के उप-मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने उन्हें बच्चों से रुबरू कराया।

### आठ दैनिक वेतनभोगियों की नौकरी हुई पक्की

**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली की महापौर अंजु कमलकांत ने पूर्वी दिल्ली नगर निगम के शिक्षा विभाग में कार्यरत आठ दैनिक वेतनभोगियों कर्मचारियों को स्थायीकरण के नियुक्ति-पत्र प्रदान किए। इस दौरान अपर आयुक्त अल्का शर्मा, अपर शिक्षा निदेशक, सीमा शर्मा और वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। महापौर अंजु कमलकांत ने बताया कि जिन दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को नियुक्ति-पत्र प्रदान किए गए वे 1998 से निगम में कार्यरत हैं। महापौर ने बताया कि इन कर्मचारियों को निगम की चरणबद्ध ढंग से नियमितीकरण की नीति के तहत स्थायी किया गया है और 1 अप्रैल 2006 से स्थायी माना जाएगा। महापौर ने कहा कि निगम अपने कर्मचारियों के हितों और कल्याण के प्रति संकल्पबद्ध है। इस अवसर लाभार्थियों ने महापौर और पूर्वी दिल्ली नगर निगम का धन्यवाद अदा किया।

### हिंदूराव अस्पताल में रक्तदान शिविर का उद्घाटन

**नई दिल्ली।** उत्तरी दिल्ली नगर निगम में स्थायी समिति के अध्यक्ष जय प्रकाश ने उत्तरी दिल्ली नगर निगम के हिन्दूराव अस्पताल द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर का उद्घाटन किया। हिन्दु राव अस्पताल द्वारा इस अवसर पर रक्तदान के लिए नागरिकों को प्रेरित करने के लिए जन जागरूकता अभियान, नुक्कड नाटक और चित्रकला प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया था। इस अवसर पर जय प्रकाश ने चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर जय प्रकाश ने कहा कि रक्तदान जीवनदान है। उन्होंने कहा कि रक्तदान कई जिंदगियों को बचा सकता है। उन्होंने कहा कि हमें यह भावना जन-जन तक पहुंचानी चाहिए कि रक्तदान महादान है।

### कैंसर जांच मोबाइल वैन को दिखाई हरी झंडी

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी दिल्ली प्रदेश चिकित्सा प्रकोष्ठ राजाधानी के सभी 14 जिलों में कैंसर जांच व जागरूकता शिविर का आयोजन करने जा रही है। इसकी शुरूआत नेता प्रतिपक्ष विजेन्द्र गुप्ता एवं प्रदेश संगठन महामंत्री श्री सिद्धार्थन ने प्रदेश कार्यालय पर खड़ी कैंसर जांच मोबाइल वैन को हरी झण्डी दिखाकर किया। गुप्ता ने कहा कि दिल्ली में कैंसर के मरीजों की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ रही है। शुरूआती स्टेज में कैंसर के लक्षण मिलने पर ही इलाज शुरू कर दिया जाये तो मरीज की जान बच सकती है। इस लिए चिकित्सा प्रकोष्ठ का प्रयास है कि नागरिकों को कैंसर जैसी जानलेवा रोग से बचाया जा सके। दिल्ली सरकार के अस्पतालों में कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी के लिए न तो कोई जांच शिविर का आयोजन किया जाता है और न ही सरकार के पास अनुभवी डॉक्टर की ऐसी टीम है।

## स्कूलों में आग से सुरक्षा के नहीं इंतजाम, कोर्ट नाराज

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली उच्च न्यायालय ने मंगलवार को आम आदमी पार्टी की सरकार को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के स्कूलों में अग्नि सुरक्षा प्रणाली लगाने के शिक्षा विभाग के परिपत्र को लागू करने एवं इसका उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनश्चित करने का निर्देश दिया है।

मुख्य न्यायाधीश डी एन पटेल और न्यायमूर्ति सी हरिशंकर की पीठ ने दिल्ली सरकार के शिक्षा विभाग को निर्देश दिया कि उन स्कूलों के खिलाफ उचित सुनवाई के बाद जरूरी कार्वाई करें जिन्होंने मार्च 2011 के उसके आदेश का पालन नहीं किया है। अदालत ने दो जनहित याचिकाओं पर विचार करते हुए यह आदेश दिया है। परमिंदर सिंह ने अपनी याचिका में दावा किया कि सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत प्राप्त जानकारी के अनुसार कुछ निजी स्कूलों में अग्नि सुरक्षा प्रणाली नहीं है। सिंह की एक अन्य याचिका पर सुनवाई करते हुए अदालत ने दिल्ली सरकार से कहा कि बैंक्वेट हाल के खिलाफ कार्रवाई करें जिन्होंने कानून का पालन नहीं किया है। सिंह ने आरोप लगाया था कि कुछ बैंक्वेट हाल दिल्ली दमकल सेवा अधिनियम और नियमों का पालन नहीं कर रहे हैं।

## बदमाशों ने मजिस्ट्रेट का मोबाइल फोन छीना

**नई दिल्ली।** उत्तर दिल्ली के कमला नगर इलाके में मोटरसाइकिल पर आए दो बदमाशों ने एक मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट का मोबाइल फोन छीन लिया। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि यह घटना सोमवार रात करीब आठ बजे की है।

मजिस्ट्रेट अपने फोन पर बात कर रहे थे जब मोटरसाइकिल पर आए दो बदमाशों ने उनका फोन छीन लिया और फरार हो गए। मजिस्ट्रेट ने घटना के बारे में पुलिस को सूचना दी। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि पुलिस आरोपियों को पकड़ने के लिए आसपास के इलाकों की सीसीटीवी फुटेज भी खंगाल रही है। ज्ञात हो कि राजधानी में पिछले कुछ महीनों में झपटमारी की घटनाएं बढ़ गई हैं।

## ऐप के जरिए सीधा संवाद करेंगे केजरीवाल

**● सीएम करेंगे 14 जिलों में कार्यकर्ता सम्मेलन**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल आज 14 अलग-अलग जिलों में कार्यकर्ता संम्मेलन के माध्यम से कार्यकर्ताओं के साथ सीधा संपर्क करेंगे। इस बाबात मुख्यमंत्री एके ऐप को लॉच करेंगे।

इससे हर एक जिले में बूध स्तर तक के एक हजार कार्यकर्ता सम्मलित किया जाएगा। आप के वरिष्ठ नेता गोपाल राय ने बताया कि वेस्ट दिल्ली लोकसभा के दो जिला में कार्यकर्ता संम्मेलन की शुरुआत होगी। सुबह में नज़फगढ़ जिला का सम्मेलन द्वारका में होगा और शाम को तिलकनगर जिला का सम्मेलन जनकपुरी विधानसभा में किया जाएगा। दूसरा कार्यकर्ता सम्मेलन 19 को साउथ दिल्ली लोकसभा के मेहरौली जिला का सम्मेलन छतरपुर में और संगम विहार जिला का सम्मेलन तुगलकाबाद विधानसभा में आयोजित किया जाएगा।

20 अक्टूबर को कृष्णानगर और पड़पड़गंज जिला का सम्मेलन पड़पड़गंज विधानसभा में ही आयोजित किया जाएगा। 21 ऑक्टूबर को नार्थ दिल्ली लोकसभा के रोहिणी जिला का सम्मेलन किराड़ी और बादली जिला का सम्मेलन रोहिणी विधानसभा में होगा। गोपाल राय ने कहा कि दिल्ली में होने वाले चुनाव के लिए पूरी तैयारी कर ली है।

लोकसभा स्तर पर प्रभारीर जिला स्तर पर जिला अध्यक्ष और हर विधानसभा के अंदर जितने भी पोलिंग स्टेशन है सबके लिए हमने चुनाव इनचार्ज की नियुक्ति कर दी गई है। उन्होंने कहा कि इस जिला सम्मेलन के माध्यम से हम आगे लोकसभा चुनाव के संगठन निर्माण की भी तैयारी कर रहे है।

उन्होंने कहा कि इस सम्मेलन से नवंबर तक हम सभी विधानसभा से एक लाख चालीस हजार विजय प्रमुख नियुक्त करेंगे।

# दिल्ली में भी टायर पर मेट्रो की संभावनाएं तलाश रही है केंद्र सरकार

### चौथे चरण के तीन कॉरीडोर का काम अभी शेष, इन पर कम लागत वाली टायर और मेट्रो लाइट चलाई जाएगी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**● मेट्रो लाइट की लागत मौजूदा रेल से 30 प्रतिशत कम होगी।**

दिल्ली मेट्रो के चौथे चरण में जिन तीन कॉरीडोर को काम अभी अधूरा है, उनमें सरकार टायर पर चलने वाली मेट्रो रेल के परिचालन की संभानाएं तलाश रही है। आवास एवं शहरी मामलों के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) हरदीप सिंह पुरी ने बताया कि मेट्रो रेल चौथे चरण के तीन कॉरीडोर का काम अभी शेष है।

इनमें कम लागत वाली मेट्रो ऑन टायर और मेट्रो लाइट चलाई जाएगी। उल्लेखनीय है कि दिल्ली मेट्रो रेल प्रबंधन (डीएमआरसी) ने द्वारका सेक्टर 25 से कीर्ति नगर के बीच 19 किमी के रूट पर देश की पहली मेट्रो लाइट चलाने की तैयारी कर ली है। इस मार्ग पर मेट्रो लाइट का काम शुरु करने के लिए डीएमआरसी को दिल्ली सरकार और फिर केन्द्र सरकार की मंजूरी का इंतजार है।

पुरी ने कहा, तीसरे फेज का काम पूरा हो रहा है, चौथे फेज में तीन चरण का काम हो गया है तीन का बाकी है, इनमें मेट्रो लाइट और टायर पर मेट्रो चलाने की योजना है। उन्होंने कहा कि टायर पर चलने वाली मेट्रो की परिचालन लागत, मौजूदा मेट्रो की परिचालन लागत से पांच गुणा तक कम होगी। इसी प्रकार मेट्रो लाइट की लागत मौजूदा मेट्रो से 30 प्रतिशत कम होगी।

पुरी ने स्पष्ट किया कि किस इलाके में कौन सी मेट्रो चलाई जाए, यह यात्रियों की संभावित संख्या पर निर्भर करेगा। कम मांग वाले शहर के बाहरी इलाकों में ग्रामीण क्षेत्रों को मेट्रो रेल से जोड़ने के लिए मेट्रो लाइट और मेट्रो ऑन टायर बेहतर विकल्प होंगे। मेट्रो लाइट और मेट्रो ऑन टायर में छोटे आकार के तीन से छह तक कोच होंगे। इसे छोटे शहरों में चलाए जाने की योजना है। टायर पर चलने वाली मेट्रो के परिचालन को गुजरात के सूरत शहर में भी चलाने की योजना को मंजूरी दी गई है। इसका परिचालन करने वाला दिल्ली दूसरा शहर होगा। पुरी ने कहा कि चौथे चरण में शेष बचे तीन कॉरीडोर पर मौजूदा परिचालन वाली मेट्रो रेल के बजाय छोटी मेट्रो चलाने का फैसला किया गया है।

किस रूट पर कौन सी मेट्रो चलेगी, यह डीएमआरसी के प्रस्ताव पर निर्भर करेगा।

## भगोड़ा गिरफ्तार, पैरोल मिलने के बाद था फरार

**नई दिल्ली।** स्पेशल सेल ने कुख्यात बदमाश जितेंद्र उर्फ जीतू को लाडो सराय से गिरफ्तार किया है।

एक अप्रैल 2017 में तिलक नगर के एक केस में उसे 20 दिन की पैरोल मिली थी। लेकिन पैरोल की अवधि खत्म होने के बाद कोर्ट में आत्मसमर्पण नहीं किया था। इसके बाद से वह गिरफ्तारी से बचने के लिए पुलिस को चकमा दे रहा था। उसकी गिरफ्तारी पर पुलिस ने 20 हजार रुपये का ईनाम घोषित कर रखा था। पुलिस उपायुक्त प्रमोद कुमार कुशवाह के अनुसार जितेंद्र उर्फ जीतू के दक्षिणी दिल्ली इलाके में कहीं छिपा है। जीतू के अदालत ने 7 साल की सजा सुनाई थी।

**पूर्वी दिल्ली नगर निगम**

**कार्यालय अधिशासी अभियंता [एम. शाह-(उ.)-II]**
**सी-12, यमुना विहार दिल्ली-110053**
**एनआईटी सं. ईई-[एम शाह(एन)-II/19-20/20** — **दिनांक 14.10.19**

आयुक्त, पू.दि.न.नि. की ओर से अधिशासी अभियंता एम-II/शाह(उ.) द्वारा दि.न.नि. के पंजीकृत ठेकेदारों से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | मद/कार्य का नाम | निविदा राशि (₹ में) | धरोहर राशि (₹ में) | कार्य पूर्णता अवधि | निविदा का मूल्य | निविदा सं. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | वार्ड सं. 45-ई, यमुना विहार, शाहदरा(उ.) जोन में भजनपुरा मेन मार्किट से गोकलपुर ड्रेन (वजीराबाद रोड) तक भजनपुरा पम्प हाउस की राइजिंग मेन का प्रावधान और बिछाना। मद दर | 1,90,450/- | | 5 माह | 1,000/- | 316802 |
| 2. | वार्ड सं. 46-ई, घोंडा, शाहदरा(उ.) जोन में के-ब्लॉक गंगोत्री विहार में रबड़ फैक्ट्री रोड से गुमरी रोड तक आरएमसी के प्रावधान द्वारा गली सं. 5 का सुधार व विकास। मद दर | 73,500/- | | 6 माह | 500/- | 316803 |

**टिप्पणी:** उपरोक्त क्रम सं. 1 से 2 तक प्रत्येक कार्य के लिए वैधता: **6 माह** और खाता शीर्ष : **TYADB**

निविदा दस्तावेज डाउनलोड करने की अंतिम तिथि एवं समय 25.10.2019 को 14.00 बजे तक है। पंजीकृत ठेकेदारों द्वारा विस्तृत दस्तावेज वेबसाइट **http//mcdetenders.com** पर देखा और डाउनलोड किया जा सकता है। निविदा ई.ई.-एम-II/शाह(उ.) के कार्यालय में 30.10.2019 को खोली जाएगी।

**आरओ सं. 66/डीपीआई/पूर्वी/2019-20** — **ईई-[एम शाह(एन)]-II**

पूर्वी दिल्ली नगर निगम नागरिक हेल्पलाईन स. -155303

# कानूनी दांव-पेच से चुनावी दंगल में पटखनी देना चाहते हैं 'वकील'

**संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम**

### गुरुग्राम के चुनावी दंगल में छह प्रत्याशी हैं एलएलबी

### चारों विधानसभा सीटों में चुनाव लड़ रहे हैं 24 प्रत्याशी



**हरियाणा** विधानसभा 2019 के चुनावी दंगल में इस बार गुरुग्राम जिले की चारों विधानसभा सीटों में चार एलएलबी की पढ़ाई करने वाले प्रत्याशी राजनीति में अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। इनमें दो प्रत्याशी बीजेपी से, एक बसपा से, एक इनेलो से, एक स्वराज इंडिया पार्टी से और एक कांग्रेस से हैं।

कानूनी दांव-पेज से अदालत में केस लड़कर न्याय दिलाने को वर्षों तक प्रेक्टिस करते रहे सुधीर सिंगला को शायद यह नहीं मालूम था कि इस बार के चुनाव में बीजेपी उन्हें मैदान में उतार सकती है। इसीलिए वे चुनावों की घोषणा होने के बाद भी नियमित तौर पर अपने अदालती कामकाज में लगे रहे। वरिष्ठ वकीलों में उनकी यहां की बार में गिनती होती है। अब चूंकि उन्हें बीजेपी ने गुड़गांव विधानसभा सीट से चुनावी मैदान में उतार दिया है तो वे काला कोट उतारकर नेताजी की ड्रेस पहन जनता से हाथ जोड़कर वोटों की अपील कर रहे हैं।

गुड़गांव विधानसभा सीट से ही बसपा के नरेंद्र सिंह का पेशा भी वकालत ही है। इनके अलावा यहां से इनेलो प्रत्याशी ब्रह्मसिंह, स्वराज इंडिया पार्टी की प्रत्याशी शैलजा भाटिया ने भी एलएलबी कर रखी है। हालांकि उन्होंने इसे अपना पेशा नहीं बनाया है।

बीजेपी के पटौदी से प्रत्याशी सत्यप्रकाश जरावता ने भी एलएलबी की है। सोहना से कांग्रेस के प्रत्याशी डा. शमसुद्दीन ने भी कानून की पढ़ाई करके पीएचडी की हुई है। गुरुग्राम जिला से

### एलएलबी को मात्र दो प्रत्याशियों ने बना रखा है पेशा

अकेले गुड़गांव विधानसभा सीट की बात करें तो यहां से तीन एलएलबी डिग्री धारक चुनाव मैदान में फाइट कर रहे हैं। वकालत की पढ़ाई करने वाले प्रत्याशी अपनी पढ़ाई में सीखे दांव पेंचों को चुनावी दंगल में भी आजमाकर प्रतिद्वंद्वी को मात देने की फिराक में हैं। इसके अलावा बादशाहपुर से भाजपा के प्रत्याशी मनीष यादव ने विदेश में पढ़ाई की है। वे वहां से एमबीए करके आये हैं। वहीं इनेलो के सोनू ठाकरान ने भी एमबीए किया हुआ है। निर्दलीय प्रत्याशी मोहित ग्रोवर मैनेजमेंट में स्नातक हैं।

पटौदी से कांग्रेस के प्रत्याशी सुधीर कुमार बीटेक, बादशाहपुर से कमलबीर एमए पास हैं। गुरुग्राम की चारों विधानसभा सीटों पर जननायक जनता पार्टी का पटौदी सीट से प्रत्याशी दीपचंद स्नातक है। बाकी तीनों सीटों पर गुरुग्राम से सूबे सिंह बोहरा सातवीं पास, सोहना से रोहताश खटाना नौवीं पास, बादशाहपुर से महाबीर दसवीं पास हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम को दी श्रद्धांजलि



**गुरुग्राम।** महिलाओं का प्रतिनिधित्व करने वाली सामाजिक संस्था महिला जनसेवा समिति द्वारा राजेंद्रा पार्क क्षेत्र में मंगलवार को पूर्व राष्ट्रपति व मिसाइल मैन डा. एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती धूमधाम से मनाई गई, जिसमें बड़ी संख्या में संस्था की सदस्य शामिल हुई और उन्होंने डा. कलाम के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। संस्था की अध्यक्ष रुपा पटेल एवं समाजसेवी राजशे पटेल ने कहा कि एपीजे अब्दुल कलाम ने वैज्ञानिक के रूप में 4 दशकों तक रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन व इसरो में कार्य किया। सैन्य मिसाइल के विकास के प्रयासों में भी शामिल रहे। उन्हें वर्ष 2002 में भारत का राष्ट्रपति बनाया गया था। 5 वर्ष का कार्यकाल पूरा करने के बाद वह वापिस शिक्षा, लेखन और सार्वजनिक सेवा में लौट आए थे। उन्हें भारत रत्न से भी सम्मानित किया गया। देश को नई ऊंचाईयों तक पहुंचाने में उनका सबसे बड़ा योगदान रहा। श्रद्धासुमन अर्पित करने वालों में जूली, संगीता, रेणू, उर्मिला, रितु, खुशी, पिंकी, पूजा, विवेक, अयान, आसू, संजीत, हेमंत आदि शामिल रहे।

### राप्रा पाठशाला कनीपला व कुरुक्षेत्र ने जीता प्रथम पुरस्कार



**कुरुक्षेत्र।** कौन बनेगा करोड़पति की तर्ज पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में हुई जिला स्तरीय प्रतियोगिता करवाई गई। भारती फाउंडेशन द्वारा करवाई गई प्रतियोगिता खंड थानेसर व खंड बाबैन के राजकीय विद्यालयों में पढ़ने वाले पांचवी व आठवीं कक्षा के विजेता विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में दोनों कक्षाओं की सभी टीमों ने बराबर 6-6 राउंड खेले। शिक्षिका प्रोमिला राजेन्द्र व अशोक आर्य ने मंच का संचालन किया। राजकीय प्राथमिक पाठशाला कनीपला ने पाचंवी कक्षा में और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुरुक्षेत्र ने कक्षा आठवीं में प्रथम स्थान प्राप्त किया। राजकीय प्राथमिक पाठशाला थानेसर नम्बर 3 के बच्चे दूसरे व भैणी तीसरे स्थान पर रहे। दूसरी और आठवीं कक्षा में कनीपला द्वितीय व मंगोली जट्टान के बच्चें तृतीय रहे। इस अवसर पर मुख्यातिथि के तौर पर पहुंचे खंड शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक व संतोष शर्मा ने सभी विजेता बच्चों को इनाम व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर खण्ड शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक ने सभी बच्चों को आशीर्वाद दिया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से ग्रामीण क्षेत्रों के राजकीय विद्यालयों में छुपी हुई प्रतिभा निखर कर सामने आती है। उन्होंने भारती फाउंडेशन व सभी अध्यापकों को भी सफल संयोजन के लिए बधाई दी।

### छीना-झपटी के मामले में आरोपी को छह साल की कैद

**गुरुग्राम।** छीनाझपटी के मामले की सुनवाई करते हुए जिला एवं सत्र न्यायाधीश एमएम धौंचक की अदालत ने पुख्ता सबूतों व गवाहों के आधार पर आरोपी को दोषी करार देते हुए 6 साल की कैद व 40 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माने का भुगतान न करने पर दोषी को अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी। जिला उपन्यायवादी अनुराग हुड्डा से प्राप्त जानकारी के अनुसार बिहार मूल के संजीव कुमार ने गत वर्ष 23 जनवरी को सेक्टर 18 पुलिस थाना में शिकायत दर्ज कराई थी कि वह सरहौल गांव में रहता है। वह गत सायं अपनी ड्यूटी खत्म कर सरहौल आ रहा था। जब वह जैनपेक्ट कंपनी के निकट पहुंचा तो एक युवक आया और उसका फोन छीनकर फरार हो गया। पुलिस ने अज्ञात युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी। पुलिस ने मुंगेर बिहार मूल के मोहम्मद हदीस को इस मामले में गिरफ्तार कर लिया और उसके किराए के कमरे से मोबाइल भी बरामद कर लिया गया तथा उसे जेल भेज दिया गया। नायब कोर्ट रविंद्र कुमार का कहना है कि हालांकि बाद में उसकी जमानत हो गई, लेकिन वह अदालत में सुनवाई पर नहीं आया, जिस पर अदालत ने गैर जमानती वारंट जारी कर उसे फिर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। तभी से वह जेल में बंद था। मामले की अदालत में सुनवाई चली। अभियोजन पक्ष ने अदालत में जो सबूत व गवाह पेश किए, उनसे आरोपी पर लगे आरोप सिद्ध होना पाते हुए अदालत ने उसे दोषी करार देते हुए 6 साल की कैद व 40 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है।


### चुनाव ड्यूटी देने वाले 22 अक्टूबर को रहेंगे अवकाश पर

**गुरुग्राम।** हरियाणा विधानसभा आम चुनाव-2019 में चुनाव ड्यूटी पर नियुक्त किए गए कर्मचारियों व अधिकारियों के लिए 22 अक्टूबर मंगलवार को अवकाश रहेगा। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त अमित खत्री ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतोनुसार जो अधिकारी व कर्मचारी विधानसभा चुनाव के संबंध में 20 व 21 अक्टूबर को चुनाव ड्यूटी पर उपस्थित रहेंगे, उन्हें 22 अक्टूबर को अवकाश प्रदान किया जा रहा है। ये कर्मचारी 23 अक्टूबर को अपने संबंधित कार्यालय में उपस्थिति प्रस्तुत करेंगे।


# एनएसजी को मजबूत व आधुनिक बनाने में सरकार है प्रतिबद्ध : अमित शाह

### एनएसजी का 35वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**



गुरुग्राम के मानेसर स्थित एनएसजी के 35वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते गृहमंत्री अमित शाह।



एनएसजी के 35वें स्थापना दिवस समारोह में गृहमंत्री अमित शाह को स्मृति चिह्न देते डीजी एसएस देसवाल।

**गृहमंत्री** अमित शाह ने एनएसजी अधिकारियों तथा कार्मिकों को अपने आदर्श सर्वत्र सर्वोत्तम सुरक्षा के लिए हमेशा प्रतिबद्ध रहने के लिए शुभकामनाएं दी और एनएसजी को अधिक मजबूत एवं आधुनिक बनाने में सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने नवीनतम तकनीक और विशेषज्ञता हासिल करने और आंतरिक क्षमता को लगातार विकसित करने की आवश्यकता पर बल दिया। वे मंगलवार को मानेसर सिथत राष्ट्रीय सुरक्षा गारद (एनएसजी) के 35वें स्थापना दिवस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे थे।

गृह मंत्री अमित शाह ने राज्य पुलिस बलों के साथ नियमित अभ्यास और क्षमता निर्माण में एनएसजी हबों के योगदान की भी सराहना की। रासायनिक, जैविक, रेडियोलॉजिकल, परमाणु व विस्फोटक टास्क फोर्स स्थापित करने के लिए एनएसजी के प्रयासों पर संतुष्टि व्यक्त करते हुए कहा कि एनएसजी प्रचालन क्षेत्र में उत्कृष्ट होने के साथ ही विभिन्न सरकारी अभियानों जैसे स्वच्छता ही सेवा एवं ग्रो ग्रीन कार्यक्रमों में रचनात्मक रूप से भाग ले रही है। उन्होंने कहा कि देश की आंतरिक सुरक्षा को एनएसजी का बड़ा महत्व है। इस पुलिस बल ने अपने गठन के बाद से देश का गौरव बढ़ाया है। देश में एनएसजी का बड़ा योगदान है। बड़े ऑपरेशंस में एनएसजी की भूमिका बड़ी ही सराहनीय रही है। इस बल को किसी भी तरह से कमी नहीं आने दी जाएगी। इसकी और अधिक मजबूती की जाएी। यह देश का गौरव है। उन्होंने यहां पर कमांडो द्वारा दिखाये गये करतब देखकर भी उनकी जांबाजी को सेल्यूट किया।

एनएसजी के महानिदेशक एसएस देशवाल ने एनएसजी कर्मियों का मनोबल बढ़ाने के लिए मुख्य अतिथि का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि एनएसजी द्वारा विगत वर्षों में निरंतर विकास करने, काउंटर टेरेरिज्म, काउंटर हाईजैकिंग, अति संवेदनशील अति विशिष्ट व्यक्तियों की सुरक्षा और राज्य पुलिस बलों के क्षमता निर्माण जैसे मोर्चों पर सफलता हासिल की गई है। गृहमंत्री ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले एनएसजी कर्मियों को पदक और पुरस्कार भी प्रदान किए। ब्लैक कैट कमांडों ने बल के विभिन्न ऑपरेशन संबंधी अभ्यासों में अपने कौशल का बड़े ही साहसिक एवं शानदार प्रदर्शन के साथ ही रोमांचित कर देने वाला डेमो प्रस्तुत किया, जिसमें बैनर, एमएमजी फायरिंग ट्रैवर्स ड्रिल, वॉटर प्लूम एक्सप्लोसन, पार्कर डेमो आदि शामिल रहे।

# डीटीपीओ के एसडीओ व जेई के नाम पर रिश्वत लेने वाला स्टेनो दोषी करार

**गुरुग्राम।** नगर निगम की सफाई शाखा में कार्यरत स्टेनों द्वारा डीटीपीओ के एसडीओ व जेई के नाम पर रिश्वत लेने के मामले की सुनवाई करते हुए मंगलवार को अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश अश्विनी कुमार शर्मा की अदालत ने पुख्ता सबूतों व गवाहों के आधार पर आरोपी को दोषी करार देते हुए उसकी सजा पर फैसला सुरक्षित रख लिया है।

जानकारी के अनुसार दौलताबाद के विरेंद्र ने राज्य चौकसी ब्यूरो गुड़गांव को वर्ष 2016 की 21 सितम्बर को शिकायत दी थी कि उसने राजेंद्रा पार्क क्षेत्र में 180 गज का प्लाट लिया हुआ है, जिस पर वह निर्माण कार्य कर रहा है। डीटीपीओ कार्यालय से उसे नोटिस आया था कि वह निर्माण कार्य न करे, जिसका निपटारा उसने नगर निगम के सफाई शाखा में कार्यरत स्टेनो शशिभान को 40 हजार रुपए देकर कर दिया था, लेकिन उसे फिर से नोटिस भेज दिया गया, जिस पर शशिभान ने कहा कि एसडीओ व जेई का तबादला हो गया है। अब उसके स्थान पर जो एसडीओ व जेई आए हैं, वे उसका काम कराने के लिए 2 लाख रुपये की मांग कर रहे हैं। शिकायतकर्ता ने कहा था कि वह रिश्वत नहीं देना चाहता। राज्य चौकसी ब्यूरो ने छापामार टीम का गठन कर नायब तहसीलदार अनिल कुमार ड्यूटी मजिस्ट्रेट की अगुवाई में कार्रवाई की। शिकायतकर्ता ने अपने पास से ही एक हजार के 35 नोट व 500 के 330 नोट कुल 2 लाख रुपये टीम को दिए।

टीम ने इन रुपयों पर केमिकल लगाया और शिकायतकर्ता को ये नोट शशिभान को देने के लिए दे दिए। छापामार टीम ने रंगेहाथों शशिभान को रिश्वत लेते हुए काबू कर लिया था और उसके कब्जे से 2 लाख रुपये की रकम भी बरामद की थी। जब उसके हाथ धुलवाए गए तो पानी का रंग गुलाबी हो गया। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। मामले की अदालत में सुनवाई हुई। अदालत में राज्य चौकसी ब्यूरो ने जो गवाह व दस्तावेज पेश किए, उनसे आरोपी पर लगे आरोप सिद्ध होना पाते हुए अदालत ने उसे दोषी करार देकर सजा पर फैसला सुरक्षित रख लिया है।

# मानहानि मामले में पूर्व सीएम चौटाला अदालत में हुए पेश

### अगली सुनवाई 29 अक्टूबर को

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**

**मानहानि** के एक मामले की सुनवाई मंगलवार को ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट सोनिया श्योकंद की अदालत में हुई। मामले के आरोपी प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री ओमप्रकाश चौटाला अदालत में पेश हुए। इनेलो सुप्रीमो ओमप्रकाश चौटाला को दिल्ली पुलिस तिहाड़ जेल से प्रोडक्शन वारंट पर लेकर आई।

अदालत के अवकाश पर होने से सुनवाई नहीं हो सकी। अब अगली सुनवाई के लिए अदालत ने 29 अक्टूबर की तारीख निश्चित कर दी है। इस मामले में अभय चौटाला, अशोक अरोड़ा, कुलदीप बिश्नोई आदि आरोपी हैं, लेकिन वे भी अदालत में पेश नहीं हो सके। उनके अधिवक्ताओं ने उनकी हाजिरी माफी की दरख्वास्त लगाई, जिसे स्वीकार कर लिया गया और अधिवक्ताओं को आदेश दिया कि अगली तारीख पर आरोपियों को अदालत में हाजिर होना चाहिए।

गौरतलब है कि वर्ष 2008 में इनेलो व अन्य राजनीतिक दलों के नेताओं ने प्रेसवार्ताओं का आयोजन कर प्रदेश के तत्कालीन सीआईडी प्रमुख आईजी पीआर राठी पर आरोप लगाए थे कि उन्होंने पंचकूला के एक चिकित्सक को निर्धारित मानदंडों की पालना न करते हुए सुरक्षा उपलब्ध कराई है, जोकि गलत है।

इन नेताओं ने तत्कालीन प्रदेश सरकार से मांग की थी कि सीआईडी प्रमख के खिलाफ कार्रवाई की जाए। सीआईडी प्रमुख ने इनेलो सुप्रीमो ओमप्रकाश चौटाला, अभय चौटाला, हजकां के कुलदीप बिश्नोई व विभिन्न प्रतिष्ठानों सहित 34 लोगों के खिलाफ मानहानि का मामला गुड़गांव अदालत में दायर कराया था। तभी से इस मामले में सुनवाई चल रही है।

# 40 वर्षीय युवक का क्षतिग्रस्त शव मिला

**सोहना।** सोहना की पीर कॉलोनी में रास्ते के साथ बने बरसाती नाले में 40 वर्षीय युवक का सड़ा-गला और जानवरों द्वारा क्षतिग्रस्त किया हुआ था। मंगलवार सुबह सात बजे सोहना की पीर कॉलोनी में बरसाती सूखे नाले में झाड़ियों के बीच में सड़ा-गला शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। 15 से 20 फीसदी हिस्सा जंगली जानवरों ने खाया हुआ था। शव की पहचान वार्ड-17 निवासी भारत भूषण पुत्र ओमप्रकाश के रूप में हुई है। जो शराब पीने का आदी था। मृतक के छोटे भाई संजय ने सोमवार को सिटी थाना में भारत भूषण के 12 अक्टूबर से लापता होने की शिकायत दर्ज कराई थी। माना जा रहा है कि भारत भूषण नशे की हालत में किसी जहरीले कीड़े ने काट खाया है। जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक के पिता ओमप्रकाश का मानना है कि उसके बेटे की हत्या करने के बाद शव फेंका गया है। जांच अधिकारी एसआई वेदपाल ने बताया कि कानूनी कार्रवाई के शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

# माइक्रो ऑब्जर्वर्स को दी ईवीएम, वीवीपैट मशीन के संचालन की जानकारी



गुरुग्राम में माइक्रो ऑब्जर्वर्स को ईवीएम, वीवीपैट की जानकारी देते अधिकारी।

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**

**भारत** निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त जनरल आब्जर्वर राजीव कुमार तथा मनोज खत्री के नेतृत्व में माइक्रो आर्ब्जवरों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें 140 माइक्रो आर्ब्जवरों ने भाग लिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मतदान प्रक्रिया में लगाए गए माइक्रो आब्जर्वरों को ईवीएम, वीवीपैट मशीन के संचालन के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

जनरल आर्ब्जवर मनोज खत्री ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया में माइक्रो आब्जर्वरों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। इसलिए जरूरी है कि उन्हें चुनाव संबंधी पूरी जानकारी हो। उन्होंने बताया कि माइक्रो आब्जर्वरों को ईवीएम, वीवीपैट तथा कंट्रोल यूनिट के बारे में जानकारी होना अत्यंत आवश्यक है।

उन्होंने बताया कि मतदान के दिन माइक्रो आब्जर्वर को उन्हें आवंटित मतदान केंद्रों पर रहना होगा तथा मतदान केंद्र से संबंधित रिपार्ट समय-समय पर उन्हें सीधे रूप से देनी होगी। उन्होंने कहा कि ड्यूटी पर तैनात कोई भी अधिकारी या कर्मचारी किसी राजनीतिक दल के साथ संपर्क में ना रहे और न ही किसी पार्टी के प्रचार-प्रसार का हिस्सा बने। जनरल आब्जर्वर राजीव कुमार ने कहा कि सभी माइक्रो आब्जर्वर चुनाव आयोग की हैंडबुक को अच्छे से पढ़ लें और उसमें दिए गए प्रावधानों के अनुरूप ही काम करें। उन्होंने कहा कि माइक्रो आब्जर्वर को चुनाव आयोग द्वारा निष्पक्ष रूप से चुनाव सम्पन्न करवाने के लिए लगाया जाता है। इसलिए यह जरूरी है कि हम सब इसे मात्र ड्यूटी न समझें और इसे अपना उत्तरदायित्व मानते हुए पूरा करें। ट्रेनिंग प्रोग्राम में जनरल आब्जर्वर मनोज खत्री एवं राजीव कुमार के साथ जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी नरेंद्र सारवान, चुनाव तहसीलदार संतलाल एवं कई अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# हिन्दुओं के लिए सबसे पवित्र है गाय : साध्वी सविता

### गो भक्त संदीप कटारिया की चौथी बरसी पर लगा रक्तदान शिविर

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**



गुरुग्राम स्थित श्री राधा कृष्णा गोशाला में गोभक्त संदीप कटारिया की चौथी बरसी पर रक्तदान करते युवा।

**श्री राधा** कृष्णा गोशाला में गो भक्त संदीप कटारिया की चौथी बरसी उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किये। इस अवसर पर हवन यज्ञ किया गया। युवाओं ने बढ़-चढ़कर रक्तदान शिविर में हिस्सा लिया। भंडारे का भी आयोजन किया गया।

सर्वप्रथम गोशाला के संस्थापक अध्यक्ष भक्ति स्वरूपानंद महाराज की मूर्ति पर पुष्प चढ़ाकर उन्हें याद किया गया। इस अवसर पर गोशाला संचालक साध्वी सविता ने कहा कि गाय हिंदुओं के लिए सबसे पवित्र धन है। इस धरती पर गायों की कुछ प्रजातियां होती हैं। जिनमें कामधेनु सबसे पवित्र है। गाय के बल पर ही हम अनेकों रोगों से लड़ सकते हैं। हमें अपने जीवन में गो माता की सेवा करनी चाहिए। गायों के लिए कार्य करना चाहिए। उनके लिए जितने भी कार्य करें उतना ही कम है।

गोशाला के चेयरमैन इंद्रपाल सल्ले ने कहा कि गुरुग्राम में यह पहली गोशाला है। जो की आम जनता के द्वारा चलाई जा रही है। इसमें कोई भी सरकारी सहायता नहीं मिल रही है। तीन हजार से भी ज्यादा गोधन हमारे पास है। जिसकी हम सेवा कर रहे हैं। उन्होंने आमजन से अपील की कि वह गायों को बचाने में हमारी सहायता करें और गोशाला मैं अधिक से अधिक सहयोग करें। गुड़गांव विकास मंच के सचिव अजय शर्मा ने कहा कि लगभग 9500 वर्ष पूर्व गुरु वशिष्ट ने गाय के कुल का विस्तार किया और उन्होंने गाय की नई प्रजातियों को भी बनाया, तब गाय की 8 या 10 नस्ले ही थीं। जिनका नाम कामधेनु, कपिला, देवनी, नंदनी, भोमा आदि था। कामधेनु के लिए गुरु वशिष्ट ने विश्वामित्र सहित कई अन्य राजाओं ने कई बार युद्ध किया, लेकिन उन्होंने कामधेनु गाय को किसी को भी नहीं दिया। गाय के झगड़े में गुरु वशिष्ट के 100 पुत्र मारे गए थे।

### गायों के बिना हमारा जीवन सूना : स्वामी कृष्णानंद परमहंस

**बाबा** कालिदास स्वामी कृष्णानंद परमहंस महाराज ने कहा कि गायों के बिना हमारा जीवन सूना है। गाय की सेवा हमारी संस्कृति में बहुत ही पवित्र मानी गई है।

प्राचीन भारत में गाय समृद्धि का प्रतीक मानी जाती थी। युद्ध के दौरान स्वर्ण आभूषणों के साथ गाय को लूट लिया जाता था। जिस राज्य में जितनी गाय होती थी। उनको उतना ही संपन्न माना जाता था। वर्तमान परिस्थितियों में किसान व गाय दोनों की स्थिति हमारे भारतीय समाज में दयनीय है। प्रसिद्ध कथावाचक बाल योगी महाराज ने इस अवसर पर भजनों के माध्यम से गो माता का बखान किया उन्होंने कहा कि आज के कलयुग में जितनी गौ माता की सेवा करेंगे हम अपनी उन्नति करेंगे।

# सोहना में होंगी चार दिनों में ताबड़तोड़ चुनाव सभाएं

**सोहना।** सोहना विधानसभा सीट पर अपने-अपने प्रत्याशियों की जीत पक्की करने के लिए स्टार प्रचारकों की ताबड़तोड़ चुनावी जनसभाएं होंगी। जजपा के दुष्यंत चौटाला से लेकर बसपा और भाजपा के राष्ट्रीय स्तर के नेता आ रहे हैं। विधानसभा चुनाव होने में अब पांच दिन शेष रह गए हैं। इन चार दिनों में ताबड़तोड़ चुनावी जनसभाएं होंगी। बुधवार को सोहना के देवीलाल खेल स्टेडियम में जजपा नेता दुष्यंत चौटाला आ रहे हैं। इसके दो दिन बाद बसपा प्रमुख मायावती भी इसी स्टेडियम में चुनावी सभा संबोधित करेंगी। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ भी चार दिन के अंदर रिठौज में चुनावी सभा संबोधित कर सकते हैं। 17 अक्टूबर को दिल्ली में भाजपा अध्यक्ष मनोज तिवारी भी विधानसभा क्षेत्र में रोड शो करेंगे। भिवानी से सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह और गुरुग्राम के सांसद राव इंद्रजीत और स्वामी धर्मदेव भी सोहना विधानसभा क्षेत्र के गांवों में नुक्कड़ सभाओं के जरिए प्रचार-प्रसार करेंगे।

# सड़क किनारे लगे पेड़-पौधों पर किया छिड़काव, होटलों के किए चालान

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**



गुरुग्राम में पर्यावरण प्रदूषण कम करने को लेकर सड़क किनारे लगे पेड़-पौधों पर पानी की छिड़काव करते नगर निगमकर्मी।

**पर्यावरण** प्रदूषण के स्तर में सुधार लाने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा चलाए जा रहे ग्रेडिड रैस्पांस एक्शन प्लान (ग्रैप) के तहत गतिविधियां लगातार जारी रही।

मंगलवार को नगर निगम गुरूग्राम की बागवानी शाखा ने विभिन्न सड़कों और पेड़ों पर पानी का छिड़काव किया, ताकि धूल को उड़ने से रोका जा सके। विशेष बात यह है कि छिड़काव के लिए सीवरेज ट्रीटमैंट प्लांट के उपचारित पानी का ही उपयोग किया जा रहा है। बागवानी शाखा द्वारा बसई चौक से उमंग भारद्वाज चौक, बीकानेर चौक से उमंग भारद्वाज चौक, बख्तावर चौक से हीरो होंडा चौक तथा हीरो होंडा चौक से बख्तावर चौक तक सड़कों एवं पेड़ों पर पानी छिड़का गया। नगर निगम गुरूग्राम की सफाई शाखा द्वारा शहर की मुख्य सड़कों की सफाई रात्रि के समय लगातार स्वीपिंग मशीनों के माध्यम से मैकेनिकल ढंग से की जा रही है। इस कार्य के लिए चार स्वीपिंग मशीने लगातार कार्यरत हैं। स्वीपिंग मशीनों द्वारा राजीव चौक से रेलवे स्टेशन, इफ्को चौक से आया नगर मैट्रो स्टेशन, स्टार मॉल से सेक्टर-45 रैडलाईट तथा मेदान्ता अस्पताल से बख्तावर चौक तक मैकेनिकल स्वीपिंग की गई।

**कई जगहों पर चालान भी काटे :** इसके अलावा सार्वजनिक स्थान पर मलबा एवं कूड़ा डालने, बिना ढ़की निर्माण सामग्री एवं कचरा ट्रांसपोर्टेशन, कचरा जलाने, पॉलीथिन आदि पर कार्रवाई करने के लिए गठित टीमें क्षेत्र में लगातार 24 घंटे नजर बनाए हुए हैं। निरीक्षण के दौरान बिना ढकी निर्माण सामग्री बेचने पर एक व्यक्ति का 5000 रुपये का चालान किया गया। इसके साथ ही तन्दूर में कोयला और लकड़ी जलाने वाले दो होटलों के पांच-पांच हजार रुपये के चालान किए गए, जबकि पांच अन्य को ऐसा ना करने की हिदायत दी गई।

# इंतजार खत्म : सेक्टर 24-25 पुल की तीन लेन शुरू हुईं

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**सेक्टर** 24 और 25 को जोड़ने वाले गुरुग्राम नहर के पुल का निर्माण कार्य करीब-करीब पूरा हो चुका है। मंगलवार को सिंचाई विभाग ने पुल की तीन लेन को अनौपचारिक रूप से शुरू कर दिया है और वाहनों का आवागमन शुरू हो गया है। पुल टूटने के बाद से ही इलाके के उद्योगपति और अन्य लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पुल के कारण परेशानी झेल रहे लोगों की समस्या को पायनियर द्वारा हाल ही में प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया गया था।

**पौने दो साल परेशानी की:** औद्योगिक क्षेत्र सेक्टर 24 व 25 को जोड़ने वाला गुरूग्राम नहर पर बना करीब 50 साल पुराना पुल बुरी तरह जर्जर हो गया था। सिंचाई विभाग और प्रशासन की लापरवाही से यह पुल गत नौ मार्च 2018 को जर्जर होकर ढह गया था। इस हादसे के दौरान नहर में गिर कर कई वाहन क्षतिग्रस्त हो गए थे, लेकिन गनीमत यह था कि हादसे के दौरान किसी की जान नहीं गई। इस पुल के टूट जाने के बाद इलाके के हजारों लोगों पर मुसीबतों का पहाड़ टूट पड़ा था। दोनों सेक्टर में स्थित कारखानों के मालिकों को पुल की वजह से लगातार आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा था। वहीं दूसरी तरफ इन कारखाने में काम करने वाले मजदूरों को काम पर आने जाने के लिए लंबा चक्कर लगाना पड़ रहा था।

### जल्दी शुरू होंगी छह लेन

सिंचाई विभाग के सूत्रों का कहना है कि फिलहाल इस पुल की तीन लेन पर वाहनों का आवागमन शुरू कर दिया गया है। बुधवार को औपचारिक रूप से पुल की तीन लेन शुरू कर दी जाएगी। पुल का निर्माण कार्य करीब करीब पूरा हो चुका है, लेकिन कुछ अड़चनों की वजह से अन्य तीन लेन अभी शुरू नहीं की जा रही है। पुल के इस हिस्से के सामने कुछ पेड़ आ रहे है। पेड़ों को हटाने को वन विभाग से अनुमति लेने के लिए पत्र लिखा गया है। अनुमति मिलने पर पेड़ों को हटाकर रास्ता बनाया जाएगा। इसके बाद पुल की छह लेन शुरू कर दी जाएगी। प्रतिक्रिया के लिए सिंचाई विभाग के एक्सईएन वीएस रावत ने फोन रिसीव नहीं किया।

# रंजिश में युवक की हत्या करने वाले चार आरोपियों को उम्रकैद

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**पुरानी** रंजिश को लेकर गांव गढ़खेड़ा निवासी एक युवक की चाकुओं से गोद कर हत्या करने वाले चार आरोपियों को जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश राजेश गर्ग की अदालत ने उम्रकैद और 12-12 सौ रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। अदालत में पेश मामले गांव गढ़खेड़ा निवासी नफेसिंह ने 12 जून, 2015 को यह मामला थाना छांयसा में दर्ज करवाया था कि उसके बेटे उद्यमसिंह का इसी गांव में रहने वाले कुछ लोगों के साथ झगड़ा हो गया था। 11 जून, 2015 की रात को उद्यमसिंह गांव में ही रहने वाले अपने दोस्त हरेंद्र के साथ बाइक पर सवार होकर गांव पन्हेड़ा कलां की तरफ जा रहा था। पन्हेड़ा से पहले लगे बैरिकेट्स के पास गढ़खेड़ा गांव निवासी आकाश, पवन, महेंद्र और दयालपुर गांव सुमित हुड्डा ने उनकी बाइक को जबरन रुकवा लिया। आरोपियों ने उद्यमसिंह को बाइक से नीचे खींच कर उसके साथ जमकर मारपीट शुरू कर दी और चाकुओं से ताबड़ तोड़ वार करने शुरू कर दिए। हरेंद्र ने मामले की सूचना फोन कर उद्यम सिंह के परिजनों को दे दी। आरोपी उद्यमसिंह को लहूलुहान कर मौके से फरार हो गए। सेक्टर 16 स्थित मेट्रो अस्पताल में उपचार के दौरान उद्यमसिंह ने दम तोड़ दिया था। उस समय पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार कर अदालत में पेश कर दिया था। मामला तभी से अदालत में विचाराधीन था। मंगलवार को मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने चारों को दोषी करार देते हुए यह सजा सुनाई है।

### साईं बाबा का लंगर लगाया

फरीदाबाद। साईंनाथ सेवा माई परिवार ने साईंबाबा की पुण्यतिथि पर बच्चों को लंगर सेवा दी। इस बारे में जानकारी देते हुए सम्मा गोला ने बताया कि इस दिन साईं बाबा ने समाधि ली थी। आज पूरे 101 साल हो गए हैं। उन्होंने बताया कि इस मौके पर संस्था की तरफ से एनएच-दो स्थित स्कूल में बच्चों को लंगर लिखाया गया। उन्होंने बताया कि लंगर की रोटिया और दाल संस्था के सदस्य अपने-अपने घरों से तैयार करके लाए थे।

It is for general information that I **Ranvir Singh** S/o **Mahavir Singh** R/o F-27, Hari Nagar Part-2, Jaitpur Badarpur, New Delhi-110044 declare that name of mine has been wrongly written as **Ranveer Singh** and my father name wrongly written as **Mahveer Singh** in my SC certificate (SC/05/52/34831/7/10/2011/9121054263/5257). The actual name of mine **Ranvir Singh** and my father actual name is **Mahavir Singh**, which may be amended accordingly.

**Public Notice**

It is notified to General Public that our clients Sh. Sumit Kakkar, S/o Arun Kumar Kakkar, r/o T-1 Palika Nilay Building, RK Ashram Marg, Delhi-1 are purchasing First Floor of Built-up free hold property No. D-14-B admeasuring area 100 sq. yards without roof/terrace rights situated at Vijay Nagar, New Delhi-110009 vide agreement to sell with Sh. Kiran Kumar, S/o Sh. late Shri Mool Chand. All persons claiming an interest in the said built up flat or plot or any part thereof by way of sale, gift, lease, inheritance, exchange, mortgage charge, lien, trust, possession, easement, attachment or otherwise howsoever are hereby required to make the same known to the undersigned at his office at:- 20, Old Market Ramesh Nagar, New Delhi-110015 within 15 days from the date hereof, failing which the said sale will be completed, without any reference to such claim and the same, if any, shall be considered as waived.

Saksham Bhayana (Advocate) 20, Old Market, Ramesh Nagar, New Delhi-110015 # +91-9999904687

**Chola** Enter a better life

**चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट ऐण्ड फायनैंस कम्पनी लिमिटेड**

**पंजीकृत कार्यालय** : प्रथम तल, 'डेयर हाउस' नंबर 2, एन.एस.सी. बोस रोड, चेन्नई-600 001

**शाखा कार्यालय** : प्लॉट नंबर 6, द्वितीय तल, मेट्रो पिलर नंबर 81 के सामने, पूसा रोड, करौल बाग, नई दिल्ली-110005

**सांकेतिक कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति हेतु)**

जबकि, अधोहस्ताक्षरी ने **चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट ऐण्ड फायनैंस कम्पनी लिमिटेड** के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(12) के तहत शक्तियों का प्रयोग करते हुए मांग सूचना(एं) जारी की थीं, जिसमें/जिनमें निम्नवर्णित कर्जदार(रों)/**सह-कर्जदार**(रों) से सूचना में वर्णित अनुसार बकाया राशि का भुगतान उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की मांग की गई थी। कर्जदार उक्त राशि चुकाने में असफल रहे हैं, एतद्द्वारा कर्जदार(रों) /**सह-कर्जदार**(रों) और जनसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमावली के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (4) के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित संपत्ति का **सांकेतिक** कब्जा प्राप्त कर लिया है। कर्जदारों का ध्यान प्रत्याभूत आस्तियों के विमोचन के लिए उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) की ओर आकृष्ट किया जाता है। कर्जदार को विशेष रूप से तथा जनसाधारण को इस संपत्ति के संबंध में संव्यवहार नहीं करने हेतु सावधान किया जाता है और संपत्तियों के संबंध में कोई भी संव्यवहार **चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट ऐण्ड फायनैंस कम्पनी लिमिटेड** की उपरिवर्णित बकाया राशि और उस पर ब्याज के प्रभाराधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्जदार(रों) /सह-कर्जदार(रों) का नाम | प्रत्याभूत आस्ति (अचल सम्पत्ति) का वर्णन | मांग सूचना तिथि एवं राशि | सांकेतिक कब्जा की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | (हमारी दिल्ली शाखा का एलसी नंबर **X0HEEDL00001847646**) विजय कुमार भाटिया (कर्जदार), सुशील भाटिया, शालिनी भाटिया, प्रवीण भाटिया, अमिता भाटिया (सह-कर्जदार) **पता** : प्लॉट नंबर 4/55, राजेन्द्र नगर, सेक्टर-2, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201010 | प्लॉट नंबर 4/55, परिमाप 364.79 वर्ग मीटर, ब्लॉक-4, सेक्टर-2, टीएचए आवासीय कालोनी राजेन्द्र नगर, गाजियाबाद उत्तर प्रदेश चौहद्दी : उत्तर : प्लॉट नंबर 54 एवं 53ए, दक्षिण : 60 चौड़ी रोड, पूरब : 30 चौड़ी रोड, पश्चिम : प्लॉट नंबर 56 | 26-06-2019 रू.1,50,74,038.22/- (रूपए एक करोड़ पचास लाख चौहत्तर हजार अड़तीस तथा पैसे बाईस मात्र) | 12-10-2019 |
| 2. | (हमारी दिल्ली शाखा का एलसी नंबर **X0HEDHE00001114607, X0HEDHE00001287153**) राघवेन्द्र सिंह (कर्जदार), गीता सिंह (सह-कर्जदार) **पता** : मैसर्स रैडिएंट माडल स्कूल, डब्ल्यूजैड-267, द्वितीय तल, जेल रोड नांगल राया, नई दिल्ली-110046 | नांगल राया नई दिल्ली-110046 में स्थित खसरा नंबर 498/444/171 एवं 497/43/171/7 मे से सम्पत्ति सं. डब्ल्यूजैड-267 पोर्शन एरिया 300.83 वर्ग गज | 17-12-2016 रू.1,87,02,514.27/- (रूपए एक करोड़ सतासी लाख दो हजार पांच सौ चौदह तथा पैसे सत्ताईस मात्र) | 12-10-2019 |

स्थानः दिल्ली + एनसीआर दिनांकः 15-10-2019 हस्ता./-, (प्राधिकृत अधिकारी) वास्ते मैसर्स चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट ऐण्ड फायनैंस कम्पनी लिमिटेड

# डॉक्टर ने गर्दन के बजाय कर दिया दिल का ऑपरेशन


पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**एक** बुजुर्ग को गर्दन की बीमारी के कारण सेक्टर आठ स्थित एक निजी अस्पताल में दाखिल करवाया गया, जहां उसके दिल का ऑपरेशन करके दो छल्ले डाल दिए गए। परिजनों ने चिकित्सकों से एतराज जताया, तो उन्होंने कहा कि कौन से आपके पैसे लगे हैं। इसलिए परिजनों ने इसकी शिकायत पीएम, सीएम विंडो, मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया, डीसी, जिला सिविल सर्जन कार्यालय में की। उन्होंने सेक्टर आठ थाने में शिकायत देकर कानूनी कार्यवाही करने की मांग की है।

कौराली गांव के देवकरण ने बताया कि उसके 84 वर्षीय पिता रामकिशन को गर्दन की बीमारी थी। उन्होंने इलाज के लिए सेक्टर आठ स्थित निजी अस्पताल में दाखिल करवा दिया। जनवरी में भी उन्हें इस बीमारी के लिए वहीं दाखिल करवाया गया था। छह अक्टूबर को दाखिले के समय अस्पताल प्रबंधन ने अपातकालीन कक्ष में उनसे तुरंत कुछ खाली कागजों पर हस्ताक्षर करवा लिए गए। जिसका विरोध किया, तो डॉक्टरों ने कहा डरने की बात नहीं है। उसने बताया कि वह पिता को दाखिल करवा कर ड्यूटी पर चले गए। शाम पांच बजे पिता के बारे में पूछताछ की, तो एक स्टाफ ने बताया कि उनके पिता की एन्जियोग्राफी करके दो छल्ले डाले गए हैं। तब इसका विरोध किया गया, तो डॉक्टर बोले कि इसमें कौन से आपकी जेब से पैसे जा रहे हैं। देवकरण ने बताया कि गत 12 अक्टूबर को उन्हें डिस्चार्ज कर दिया गया। यह अस्पताल के द्वारा पैसे कमाने के लिए किया गया, क्योंकि उसके पिता दूरदर्शन से करीब 15-20 साल पहले रिटायर्ड हुए हैं। उसके पिता का सीजीएचएस कार्ड बना हुआ है।

## तलवारबाजी में दिखाया दमखम



**फरीदाबाद।** तमिलनाडु में चल रही अंडर-23 नेशनल चैंपियनशिप का आयोजन छह से आठ अक्टूबर तक किया गया, जिसमें फरीदाबाद स्पोर्ट्स कॉम्पलैक्स के दो बच्चों ने ब्रांज मेडल जीतकर जिले का नाम रोशन किया है। कोच कपिल कौशिक ने बताया कि यतिन त्यागी ने ईपी टीम में ब्रांज मेडल जीता है। वहीं मनीष श्योरान ने फोईल टीम में ब्रांज मेडल जीता है। उन्होंने बताया कि दोनों खिलाड़ी बहुत मेहनती हैं। उनके पास वह पिछले डेढ़ साल से प्रशिक्षण ले रहे हैं।

**SBFC** SMALL BUSINESS FINCREDIT
SMALL BUSINESS FINCREDIT INDIA PVT. LTD. (Erstwhile Mape Finserve Pvt. Ltd.)
Address Unit No. 103, First Floor C&B Square, Sangam Complex, 127, Andheri-Kurla Road, Village Chakala, Andheri (East), Mumbai 400059 | Telephone: +91 22 67875300 | Fax: +91 22 67875334 | www.sbfc.com| Corporate Identity Number: U67190MH2008PTC178270

**सार्वजनिक सूचना**

जनता को यह सूचित किया जाता है कि उपयोग किये गए सोने के गहनों की नीलामी स्मॉल बिजनेस फिनक्रेडिट इंडिया प्रा.लि. ( रिस्टव्हाइल मैप फिनसर्व प्रा. लि. ) द्वारा दिनांक 22 अक्टूबर 2019 को 10 बजे क्षेत्रीय कार्यालय लाजपत नगर K-17 दूसरी मंजिल, DTC बस पास सेन्टर, लाजपत नगर-2, नई दिल्ली-110024., फरीदाबाद शाखा 2B/1, पहली मंजिल N.I.T., नजदीक भवानी स्वीट कार्नर, फरीदाबाद, हरियाणा 121001 और गुरूग्राम शाखा पहली मंजिल, प्रोपर्टी नं. 342/9, सुभाष नगर, पहली मंजिल, नई रेलवे रोड, गुरूग्राम 122001 और पानीपत शाखा प्लॉट नं. 946, पहली मंजिल, वोडाफोन स्टोर के ऊपर, नई रेलवे रोड मेन GT रोड पानीपत-132103 हरियाणा पर की जाएगी।

नीलाम किए जाने वाले सोने के गहने उन सभी अतिदेय ग्राहक खातों से संबंधित है जो अपना बकाया देने में असमर्थ है। उधारकर्ताओं को नीलाम की नोटिस पंजीकृत डाक द्वारा विधिवत् जारी की गई है।

नीलाम किए जाने वाले सोने के गहने नीचे दिये गये शाखा के अतिदेय ग्राहक खातों से संबंधित है।

फरीदाबाद शाखा: PR00591242/GLDS40102,PR00600450/GLDS46162,PR00599276/GLDS46134,PR00632838/GLDS94027,PR00635040/GLDS9463,PR00636766/GLDS94079,PR00599297/GLDS46135,PR00652577/GLDS120830,PR00596429/GLDS46073,PR00642555/GLDS111005,PR00648414/GLDS111118,PR00658408/GLDS120925,PR00642756/GLDS111010,PR00613176/GLDS54229,PR00654119/GLDS120858,PR00601961/GLDS46189,PR00635651/GLDS94074,PR00648927/GLDS111127,PR00646494/GLDS111072,PR00626300/GLDS93929,PR00588039/GLDS35957,PR00650932/GLDS111159,PR00639631/GLDS94115,PR00632594/GLDS94023,PR00644239/GLDS111031,PR00650027/GLDS111140,PR00631977/GLDS94013,PR00632605/0GLDS94024,PR00650924/GLDS111158,PR00632171/GLDS94015,PR00601269/GLDS46177,PR00615296/GLDS83406,PR00632166/GLDS94014,PR00638372/GLDS94097,PR00601275/GLDS46178, गुरुग्राम शाखा: PR00597525/GLDS31589,PR00650088/GLDS105083,PR00601217/GLDS51572,PR00652017/GLDS119830,PR00599020/GLDS31596,PR00599316/GLDS44432,PR00650058/GLDS105082, लाजपत नगर शाखा: PR00614973/GLDS48445,PR00598945/GLDS48271,PR00650680/GLDS113590,PR00651691/GLDS113592,PR00638402/GLDS103005,PR00647212/GLDS113563,PR00629805/GLDS85224,PR00601409/GLDS48303,PR00631310/GLDS85238. लक्ष्मी नगर शाखा: PR00624099/GLDS81325,PR00608370/GLDS27249,PR00647220/GLDS99201. रोहिणी शाखा: PR00599398/GLDS45486,PR00593700/GLDS41411,PR00641902/GLDS91700,PR00645374/GLDS0112867,PR00640837/GLDS96982,PR00590513/GLDS33007,PR00599617/GLDS45493,PR00644654/GLDS112862,PR00618607/GLDS056089,PR00597589/GLDS045465,PR00599386/GLDS45487,PR00599695/GLDS45495. तुगलकाबाद शाखा: PR00652348/GLDS108597, उत्तम नगर शाखा: PR00632882/GLDS91633,PR00664336/GLDS123041,PR00601082/GLDS51769,PR00649060/GLDS110089,PR00647365/GLDS110060.

अधिक जानकारी के लिए, कृपया
**स्मॉल बिजनेस फिनक्रेडिट इंडिया प्रा. लि.** (रिस्टव्हाइल मैप फिनसर्व प्रा. लि.)
**संपर्क सं.: लाजपत नगर 1800-102-8012 / 011- 40305228 / 207, फरीदाबाद 01294314725/4104450 और गुरूग्राम शाखा 0124-4276037, पानीपत 0180- 4067209**
स्मॉल बिजनेस फिनक्रेडिट इंडिया प्रा.लि.(रिस्टव्हाइल मैप फिनसर्व प्रा.लि.) को बिना किसीपूर्व सूचना के नीलाम किए जाने वाले खातों की संख्या में परिवर्तन/निलंबन/निरस्तीकरण करने का अधिकार है)
KARVY FINANCE Retail is now SBFC

**ICICI Bank** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

**पंजी. कार्यालय** : आईसीआईसीआई बैंक टावर, निकट चकली सर्किल, ओल्ड पाद्रा रोड, वडोदरा, गुजरात-390 007
**कार्पोरेट कार्यालय** : आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बान्द्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बान्द्रा (पू), मुंबई-400 051
**शाखा कार्यालय:** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, द्वितीय तल वीडियोकॉन टॉवर ब्लॉक ई -1, झंडेवालान, एक्सटेंशन रानी झांसी रोड, नई दिल्ली - 110055

**सार्वजनिक सूचना - प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री हेतु निविदा-सह-नीलामी**

**नियम 8 (6) का परंतुक देखें,**

**अचल सम्पत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना**

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 (6) के परंतुक के तहत अचल आस्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना। एतद्द्वारा सर्व साधारण को तथा विशेष रूप से कर्जदार(रों) और गारंटर(रों) को सूचना दी जाती है कि प्रत्याभूत क्रेडिटर के पास बंधक रखी/प्रभारित निम्नवर्णित अचल सम्पत्ति, जिसका **भौतिक** कब्जा आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्राप्त किया जा चुका है, जैसी है जहां है, जैसी है जो भी है तथा जो भी है वहां है आधार पर नीचे दिए संक्षिप्त विवरण के अनुसार बेची जाएगी;

| क्र. सं. | कर्जदार (रों)/ सह-कर्जदारों/ गारंटरों का नाम/ ऋण खाता संख्या | प्रत्याभूत आस्ति का विवरण, ऋणभारों सहित, यदि कोई | बकाया राशि (रू. में) | सुरक्षित मूल्य (रू. में) / धरोहर राशि जमा (रू. में) | सम्पत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय | नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (क) | (ख) | (ग) | (घ) | (ङ) | (च) | (छ) |
| 1. | पवन अरोड़ा (कर्जदार), शीला अरोड़ा (सह-कर्जदार) LBDEL00001496604 | फ्लैट नंबर - यूजी- 1, जीएफ प्लॉट नंबर एमएम-57, ब्लॉक - एमएम, डीएलएफ अंकुर विहार, लोनी, गाजियाबाद 201102 एरिया- 800 वर्ग फीट | रू. 60,46,021/- ( सितंबर 30, 2019 तक) | रू. 16,20,000/- / रू. 1,62,000/- | नवम्बर 05, 2019 को दोपहर 12:00 बजे से 1:00 बजे तक | नवम्बर 22, 2019 मध्या.12:00 बजे से |

ऑनलाइन नीलामी नीलामी एजेन्सी **श्रीराम ऑटोमॉल इंडिया लिमिटेड (यूआरएल लिंक- "https://eauctions.samil.in")** की वेबसाइट पर सम्पन्न होगी। बंधकदाताओं/सूचनाप्रेषिती **नवम्बर 21, 2019 को अथवा पूर्व अप. 5.00 बजे** तक कुल बकाया राशि उस पर आगे ब्याज सहित भुगतान करने का अंतिम अवसर दिया जाता है, जिसमें विफल रहने पर यह/ये प्रत्याभूत आस्ति/यां की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी।

संभावित बिडर (बिडर्स) को अपनी ऑफर उपरोक्त धरोहर राशि जमा (कालम 'च' में वर्णितानुसार) सहित एक मोहरबंद लिफाफे में सम्पत्ति के क्रय हेतु ऑफर शीर्षांकित कर इस प्रकार प्रस्तुत करें कि **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, द्वितीय तल वीडियोकॉन टॉवर ब्लॉक ई -1, झंडेवालान, एक्सटेंशन रानी झांसी रोड, नई दिल्ली - 110055** में अथवा हमारे मार्केटिंग एजेन्ट श्रीराम ऑटोमॉल इंडिया लिमिटेड के **दूसरी मंजिल, बेस्ट स्काई टॉवर, नेताजी सुभाष प्लेस, पीतमपुरा, नई दिल्ली- 110034** स्थित कार्यालय में **नवम्बर 21, 2019 को** अथवा **पूर्व अप. 5.00 बजे** से पहले पहुंच जानी चाहिए। मार्केटिंग एजेन्सी को नीलामी के सम्यक् संचालन के लिए नीलामकार के रूप में भी अनुबंधित किया गया है। ईएमडी डीडी/पीओ राष्ट्रीयकृत/अनुसूचित बैंक से **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** के पक्ष में तथा **दिल्ली** में देय होना चाहिए।

निरीक्षण, नीलामी के निबंधन और शर्तों या निविदा जमा करने के संबध में किसी अतिरिक्त स्पष्टीकरण के लिए कृपया आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के मोबाइल नम्बर **8657476284/ 8584874809** पर अथवा **श्रीराम ऑटोमॉल इंडिया लिमिटेड** के **9910453434** पर सम्पर्क करें।

केवल बैंक/ई-नीलामी विक्रेता पदाधिकारी द्वारा अंतिम तिथि एवं समय से पूर्व पूर्ण विवरण के साथ प्राप्त और पंजीकृत की गई निविदाएं ही नीलामी हेतु मान्य होंगी।

प्राधिकृत अधिकारी के पास बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी बिड्स को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है।

बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड की वेबसाइट देखें :**www.icicibank.com/n4p4s**

तिथि : अक्टूबर 16, 2019
स्थान : दिल्ली एनसीआर

हस्ता./-
प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

**Chola** Enter a better life

**चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट ऐण्ड फायनैंस कम्पनी लिमिटेड**

**कार्पोरेट कार्यालय** : नंबर 2, 'डेयर हाउस' प्रथम तल, एन.एस.सी. बोस रोड, चेन्नई-600 001
**शाखा कार्यालय** : प्रथम एवं द्वितीय तल, प्लॉट नंबर 6, मेन पूसा रोड, करोल बाग, नई दिल्ली-110005, सम्पर्क नंबर : 9899245509, 9968323319

**नीलामी-सह-बिक्री हेतु सार्वजनिक सूचना**

चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट ऐण्ड फायनैंस कम्पनी लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा कर्जदारो से बकाया राशि की वसूली के लिए **वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002** के अधीन यहां नीचे वर्णित प्रत्याभूत आस्तियों का कब्जा लिए जाने के अनुसरण में, अधोहस्ताक्षरी द्वारा यहां नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति, जोकि सांकेतिक/भौतिक कब्जे में है, की बिक्री **"जैसा है जहां है आधार", "जो है जैसा है आधार" "जो भी है वहां है आधार"** पर करने हेतु सीलबंद लिफाफों में ऑफर्स आमंत्रित की जाती हैं, जिसका विवरण नीचे दिया गया है :-

| क्र. सं. | कर्जदार(गण) /सह-कर्जदार(गण)/गारंटर(गण) | मांग सूचना तिथि एवं राशि | अचल सम्पत्ति का वर्णन | सुरक्षित मूल्य | धरोहर राशि जमा | कुल बकाया राशि | कब्जा का प्रकार |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | (ऋण खाता सं. **X0HEDEF00002159969, X0HEDEF00002160541** दिल्ली शाखा) **श्री/सुश्री गुरविन्दर सिंह साहनी** (कर्जदार) **भूपिन्दर सिंह, जसप्रीत कौर साहनी, जसलीन कौर, मैसर्स रौनक अपैरल्स प्राइवेट लिमिटेड** (सह-कर्जदार) सभी का पत्रव्यवहार हेतु पता : डब्ल्यूजैड-305, गली नंबर 17, निकट मदर डेरी, शिव मंदिर, जनकपुरी बी-1, नई दिल्ली-110058 | 23-05-2019 रू. 3,59,96,878.13 (रूपए तीन करोड़ उनसठ लाख छियानवे हजार आठ सौ अठहत्तर तथा पैसे तेरह मात्र) | दुकान छत के अधिकार के साथ, नंबर 17/1, 17/2, 17/15, 17/16, क्षेत्रफल परिमाप 13.5 वर्ग मीटर प्रत्येक, ब्लॉक नंबर 17, लेआउट प्लान छोटी सब्जी मंडी डीडीए मार्केट, जनकपुरी, नई दिल्ली | रू. 2,00,00,000/- (रूपए दो करोड़ मात्र) | रू. 20,00,000/- (रूपए बीस लाख मात्र) | रू. 3,59,96,878.13 (रूपए तीन करोड़ उनसठ लाख छियानवे हजार आठ सौ अठहत्तर तथा पैसे तेरह मात्र) + ब्याज | सांकेतिक |
| | | | ग्राम तिहाड़, नई दिल्ली के क्षेत्र में गली नंबर 17, शिव नगर के नाम से मशहूर शिव नगर एक्सटेंशन की आबादी में स्थित खसरा नंबर 630 के हिस्से में 100 वर्ग गज के प्लॉट नंबर बी-2/37 पर निर्मित सम्पत्ति डब्ल्यूजैड-305 | रू. 1,70,00,000/- (रूपए एक करोड़ सत्तर लाख मात्र) | रू. 17,00,000/- (रूपए सत्रह लाख मात्र) | | सांकेतिक |
| 2. | (ऋण खाता सं. **X0HEEDL00001429783, X0HEEDL00001429784** दिल्ली शाखा) **श्री/सुश्री नरेन्दर पाल सिंह** (कर्जदार) **विक्रम सिंह, रमन दीप कौर, मंजीत कौर** (सह-कर्जदार) सभी का पत्रव्यवहार हेतु पता : बी-2/1, मेन रोड, गोल्डन पार्क, शिवपुरी, नई दिल्ली-110051 | 29-04-2019 रू. 1,70,00,256.46 (रूपए एक करोड़ सत्तर लाख दो सौ छप्पन तथा पैसे छियालीस मात्र) | गोल्डन पार्क मेन रोड शिवपुरी एक्सटेशन, शाहदरा, दिल्ली की आबादी में ग्राम खुरेजी खास के क्षेत्र में स्थित सम्पत्ति सं. बी-2/1, परिमाप 80 वर्ग गज, खसरा नंबर 9/3, 7/23, 7/14, 25. 6/2/1, 2/2, 2/3 एवं 21का हिस्सा। | रू. 1,60,00,000/- (रूपए एक करोड़ साठ लाख मात्र) | रू. 16,00,000/- (रूपए सोलह लाख मात्र) | रू. 1,70,00,256.46 (रूपए एक करोड़ सत्तर लाख दो सौ छप्पन तथा पैसे छियालीस मात्र) + ब्याज | सांकेतिक |
| 3. | (ऋण खाता सं. **X0HEELD00001735155** दिल्ली शाखा) **श्री/सुश्री सरनजीत सिंह सोंधी** (कर्जदार) **गुरमीत कौर, हरमीत सिंह सोंधी, कंट्रोल टेकसिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड** (सह-कर्जदार) सभी का पत्रव्यवहार हेतु पता : पी-402, आदित्य मेगा सिटी, वैभव खंड, इंदिरापुरम, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201014 | 13-05-2019 रू. 2,98,60,527.36 (रूपए दो करोड़ अठ्ठानवे लाख साठ हजार पांच सौ सत्ताईस तथा पैसे छत्तीस मात्र) | दुकान नंबर जीसी-202, द्वितीय तल, गोल्ड क्रश आदित्य मेगा सिटी (छत का अधिकार नहीं) परिमाप 1053 वर्ग फीट, प्लॉट नंबर सी/जीएच-3 में अवस्थित 64,489.62 वर्ग मीटर परिमाप के कॉम्प्लेक्स वैभव खंड, इंदिरापुरम, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश -201014 में स्थित। | रू. 65,00,000/- (रूपए पैंसठ लाख मात्र) | रू. 6,50,000/- (रूपए छह लाख पचास हजार मात्र) | रू. 2,98,60,527.36 (रूपए दो करोड़ अठ्ठानवे लाख साठ हजार पांच सौ सत्ताईस तथा पैसे छत्तीस मात्र) + ब्याज | भौतिक |
| | | | आवासीय प्लॉट नंबर 013, परिमाप 250 वर्ग मीटर, ब्लॉक-डी, सेक्टर-61, गौतमबुद्ध नगर, नोएडा जिला | रू. 2,35,00,000/- (रूपए दो करोड़ पैंतीस लाख मात्र) | रू. 23,50,000/- (रूपए तेईस लाख पचास हजार मात्र) | | भौतिक |
| 4. | (ऋण खाता सं. **X0HEEDL00001835007, X0HEEDL00001826804** दिल्ली शाखा) **श्री/सुश्री अजय त्यागी** (कर्जदार) **प्रियंका त्यागी, रजनी मेडिकोज** (सह-कर्जदार) सभी का पत्रव्यवहार हेतु पता : जे-84, द्वितीय तल, विकास पुरी, नई दिल्ली-110018 | रू. 1,18,92,080.90 (रूपए एक करोड़ अठारह लाख बानवे हजार अस्सी तथा पैसे नब्बे मात्र) | द्वितीय तल छत टेरेस का अधिकार नहीं (उक्त सम्पत्ति) सम्पत्ति सं. जे-84 का हिस्सा, परिमाप 104 वर्ग मीटर, विकास पुरी, नई दिल्ली-110018 | रू. 1,00,00,000/- (रूपए एक करोड़ मात्र) | रू. 10,00,000/- (रूपए दस लाख मात्र) | रू. 1,18,92,080.90 (रूपए एक करोड़ अठारह लाख बानवे हजार अस्सी तथा पैसे नब्बे मात्र) + ब्याज | सांकेतिक |
| 5. | ऋण खाता सं. **(X0HEDHE00000827889, X0HEDHE00000655496)** **विजय कुमार** (कर्जदार) **गुंजन कुमार, हेमा कुमार, अश्वनी कुमार** (सह-कर्जदार) सभी का पत्राचार हेतु पता : फ्लैट नंबर 1 एवं 2, सी-43, सूर्य नगर, सेक्टर-7, गाजियाबाद-201001 **अन्य पता** :- 340/48 फ्रेन्ड्स कालोनी इंडस्ट्रियल एरिया जीटी रोड, दिल्ली-110095 | 06-10-2016 रू. 2,39,82,042.74 (रू. दो करोड़ उन्तालीस लाख बयासी हजार बयालीस तथा पैसे चौहत्तर मात्र) 04-10-2016 तक | **फ्लैट नंबर 1, ग्राउंड फ्लोर पर, बैक पोर्शन, प्लॉट नंबर सी-43, सेक्टर-7, सूर्य नगर, गाजियाबाद-201010, छत का अधिकार नहीं, सुपर कवर्ड एरिया 1050 वर्ग फीट** | रू. 66,00,000/- (रू. छियासठ लाख मात्र) | रू. 6,60,000/- (रू. छह लाख साठ हजार मात्र) | रू. 3,60,20,679/- (रू. तीन करोड़ साठ लाख बीस हजार छह सौ उनासी मात्र) | भौतिक |
| | | | **फ्लैट नंबर 2, ग्राउंड फ्लोर पर, बैक पोर्शन, प्लॉट नंबर सी-43, सेक्टर-7, सूर्य नगर, गाजियाबाद-201010, छत का अधिकार नहीं, सुपर कवर्ड एरिया 1050 वर्ग फीट** | रू. 66,00,000/- (रू. छियासठ लाख मात्र) | रू. 6,60,000/- (रू. छह लाख साठ हजार मात्र) | | भौतिक |
| 6. | ऋण खाता सं. **(X0HEDHE00000876068, X0HEDHE00001017505)** **प्रवीण सेठी (कर्जदार)** **मोना सेठी (सह-कर्जदार)** **सभी का पत्र व्यवहार पता** : जी-4ए, प्रथम एवं द्वितीय तल, काल्काजी, नई दिल्ली-110019 | 06-10-2016 रू. 2,88,84,535.89 (रूपए दो करोड़ अठासी लाख चौरासी हजार पांच सौ पैंतीस तथा पैसे नवासी मात्र) | सम्पत्ति सं. जी/4-ए, प्रथम एवं द्वितीय तल, निर्मित क्षेत्रफल 1350 वर्ग फीट, तथा भूमि परिमाप 100 वर्ग गज, काल्काजी, नई दिल्ली-110019 | रू. 1,48,75,000/- (रूपए एक करोड़ अड़तालीस लाख पचहत्तर हजार मात्र) | रू. 14,87,500/- (रूपए चौदह लाख सतासी हजार पांच सौ मात्र) | रू. 2,88,84,535.89 (रूपए दो करोड़ अठासी लाख चौरासी हजार पांच सौ पैंतीस तथा पैसे नवासी मात्र) + ब्याज | भौतिक |

**नीलामी के नियम एवं शर्तें**

1. **सीलबंद बिड/ऑफर प्रस्तुत करने हेतु अंतिम तिथि** : सीलबंद बिड/ऑफर निर्धारित निविदा प्रपत्र में ईएमडी तथा केवाईसी सहित शाखा कार्यालय : **प्रथम एवं द्वितीय तल, प्लॉट नंबर 6, मेन पूसा रोड, करोल बाग, नई दिल्ली-110005 में 30-10-2019** तक अप. 05.30 बजे से पूर्व प्रस्तुत की जा सकती है। अधूरी निविदाएं अथवा अंतिम तिथि के पश्चात प्राप्त निविदाएं अवैध मान्य होंगी और तदनुसार अस्वीकृत होंगी। ईएमडी पर कोई ब्याज नहीं दिया जाएगा।
2. **बिड/ऑफर खोलने की तिथि (नीलामी तिथि)** : सम्पत्ति हेतु बिड/ऑफर उपरोक्त पते पर स्थित शाखा कार्यालय में **31-10-2019** को पूर्वा. 10.00 बजे खोली जाएगी। निविदा प्राधिकृत अधिकारी की उपस्थिति में खोली जाएगी।
3. **अचल सम्पत्ति की निरीक्षण की तिथि 21-10-2019** को **पूर्वा. 10.00 बजे** से **अप. 03.30 बजे** के बीच है।
4. इसके अतिरिक्त, सूचना में वर्णित बकाया राशि पर, इसकी पूर्ण वसूली तक, ऋण अनुबंध के अनुसार ब्याज तथा अनुषंगी व्यय, लागत इत्यादि प्रभारित किए जाएंगे।
5. एतद्द्वारा कर्जदारों तथा गारंटरों को बिक्री के समय पर व्यक्तिगत रूप से उपस्थित रहने की सूचना दी जाती है तथा वे बिक्री के नियम एवं शर्तों के अनुसार उपरोक्त अचल सम्पत्ति के क्रय हेतु इच्छुक क्रेता/खरीदार ला सकते हैं।
6. **एतद्द्वारा कर्जदार(रों)/तथा गारंटर(रों) को सरफासी ऐक्ट, 2202 के तहत बिक्री के संबंध में 30 दिन का नोटिस दिया जाता है** कि वे उपरोक्त राशि नीलामी की तिथि से पहले चुकता कर दें, जिसमें असफल रहने पर सम्पत्ति की नीलामी की जाएगी तथा शेष राशि, यदि कोई होगी, ब्याज एवं लागत सहित वसूल की जाएगी। यदि कर्जदार चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट ऐण्ड फायनैंस कम्पनी लिमिटेड की बकाया पूरी राशि बिक्री से पहले चुका देता है, तो नीलामी रोक दी जाएगी।
7. नीलामी के विस्तृत नियम एवं शर्तें निर्धारित निविदा प्रपत्र में दी गई हैं। निविदा प्रपत्र उपरोक्त शाखा कार्यालय में उपलब्ध हैं।
8. अचल सम्पत्ति उच्चतम निविदादाता को बेची जाएगी। तथापि प्राधिकृत अधिकारी को आवश्यक समझे जाने पर परस्पर बोलीदान की अनुमति देने का विवेकाधिकार प्राप्त है। उपरोक्त सम्पत्ति सुरक्षित मूल्य से कम पर नहीं बेची जाएगी।
9. **चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट ऐण्ड फायनैंस कम्पनी लिमिटेड उपरोक्त सम्पत्ति पर किसी भी लम्बित देयता के लिए जिम्मेदार नहीं है। सम्पत्ति "जैसा है जहां है आधार", "जो है जैसा है आधार" "जो भी है वहां है आधार" पर नीलाम की जाएगी।**
10. कुल बकाया ऋण राशि ऋण पूर्वबंदी राशि नहीं है। अन्य सभी प्रभारों (यदि कोई) की गणना ऋण बंद करते समय की जाएगी।
11. डिमांड ड्राफ्ट केवल **'चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट ऐण्ड फायनैंस कम्पनी लिमिटेड'** के पक्ष में बनाया जाना चाहिए।

**अतिरिक्त विवरण के लिए, प्राधिकृत अधिकारी से उपरोक्त कार्यालय पते पर सम्पर्क करें।**

सीन : दिल्ली/एनसीआर दिनांक : 16-10-2019

हस्ता./-
प्राधिकृत अधिकारी
चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट ऐण्ड फायनैंस कम्पनी लिमिटेड

# अगला युद्ध स्वदेशी शस्त्र प्रणालियों से लड़कर जीतेंगे : बिपिन रावत

● 41वें डीआरडीओ निदेशक सम्मेलन को संबोधित करते हुए जनरल रावत ने यह कहा

**एजेंसी।** नई दिल्ली



**सेना** प्रमुख जनरल बिपिन रावत ने मंगलवार को सशस्त्र बलों में स्वदेशी प्रौद्योगिकी को व्यापक रूप से शामिल करने की वकालत करते हुए कहा कि भारत अगला युद्ध देश में ही विकसित समाधानों के साथ लड़ेगा और जीतेगा। 41वें डीआरडीओ निदेशक सम्मेलन को संबोधित करते हुए जनरल रावत ने यह भी कहा कि शस्त्रों और अन्य प्रणालियों का विकास भविष्य के युद्धों को दिमाग में रखकर होना चाहिए। उन्होंने कहा, अगर हम भविष्य के युद्धों की रूपरेखा की ओर देखें तो जरूरी नहीं कि ए आमने-सामने से लड़े जाएं। हमें साइबर क्षेत्र, अंतरिक्ष, लेजर, इलेक्ट्रॉनिक युद्ध और रोबोटिक्स के विकास के साथ कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) की ओर देखना होगा।

रावत ने कहा, और अगर हम इस बारे में नहीं सोचते तो बहुत देर हो जाएगी। उन्होंने पिछले कुछ दशकों में रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) की उपलब्धियों के लिए उसकी तारीफ की और कहा कि भारत अनुसंधान और विकास के क्षेत्र में नए कीर्तिमान गढ़ रहा है। सेना प्रमुख ने कहा, हमें विश्वास है कि सेनाओं को इससे बहुत लाभ मिलेगा। रावत ने कहा, भारत हथियारों और गोला-बारूद के सबसे बड़े आयातकों में से एक है और आजादी के 70 साल बाद भी ऐसा कहना कोई गौरव की बात नहीं है। लेकिन पिछले कुछ सालों में यह स्थिति बदल रही है। डीआरडीओ सेनाओं की जरूरतों को पूरा करने के लिए प्रयासरत है जो स्वदेशी समाधानों से निकली हों।

यहां डीआरडीओ भवन में आयोजित दो दिवसीय उद्घाटन सत्र में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह विशिष्ट अतिथि थे। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल आर के एस भदौरिया, नौसेना प्रमुख एडमिरल करमबीर सिंह तथा डीआरडीओ के प्रमुख जी सतीश रेड्डी भी इस अवसर पर उपस्थित थे। रक्षा मंत्री ने शुरुआत में डीआरडीओ परिसर में स्थित पूर्व राष्ट्रपति एपीजे कलाम की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

कलाम की 88वीं जयंती के मौके पर सिंह ने कहा, हम उनके जीवन से प्रेरणा लें और भारत को वैज्ञानिक उपलब्धियों के माध्यम से विकसित देश बनाने के उनके सपने को पूरा करें। उन्होंने दुनिया को बदलने वाली विनाशकारी तकनीकों के पहलुओं पर भी जोर दिया और कहा कि भारत को इसमें नेतृत्व की भूमिका में उभरना होगा। सिंह ने देश को पूरी तरह आत्मनिर्भर बनाने के लिए स्वदेशी प्रणाली पर काम करने की वकालत की। डोभाल ने कहा कि मजबूत और सुरक्षित भारत बनाने के लिए डीआरडीओ की भूमिका बहुत अहम होगी।

## सेना प्रमुख ने पाक व चीन सीमा के पास चुनौतियों से निपटने के लिए सैनिकों की प्रशंसा की

**नई दिल्ली।** सेना प्रमुख जनरल बिपिन रावत ने पूर्वी और पश्चिमी सीमा पर विभिन्न चुनौतियों का दृढ़तापूर्वक सामना करने के लिए अपने बल की सराहना करते हुए कहा है कि इसने सबसे अभिनव तरीके से कठिन परिचालन स्थितियों का मुकाबला किया है। सूत्रों ने बताया कि सेना के शीर्ष कमांडरों के एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए जनरल रावत ने इस बात का विशेष रूप से उल्लेख किया कि सेना ने नियंत्रण रेखा के पास पाकिस्तान की बॉर्डर एक्शन टीम (बैट) के नापाक मंसूबों और जम्मू कश्मीर में आतंकवादियों की गतिविधियों को नाकाम किया। सेना के कमांडरों का यह सम्मेलन 14 अक्टूबर से शुरू हुआ था जिसका समापन 19 अक्टूबर को होगा। सम्मेलन में जम्मू कश्मीर समेत देश के समक्ष सुरक्षा चुनौतियों की व्यापक समीक्षा की जा रही है और इन चुनौतियों से निपटने के लिए रणनीतियां बनाई जाएगी। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि शीर्ष कमांडर कठिन और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में तैनात बलों की जरूरतों की समीक्षा करेंगे और उन्हें समयबद्ध तरीके से पूरा करने के लिए उपायों को अंतिम रूप देंगे। सेना के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि जमीनी स्थिति से जुड़े कार्यों और परियोजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा करना सैन्य कमांडरों के सम्मेलन की सबसे महत्वपूर्ण प्राथमिकता होगी। सेना प्रमुख ने अपने संबोधन में परिचालन क्षेत्रों में सैनिकों की नवीनता और कौशल पर प्रकाश डाला। जनरल रावत ने पूर्वी और पश्चिमी सीमा पर विभिन्न चुनौतियों का दृढ़तापूर्वक सामना करने के लिए अपने सैनिकों की सराहना की। उन्होंने परिचालन समीक्षाओं के दौरान राष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित विभिन्न मामलों की तेजी से सुनवाई करने के लिए राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की प्रशंसा की। सैन्य कमांडरों का सम्मेलन हर वर्ष अप्रैल और अक्टूबर में आयोजित किया जाता है। सूत्रों ने बताया कि कमांडरों ने पाकिस्तानी ड्रोनों के सीमा पार से पंजाब में हथियार गिराए जाने की घटनाओं पर भी विचार-विमर्श किया।




नई दिल्ली में मंगलवार को 41 वें निदेशकों के सम्मेलन के दौरान युवा वैज्ञानिक सुरभि सिंह को पुरस्कार प्रदान करते हुए केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह।

## टीवीवी प्रमुख समेत दो माओवादियों से संबंध के आरोप में गिरफ्तार

**एजेंसी।** हैदराबाद

**तेलंगाना** विद्यार्थी वेदिका (टीवीवी) के अध्यक्ष बी मदीलेती सहित दो लोगों को प्रतिबंधित माओवादियों के लिए काम करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। तेलंगाना प्रजा फ्रंट (टीपीएफ) के सहयोगी मदीलेती और नलामसी कृष्णा को गिरफ्तार किया गया है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि जोगलम्बा गडवाल जिले में इस संबंध में दोनों के खिलाफ मामला दर्ज हुआ है। यह खुलासा हुआ है कि यह दोनों शहरी क्षेत्रों में भर्ती, धन मुहैया कराने सहित अन्य गतिविधियों में लिप्त थे। दोनों के पास से माओवादी साहित्य, पर्चे और अन्य आपत्तिजनक चीजें जब्त हुई हैं।

## पनामा पेपर्स और बहामस लीक की जांच के लिए गठित एजेंसी पर अदालत ने केंद्र से किए सवाल

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**दिल्ली** उच्च न्यायालय ने मंगलवार को बहामस लीक और पनामा पेपर्स लीक में जिन कंपनियों और नेताओं सहित व्यक्तियों का नाम आया था, उनकी जांच के लिए गठित की गई मल्टी एजेंसी ग्रुप (एमएजी) के गठन और शक्तियों पर केंद्र से सवाल किया और उसकी जांच में हुई प्रगति की जानकारी मांगी।

इन लीक में लाखों की संख्या में विदेशों में पंजीकृत संस्थाओं और विभिन्न देशों में कंपनियों और व्यक्तियों से उनके संबंधों के बारे में खुलासा किया गया था। पनामा पेपर लीक की जांच के लिए केंद्र द्वारा अप्रैल 2016 में एमएजी का गठन किया गया था। मुख्य न्यायाधीश डी




एन पटेल और न्यायमूर्ति सी हरि शंकर की पीठ ने एमएजी का प्रतिनिधित्व करने वाले वकील से सवाल किया - यह एजेंसी क्या है? वे किस कानून के तहत काम कर रहे हैं? किसने सशक्त किया।

अदालत ने एमएजी और वित्त मंत्रालय को नोटिस जारी किया और उनसे एक नेता, और उसके कुछ साथियों के खिलाफ धन शोधन और काले धन की शिकायतों की जांच की मांग करने वाली याचिका पर अपना पक्ष रखने के लिए कहा, जिन्हें कथित तौर पर बहामस लीक में नामित कंपनियों से धन प्राप्त हुआ था। याचिका को भूपेंद्र सिंह पटेल ने दाखिल किया है, जिन्होंने इस साल जनवरी में नेता और उनकी कुछ कंपनियों तथा सहयोगियों के खिलाफ शिकायतें की थीं। याचिका में दावा किया गया है कि एमएजी में कर विभाग, आरबीआई और अन्य एजेंसियों के अधिकारी शामिल हैं, ताकि लीक में सामने आए नामों की तेजी से और समन्वित जांच की जा सके। दलील सुनने के बाद पीठ ने कहा, हमें संदेह है कि आप (एमएजी) ने मामले में एक इंच भी कदम आगे बढ़ाया है।



नई दिल्ली में मंगलवार को राष्ट्रपति भवन में पूर्व राष्ट्रपति ए पी जे अब्दुल कलाम को उनकी जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद

## नारायण राणे भाजपा में शामिल हुए

**कंकवली।** महाराष्ट्र की राजनीति में अपनी प्रासंगिकता बनाए रखने के लिए जद्दोजहद कर रहे पूर्व मुख्यमंत्री नारायण राणे मंगलवार को भाजपा में शामिल हो गए। राणे ने अपनी महाराष्ट्र स्वाभिमान पक्ष (एमएसपी) का सत्तारूढ़ पार्टी में विलय भी कर दिया। राणे का गढ़ कोंकण का सिंधुदुर्ग जिला है। वह पिछले कई महीनों से भाजपा में शामिल होने की प्रतीक्षा सूची में थे। इस मौके पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की मौजूदगी में राणे के बड़े बेटे एवं पूर्व सांसद निलेश तथा उनके समर्थक भी भाजपा में शामिल हो गए। राणे के छोटे बेटे और कंकवली सीट से मौजूदा विधायक नितेश भाजपा के टिकट पर फिर से किस्मत आज़मा रहे हैं। फडणवीस ने कहा कि स्वत: भाजपा के सदस्य है। राणे भाजपा की मदद ही से राज्यसभा के सदस्य बने थे। राणे को आक्रमक और परिश्रमी नेता बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, कुछ दिन पहले नितेश राणे भाजपा में शामिल हुए। आज निलेश भी शमिल हो गए। राणे साहेब राज्यसभा के सदस्य हैं - वह पहले से ही भाजपा के सदस्य हैं। गौरतलब है कि राणे और फडणवीस अपने-अपने भाषणों में शिवसेना का नाम लेने से बचे। भाजपा की सहयोगी होने के बावजूद शिवसेना ने राणे के पूर्ण करीबी को कंकवली सीट से नितेश के खिलाफ उतारा है। वह 1999 में शिवसेना-भाजपा सरकार में मुख्यमंत्री थे, लेकिन उद्धव ठाकरे के खिलाफ बगावत करने के बाद उन्हें पार्टी से निकाल दिया गया था। इसके बाद उन्होंने कांग्रेस का दामन थाम लिया था और उन्हें कांग्रेस-राकांपा सरकार में मंत्री बनाया गया था।

## उगाही के मामले में दाऊद का साथी गिरफ्तार

**एजेंसी।** मुंबई

**भगोड़े** गैंगस्टर दाऊद इब्राहिम के साथी को ठाणे में एक बिल्डर को धमकाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। उसे मुंबई पुलिस ने जबरन उगाही के मामले में पहले भी गिरफ्तार किया था। अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि ठाणे पुलिस के जबरन उगाही रोधी प्रकोष्ठ (एईसी) ने बिल्डर सुरजीत रयॉन की शिकायत पर शनिवार को रियाज भाटी को गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि रयॉन ने भाटी, 1993 में हुए सिलसिलेवार विस्फोट के सरकारी गवाह उस्मान खान, अफगान बाबू खान, असलम शेख और कमाल जदवानी के खिलाफ शिकायत की थी।

अधिकारी के मुताबिक, रयॉन ने पुलिस को बताया कि उसे 2012 में महाडा से अंधेरी स्टेडियम वियू सोसाइटी के पुन: विकास का अनुबंध मिला था, जिसके बाद उसने जदवानी को साझेदार बनाया। अधिकारी ने शिकायत के हवाले से बताया, जदवानी ने भाटी और अफगान खान को परियोजना में साझेदार बनाया। इसके बाद उन्होंने रयॉन पर परियोजना को छोड़ने का दबाव बनाना शुरू कर दिया और उन्होंने रयॉन को एक फ्लैट तथा एक करोड़ रुपए नकद देने का वादा किया। रयॉन ने दावा किया कि भाटी और अफगान खान ने 4500 वर्ग फुट परियोजना को 50 करोड़ रुपए में हड़प लिया। अधिकारी ने बताया कि रयॉन ने आरोप लगाया कि जब वह परियोजना छोड़ने के लिए राज़ी नहीं हुआ तो दोनों ने उसकी बात भगोड़े गैंगस्टर छोटा शकील से कराई। ठाणे एईसी के वरिष्ठ निरीक्षक राजकुमार कोथमिरे ने बताया, रयॉन ने भाटी, उस्मान खान, अफगान खान, असलम शेख और कमाल जदवानी के खिलाफ पहले एक लिखित शिकायत दी थी लेकिन प्राथमिकी 2018 में दर्ज की गई थी। भाटी सत्र और उच्च न्यायालय से राहत पाने में नाकाम रहा और हमने उसे गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि जदवानी पहले ही परियोजना से हट चुका है लेकिन उस्मान, अफगान और असलम की भूमिका की जांच की जा रही है।

## क्विक न्यूज

### पीएमसी बैंक के एक खाताधारक की प्रदर्शन के बाद दिल का दौरा पड़ने से मौत

**मुंबई।** घोटाले में घिरे पंजाब एंड महाराष्ट्र को-आपरेटिव (पीएमसी) बैंक के 51 साल के एक खाताधारक की दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। उनके परिवार ने बैंक में करीब 90 लाख रुपए जमा करवाए थे। सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उपनगर ओशिवरा के निवासी संजय गुलाटी सोमवार सुबह शहर की एक अदालत के बाहर आयोजित जमाकर्ताओं के विरोध प्रदर्शन में शामिल होने गए थे। पैसा फंसने के कारण वह तनाव में चल रहे थे। आंदोलनकारी जमाकर्ताओं में से एक मनाली नारकर ने बताया कि गुलाटी अपने 80 वर्षीय पिता के साथ प्रदर्शन में शामिल हुए थे। प्रदर्शन स्थल पर बनाए गए वीडियो में गुलाटी के पिता ने दावा किया कि उनके परिवार ने बैंक मे 90 लाख रुपए से अधिक की राशि जमा करवाई थी। ओशिवरा पुलिस थाने के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि सोमवार को रात का भोजन करते वक्त उन्हे दिल का दौरा पड़ा और मौत हो गई। मीडिया के कुछ हलकों में आई खबरों के मुताबिक जेट एयरवेज बंद होने से गुलाटी का रोजगार छिन गया था। उनका बेटा दिव्यांग है जिसके नियमित चिकित्सीय खर्चे है। पीएमसी बैंक में वित्तीय अनियमितता का मामला सामने आने के बाद पिछले महीने रिजर्व बैंक ने इस बैंक के ग्राहकों के लिए नकद निकासी की सीमा तय करने के साथ ही बैंक पर कई तरह के अन्य प्रतिबंध लगा दिए।

### दीपावली पर शिवकाशी हरित पटाखों की बिक्री के लिए तैयार

**शिवकाशी (तमिलनाडु)।** प्रदूषण के मद्देनजर 2018 में उच्चतम न्यायालय द्वारा पारंपरिक पटाखों पर प्रतिबंध लगाए जाने से पटाखा उद्योग बेहद प्रभावित हुआ था लेकिन शिवकाशी हरित पटाखो की बिक्री के लिए इस साल पूरी तरह से तैयार है। पटाखा उद्योग शहर और इसके इर्द-गिर्द करीब आठ लाख लोगों को रोजगार मुहैया कराता है। 2018 में प्रतिबंध लगने की वजह से यहां अच्छा कारोबार नही हुआ था। चेन्नई से करीब 550 किलोमीटर दूर शिवकाशी को भरोसा है कि वह इस सीजन में हरित पटाखों की मांग पूरी कर सकेगा। पारंपरिक पटाखो की जगह पर्यावरण के अनुकूल पटाखे बनाने के लिए इस उद्योग ने कई तरह के प्रयोग किए। यहां1,000 उत्पादन इकाइयां है। इनका सालाना कारोबार 6,000 करोड़ रुपए का है। राज्य में इस उद्योग की शीर्ष इकाई तमिलनाडु फायरवर्क्स एंड एमोर्सेस मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (टीएनएफएएमए) के अनुसार पटाखा निर्माण से जुड़े श्रमिकों के एक-एक जत्थे को हरित पटाखा बनाने का प्रशिक्षण दिया गया है और बाजार की हरित पटाखों की मांग पूरी करने में इस मौसम में कोई कमी नही होगी। इस साल दीपावली 27 अक्टूबर को है।

## आयकर छापेमारी के खिलाफ चुनाव आयोग पहुंची कांग्रेस, रोक लगाने की मांग की

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**कांग्रेस** ने अपने अकाउंट विभाग के कुछ पदाधिकारियों के यहां आयकर विभाग की छापेमारी के मामले को लेकर मंगलवार को चुनाव आयोग का रुख किया और कहा कि चुनाव के दौरान उसके खिलाफ एजेंसियों के दुरुपयोग पर रोक लगनी चाहिए। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के एक शिष्टमंडल ने इस मामले तथा हरियाणा के कैथल में अनुसूचित जाति वर्ग के मतदाताओं को कथित तौर पर धमकाने को लेकर शिकायत की तथा ज्ञापन सौंपे। इस शिष्टमंडल में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अहमद पटेल, कपिल सिब्बल, आनंद शर्मा और मनीष तिवारी शामिल थे।

सिब्बल ने संवाददाताओं से कहा, अब ए नौबत आ गई है कि जैसे ही चुनाव आता है कि सीबीडीटी के लोग बिना किसी वारंट और दस्तावेज के हमारे अकाउंटैंट के फ्लैट में पहुंच जाते हैं और कब्जा करते हैं। उन्होंने कहा, ए लोकतंत्र पर हमला नहीं है तो क्या है? यह बात हमने चुनाव आयोग से कही है। हमने कहा है कि कम से कम चुनाव के दौरान इस पर रोक लगाए। अगर ऐसा कुछ करना है तो वो चुनाव आयोग की अनुमति लें। सिब्बल ने कहा, कृपया सरकार इससे पूछे कि उन्होंने अपने एवं सहयोगी दलों के किसी पदाधिकारी के यहां छापेमारी कराई है। उन्होंने सवाल किया कि हमारे अकाउंट विभाग में काम नहीं हो पा रहा है। हम चुनाव के लिए जरूरी खर्च का भुगतान कैसे करेंगे? सिब्बल ने दावा किया, कैथल में गुंडे लोग सड़कों पर आ गए हैं और अनुसूचित जाति के लोगों को धमकी दे रहे हैं। ऐसे लोकतंत्र कैसे चलेगा। हमने आग्रह किया है कि इस मामले की जांच कराएं और अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात करें।

## भाजपा नेता हत्या मामले में कोर्ट ने मुख्तार अंसारी से जवाब मांगा

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**दिल्ली** उच्च न्यायालय ने भाजपा नेता कृष्णानंद राय की पत्नी की याचिका पर विधायक और गैंगस्टर से नेता बने मुख्तार अंसारी से मंगलवार को जवाब मांगा। 2005 में राय की हुई हत्या के मामले में अंसारी को बरी कर दिया गया था। न्यायमूर्ति मनमोहन और न्यायमूर्ति संगीता धींगरा सहगल की पीठ ने अलका राय की अपील को मंजूर कर लिया और मामले में बरी किए गए लोगों को नोटिस जारी किया। अदालत ने कहा कि मामले को सुनवाई के लिए नियमित सूची में रखा जाएगा। सीबीआई ने भी आरोपियों को बरी किए जाने के खिलाफ पिछले सप्ताह उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था।

उच्चतम न्यायालय ने अलका राय की याचिका पर 2013 में इस हत्या मामले की सुनवाई उत्तर प्रदेश के गाजीपुर से दिल्ली स्थानांतरित की थी। कृष्णानंद राय साल 2002 से 2007 तक मोहम्मदाबाद सीट से उत्तर प्रदेश विधानसभा के सदस्य थे। उनकी छह अन्य लोगों के साथ 29 नवंबर 2005 को हत्या कर दी गई थी।

उत्तर प्रदेश में मऊ से विधायक अंसारी के खिलाफ हत्या और अपहरण समेत कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। दिल्ली की एक निचली अदालत ने इस साल जुलाई में आरोपियों को इस आधार पर बरी कर दिया था कि सभी गवाह मुकर गए थे। अंसारी के अलावा निचली अदालत ने उनके भाई अफजल अंसारी, एजाज-उल-हक, संजीव माहेश्वरी, राकेश पांडे, रामू मल्लाह और मंसूर अंसारी को भी बरी कर दिया था।

## अजब-गजब हरकतों के लिए चर्चित नीटू शटरांवाला की निगाहें अब पंजाब उपचुनाव पर

**एजेंसी।** फगवाड़ा

**अजब-गजब** हरकतों के लिए जाने जाने वाले नीटू शटरांवाला को भले ही अपने परिवार में नौ मतदाता होने के बावजूद लोकसभा चुनाव में कुल पांच वोट ही मिले, लेकिन वह इससे विचलित नहीं हैं और अब वह फगवाड़ा (सुरक्षित) विधानसभा सीट पर हो रहे उपचुनाव में मैदान में हैं। पंजाब में चार विधानसभा सीटों के लिए 21 अक्टूबर को उपचुनाव होगा और नीटू फगवाड़ा (सुरक्षित) सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। दाखा, मुकेरियां और जलालाबाद तीन अन्य सीट हैं जहां उपचुनाव हो रहा है। लोकसभा चुनाव के दौरान अपने परिवार में नौ मतदाता होने के बावजूद पांच वोट ही मिलने पर नीटू का फूट-फूटकर रोने का वीडियो वायरल हो गया था। अपने निजी सुरक्षाकर्मी के साथ मोटरसाइकिल पर चलने वाले नीटू मीडिया से मुखातिब होने पर अपना प्रचार कौशल दिखाते हैं। नीटू (36) अपनी मोटरसाइकिल से उतरे, पालथी मारकर नीचे बैठ गए और फिर सड़क पर लेट गए। उनकी इस तरह की हरकत को देखकर पुलिसकर्मी और पास खड़े लोग हैरान रह गए।

वह ऐसा कोई विरोध जताने के लिए नहीं, बल्कि यह दिखाने के लिए करते हैं कि निर्वाचित होने पर वह किस तरह जमीन से जुड़े रहेंगे और विनम्र बने रहेंगे। उन्होंने एक संवाददाता से कहा, मैं सड़क किनारे चटाई बिछा दूंगा, इस पर बैठूंगा और लोगों की शिकायतें सुनूंगा तथा समाधान करूंगा। इसके बाद वह प्रयोग करके दिखाते हैं कि वह किस तरह इस काम को अंजाम देंगे। उन्होंने यह घोषणा भी की कि वह निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में राष्ट्रपति का चुनाव भी लड़ेंगे।

नीटू ने मतदाताओं से आग्रह किया कि वे तीन परंपरागत दलों-सत्तारूढ़ कांग्रेस, भाजपा और शिरोमणि अकाली दल (शिअद) को वोट न दें। वह कहते हैं, पंजाब को इसकी बीमारियों से निकालने के लिए चाहे आप किसी को भी वोट दें। उन्होंने कहा, यदि आप मुझे वोट नहीं देते तो मैं बुरा नहीं मानूंगा, लेकिन इन तीन दलों को वोट न दें। नीटू ने दावा किया कि यदि वह सत्ता में आते हैं तो पंजाब की किस्मत चमका देंगे और भारत को विश्व गुरु बना देंगे। उन्होंने पंजाब के मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह पर आरोप लगाया कि वह चार सप्ताह के भीतर पंजाब से मादक पदार्थों के खात्मे की अपनी शपथ से मुकरकर राज्य को नुकसान पहुंचा रहे हैं।

नीटू ने अपनी जान को खतरा बताया और कहा कि उन्हें किसी झूठे मामले में फंसाया जा सकता है। उन्होंने हालांकि कहा कि वह न तो मौत से डरते हैं और न किसी अन्य चीज से। नीटू ने आरोप लगाया कि इन दलों ने उनकी पत्नी, मां और बहन के नामांकन क्रमश: दाखा, जलालाबाद और मुकेरियां से खारिज करा दिए। उन्होंने दावा किया, मेरी फाइल को भी पहले अधूरी बताकर लौटा दिया गया, लेकिन जब कई वकील मेरे साथ गए तो इसे स्वीकार कर लिया गया।

## मथुरा के राधा, श्याम कुंड का पानी उपभोग के लिए अनुपयुक्त : एनजीटी

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**राष्ट्रीय** हरित अधिकरण (एनजीटी) ने मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण से कहा कि वह मथुरा में राधा और श्याम कुंड के पानी को इंसानों के उपभोग के लिए उपयुक्त नहीं पाए जाने पर कार्वाई रिपोर्ट दाखिल करे। एनजीटी अध्यक्ष न्यायमूर्ति आदर्श कुमार गोयल की अध्यक्षता वाली एक पीठ ने निर्देश दिया की जब तक स्थिति में सुधार नहीं होता तब तक दोनों कुंडों के पानी की गुणवत्ता को प्रदर्शित किया जा सकता है कि मानव उपभोग के लिए यह पानी उपयुक्त नहीं है। पीठ ने कहा, उप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड जल (निरोधक एवं प्रदूषण नियंत्रण) अधिनियम, 1974 के प्रावधानों के तहत अपने अधिकार का इस्तेमाल कर कार्वाई करते हुए जल प्रदूषण पर नियंत्रण सुनिश्चित कर सकता है। प्रदूषक भुगतान करे के सिद्धांत पर कार्वाई कर वह मुआवजा भी वसूल सकता है। मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण को 11 नवंबर 2019 या उससे पहले ई-मेल के जरिए कार्वाई रिपोर्ट दाखिल करनी होगी। मामले में अगली सुनवाई 23 दिसंबर को रखी गई है। न्यायाधिकरण ने पहले उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, मथुरा जिला मजिस्ट्रेट और मथुरा वृंदावन नगर निगम की एक समिति बनाई थी और रिपोर्ट मांगी थी। एनजीटी ने कहा था कि आगरा के एस एन मेडिकल कॉलेज द्वारा पूर्व में किए गए सूक्ष्म जैविक परीक्षणों में राधा और श्याम कुंड के जल में जीवाणु संक्रमण हैजा की उपस्थिति पाई गई थी।

# मोदी जेबकतरे की तरह मुद्दों से ध्यान भटकाते हैं : राहुल

**एजेंसी।** यवतमाल, वर्धा



**कांग्रेस नेता राहुल गांधी** ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को कुछ उद्योगपतियों का भोंपू करार देते हुए कहा कि उनकी रणनीति एक जेबकतरे जैसी है जो चोरी से पहले लोगों का ध्यान बांट देता है। महाराष्ट्र में 21 अक्टूबर को होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले यवतमाल जिले में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री चंद्र मिशन और जम्मू कश्मीर में अनुच्छेद 370 के प्रावधानों के रद्द होने के बारे में बोलते हैं लेकिन किसानों और बेरोजगारी जैसे आम लोगों के मुद्दों पर चुप रहते हैं। उन्होंने दावा किया, माल एवं सेवा कर (जीएसटी) और नोटबंदी ने छोटे और मझोले उद्यमियों, किसानों, मजदूरों और गरीब लोगों की कमर तोड़ दी। जब तक मोदी सरकार सत्ता में है, बेरोजगारी की समस्या देश में लगातार बनी रहेगी। छह महीनों में बेरोजगारी की समस्या बढ़ेगी। कॉरपोरेट कर में रियायत के सरकार के फैसले की आलोचना करते हुए गांधी ने कहा कि कुछ उद्योगपतियों को ऐसे फायदे दिए गए लेकिन समाज के गरीब वर्ग को नहीं।

उन्होंने दावा किया कि सरकार की बंदरगाह, एअर इंडिया, कोयला खदानों और सार्वजनिक उपक्रमों जैसी देश की संपदाओं के निजीकरण की योजना है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने आरोप लगाया, मोदी अडाणी और अंबानी के भोंपू हैं। एक जेबकतरे की तरह, जो चोरी से पहले लोगों का ध्यान बांटता है, उनका (मोदी) एकमात्र काम आपका ध्यान बांटना है जिससे वह आपका रुपया कुछ चुनिंदा उद्योगपतियों को दे सकें।

उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा), भोजन का अधिकार, भूमि अधिग्रहण और जनजाति कानून में संशोधन किया गया लेकिन सरकार को जीएसटी में संशोधन स्वीकार्य नहीं। गांधी ने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था उद्योगपतियों द्वारा नहीं बल्कि किसानों, मजदूरों और मझोले व्यापारियों से चल रही है। उन्होंने कहा, जब गरीब को रुपया मिलता है तो वह खरीदारी शुरू करता है, जब मांग बढ़ती है तो उत्पादक को फायदा होता है। कांग्रेस नेता ने कहा कि कांग्रेस द्वारा प्रस्तावित न्याय योजना अर्थव्यवस्था को तेज गति देती। गांधी ने आरोप लगाया कि मनरेगा का वार्षिक बजट 35 हजार करोड़ रुपए है और मोदी सरकार ने एक दिन में 1.25 लाख करोड़ रुपए का कॉरपोरेट कर माफ कर दिया।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के हालिया फ्रांस दौरे के संदर्भ में उन्होंने कहा कि सिंह ने राफेल युद्धक विमान की पूजा की। उन्होंने आरोप लगाया, लेकिन, विमान सौदे से 35 हजार करोड़ रुपए चुरा लिए गए। मीडिया इस बारे में नहीं लिखेगी क्योंकि उसे उद्योगपति द्वारा नियंत्रित किया जा रहा है। आपका पैसा मीडिया को दिया जा रहा है, जिससे वे मोदी का प्रचार कर सकें। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र के पास कांग्रेस-राकांपा गठबंधन के लिए मतदान कर सभी समस्याओं को दूर करने का मौका है।

हम एक ऐसी सरकार लाएंगे जो गरीबों, किसानों, छोटे और मझोले कारोबारियों के लिए काम करेगी। वर्धा जिले के आर्वी में एक रैली में गांधी ने मोदी सरकार पर मनरेगा, आरटीआई कानून, भोजन का अधिकार और भूमि अधिग्रहण कानून समेत संप्रग सरकार की सभी गरीब समर्थक योजनाओं को कमजोर करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, भाजपा ने मनरेगा का मजाक उड़ाया जिसने अर्थव्यवस्था को गति दी थी। कांग्रेस नेता ने दावा किया कि जीएसटी का मकसद छोटे और मध्यम उद्योगों को खत्म करना है। उन्होंने कहा, महाराष्ट्र में इसे न होने दें। इसे यहीं पर रोक दें।

# कैबिनेट की राजनीतिक मामलों की समिति की आज हो सकती है बैठक

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**कैबिनेट** की राजनीतिक मामलों की समिति (सीसीपीए) की बैठक बुधवार को हो सकती है जिसमें संसद के शीतकालीन सत्र की तिथियों के बारे में विचार विमर्श किया जा सकता है। सूत्रों ने इस अशय की जानकारी दी है। सूत्रों ने बताया कि सरकार सत्र के दौरान दो महत्वपूर्ण अध्यादेशों को कानून में बदलना चाहती है। एक अध्यादेश सितंबर में जारी किया गया था जिसमें आयकर अधिनियम 1961 और वित्त अधिनियम 2019 में संशोधन किया गया था। दूसरा अध्यादेश ई सिगरेट पर प्रतिबंध से जुड़ा है। सीसीपीए की बैठक शाम को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के आवास पर होगी जो इस समिति के अध्यक्ष हैं। पिछले कुछ वर्षो में संसद के शीतकालीन सत्र की बैठक नवंबर के अंतिम सप्ताह से शुरू होकर जनवरी के पहले सप्ताह तक चली है।



अमृतसर में सिख गुरु रामदास की 485वीं जन्मदिवस के अवसर पर स्वर्ण मन्दिर परिसर में बने तालाब में स्नान करते हुए श्रद्धालु

# मप्र में इलेक्ट्रिक वाहन नीति-2019 को दी मंत्रिपरिषद ने मंजूरी

**भोपाल।** मध्य प्रदेश मंत्रिपरिषद ने शहरी सार्वजनिक परिवहन को सुदृढ़ बनाने और शहरों में बढ़ते वायु प्रदूषण को कम करने के उद्देश्य से मंगलवार को मध्यप्रदेश इलेक्ट्रिक वाहन नीति-2019 को मंजूरी दी है। मध्य प्रदेश के नगरीय विकास एवं आवास मंत्री जयवर्द्धन सिंह ने मंत्री परिषद की बैठक के बाद बताया, मुख्यमंत्री कमलनाथ की अध्यक्षता में आज मंत्रालय में हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में मध्यप्रदेश इलेक्ट्रिक वाहन नीति-2019 को अनुमोदन प्रदान किया गया। शहरी सार्वजनिक परिवहन को सुदृढ़ बनाने और शहरों में बढ़ते वायु प्रदूषण को कम करने तथा गैर पेट्रोलियम वाहनों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इस नीति में चार्जिंग, अधोसंरचना विकास और इलेक्ट्रकि वाहन और उसके घटकों के निर्माण पर छूट का प्रावधान है। सिंह ने बताया कि इलेक्ट्रिक वाहनों की खरीद पर मोटर व्हीकल टैक्स एवं रजिस्ट्रेशन टैक्स में शत-प्रतिशत रियायत प्रदान की जाएगी। प्रथम पाँच वर्षों में नगरीय निकायों के अधीनस्थ संचालित पार्किंग में शत-प्रतिशत रियायत का प्रावधान भी है। इसके साथ ही इंजीनियरों और टेक्नीशियनों को प्रशिक्षित कर नए रोजगार सृजित किए जाएंगे।

# पाकप्रायोजित आतंकवाद, जिहादी गतिविधियां सबसे बड़ी बाहरी सुरक्षा चुनौतियां: रेड्डी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी ने मंगलवार को कहा कि पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद एवं जिहादी गतिविधियां देश के लिए सबसे बड़ी बाहरी सुरक्षा चुनौतियां हैं। रेड्डी ने राष्ट्रीय जांच एजेंसी द्वारा आयोजित आतंकवाद निरोधक दस्तों (एटीएस) के प्रमुखों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि आतंकवाद देश के लिए एक बड़ी चुनौती है, किसी भी सभ्य समाज के लिए एक अभिशाप है और आधुनिक विकास के लिए सबसे बड़ी बाधा है।

पाक प्रायोजित सीमा-पार से आतंकवाद और जिहादी आतंकवाद भारत के लिए सबसे बड़ी सुरक्षा चुनौतियां हैं, लेकिन देश हमेशा ऐसी चुनौतियों से निपटने में सक्षम रहा है। दशकों से भारत ने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई लड़ी है और मोदी सरकार आतंकवाद का पूरी तरह सफाया करने के लिए कृत संकल्प है।

पंजाब, पूर्वोत्तर, कश्मीर और वाम चरमपंथ से प्रभावित देश के कुछ हिस्सों में शांति लाने में सुरक्षाबलों की सफलता की प्रशंसा करते हुए कहा कि दुनिया के इस सबसे बड़े लोकतंत्र का आतंकवाद की बुराई से लड़ने में अंतरराष्ट्रीय समुदाय का सहयोग करना कर्तव्य है।

आतंकवाद को परास्त करने के लिए जरूरी बुनियादी ढांचे और मानव संसाधन के साथ मजबूत कानूनी ढांचे का भी आह्वान किया और आतंकवाद निरोधक कानूनों में एवं एनआईए कानून में जरूरी संशोधनों के साथ कानूनी ढांचा को मजबूत बनाए जाने का उल्लेख किया। रेड्डी ने कहा कि कश्मीर भारत में रहने के बावजूद विध्वंसकारी एवं अलगाववादी गतिविधियों के चलते अलग संप्रभु राज्य की तरह बर्ताव कर रहा था। सरकार ने अनुच्छेद 370 खत्म कर जम्मू कश्मीर का भारत में विलय किया और सीमापार आतंकवाद को कुचलने में सफलता पाई। मंत्री ने कहा कि कट्टरता, अलगावादी आंदोलन, चरमपंथ, सांप्रदायिकता और माओवादी हिंसा देश के समक्ष बड़ी अंदरूनी सुरक्षा चुनौतियां हैं।

# दो महिला आरोपियों की लिखावट और आवाज के नमूने लेने की मंजूरी दी गई

**इंदौर।** मध्यप्रदेश के बहुचर्चित मोहपाश (हनी ट्रैप) मामले में मंगलवार को एक स्थानीय अदालत ने पुलिस को इस हाई-प्रोफाइल सेक्स स्कैंडल की दो महिला आरोपियों की लिखावट और आवाज के नमूने लेने की अनुमति दे दी। दोनों आरोपी मामले के चार अन्य आरोपियों के साथ न्यायिक हिरासत के तहत जेल में बंद हैं। प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट (जेएमएफसी) मनीष भट्ट ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद पुलिस को अनुमति दी कि वह जिला जेल जाकर आरती दयाल (29) और श्वेता विजय जैन (39) की लिखावट और आवाज के नमूने ले सकती है।

आरती के खिलाफ आरोप है कि उसने सोशल मीडिया पर कुछ आपत्तिजनक वीडियो क्लिप वायरल करने की धमकी देते हुए इंदौर नगर निगम के अधीक्षण इंजीनियर हरभजन सिंह (60) से फोन पर तीन करोड़ रुपए की मांग की थी। सिंह ने बातचीत की इसी रिकॉर्डिंग के बूते मामले में पिछले महीने प्राथमिकी दर्ज कराई थी। सूत्रों ने बताया कि अदालत की मंजूरी के बाद आरती की आवाज का नमूना लिया जाएगा और जांच के जरिए इसका उस महिला स्वर से मिलान किया जाएगा जिसकी बातचीत की रिकॉर्डिंग नगर नगम अधिकारी ने पुलिस को सौंपी है।

अभियोजन पक्ष की ओर से अदालत में पेश आवेदन के मुताबिक आरती और श्वेता विजय जैन से जब्त दस्तावेजों और डायरी में शिकायतकर्ता (सिंह) और अन्य लोगों से कथित तौर पर की गई जबरिया उगाही तथा ऐसी उगाही के प्रयास से जुड़ी धनराशि के विवरण दर्ज किए गए हैं। लिहाजा इन दस्तावेजों की जांच के लिए दोनों आरोपियों की लिखावट का नमूना लिया जाना भी जरूरी है।

उधर, बचाव पक्ष के वकीलों ने अदालत में इस अर्जी पर जोरदार आपत्ति जताई। उन्होंने बहस के दौरान कहा कि अभियोजन पक्ष को खुलासा करना चाहिए कि ए अन्य लोगै कौन हैं, क्योंकि मामले में प्राथमिकी दर्ज होने के कई दिन बाद भी सिंह के अलावा किसी दूसरे शिकायतकर्ता या पीड़ित व्यक्ति का नाम जाहिर नहीं किया गया है। बचाव पक्ष के वकीलों ने बहस में कहा कि अभियोजन पक्ष मामले की सुनवाई को बिना किसी ठोस आधार के लम्बा खींचने का प्रयास कर रहा है। नगर निगम अधिकारी की शिकायत पर पुलिस ने 19 सितंबर को मोहपाश गिरोह का औपचारिक खुलासा किया था। आरती और श्वेता विजय जैन समेत गिरोह की पांच महिलाओं और उनके वाहन चालक को भोपाल और इंदौर से गिरफ्तार किया गया था। गिरोह पर आरोप है कि वह खुफिया कैमरों से अंतरंग पलों के वीडियो बनाकर अपने शिकारौं को इस आपत्तिजनक सामग्री के बूते ब्लैकमेल करता था।





पटना में प्लास्टिक के इस्तेमाल के विरोध में लोगों को जागरूक करते हुए पटना विश्वविद्यालय की छात्राएं

# पांच जिलों में सहायक आबकारी आयुक्त खरे के ठिकानों पर लोकायुक्त के छापे

**एजेंसी।** भोपाल

**मध्य प्रदेश** की लोकायुक्त पुलिस ने मंगलवार को इंदौर में तैनात सहायक आबकारी आयुक्त आलोक कुमार खरे के भोपाल समेत प्रदेश के पांच जिलों में स्थित सात ठिकानों पर एक साथ छापे मारे और कथित तौर पर उसके द्वारा अनुचित तरीके से कमाए गए 50 लाख रूपए कीमत के सोने सहित बड़ी तादाद में संपत्ति मिलने का खुलासा किया है। भोपाल की लोकायुक्त पुलिस अधीक्षक इरमीन शाह ने बताया, हमने इंदौर में पदस्थ सहायक आबकारी आयुक्त आलोक कुमार खरे के भोपाल, छतरपुर, इंदौर, ग्वालियर और रायसेन जिलों के ठिकानों पर आज एक साथ छापे मारे हैं। उन्होंने कहा कि हमारे एक दल ने खरे के भोपाल में होशंगाबाद रोड पर पॉश गोल्डन सिटी इलाके स्थित घर से 50 लाख रुपए कीमत का सोना एवं दो लाख रुपए मूल्य की चांदी बरामद की है।

इरमीन ने बताया कि विभाग के 50 से अधिक कर्मचारी छापेमारी की इस कार्यवाही में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि हमें खरे के पास उसकी आय से अधिक संपत्ति होने की शिकायत मिली थी, जो उसने कथित तौर पर भ्रष्टाचार के जरिए से कमाई है। इरमीन ने बताया कि इस शिकायत पर जांच करने के बाद आज लोकायुक्त के दलों ने ए छापे मारे हैं। हमने उसके रायसेन जिले के दो फार्म हाउस सहित अन्य ठिकानों पर भी छापे मारे हैं।

उन्होंने कहा कि आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है और विस्तृत जांच जारी है। इरमीन ने बताया कि उसके ठिकानों पर छापे की कार्वाई जारी है और बुधवार तक यह पूरी होगी। उन्होंने कहा, छापेमारी के दौरान लोकायुक्त टीम ने खरे के ठिकानों से करोड़ों रूपए की चल-अचल संपत्ति के दस्तावेज भी बरामद किए हैं, जो उसकी ज्ञात आय के स्रोतों से बहुत ज्यादा हैं।

इरमीन ने बताया, हालांकि यह बताना जल्दबाजी होगा कि उसके पास कुल कितने रूपए मूल्य की संपत्ति उसके आय के स्रोत से ज्यादा है। छापे की कार्वाई पूरी होने के बाद इसका आकलन किया जाएगा। वहीं, इंदौर से मिली रिपोर्ट के अनुसार खरे के इंदौर के एक फ्लैट में भी लोकायुक्त पुलिस छापे मारने गई, लेकिन इस फ्लैट में उसे ताला लगा हुआ मिला।

# 21 को मतदान से दो दिन पहले की अवधि में प्रसारित नहीं होंगे चुनावी सर्वेक्षण

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने हरियाणा और महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के साथ विभिन्न राज्यों की विधानसभा एवं लोकसभा की कुछ सीटों के लिए 21 अक्टूबर को होने मतदान के दिन एग्जिट पोल और इससे 48 घंटे पहले की अवधि में किसी भी प्रकार के चुनावी सर्वेक्षणों के प्रसारण पर रोक लगाई है। निर्वाचन नियमों के हवाले से आयोग द्वारा जारी बयान के अनुसार 21 अक्टूबर को मतदान के दिन सुबह सात बजे से शाम साढ़े छह बजे तक मतदान की अवधि के दौरान एग्जिट पोल के प्रकाशन एवं प्रसारण पर प्रतिबंध रहेगा। उल्लेखनीय है कि इस दिन हरियाणा और महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव के अलावा 17 राज्यों की 51 विधानसभा सीटों और दो लोकसभा सीट (बिहार की समस्तीपुर और महाराष्ट्र की सतारा) पर उपचुनाव के लिए मतदान होगा। आयोग ने मतदान से 48 घंटे पहले किसी भी प्रकार के चुनावी सर्वेक्षण के किसी भी मीडिया माध्यम में प्रकाशन और प्रसारण पर भी रोक लगाई है। यह रोक चुनाव वाले क्षेत्रों में मतदान की प्रक्रिया पूरी होने तक जारी रहेगी। इसके अलावा राजनीतिक दलों पर आयोग की मीडिया कंटेट प्रमाणन समिति की अनुमति के बिना महाराष्ट्र और हरियाणा में मतदान के दिन और इसके एक दिन पहले (20 और 21 अक्टूबर) अखबारों में प्रचार से जुड़े विज्ञापनों के प्रकाशन पर भी प्रतिबंध लगाया है।

# आरएफएल मामले में सिंह बंधुओं की पुलिस हिरासत अवधि बढ़ाई

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने मंगलवार को यहां एक अदालत में कहा कि फोर्टिस हेल्थकेयर के पूर्व प्रोमोटर मलविंदर सिंह और उनके भा ई शिविंदर ने खुलासा किया कि कर्ज लेने वाली कंपनियों से विभिन्न व्यक्तियों को 1,000 करोड़ रुपए का कर्ज दिया गया जिसका कथित तौर पर गबन कर लिया गया। सिंह बंधुओं को रेलिगेयर फिनवेस्ट लिमिटेड (आरएफएल) में फंड के कथित दुरुपयोग के लिए गिरफ्तार किया गया है।

ईओडब्ल्यू ने चीफ मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट दीपक शेरावत की अदालत के समक्ष यह दलील दी। अदालत ने सिंह बंधुओं और रेलिगेयर इंटरप्राइजिज लिमिटेड (आरईएल) के पूर्व अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक की पुलिस हिरासत अवधि दो दिन के लिए बढ़ा दी। सभी तीनों आरोपियों को मंगलवार को अदालत में पेश किया गया।

दिल्ली पुलिस के जांच अधिकारी ने रिमांड की अर्जी में आरोपियों से पूछताछ के लिए दो दिन की हिरासत मांगते हुए कहा कि यह पहचान करने की जरूरत है कि किन व्यक्तियों को कथित तौर पर गबन की गई राशि दी गई और फर्जी कंपनियां बनाने का मकसद क्या था। अर्जी में कहा गया, जांच के दौरान आरोपियों ने यह बताया कि तकरीबन 1,000 करोड़ रुपए की धनराशि कर्ज के व्यवहार से जुड़ी कंपनियों से विभिन्न व्यक्तियों को दी गई और अंतत: इसका गबन कर लिया गया।

अदालत ने अपने आदेश में कहा, आरोपियों की दो दिन की पुलिस हिरासत रिमांड की मांग करने वाली जांच अधिकारी की याचिका को मंजूर किया जाता है। आरईएल और आरएफएल में महत्वपूर्ण पद रखने वाले कवि अरोड़ा और अनिल सक्सेना को भी दो दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया। अरोड़ा ने जमानत मांगते हुए अदालत का रुख किया जिस पर 17 अक्टूबर को सुनवाई होगी। पुलिस की याचिका में कहा गया है कि फर्जी कंपनियों के निदेशकों का आरोपियों से आमना-सामना कराने के लिए हिरासत में पूछताछ की जरूरत है।

एजेंसी ने अदालत से कहा, रुपयों के लेनदेन और साथी षडयंत्रकारियों की भूमिका का पता लगाने के लिए पुलिस हिरासत की आवश्यकता है। मलविंदर के वकील मनु शर्मा ने याचिका का विरोध न करते हुए कहा कि अब तक हुई जांच से ऐसी बात सामने आई है जिससे आरोपियों को फायदा हो सकता है। उन्होंने कहा, रिमांड की पिछली अर्जी के मुकाबले हम इस याचिका से खुश हैं। हम इसका विरोध नहीं कर रहे हैं। हम जांच में सहयोग देने के लिए तैयार हैं। ईओडब्ल्यू ने धन की हेराफेरी और अन्य कंपनियों में निवेश के आरोप में मलविंदर (46), शिविंदर (44), गोधवानी (58), अरोड़ा (48) तथा सक्सेना को गिरफ्तार किया।

# आंध्र प्रदेश में बस खाई में गिरी सात श्रद्धालुओं की मौत

**एजेंसी।** अमरावती

**आंध्र प्रदेश** के पूर्वी गोदावरी जिले में मंगलवार को एक मिनी बस खाई में गिर गई जिससे कर्नाटक के सात श्रद्धालुओं की मौत हो गई और पांच घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। हादसे के शिकार व्यक्तियों की पहचान कर्नाटक के चित्रदुर्ग जिले के चेलेकेरी गांव के निवासियों के रूप में की गई है जो तेलंगाना और आंध्र प्रदेश में कई तीर्थस्थलों के दर्शन के लिए निकले थे।

तेलंगाना की भद्राचलम पहाड़ी स्थित भगवान राम के मंदिर में दर्शन करने के बाद वे आंध्र प्रदेश के अन्नावरम स्थित सत्यनारायण स्वामी मंदिर जा रहे थे जब यह दुर्घटना हुई। पुलिस ने बताया कि तीर्थयात्रियों को ले जा रही मिनी बस आदिवासी क्षेत्र में चिंतूर घाट रोड पर वाल्मीकि कोंडा के पास एक घाटी में गिर गई। इस हादसे में छह श्रद्धालुओं की दुर्घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि एक की अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई। घायल हुए पांच व्यक्तियों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। पुलिस ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

मुख्यमंत्री वाई एस जगनमोहन रेड्डी ने पूर्वी गोदावरी जिले के अधिकारियों से फोन पर बातचीत की और दुर्घटना के बारे में जानकारी ली। मुख्यमंत्री कार्यालय से जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार उन्होंने जिले के अधिकारियों को घायलों को उचित उपचार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता चंद्रबाबू नायडू ने दुर्घटना पर दु:ख जताया और शोकाकुल परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट की है।

# अजीत पवार के इस्तीफे से राकांपा को चुनावी लाभ नहीं मिला: भुजबल

**मुम्बई।** महाराष्ट्र में 21 अक्टूबर को होने जा रहे विधानसभा चुनाव से पहले असंतोष से जूझ रही राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) में मतभेद मंगलवार को खुलकर सामने आ गया जब वरिष्ठ नेता छगन भुजबल ने बारामती के विधायक अजीत पवार को पिछले महीने उस दिन इस्तीफा देने के लिए खरी खोटी सुनाई जिस दिन शरद पवार प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) कार्यालय जाने वाले थे। उन्होंने कहा कि भावनात्मक आधार पर अजीत द्वारा दिए गए इस्तीफे से शरद पवार के कदम से ध्यान बंट गया, अन्यथा इस अहम चुनाव से पहले राकांपा को बहुप्रतीक्षित राजनीतिक फायदा मिलता।

अजीत ने एक खबरिया चैनल से कहा था कि कुछ राकांपा नेताओं की जिद के चलते 2000 में शिवसेना बाल ठाकरे की गिरफ्तारी हुई जो एक गलती थी। वैसे अजीत ने शिवसेना के पूर्व नेता भुजबल का नाम नहीं लिया जो उस समय (बाल ठाकरे को गिरफ्तार किए जाने के समय) कांग्रेस-राकांपा सरकार में गृह मंत्री थे। भुजबल ने एक खबरिया चैनल से कहा कि उनकी शिवसेना संस्थापक को मुश्किल में डालने की मंशा कभी नहीं रही। बाल ठाकरे को गिरफ्तार करने का मुद्दा उसी समय ही खत्म हो गया था। मैंने श्रीकृष्णा आयोग द्वारा मुम्बई दंगे पर तैयार की गई फाइल पर दस्तखत किए थे। बी आर अंबेडकर की प्रतिमा की बेअदबी मामले में मुझे क्लीनचिट मिल जाने के बावजूद इस विषय पर सामना में एक खबर छपने के बाद मैंने (ठाकरे के विरूद्ध) मानहानि का मामला दर्ज किया था। मैंने बाद में वह मामला वापस ले लिया था। मुझे बालासाहब और उद्धव ठाकरे ने मातोश्री आने के लिए निमंत्रित किया था। मैं वहां अपने परिवार के सदस्यों के साथ गया था और वहां करीब तीन चार घंटे रहा।

शरद पवार के भतीजे अजीत के अचानक इस्तीफे पर भुजबल ने कहा कि वह विधायक के रूप में इस्तीफा देने के लिए दो और दिनों तक इंतजार कर लेते। (27 सितंबर को) इस्तीफा देने की क्या बाध्यता थी जब पवार ने घोषणा कर दी थी कि वह मुम्बई में ईडी कार्यालय जाएंगे। वह (अजीत) कहते हैं कि वह भावुक व्यक्ति हैं। वह दो और दिन अपनी भावना पर नियंत्रण कर लेते। उस दिन शरद पवार के प्रति भारी जनसमर्थन था, लेकिन उनके (अजीत के) कृत्य से उस दिन ध्यान बंट गया। मुझे अचरच होता है कि इससे किसे फायदा हुआ। अजीत के इस्तीफे से पवार परिवार में दरार की अटकलें लगने लगी थीं। बाद में अजीत ने स्पष्ट किया था कि वह यह देखकर दुखी थे कि उनके चाचा को उनकी वजह से महाराष्ट्र राज्य सहकारी बैंक घोटाले में गलत तरीके से फंसाया जा रहा है। प्रवर्तन निदेशालय ने इस कथित घोटाले के सिलसिले में अजीत, शरद पवार और अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया था। जमानत पर चल रहे भुजबल नासिक जिले के यवला विधानसभा क्षेत्र से राकांपा उम्मीदवार हैं।

पायनियर
नई दिल्ली, बुधवार, 16 अक्टूबर, 2019



# दिल्ली में प्रदूषण

## बहस के बजाए कार्रवाई जरूरी

**बरसात** और तेज हवा थम जाने के बाद अब दिल्ली में साफ नीला आसमान दिखना जनता के लिए फिर सपना बन गया है। कुछ दिनों से जारी सवेरे की धुंध से स्पष्ट है कि जहरीले जाड़े से बचने के लिए प्रदूषण नियंत्रण के पुराने अनुमान व माडल काफी नहीं होंगे। वायु गुणवत्ता सूचकांक-एक्यूआई अभी से 200 के ऊपर निकल गया है जो दिल्ली व एनसीआर में 'बहुत खराब' वातावरण का द्योतक है। पिछले सप्ताह ही सरकार ने दावा किया था कि उत्तर प्रदेश, पंजाब व हरियाणा के पड़ोसी राज्यों में पराली जलाने मे कमी आई है। लेकिन स्पष्ट प्रमाणों व उपग्रह चित्रों से यह सरकार का यह दावा गलत सिद्ध होता है। यह बात नासा द्वारा जारी चित्रों से भी स्पष्ट है। हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार पिछले 15 दिनों में उपग्रह चित्रों से पराली जलाने की लगभग 350 घटनायें सामने आई हैं। इससे निकलने वाला धुंआ देश की राजधानी व एनसीआर में कम से कम 6 प्रतिशत प्रदूषण का जिम्मेदार है। प्रदूषण के अन्य स्रोतों में वाहनों का धुंआ, उद्योगों का उत्सर्जन, डीजल जेनसेट, खुले में कूड़ा जलाना तथा सर्वोपरि मिट्टी व सड़कों से उड़ने वाली धूल है। इन सबसे हवा में प्रदूषक कणों-पीएम, नाइट्रोजन आक्साइड, सल्फर डाईआक्साइड व कार्बन मोनोआक्साइड का स्तर बढ़ता है।

केन्द्र व राज्यों की अनेक सरकारों ने अतीत में समस्या के कई समाधान सुझाए थे, पर वे टुकड़ों में हैं। प्रदूषण नियंत्रण के लिए एक समग्र योजना का अर्थ है कि हमें समस्या समाधान के लिए उठाए जाने वाले कदमों के राजनीतिक प्रभावों से बचना होगा तथा सर्वाधिक महत्वपूर्ण रूप से अपने व्यवहार और सुविधाओं में परिवर्तन करना होगा। लेकिन क्रियान्वयन पर गौर



करें तो वाहनों में सीएनजी के प्रयोग तथा ईंट भट्ठों को शहर के बाहर ले जाने के सिवा और कुछ नहीं हुआ है। राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण-एनजीटी ने पराली जलाने पर प्रतिबंध लगाया है, पर इसका ठीक से क्रियान्वयन नहीं हुआ। हरियाणा में नियम का पालन न करने पर केवल 58 एफआईआर हुई, ऐसे में स्पष्ट रूप से क्रियान्वयन के जिम्मेदार अधिकारी दोषी हैं। किसान प्रतिबंध का धड़ल्ले से उल्लंघन करते हैं और पराली को हटाने पर होने वाले खर्च की तुलना में प्रति दो हेक्टर पर 2,500 रुपये जुर्माना देने को तैयार हैं। पराली काटने पर मशीन, डीजल व लेबर खर्च मिला कर 6000-7000 रुपये एकड़ आता है। इसके अलावा ये मशीनें छोटे व सीमान्त किसानों की पहुंच से बाहर हैं। केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड-सीपीसीबी ने वायु गुणवत्ता के आधार पर राजधानी क्षेत्र व दिल्ली में चरणबद्ध प्रतिक्रिया निर्धारित की है। लेकिन प्रदूषण से निपटने के लिए बहुआयामी दृष्टिकोण जरूरी है, क्योंकि नियंत्रण एजेंसियां एक-दूसरे के खिलाफ काम करते हुए अपनी जिम्मेदारी नहीं तय कर पा रही हैं। अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी अपने स्तर पर काम करते हुए पुरानी ओड-इवेन योजना लागू कर रही है। हालांकि, यह भी पूरी तरह समग्र नहीं थी और इसमें ज्यादा प्रदूषणकारी दोपहिया वाहनों को बाहर रखा गया था। पेरिस में यह योजना सफलतापूर्वक लागू हुई थी, लेकिन दिल्ली में वैसे भी अच्छी सार्वजनिक परिवहन प्रणाली का अभाव है। मेट्रो व बसें यात्रियों के लिए काफी नहीं हैं। दिल्ली अब भी औद्योगिक इकाइयों के निकट है जिनको आवश्यकता होने पर बंद करना होगा। प्रदूषण को मौसमी समस्या के बजाय इससे स्थाई रूप से निपटने की तैयारी करनी होगी। नियोजन, निगरानी, कार्रवाई तथा मूल्यांकन अच्छी नीति के अंग हैं और दिल्ली अब इसके बिना नहीं रह सकती है।

# संकट में घिरे इमरान खान

सरकार-विरोधी धरनों को बढ़ावा देकर सत्ता में पहुंचे इमरान खान अब स्वयं अभूतपूर्व विरोध का सामना कर रहे हैं। इन विरोध प्रदर्शनों का लक्ष्य उनकी सरकार का तख्ता पलटना है।



**भूपिंदर सिंह**
लेखक सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारी हैं)



पाकिस्तान में धरनों के रूप में विरोध प्रदर्शन एक विशिष्ट राजनीतिक परिघटना बन गए हैं। राजनीतिक या धार्मिक विरोध की इस रणनीति का बार-बार प्रदर्शन तत्कालीन सरकार को घुटने टेकने पर मजबूर करना रहा है। विरोधकर्ता राजधानी इस्लामाबाद को जाने वाली सड़कों के चौराहों पर शिविर लगा कर खुलेआम सरकार को अपनी मांगों पर मजबूर करने का प्रयास करते हैं। अब तक कई पाकिस्तानी सरकारें राजधानी की लगभग घेरेबंदी की इन स्थितियों का मुकाबला करने की प्रभावी रणनीति तैयार करने में विफल रही हैं जिनके कारण राजधानी और देश में गतिरोध पैदा हो जाता है। सभी आधे-अधूरे प्रयास जैसे, अतिरिक्त सुरक्षा बलों की तैनाती, बैरिकेडिंग, कंटीले तार व शिपिंग कंटेनरों के प्रयोग आदि व्यावहारिक रूप से नागरिक विरोध, गुंडागर्दी व संपत्ति को आग लगाने को रोकने में विफल रहे हैं। विरोधी प्रदर्शनकारियों को जबरन हटाने का तरीका आमतौर से विकल्प नहीं है क्योंकि इससे आग और भड़कने की संभावना रहती है। इससे विरोध के मुद्दे खतरनाक रूप ले सकते हैं, प्रदर्शनकारी गुस्सा हो जाते हैं तथा पाकिस्तान में सरकार उलटने का खतरा पैदा होता है।

इसलिए जनता का थोड़ा भी समर्थन प्राप्त संगठन अपने आगे बढ़ने के लिए आक्रामक विषय चुनता है और वह तत्कालीन सरकार को पंगु बना सकता है। पाकिस्तानी 'अवस्थापना' में विभिन्न पक्षों के हित परस्पर टकराव वाले हैं। यहां राजनेता वर्ग, धर्मगुरुओं, न्यायपालिका और सर्वोपरि पाकिस्तानी सेना के बीच हितों के अपरिहार्य और अघोषित टकराव बिंदु हैं। इसका परिणाम धोखाधड़ी, षडयंत्र तथा पर्दे के पीछे से किए जाने वाले एक दूसरे को नीचा दिखाने वाले प्रयास हैं। इनके कारण प्रदर्शनों को अकल्पनीय ऊर्जा मिलती है जिसे स्वीकार नहीं किया जाता है।

कुछ साल पहले एक अज्ञात धार्मिक संगठन तहरीके लब्बैक या रसूल अल्लाह ने प्रभावशाली 'धरना' आयोजित किया जिसका लक्ष्य राष्ट्रीय व प्रांतीय असेम्बलियों में लेने वाली पर की शपथ में संशोधन की मांग कर 'मेरा विश्वास है' के बजाय 'मैं पवित्र अंत:करण से प्रतिज्ञा करता हूं' लाना था जिसका संबंध संबंधित व्यक्ति द्वारा पवित्र पैगंबर को अंतिम पैगंबर मानना था। हालांकि, सरकार ने माना था कि अनजाने में हुआ यह परिवर्तन क्लर्क की गलती थी, पर देश भर में पैदा विरोध प्रदर्शनों की ऊर्जा के कारण जल्द ही कानून मंत्री को इस्तीफा देना पड़ा था। उस समय विपक्ष के नेता इमरान खान को इसमें राजनीतिक अवसर दिखाई पड़ा और उन्होंने कानून मंत्री तथा प्रधानमंत्री के इस्तीफे की मांग की थी।

यहां तक कि पाकिस्तानी सेना भी इस खेल में शामिल हो गई और उसने 'अपनी जनता' के खिलाफ कार्रवाई से इनकार कर दिया। इससे तत्कालीन सरकार की इज्जत मिट्टी में मिल गई और सेना ने ऐसे समय 'मध्यस्थता' का प्रस्ताव किया जब सरकार निराशाजनक रूप से प्रदर्शनकारियों के सामने घुटने टेक चुकी थी। तत्कालीन सरकार इस प्रकरण से विकलांग होकर मुक्त हुई, जबकि प्रदर्शनकारी उग्र तत्वों ने सुनिश्चित किया कि धार्मिक-भावनाओं वाले मतदाताओं को जानबूझ कर भड़काया जाए। उग्र प्रदर्शनकारियों को इमरान खान जैसे नेताओं, धर्मगुरुओं व पाकिस्तानी सेना का समर्थन प्राप्त था।

महत्वपूर्ण है कि उपरोक्त प्रदर्शन का प्रबंधन निहित स्वार्थी पक्षों ने किया और उन्होंने ईशनिन्दा कानून में किसी संभावित परिवर्तन को भी असंभव बना दिया। इसमें इमरान खान जैसे नेताओं ने 'आल-राउंडर' वाली भूमिका निभाई। उन्होंने सुधारवादी एजेंडे की पैरवी करता दिखा कर स्वयं को मध्य वर्गों व बुद्धिजीवियों का प्रिय बना लिया, जबकि इसके साथ ही वे अवसरवादी नाटक कर कट्टरपंथियों का समर्थन भी प्राप्त कर रहे थे।

इसके काफी पहले इन पक्षों ने इन्कलाब या आजादी मार्च आयोजित कर माहौल गरमाया था जिसकी समाप्ति इस्लामाबाद में कुख्यात 'धरने' के रूप में हुई थी। उस समय इमरान खान ने एक धर्मगुरु ताहिरुल कादरी से गठजोड़ किया था जिनका प्रयोग तत्कालीन सरकार को बदनाम, परेशान और कमजोर करने के लिए किया गया था। इस पूरे घटनाक्रम पर पाकिस्तानी सेना की छाप पूरी तरह स्पष्ट थी।

आज समय और उसकी गति पूरी तरह बदल गई है तथा स्वयं इमरान खान पर विरोध प्रदर्शन व 'धरने' की भयानक छाया मंडरा रही है। इमरान खान विपक्षी नेता के अपने दौर में अतिवादी धार्मिक संगठनों से गठजोड़ कर असाधारण राजनीतिक समर्थन पाने में सफल हुए थे। अब मौलाना से राजनेता बने फजलुर रहमान की बारी है जो जमीयत उलेमाए इस्लाम-एफ के अध्यक्ष हैं। मौलाना ने 27 अक्टूबर को एक और आजादी मार्च की धमकी दी है।

स्वयं इमरान खान की तरह मौलाना फजलुर रहमान का इतिहास भी चयनित उलट-पलट का है और उन्होंने अपनी राजनीति आगे बढ़ाने के लिए अनेक स्थितियां बदली हैं। उन्होंने अमेरिकनों के साथ भी यही चालबाजी की है जो उनको पाकिस्तानी सरकार सबंधी विमर्श में प्रभावशाली लॉबी की तरह देखते हैं। विकीलीक्स द्वारा उजागर किए संदेशों के अनुसार तत्कालीन अमेरिकी राजदूत ने मौलाना के बारे में लिखा था, 'उन्होंने स्पष्ट किया कि अब भी बड़ी संख्या में उनके मतदाता बिक्री के लिए उपलब्ध हैं।' मौलाना ने यह प्रयास प्रधानमंत्री बनने के लिए वाशिंगटन का आर्शीवाद पाने के लिए किया था। मौलाना के अमेरिका-विरोधी व तालिबान-समर्थक बयानों को उसी तरह समुचित संदर्भ में देखा जाना चाहिए, जिस तरह 'नया पाकिस्तान' में तालिबान खान कहे जाने वाले इमरान खान की लफ्फाजी सामने आई है।

पाकिस्तानी राजनीति की अपनी गतिशीलता है जो निरंतर या रेखीय होने के बजाय केवल परिस्थितियों पर आधारित है। नए आजादी मार्च का खतरा केवल मौलाना द्वारा जुटाया समर्थन न होकर इसके कारण पैदा होने वाला परिणामी बल है। यह पाकिस्तानी 'अवस्थापना' के विभिन्न तत्वों की मौन सहमति या सक्रिय समर्थन पर निर्भर करेगा।

पाकिस्तानी सेना के प्रमुख तत्व इमरान खान को नियंत्रण तथा ज्यादा जोखिम वाली स्थिति में रखने के लिए मौलाना के विरोध को 'सहन' कर सकते हैं। ऐसी घटनाओं पर राजनीति अवसरवादी होती है जिसमें संस्थाओं का प्रयोग करना या अन्य पक्षों को संदेश देना शामिल है। इमरान खान को किनारे करने के लिए मौलाना आसानी से 'इस्लाम खतरे में है' का युद्धघोष कर सकते हैं। यह बहुत पुरानी रणनीति है जो कभी कमजोर नहीं पड़ती है और स्वयं इमरान खान ने अतीत में इसका प्रयोग किया है।

यह विरोध प्रदर्शन अमेरिका-विरोध तथा तालिबान-समर्थन की दिशा में जा सकता है जो इमरान खान द्वारा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पेश की जाने वाली सुधारवादी छवि के विपरीत है। जहां दूसरी राजनीतिक पार्टियां मौलाना को सीधे इमरान खान से मुकाबले के लिए प्रेरित कर रही हैं, वहीं वे स्वयं को किसी प्रतिबद्धता से दूर रखना चाहती हैं। इसका कारण यह है कि वे इस्लामाबाद और रावलपिंडी के बीच सत्ता की राजनीति में इमरान खान सरकार की स्थिति के बारे में निश्चित नहीं हैं।

पाकिस्तान में विपक्ष की स्थिति स्पष्ट व घोषित है। विपक्षी दल स्वयं भ्रष्टाचार, अक्षमता, धर्म तथा भारत से संबंधों के आधार पर सरकार पर हमले बोल सकते हैं। अब इमरान खान को स्वयं उसी जिन्न का सामना करना पड़ रहा है जिसे उन्होंने पहले बोतल से बाहर निकाला था। अब संदिग्ध रिकार्ड वाला एक और महत्वाकांक्षी नेता 'धरने' की राजनीति का इस्तेमाल इमरान सरकार को विकलांग बनाने के लिए करने जा रहा है।

# वर्तमान आर्थिक मंदी से निकलने का रास्ता

**नितिन आगस्टीन**
(लेखक संचार विशेषज्ञ हैं)



भारत असंदिग्ध रूप से ज्ञात आर्थिक इतिहास में एक बुरे दौर से गुजर रहा है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारतीय रिजर्व बैंक व राष्ट्रीय आंकड़ा कार्यालय-एनएसओ द्वारा जारी किए गए आंकड़ों से संकेत मिलता है कि लंबे समय तक आर्थिक वृद्धि धीमी रहने की आशंका है। मूडी की निवेशक सेवा ने सकल घरेलू उत्पाद-जीडीपी की वृद्धि दर 2019-20 में 5.8 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है, जबकि पहले यह 6.2 प्रतिशत था। इसके अलावा मैक्रोइकोनोमिक आंकड़ों से स्पष्ट है कि फैक्ट्रियों के उत्पादन में अगस्त में 1.1 प्रतिशत की गिरावट आई और यह सात साल में सबसे कम उत्पादन है।

अनेक आयामों से स्पष्ट है कि वित्तीय धीमापन उस देश के लिए अच्छा नहीं है जिसे लगभग दो साल तक 'दुनिया की सबसे तेज प्रगति करने वाली बड़ी अर्थव्यवस्था' का दर्जा मिला था। इस घोषणा ने दुनिया को उस समय धक्का दिया है जब भारत को अतीत में किए आमूल सुधारों पर टिके रहने तथा विदेशी निवेश आकर्षित करने में सक्षम माना जाता था। वैश्विक रूप से विकसित व विकासशील देशों में अर्थव्यवस्थायें इसी संकट का शिकार हैं जहां वृद्धि दर में काफी गिरावट आई है और यह प्रवृत्ति जारी रहने की आशंका है।

भारत जैसी उपभोग-संचालित अर्थव्यवस्था में वृद्धि अधिकांशत: इस बात पर निर्भर है कि लोग कितना खर्च करते हैं। इसलिए सरकार के सामने चुनौती है कि वह जनता के हाथ में पैसा रखे, श्रम-बाहुल्य क्षेत्रों को प्रोत्साहित करे, वस्तु एवं सेवाकर-जीएसटी दरों को तार्किक बनाए, रोजगारों का सृजन करे तथा वस्तुओं एवं सेवाओं की मांग पुनर्जीवित करे। लेकिन ऐसे उपायों का दीर्घकालीन प्रभाव नहीं पड़ता है और ये केवल अल्पकालीन होते हैं।

जेनेवा में जारी संरा. व्यापार एवं विकास रिपोर्ट, 2019 के अनुसार वैश्विक वृद्धि में गिरावट की आशंका है जो 2018 में 3 प्रतिशत से घट कर 2019-20 में 2.3 प्रतिशत रह जाएगी। कर्ज का स्तर बढ़ने, वृद्धि धीमी हाने तथा व्यापार तनावों में वृद्धि के कारण वैश्विक आर्थिक परिदृश्य बुरी तरह प्रभावित हुआ है। संकुचित होती व्यापार नीतियों, वि-वैश्वीकरण तथा जलवायु परिवर्तन व आतंकवाद जैसे मुद्दों को संबोधित करने की अनिच्छा से उग-राष्ट्रवाद की प्रवृत्तियां विकसित हो रही हैं। इससे गंभीर आर्थिक संकट पैदा हो सकता है। विश्व आर्थिक मंच में टिकाऊ बाजारों पर वरिष्ठ सलाहकार कैरोलीन एंस्टे ने हाल ही में 'जनता और ग्रह के लिए आर्थिक माडल की आवश्यकता' शीर्षक वाले लेख में लिखा है कि 'करोड़पति व्यापारियों व खासकर महिलाओं की अधिक से अधिक संख्या की इच्छा नए किस्म का बाजार है जो समावेशी, समतापूर्ण, हरित व मुनाफा देने वाला हो। इस बाजार में टिकाऊ वृद्धि प्रोत्साहित करने के लिए प्राकृतिक, सामाजिक, मानव व वित्तीय पूंजी का समावेश होना चाहिए।' कठिन समय में लचीले, टिकाऊ व दृढ़ नीतिगत निर्णयों की आवश्यकता होती है ताकि वर्तमान संकट से सबक ले कर भविष्य सुनिश्चित करने के लिए एक रोडमैप बनाया जा सके।

वर्तमान आर्थिक नीतियों के जोखिम तथा एक अंतराल के बाद मंदी वैश्विक स्तर पर गरमागरम बहस का विषय है। इससे वर्तमान आर्थिक माडलों व वित्तीय बाजारों पर सवाल उठते हैं। यह बात खासकर 2008 में वैश्विक मंदी के प्रभावों के बारे में है जो आज भी अनेक अर्थव्यवस्थाओं को पीड़ित कर रहे हैं। अमेरिकी अर्थशास्त्री जोसेफ स्टिगलिट्ज़ ने अपनी पुस्तक 'फ्रीफाल: अमेरिका, फ्री मार्केट्स एंड द श्रिंकिंग वर्ड इकोनोमी' में बताया है कि '1930 दशक की भयानक मंदी के दौरान खासकर अमेरिका में आर्थिक पेशे को भारी संकट का सामना करना पड़ा। वर्तमान की तरह उस समय भी बाजारों को सक्षम तथा स्वयं को ठीक करने में सफल माना जाता था। अर्थव्यवस्था के मंदी व बाद में अवसाद में डूबने के बाद बहुत से लोगों ने यह सरल सुझाव दिया कि कुछ न करो, बस प्रतीक्षा करो और अर्थव्यवस्था स्वयं को ठीक कर लेगी।' इसी प्रकार के समय में ब्रिटिश अर्थशास्त्री जान कीन्स ने खर्च बढ़ाने तथा रोजगार सृजन को मंदी के लंबे समय से निपटने का तरीका बताया था। विशाल जनसंख्या वाले भारत के लिए यह स्थिति बहुत चुनौतीपूर्ण है, लेकिन आर्थिक पुनर्जीवन के लिए उपभोग बढ़ाना तथा रोजगार सृजन सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। कुल मिला कर बहुत से लोग इस बात से सहमत होंगे कि राष्ट्रपति फ्रेंकलिन रूज़वेल्ट के न्यू डील कार्यक्रम ने अमेरिका को महान मंदी से मुक्ति दिलाई थी जिसमें अर्थव्यवस्था के विस्तार तथा रोजगार सृजन पर काफी ध्यान दिया गया था।

इसलिए अर्थव्यवस्था को पुनर्जीवित करने के लिए फौरन मांग बढ़ाने तथा खर्च बढ़ाने व रोजगार सृजन पर ध्यान देना होगा।

वृद्धि को बढ़ावा देने तथा गिरती अर्थव्यवस्था को तत्काल राहत देने के लिए वस्तुओं एवं सेवाओं की घटती मांग बढ़ानी होगी। निजी उपभोग में वृद्धि से सुनिश्चित होगा कि लोगों द्वारा पैसा खर्च करने से मांग धीरे-धीरे बढ़ेगी तथा वस्तुओं व सेवाओं का उत्पादन तेज होगा। लेकिन खर्च तभी संभव है जब लोगों के हाथ में पैसा हो। आमतौर से मंदी के समय लोग पैसा बचा कर रखना या भविष्य के लिए बैंकों में जमा करना चाहते हैं। भारत में ठीक यही हो रहा है। इसलिए सरकार को त्योहार पर एक और बोनस की घोषणा के साथ ही प्रोत्साहन देने चाहिए ताकि अधिक खर्च से वस्तुओं और सेवाओं के क्षेत्र में प्रगति हो। सरकार वृद्धि व मांग तेज करने के लिए टैक्सों में कटौती कर सकती है। कार्पोरेट टैक्सों में कटौती इस दिशा में सही कदम है।

हालांकि, सरकार की हालिया घोषणाओं का अर्थ खर्च बढ़ाना है, पर वे अपना उद्देश्य बहुत कम पूरा कर सकेंगी। इसका एक कारण यह है कि उपभोक्ताओं का विश्वास इस समय सबसे कम है। आरबीआई के नवीनतम उपभोक्ता विश्वास सर्वेक्षण के अनुसार रोजगार, आय व खर्च के बारे में लोगों की भावनायें 6 साल में सबसे निचले स्तर पर हैं। इसलिए वर्तमान समय में चुनौती उपभोक्ताओं का विश्वास बहाल करना है ताकि वे पैसा बचाने के बजाय उसे खर्च करें।

हालिया बेरोजगारी दर ने वर्तमान मंदी में अपना योगदान दिया है तथा नियंत्रण न होने की स्थिति में वह इसे और बढ़ावा देगी। नवीनतम पीरियाडिक लेबर फोर्स सर्वे-पीएलएफएस के अनुसार भारत में बेरोजगारी 45 साल में सबसे अधिक है। रोजगार सृजन स्थिर अर्थव्यवस्था का मूल तत्व है। समुचित रोजगार व कर्ज की उपलब्धता से खर्च स्वाभाविक रूप से बढ़ेगा जिससे आर्थिक गतिविधि तेज होगी। आर्थिक संकट गहराने का खतरा देखते हुए सरकार को नुकसान से बचने तथा आर्थिक दृढ़ता के लिए दीर्घकालीन रोडमैप बनाना चाहिए ताकि आर्थिक दृढ़ता, टिकाऊ विकास व लचीलेपन से दुनिया का दूसरा सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश प्रगति कर सके।

## आप की बात

### प्रधानमंत्री के बयान व हकीकत

**प्रधानमंत्री** का पद भारतीय संविधान के अनुसार बहुत ही सम्मानित होता है। प्रधानमंत्री की कही कोई भी बात उनके द्वारा कहा गया एक-एक शब्द बहुत ही सुविचारित ,सुचिन्तित तथा देशहित के लिए होती है। उनकी कही एक-एक बात इस देश के एक अरब पैंतीस करोड़ लोगों के जीवन और उनके भविष्य के लिए एक संवैधानिक पद पर बैठे एक बहुत ही जिम्मेदार व्यक्ति द्वारा कही गई बात होती है। परन्तु देखने में यह आ रहा है कि एक दिन पूर्व हमारे पीएम सार्वजनिक मंच से देश की एक अरब पैंतीस करोड़ लोगों के सामने घोषणा करते हैं ,उसके ठीक अगले दिन ही उनके द्वारा कही बात के ठीक विपरीत नीतियों को अमल में लाने की तमाम प्रिंट और श्रव्य समाचार माध्यमों से घोषणा कर दी जाती है । अभी पिछले दिनों हमारे पीएम टेलीविजन समाचार चैनलों और प्रिंट मीडिया पर जोर-शोर से घोषणा करते नजर आए कि हम आपसे वादा करते हैं कि हमें रेलवे के निजीकरण करने का कोई इरादा नहीं है। इसके ठीक विपरीत अगले दिन ही समाचार माध्यमों में 50 रेलवे स्टेशनों और 150 रेलगाड़ियों के निजीकरण करने की बात सामने आ गई। आखिर हमारे प्रधानमंत्री जी के नीतिगत बयान और हक़ीक़त में इतना फर्क क्यों है?

– **निर्मल के शर्मा**, गाजियाबाद

### पर्यावरण संरक्षण के वादे

**बीते** दिनों आवास और शहरी मंत्रालय ने पौधे लगाने और पर्यावरण संरक्षण के लिए लोगों को जागरूक करने के लिए एम हरियाली एप लॉन्च किया। जिससे पर्यावरण संरक्षण में आधुनिक तकनीक के इस्तेमाल का पुन: चर्चा में है। दरअसल बिगड़ते पर्यावरण को देखते हुए पर्यावरणविद, वैज्ञानिक, सरकार, समाज और तकनीकी विशेषज्ञ सभी के स्तर पर इको सिस्टम को बचाने के लिए ग्रीन तकनीक के इस्तेमाल की बात कही जा रही है। लेकिन उपभोक्तावादी संस्कृति और मनुष्य के लालच ने पृथ्वी को नर्क बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। भारत जैसे बड़ी जनसंख्या वाले देश में ग्रीन तकनीक की उपलब्धता और इस्तेमाल एक चुनौती है। इलैक्ट्रिक वाहन सोलर एनर्जी एवं ग्रीन पटाखे जैसे वैकल्पिक उपाय पर्यावरण की सुरक्षा के मद्देनजर ही उठाए गए हैं। तकनीक पर्यावरण संरक्षण में कारगर सहयोग तो दे रही है लेकिन ई कचरे की समस्या भी पैदा कर रही है। पर्यावरण एक अन्य महत्वपूर्ण पहलु विकसित देशों के द्वारा पृथ्वी बचाने में अपनी जिम्मेदारी ठीक से नहीं निभाना भी है। पेरिस जलवायु परिवर्तन सम्मेलन में इन देशों ने जो वायदे किए थे वे आज भी पूरे नहीं हुए हैं।

– **डॉ बिजेंद्र कुमार**, दिल्ली विश्वविद्यालय

### कितना बदलेगा चीन?

**चीनी** राष्ट्रपति जिनपिंग का भारत में असाधारण स्वागत हुआ, पर इसके चलते अपने देश के सर्वोच्च नेता तथा एशियाई शताब्दी में अपने वर्चस्व की इच्छा रखने वाले शी जिनपिंग शायद ही भारत को असाधारण मानें। हालांकि, वूहान की तरह मामल्लपुरम में अनौपचारिक वार्ता ने शी व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने व्यक्तिगत समीकरण, पड़ोसी के प्रति समझदारी व सह-अस्तित्व को बढ़ावा दिया है। इनसे पहले डोकलाम और अब कश्मीर पर तनाव दूर करने में सहायता मिली है, पर ये संबंध आकांक्षाओं के बजाय यथार्थ तथा बड़ी-बड़ी बातों के बजाय आवश्यकता आधारित व्यावहारिकता पर निर्भर होंगे। इस प्रकार मोदी के शब्दों में नए 'संबंध' बने हैं और शी ने 'हार्दिक' बातचीत स्वीकारी है। लेकिन भारत यह उम्मीद नहीं कर सकता है कि चीन उसके लिए पाकिस्तान को छोड़ देगा। भारत अपनी आंतरिक सुरक्षा के प्रति दृढ़ है और उसने चीन की बेल्ट एंड रोड पहल को अस्वीकार किया है। भारत ने बहुपक्षीय मंचों पर चीनी प्रभुत्व को चुनौती दी है।

– **विशाल भारद्वाज**, प्रयागराज

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**क्या** इन लोगों में अनुच्छेद 370 व 35ए बहाल करने की हिम्मत है? क्या देश उनको ये अनुच्छेद बहाल करने की अनुमति देगा?

– **नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री



**युवाओं** द्वारा नौकरियों की बात पर सरकार अनुच्छेद 370 की बात करती है व चांद दिखाया जाता है। लेकिन वह देश की समस्याओं पर चुप है।

– **राहुल गांधी**
पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष



**पाकिस्तान** एफएटीएफ मामले में बहुत दबाव में है। वह अपनी धरती पर सक्रिय आतंकियों पर लगाम नहीं लगा पाया है।

– **अजीत डोवाल**
राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार

# अच्छे चुनाव के लिए दुरुस्त वोटर लिस्ट होना जरूरी: निर्वाचन आयुक्त

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**प्रदेश** में मतदाता सूची के सत्यापन की समीक्षा करने के लिए चुनाव आयोग से निर्वाचन आयुक्त सुशील चंद्रा ने योजना भवन पहुंचकर लखनऊ मंडल के 6 जिलों के जिला निर्वाचन अधिकारियों एवं प्रत्येक जनपद के 2 निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के साथ मतदाता सत्यापन कार्यक्रम की समीक्षा की।

सुशील चन्द्रा ने इस बात पर बल दिया कि एक अच्छे निर्वाचन के लिए स्वस्थ एवं शुद्ध निर्वाचक नामावली का होना अत्यन्त आवश्यक है एवं इसीलिये भारत निर्वाचन आयोग द्वारा यह मतदाता सत्यापन कार्यकम चलाया जा रहा है। भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतन्त्र है एवं एक अच्छे निर्वाचन की जिम्मेदारी हमारे ऊपर बनती है। चूंकि भारत में उत्तर प्रदेश से लगभग 16 प्रतिशत मतदाता आते हैं अत: उत्तर प्रदेश की भूमिका अत्यन्त महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने कहा कि वह लखनऊ में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में मतदाता सत्यापन कार्यक्रम के क्रियान्वयन तथा इस संबंध में आने वाली समस्याओं के बारे में भी सुनना चाहते हैं जिससे कि निर्वाचन आयोग संवेदनशील तरीके से उन समस्याओं का निराकरण कर सकें एवं क्षेत्र के अधिकारियों को मतदाता सत्यापन कार्यक्रम के लिए सक्षम बना सकें। निर्वाचन आयुक्त द्वारा सभी अधिकारियों से क्षेत्र में काम करने वाले कर्मचारियों के प्रशिक्षण पर बल दिये जाने का अनरोध किया एवं यह भी निर्देश दिये कि यह प्रशिक्षण छोटे-छोटे समूहों में आयोजित किए जाएं जिससे कि प्रशिक्षण की विषय वस्तु सही तरीके से कर्मचारियों तक पहुँचायी जा सके। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम अब एक माह के लिए और बढ़ा दिया गया है। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अजय कुमार शुक्ला ने बताया कि वर्तमान समय में लगभग 25 लाख मतदाताओं का सत्यापन प्रतिदिन किया जा रहा है एवं इस संख्या को और बढ़ाने के प्रयास किये जा रहे हैं ताकि इस कार्य को निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण किया जा सके । मण्डल के जिलाधिकारियों द्वारा जनपदों में मतदाता सत्यापन की प्रगति से अवगत कराया गया एवं आश्वस्त किया गया कि इस कार्य को निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरा कर लिया जायेगा।

जिला निर्वाचन अधिकारियों द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि शुरूआती दौर में इस कार्यक्रम की गति थोड़ी धीमी थी परन्तु पिछले एक सप्ताह से इसमें अच्छी गति आयी है एवं अब कार्य करने में कोई बहुत कठिनाई नहीं है। समीक्षा के दौरान निर्वाचन आयोग के वरिष्ठ उप निर्वाचन आयुक्त सन्दीप सक्सेना एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# विधानसभा उप चुनाव के मैदान में 24 फीसदी दागी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

- बीएसपी के सबसे ज्यादा पांच, बीजेपी के तीन, कांग्रेस व समाजवादी पार्टी के दो-दो प्रत्याशियों पर दर्ज हैं आपराधिक मुकदमे
- 35 प्रत्याशियों की सम्पत्ति एक करोड़ से ज्यादा, लखनऊ कैंट से बसपा उम्मीदवार अरुण द्विवेदी 22 करोड़ से ज्यादा की सम्पत्ति के साथ सबसे अमीर
- 31 फीसदी की शैक्षिक योग्यता कक्षा 5 से 12 तो 61 प्रत्याशी स्नातक व दो उम्मीदवार डिप्लोमा धारक

**प्रदेश** में होने वाले विधानसभा उप चुनाव में 24 फीसदी दागी उम्मीदवार मैदान में अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। इनमें सबसे ज्यादा आपराधिक छवि के प्रत्याशी अब्दुल मातीन पीस पार्टी के टिकट पर प्रतापगढ़ विधानसभा से चुनाव लड़ रहे हैं। दूसरे नंबर पर समाजवादी पार्टी के टिकट पर रामपुर से चुनाव लड़ रही डॉ. नाजीन फातमा और तीसरे नंबर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के टिकट पर प्रतापगढ़ से चुनाव लड़ रहे नीरज त्रिपाठी हैं। मंगलवार को उप चुनाव पर आधारित रिपोर्ट को साझा करते हुए उत्तरप्रदेश इलेक्शन वॉच एवं एसोसिएशन फार डेमोक्रेटिक रिर्फाम्स के सदस्यों का कहना है कि उपचुनाव में बाहुबलियों की भरमार है।

एडीआर के यूपी हेड संजय सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश विधानसभा उपचुनाव में चुनाव लड़ने वाले 109 में से 101 प्रत्याशियों के शपथपत्रों का विश्लेषण किया गया है। 8 उम्मीदवारों के शपथपत्र स्पष्ट ना होने के कारण उनका विश्लेषण नहीं किया गया है। उपचुनाव में 101 प्रत्याशियों में से 24 प्रत्याशियों (24 प्रतिशत) उम्मीदवारों ने अपने ऊपर आपराधिक मामले एवं 21 प्रत्याशियों ने गंभीर आपराधिक मामले घोषित किये हैं। अगर बात करें दलगत आपराधिक उम्मीदवारों की तो बीएसपी में सबसे ज्यादा 5, बीजेपी में 3, कांग्रेस में 2, समाजवादी पार्टी में 2 आपराधिक प्रवृत्ति के प्रत्याशियों पर पार्टी ने दांव लगाया है। उपचुनाव में 101 प्रत्याशियों में से 35 प्रत्याशी ऐसे हैं जिनकी सम्पत्ति एक करोड़ से ज्यादा है।

सबसे ज्यादा धनवाद अरुण द्विवेदी हैं, जो लखनऊ कैण्ट से बीएसपी के टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं। इनकी सम्पत्ति 22 करोड़ से ज्यादा है, दूसरे नम्बर पर देवी प्रसाद तिवारी हैं जो कानपुर नगर से बीएसपी के प्रत्याशी हैं, जिनकी सम्पत्ति 10 करोड़ से ज्यादा है और तीसरे नम्बर पर बीजेपी के टिकट पर कानपुर नगर से सुरेन्द्र मैथानी हैं। उपचुनाव में उम्मीदवारों की औसतन सम्पत्ति 1.59 करोड़ है। सबसे कम सम्पत्ति रामपुर विधानसभा से निर्दलीय प्रत्याशी शीवा खान की है, जिन्होंने अपनी सम्पत्ति 4029 रुपये घोषित की है। बात अगर शैक्षिक योग्यता की करें तो 101 प्रत्याशियों में से 31 फीसदी ने अपनी शैक्षिक योग्यता 5 से 12 तक घोषित की है, जबकि 61 प्रत्याशियों ने अपनी योग्यता स्नातक घोषित की है, 2 उम्मीदवार डिप्लोमा धारक हैं। विधानसभा उपचुनाव में 70 उम्मीदवारों ने अपनी आयु 25 से 50 वर्ष के बीच घोषित की है। 61 उम्मीदवारों ने अपनी आयु 51 से 70 वर्ष के बीच घोषित की है। इस विधानसभा उपचुनाव में 11 प्रतिशत महिला उम्मीदवार चुनाव लड़ रही हैं।

# सभी 75 जिलों में सौंपा गया जिम्मा, डीजी भावेश सिंह बने लखनऊ के नोडल अफसर

- कानून व्यवस्था की बेहतरी के लिए योगी सरकार का नया प्रयोग

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** में कानून व्यवस्था की बेहतरी के लिए योगी सरकार की ओर से किए गए नए प्रयोग के तौर पर सभी 75 जिलों में नोडल पुलिस अधिकारी बनाए गए हैं। मुख्यमंत्री के निर्देश पर अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी ने डीआईजी से लेकर डीजी स्तर तक के तेजतर्रार अधिकारियों का चुनाव करने के बाद उन्हें यह अहम जिम्मेदारी सौंपी है।

नोडल पुलिस अधिकारी बनाए गए आईपीएस में लखनऊ में डीजी अभिसूचना भावेश कुमार सिंह, रायबरेली में एडीजी पीसी मीणा, अमेठी में एडीजी एलवी एंटोनी देव कुमार, अंबेडकरनगर में आईजी संजीव गुप्ता, अमरोहा में एडीजी बृजराज मीणा, अलीगढ़ में डीजी ईओडब्ल्यू आरपी सिंह, आगरा में डीजी जेल आनंद कुमार, आजमगढ़ में एडीजी विजय कुमार मौर्या, इटावा में एडीजी हरिराम शर्मा, प्रयागराज में एडीजी आशुतोष पाण्डेय, उन्नाव में एडीजी अंजू गुप्ता, एटा में डीआईजी डॉ. प्रीतेंद्र सिंह, औरैया में डीआईजी विजय भूषण, कन्नौज में आईजी डॉ. एन. रविंदर, कुशीनगर में एडीजी दावा शेरपा, कानपुर देहात में आईजी मोहित अग्रवाल, कानपुर नगर में डीजी सीबीसीआईडी वीरेंद्र कुमार, कासगंज में डीजी प्रशिक्षण सुजान वीर सिंह, कौशांबी में एडीजी एमके बशाल, गाजियाबाद में एडीजी विनोद कुमार सिंह, गाजीपुर में डीजी सतर्कता एचसी अवस्थी, गोण्डा में डीजी होमगार्ड जीएल मीना, गोरखपुर में एडीजी डायल-100 ध्रुवकांत ठाकुर, नोएडा में एडीजी संजय सिंघल, चंदौली में एडीजी असीम कुमार अरुण, चित्रकूट में डीजी फायर सर्विस विश्वजीत महापात्रा, जालौन में आईजी विजय सिंह मीणा, झांसी में एडीजी संजय एम तारडे, देवरिया में एडीजी केएस प्रताप कुमार, पीलीभीत में एडीजी अविनाश चंद्र, अयोध्या में एडीजी एसएन साबत, फतेहुपर में डीआईजी केबी सिंह, फर्रुखाबाद में एडीजी प्रेम प्रकाश,फिरोजाबाद में डीजी भर्ती बोर्ड आरके विश्वकर्मा, बदायूं में डीआईजी राजेश कुमार पाण्डेय, बरेली में एडीजी अभय कुमार प्रसाद, बुलंदशहर में एडीजी राजीव कृष्णा, बलरामपुर में डीजी विशेष जांच महेंद्र मोदी, बलिया में आईजी सुरक्षा रवि जोसफ लोक्कू, बस्ती में आईजी एसटीएफ अमिताभ यश, बहराइच में आईजी पद्मजा चौहान, बागपत में आईजी आलोक सिंह, बांदा में डीआईजी दीपक कुमार, बाराबंकी में डीजी जवाहर लाल त्रिपाठी, बिजनौर में आईजी राम कुमार, मऊ में डीआईजी आजमगढ़ रेंज मनोज तिवारी, मुजफ्फरनगर में डीआईजी रेंज सहारनपुर उपेंद्र अग्रवाल, मथुरा में एडीजी अजय आनंद, मैनपुरी में आईजी आगरा ए.सतीश गणेश, मेरठ में एडीजी आदित्य मिश्रा, मुरादाबाद में एडीजी कमल सक्सेना, महराजगंज में एडीजी गोरखपुर रेंज जय नारायण सिंह, महोबा में आईजी विजय प्रकाश, मिर्जापुर में एडीजी जकी अहमद, रामपुर में आईजी रमित शर्मा, शाहजहांपुर में आईजी नीलाब्जा चौधरी, शामली में आईजी लक्ष्मी सिंह, लखीमपुरखीरी में एडीजी एसके माथुर, ललितपुर में डीजी सहकारिता असित कुमार पाण्डा, वाराणसी में एडीजी दीपेश जुनेजा, श्रावस्ती में आईजी नवनीत सिकेरा, संतकबीरनगर में डीआईजी पीयूष श्रीवास्तव, संभल में एडीजी एसबी शिरोडकर, सुलतानपुर में एडीजी पीयूष आनंद, सहारनपुर में एडीजी मेरठ जोन प्रशांत कुमार, सिद्धार्थनगर में आईजी (अपराध) अशोक कुमार सिंह, सीतापुर में एडीजी रेणुका मिश्रा, सोनभद्र में एडीजी बृजभूषण, हमीरपुर में आईजी दीपक रतन, हरदोई में आईडी एसके भगत, हाथरस में आईजी नवीर अरोरा और आईजी अमित चंद्रा को हापुड़ जिले का जिम्मा सौंपा गया है।

## गांधी संकल्प यात्रा ने अब तक 5782 किमी का सफर किया


**लखनऊ।** महात्मा गांधी की जयंती प्रारम्भ हुई गांधी संकल्प यात्रा पड़ाव दर पड़ाव आगे बढ़ रही है। जन सरोकारों से जुड़ती हुई पदयात्रा गांव, गरीब, किसान, नौजवान की दहलीज पर दस्तक दे रही है। बीजेपी के प्रदेश महामंत्री पंकज सिंह ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह 17 अक्टूबर को कन्नौज व 31 अक्टूबर को वाराणसी मं गांधी संकल्प यात्रा की अगुवाई करेंगे। गांधी संकल्प यात्रा अब तक अपना आधा सफर तय कर चुकी है और पदयात्रा ने अब तक के सफर में 5782 किमी की यात्रा पूरी कर ली है। भाजपा प्रत्येक लोकसभा में 150 किमी का मार्ग तय करके केन्द्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी लेकर सांसदों के नेतृत्व में जनता के दरबार में पहुंच रही है। सिंह ने बताया कि गांधी संकल्प यात्रा में अब तक 1823 जनसभाओं में पहुंचे 1421 जनप्रतिनिधियों के द्वारा राष्ट्रीय एकता और अखंडता को अक्षुण्य बनाए रखने के लिए मोदी एवं शाह द्वारा जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 समाप्त किये जाने का निर्णय भी जनता तक पहुंचा है।

# बिना आयोग की अनुमति के पावर कारपोरेशन ने खरीदी बिजली

- आयोग ने जारी की नोटिस

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**पॉवर** कॉरपोरेशन और प्रदेश की बिजली कम्पनियों की तानशाही से जहां उपभोक्तओं को रोज दो चार होना पड़ रहा है तो वहीं पावर कॉर्पोरशन और यूपीएसलडीसी का अब एक नया कारनामा सामने आया है। पावर कार्पोरेशन ने 440 मेगावाट विंड पावर बिना नियामक आयोग की अनुमति के चुपचाप पीटीसी के माध्यम से क्रय कर ली, इस मामले का खुलासा तब हुआ जब पावर कार्पोरेशन नियामक विद्युत आयोग से उसका अनुमोदन लेने आया। इस पर आयोग भी अचंभित हो गया कि बिना उसकी अनुमति के पावर कारपोरेशन ने कैसे बिजली क्रय कर ली है। नियमत: विद्युत अधिनियम 2003 के प्राविधानों और आयोग द्वारा बनाए



गए नियमों के तहत कोई भी सरकारी व निजी बिजली कंपनी जब तक नियामक आयोग से पावर परचेज एगेरिमेंट और पावर सेल एगेरिमेंट की अनुमति न ले ले वह किसी से बिजली खरीद नहीं कर सकता और न ही यूपीएसलडीसी उसकी शिडूलिंग ही कर सकता। इस मामले में नियामक आयोग ने धारा 142 के तहत नोटिस देते हुए कहा कि पॉवर कार्पोरेशन व एसलडीसी ने विद्युत अधिनियम 2003 के प्राविधानों के तहत नियामक आयोग के नियमों का पूर्णतया उलघन किया है। एक साल से बिना अनुमित के विंड पावर की खरीद गंभीर मामला है आयोग ने श्री राम स्वार्थ और निदेशक एसलडीसी को विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 142 के तहत नोटिस देते हुए फटकार लगायी है। इस नोटिस के बाद एक लाख रूपए का जुर्माना कारपोरेशन को देना पड़ेगा। उप्र विद्युत उपभोक्ता परिषद ने इस मामले पर सरकार से कड़ी कार्यवाही की मांग उठाते हुए बिना अनुमोदित पीपीए के विंड पावर खरीद की जाँच की मांग उठायी है। उपभोक्ता परिषद ने कहा कि इस मामले में सख्त कानून बनना चाहिए।




लखनऊ विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में चन्द्रयान-2 की मिशन निदेशक रितु करिधाल और नीति आयोग के उपाध्यक्ष राजीव कुमार को मानद उपाधि देतीं राज्यपाल आनंदी बेन पटेल

# राम की पैड़ी पर अविरल प्रवाह बनाये रखने का कार्य 18 तक पूरा करने के निर्देश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रमुख** सचिव सिंचाई एवं जल संसाधन टी. वेंकटेश ने अयोध्या में दीपोत्सव 2019 कार्यक्रम को देखते हुए सिंचाई विभाग द्वारा राम की पैड़ी पर अविरल प्रवाह बनाने समेत कराये जा रहे रिमॉडलिंग परियोजना के समस्त कार्यों को 18 अक्टूबर शुक्रवार तक प्रत्येक स्थिति में पूरा कराये जाने के निर्देश दिए हैं। यह निर्देश प्रमुख सचिव सिंचाई एवं जल संसाधन टी. वेंकटेश ने दिए। प्रमुख सचिव सिंचाई श्रीराम की पैड़ी अयोध्या में पवित्र सरयू नदी के जल को अविरल एवं प्रवाहमय बनाने के लिए संचालित रिमॉडलिंग परियोजना का विधिवत निरीक्षण कर रहे थे। उन्होंने राम की पैड़ी परियोजना के अन्तर्गत निर्मित पम्प हाउस एवं चैनल के रिमॉडलिंग के लिए निर्माण कार्यों का मौके पर निरीक्षण किया। उन्होंने राम की पैड़ी चैनल की साफ-सफाई उच्च कोटि की बनाये रखने एवं



कार्यस्थल को सुव्यवस्थित बनाने की भी हिदायत दी। प्रमुख सचिव ने कहा कि कार्य में किसी तरह की लापरवाही को गम्भीरता से लिया जायेगा, इसलिए संबंधित अधिकारी 18 अक्टूबर तक सारे कार्यों को अपनी देखरेख में पूरा करा लें। निरीक्षण के दौरान प्रमुख अभियंता सिंचाई एवं जल संसाधन वीके निरंजन, अधीक्षण अभियंता गुण नियंत्रण मण्डल अयोध्या संदीप खरे, अधिशासी अभियंता सरयू नहर खण्ड अयोध्या जय सिंह तथा सहायक अभियंता द्वितीय सरयू नहर खण्ड अयोध्या मानवेन्द्र सिंह तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# जिला व शहर अध्यक्षों की नियुक्ति में भी कांग्रेस ने साधा जातीय समीकरण

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**कांग्रेस** ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी में जातीय समीकरण फिट करने के बाद जिला और शहर अध्यक्षों की नियुक्ति में भी जातीय समीकरण को साधने की कोशिश की है। पार्टी जानकारों का कहना है कि जिले और मंडल के जातीय समीकरणों को देखते हुए ही जिला अध्यक्ष और शहर अध्यक्षों का चयन किया गया है। मंगलवार को जिन 47 जिलों के जिलाध्यक्ष व चार शहर अध्यक्षों की घोषणा की गयी है उनमें 14 फीसदी दलित, 33 फीसदी पिछड़ी जातियों, 35 फीसदी सवर्ण और 18 फसिदी अल्पसंख्यक समुदाय को कमान सौंपी गयी है। अल्पसंख्यक समुदाय में ज्यादातर पासमांदा जातियों पर फोकस किया गया है। जिले में महिलाओं को भी प्रमुखता से जगह मिली है। उनकी भागीदारी लगभग 10 फीसदी है। उत्तर प्रदेश में कांग्रेस ने जिन 47 जिलों के जिलाध्यक्षों का नाम घोषित किया है उनमें झांसी से भगवानदास कोरी, ललितपुर से बलवंत सिंह राजपूत, जालौन से अनुज मिश्रा, बांदा से राजेश दीक्षित, चित्रकूट से कुशल पटेल, हमीरपुर से नीलम निषाद, महोबा से तुलसीदास लोधी, कौशाम्बी से अरुण विधार्थी, फतेहपुर से अखिलेश पाण्डेय, अयोध्या से अखिलेश यादव, सुल्तानपुर से अभिषेक सिंह राणा, अमेठी से प्रदीप सिंघल, रायबरेली से पंकज तिवारी, आजमगढ़ से प्रवीण सिंह,मऊ से इंतेखाब आलम, चंदौली से धर्मेन्द्र तिवारी, गाजीपुर से सुनील राम, जौनपुर से फैसल हसन तबरेज, मिर्जापुर से शिव कुमार पटेल, भदोही से देवनारायण यादव, सोनभद्र से रामराज गोंड, बस्ती से अंकुर वर्मा, संतकबीरनगर से प्रवीण चन्द्र पाण्डेय, सिद्धार्थनगर से काजी सुहेल अहमद, गोरखपुर से निर्मला पासवान, कुशीनगर से राजकुमार सिंह, महाराजगंज से अवनीश पाल, देवरिया से धर्मेन्द्र सिंह सैथवारा, मथुरा से दीपक चौधरी, कानपुर से ऊषारानी कोरी, औरैया से शिववीर दूबे, हाथरस से चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य, फिरोजाबाद से संदीप तिवारी, श्रावस्ती से नशीम चौधरी, बलरामपुर से अनुज कुमार सिंह, पीलीभीत से हरप्रीत सिंह चब्बा, आगरा से श्रीमती मनोज दीक्षित, हरदोई से आशीष कुमार सिंह, मैनपुरी से वीनीता शाक्य, इटावा से मलखान सिंह यादव, कानपुर देहात से नरेश कटियार, एटा से एकेश लोधी, संभल से विजय शर्मा, बुलंदशहर से तुक्कीमल खटिक, कन्नौज से प्रमोद शाक्य, मुजफ्फरनगर से हरेन्द्र त्यागी और गौतमबुद्धनगर से मनोज चौधरी शामिल हैं। वहीं संभल शहर से तौकीर अहमद, बुलंदशहर शहर से हुसैन अली, मुजफ्फरनगर शहर से जुनैद रुऊफ और गौतमबुद्ध नगर शहर से शहाबुद्दीन को शहर अध्यक्ष बनाया गया है।

# सौभाग्य व उज्ज्वला दोनों का लाभ उठाने वालों को नहीं मिलेगा केरोसिन

## राजधानी में कोटेदारों के आवंटन में तो कर दी कटौती लेकिन आपूर्ति विभाग ने नहीं जारी किए कोई लिखित आदेश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**सरकार** ने सौभाग्य और उज्वला योजना का लाभ उठाने वाले सभी परिवारों को केरोसिन नहीं देने की नई कवायद शुरू की है। इसमें बिजली और रसोई गैस कनेक्शन निजी तौर पर लेने वाले भी शामिल किए गए हैं। अब उन परिवारों को केरोसिन नहीं मिल सकेगा जो इन दोनों योजनाओं का लाभ उठा रहे हैं। यदि इन योजनाओं में से किसी एक योजना का लाभ ले रहे हैं तो केरोसिन दिया जाएगा। इसी आदेश के बाद राजधानी के लाखों उपभोक्ताओं के हिस्से के केरोसिन के आवंटन की कटौती कर ली गई है। इस वजह से तमाम कोटेदारों को केरोसिन का आवंटन भी कम कर दिया गया है। लेकिन कोटेदारों को कोई दिशा निर्देश आपूर्ति विभाग ने जारी नहीं किए हैं।

राजधानी के गरीबों को सरकारी आदेश ने उनकी दीवाली फीकी कर दी है। गरीबों के घरों में रहेगा अंधेरा, सौभाग्य और उज्वला के लाभार्थियों



को केरोसिन नहीं मिलेगा । इसी वजह से नाराज कोटेदारों ने दीवाली पर अक्टूबर माह के केरोसिन की उठान से मना कर दिया है। उत्तर प्रदेश सस्ता गल्ला विक्रेता परिषद के अध्यक्ष अशोक मेहरोत्रा ने बताया कि उन्हें केरोसिन का आवंटन इतना कम कर दिया गया है कि वे किस राशन कार्ड धारक को वितरण करें और किसे नहीं। ऐसे में अगर वे किसी कार्डधारक को केरोसिन नहीं देते हैं तो बवाल और हंगामा होगा। इसलिए सभी कोटेदारों ने तय किया है कि जब तक कोई दिशा निर्देश लिखित तौर पर आपूर्ति विभाग से जारी नहीं हो जाते हैं तब तक वे अक्टूबर माह का केरोसिन की उठान ही नहीं करेंगे। बताया कि जिन कोटेदारों ने उठान कर ली है, उन्हें वितरण करने से मना किया गया है। अगर किसी कोटेदार ने वितरण किया भी है तो उसे आपूर्ति विभाग के अधिकारियों से सत्यापन कराने के लिए कहा गया है। अशोक मेहरोत्रा ने बताया कि दरअसल सरकार ने तय किया है कि जो परिवार गैस कनेक्शन और बिजली कनेक्शन धारक हैं अब उन्हें केरोसिन नहीं दिया जाएगा। केरोसिन उन्हें दिया जाएगा जिन परिवारों के पास न गैस कनेक्शन है और न बिजली का कनेक्शन है। बताया कि अभी तक आपूर्ति विभाग ने सिर्फ मौखिक आदेश ही जारी किए हैं। कोई भी लिखित आदेश कोटेदारों को नहीं दिया गया है। अगर कोई बात होती है तो कोटेदारों को ही आरोपी बनाया जाएगा। इसीलि कोटेदारों ने अक्टूबर माह का केरोसिन उठान नहीं करने का निर्णय लिया है। बताते चलें कि राजधानी में 52 प्रतिशत रसोई गैस कनेक्शन है। जिसमें उज्जवला और निजी तौर पर लिए गए कनेक्शन धारक शामिल हैं। इसमें ज्यादातर परिवार वह हैं जिनका राशन कार्ड बना है। जबकि आपूर्ति विभाग में बिजली कनेक्शन की सूची नहीं हैं। उसके लिए उन्हें कोटेदार को लगाया है। वह अपने क्षेत्र में परिवारों के बिजली कनेक्शन होने की सूची तैयार करें। जिससे यह तय हो सके कि किस परिवार के पास बिजली कनेक्शन है। वहीं रसोई गैस कनेक्शन की सूची भी चस्पा की गई है। जिसका नाम हैं उसको चिन्हित किया जा रहा है।

### ब्लैक में 30 से 35 रुपए लीटर बिकता है केरोसिन

**पात्र** लाभार्थियों को उपलब्ध नहीं कराए जाने वाले केरोसिन की कालाबाजारी की जा रही है। बताया जाता है कि ब्लैक में केरोसिन की बिक्री 35 से 40 रुपए प्रति लीटर की दर पर हो जाती है। एक लीटर केरोसिन की कालाबाजारी पर 10 से 15 रुपए का हेरफेर किया जा रहा है। इस हिसाब से हर साल करोड़ों का खेल खेला जा रहा है।

### हर 15 दिन पर 25 पैसे बढ़ जाता है रेट

**केंद्र** सरकार केरोसिन पर दी जाने वाली सब्सिडी में लगातार कटौती कर रही है। हर पंद्रह दिन पर केरोसिन के रेट में 25 पैसे प्रति लीटर का इजाफा हो जाता है। सरकार ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि पात्र लाभार्थियों को ही केरोसिन तेल का वितरण सुनिश्चित किया जाए। इसका डायवर्जन किसी भी स्थिति में नहीं होना चाहिए।

# गौतम नवलखा को गिरफ्तारी से संरक्षण की अवधि चार सप्ताह बढ़ी

**एजेंसी।** नई दिल्ली

## कोरेगांव-भीमा मामला

**उच्चतम न्यायालय** ने कोरेगांव-भीमा हिंसा मामले में मानव अधिकार कार्यकर्ता गौतम नवलखा को गिरफ्तारी से प्राप्त अंतरिम संरक्षण की अवधि मंगलवार चार सप्ताह के लिए बढ़ा दी। न्यायमूर्ति अरुण मिश्रा और न्यायमूर्ति दीपक गुप्ता की पीठ ने गौतम नवलखा से कहा कि इस मामले में गिरफ्तारी से पहले जमानत के लिए वह संबंधित अदालत में जाएं। महाराष्ट्र सरकार के वकील ने जब नवलखा को और अंतरिम संरक्षण दिए जाने का विरोध किया तो पीठ ने सवाल किया कि उन्होंने एक साल से ज्यादा समय तक उनसे पूछताछ क्यों नहीं की। शीर्ष अदालत ने चार अक्टूबर को नवलखा को गिरफ्तारी से अंतरिम संरक्षण की अवधि 15 दिन के लिए बढ़ाई थी।

इस मामले में पिछली तारीख पर सुनवाई के दौरान नवलखा के वकील ने कहा था कि वह पीयूडीआर के सचिव हैं और उन्होंने हमेशा ही हिंसा की निन्दा की है। पीठ ने नवलखा से जानना चाहा था कि उन्होंने इस मामले में दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 438 के तहत अदालत से अग्रिम जमानत के लिए अनुरोध क्यों नहीं किया।

इस पर नवलखा के वकील ने कहा था कि वह अग्रिम जमानत के लिए अदालत जा सकते हैं लेकिन शीर्ष अदालत को उन्हें अंतरिम संरक्षण प्रदान करना चाहिए जो पिछले एक साल से जारी है। न्यायालय के एक सवाल के जवाब में महाराष्ट्र सरकार के वकील ने पीठ को बताया था कि इस मामले में 28 व्यक्तियों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया गया है। इनमें से 15 आरोपी न्यायिक हिरासत में हैं। नवलखा के वकील ने पीठ को बताया था कि उनके मुवक्किल के खिलाफ अभी आरोप पत्र दाखिल नहीं किया गया है। बंबई उच्च न्यायालय ने 13 सितंबर को गौतम नवलखा के खिलाफ माओवादियों से संपर्क रखने के आरोप में दर्ज प्राथमिकी निरस्त करने से इंकार कर दिया था। अदालत ने कहा था कि पहली नजर में उनके खिलाफ मामले में दम लगता है। पुलिस ने 31 दिसंबर, 2017 को ऐलगार परिषद के बाद कोरेगांव-भीमा में हुई हिंसा की घटना के सिलसिले में जनवरी, 2018 में गौतम नवलखा और अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया था। पुलिस का आरोप है कि नवलखा और अन्य आरोपियों के माओवादियों से संपर्क हैं और वे सरकार को अपदस्थ करने के लिए काम कर रहे हैं।

पुलिस ने नवलखा के साथ ही वारवरा राव, अरुण फरेरा, वर्णन गोन्साल्वेज और सुधा भारद्वाज भी इस मामले में आरोपी हैं। इन सभी के खिलाफ गैरकानूनी गतिविधयां (रोकथाम) कानून और भारतीय दंड संहिता के विभिन्न प्रावधानों के तहत प्राथमामला दर्ज किया गया है।

# मैं भाजपा में था, हूं और रहूंगा: विधायक त्रिपाठी

**भोपाल।** मप्र विधानसभा में विधेयक पर मत विभाजन के दौरान करीब ढाई महीने पहले अपना समर्थन मुख्यमंत्री कमलनाथ के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार को देने वाले भाजपा के दो विधायकों में से एक नारायण त्रिपाठी ने कहा कि मैं भाजपा में था, भाजपा में हूं और भाजपा में ही रहूंगा। कमलनाथ सरकार को मत विभाजन करने के बाद मंगलवार को वह पहली बार यहां दीनदयाल परिसर स्थित भाजपा मुख्यालय में आए और संवाददाताओं से बातचीत के दौरान ऐसा कहा। वह मध्य प्रदेश के पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता के साथ आए और पार्टी को समर्थन देने की बात भी कही। त्रिपाठी ने कहा, मैं भाजपा में था, भाजपा में हूं और भाजपा में रहूंगा। मैं (मध्य प्रदेश के कांग्रेस नीत सरकार के) मंत्रियों एवं मुख्यमंत्री के संपर्क में था, ताकि अपने विधानसभा क्षेत्र मैहर में विकास का काम जारी रख सकूं। लेकिन असलियत में मैं तो भाजपा के साथ ही था। मालूम हो कि 28 जुलाई को भाजपा को उस वक्त करारा झटका लगा था जब मध्य प्रदेश विधानसभा में एक विधेयक पर मत विभाजन के दौरान उसके दो विधायकों नारायण त्रिपाठी और शरद कोल ने अपना समर्थन कमलनाथ के नेतृत्व वाली कांग्रेस नीत सरकार को दे दिया था। जब त्रिपाठी से यह पूछा गया कि उन्होंने तब कमलनाथ सरकार को समर्थन क्यों दिया, तो इस पर उन्होंने कहा कि मैं और शरद कोल समझ रहे थे कि भाजपा उस विधेयक का समर्थन कर रही है, इसलिए ऐसा किया था। उन्होंने कहा कि लेकिन उसके बाद से ही हम दोनों विधायक भाजपा नेताओं के संपर्क में थे और भाजपा की नीतियों का समर्थन करते हैं, न कि कांग्रेस की।


नई दिल्ली में सफदरजंग मकबरे का नीदरलैंड के राजा एलेक्जेंडर और रानी मैक्जिमा ने दौरा किया

# वादकारियों को बेंच होंगी लाभप्रद: न्यायाधीश

- लोकार्पित हुई नयी बेंचे
- जिला जज ने फीता काटकर किया शुभारंभ
- न्याय भवन में जिला पंचायत के सहयोग से हुआ निर्माण


न्याय भवन में नवीन बैंचों के लोकार्पण पर न्यायिक अधिकारी, अधिवक्ता व जिला पंचायत परिवार

**ललितपुर।** जिला न्यायालय परिसर में न्यायिक कक्षों के सामने जिला पंचायत के सहयोग से वादकारियों के बैठने की व्यवस्था की गयी है। नयी बनी बेंचों और उनके शेड का शुभारम्भ जिला एवं सत्र न्यायाधीश मदनलाल निगम ने फीता काटकर किया। जिला जज मदनलाल निगम ने कहा कि वादकारियों के लिए यह बेंचे काफी सुविधाजनक साबित होंगी। वादकारियों की सुविधा के साथ सुरक्षा गार्ड के बैठने के लिए भी ये बैंच और शैड की व्यवस्था मुख्य गेट पर की गयी है। इस नयी व्यवस्था से जहां न्यायालय परिसर की सुन्दरता में चार चांद लग गये हैं, तो वहीं वादकारियों के लिए अतिरिक्त सुविधा भी मुहैया हो गयी है। इस सुविधा के बिना वादकारी जगह-जगह खड़े रहने को मजबूर होते थे।

जिला बार एसोसियशेन के अध्यक्ष श्रीप्रकाश चौबे ने कहा कि अधिवक्ताओं की यह माँग पहले से थी। जिसके क्रियान्वयन होने पर वे जिला जज एवं जिला पंचायत को साधुवाद देते हैं। इस लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय मनोज कुमार अग्रवाल, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश चन्द्र प्रकाश श्रीवास्तव (ईसी एक्ट), अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (एफटीसी) निर्भय प्रकाश, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अजय पाल सिंह, जिला बार एसोसियशेन अध्यक्ष श्रीप्रकाश चौबे, शासकीय अधिवक्ता फौजदारी राजेश दुबे, पूर्व नपाध्यक्ष रमेश खटीक, जिला पंचायत से भगत राजा, राजकुमार नायक, दीवानी न्यायालय कर्मचारी संघ अध्यक्ष विनोद गोस्वामी व अधिवक्ता मौजूद रहे।

# गांगुली ने भाजपा में शामिल होने की अटकलों को किया खारिज

**एजेंसी।** कोलकाता

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने मंगलवार को उन अटकलों को खारिज कर दिया कि वह भगवा पार्टी में शामिल होंगे और कहा कि अभी ऐसा नहीं होगा क्योंकि न तो उन्होंने और न ही केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने हाल में हुई अपनी बैठक में इस बारे में कोई चर्चा की। गौरतलब है कि बीसीसीआई अध्यक्ष पद के लिए गांगुली इकलौते उम्मीदवार हैं, इसलिए उनका निर्वाचन तय है।

शाह ने शनिवार को गांगुली से मुलाकात की थी जिससे ए अटकलें लगने लगी कि पूर्व भारतीय क्रिकेट कप्तान को बीसीसीआई अध्यक्ष पद की पेशकश इस बदले में की गई कि वह 2021 में महत्वपूर्ण पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों में भाजपा उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ेंगे। बंगाल क्रिकेट संघ (कैब) के अध्यक्ष गांगुली ने सोमवार को एक और पूर्व भारतीय बल्लेबाज ब्रजेश पटेल को पीछे छोड़ दिया और बीसीसीआई के शीर्ष पद के लिए नामांकन भरने वाले वह इकलौते उम्मीदवार हैं।

गांगुली ने कैब में पत्रकारों से कहा, जब मैं पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता दीदी से मिला था तब भी मैंने ऐसे ही राजनीतिक सवाल सुने थे। उन्होंने कहा, मैं पहली बार अमित शाह से मिला था। न तो मैंने इसके बारे में कोई सवाल पूछा कि बीसीसीआई में क्या होने जा रहा है और मुझे पद मिल रहा है या नहीं और न ही वहां ऐसी कोई चर्चा हुई कि आपको यह (बीसीसीआई अध्यक्ष पद) तभी मिलेगा अगर आप वह करने पर राजी होंगे। इसलिए इस वक्त कोई राजनीतिक गतिविधि नहीं है। शाह के बेटे जय शाह बीसीसीआई के नए सचिव होंगे और अरुण धूमल नए कोषाध्यक्ष होंगे। धूमल वित्त राज्यमंत्री और पूर्व बीसीसीआई अध्यक्ष अनुराग ठाकुर के छोटे भाई हैं।

# रक्षा के आधुनिकीकरण की आवश्यकता पर जोर दिया अजीत डोभाल ने

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने रक्षा आधुनिकीकरण की आवश्यकता पर जोर देते हुए मंगलवार को कहा कि प्रौद्योगिकी भू-राजनीति में जीतने की कुंजी है और भारत को राष्ट्रीय सुरक्षा बढ़ाने के लिए उभरती हुई वास्तविकताओं के साथ बुनियादी बातों पर पुनर्विचार करने और अपने ढांचों को फिर से से संयोजित करने से पीछे नहीं हटना चाहिए। डीआरडीओ सम्मेलन को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार ने दुख प्रकट करते हुए कहा कि रक्षा प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भारत पीछे है। उन्होंने पाया कि देश की सुरक्षा कमजोरियां आज बहुत अधिक हैं और आने वाले समय में और भी अधिक होने वाली हैं। डोभाल ने कहा कि बेहतरीन उपकरणों से सुसज्जित सेनाओं के नियंत्रण में हमेशा चीजें रहती हैं जो मानव जाति के भाग्य का फैसला करती हैं। उन्होंने कहा कि उनके पास हमेशा उच्च प्रौद्योगिकी रही है।

# इस बार आभूषण उद्योग के लिए अंधेरी रहेगी दिवाली

**एजेंसी।** मुंबई

**आभूषणों** की कीमतों में तकनीकी सुधार के बावजूद आभूषण उद्योग के लिए दिवाली और धनतेरस के फीका रहने और उन्हें पिछले साल के मुकाबले बिक्री में कम से कम 30 प्रतिशत की गिरावट आने की की आशंका है। उद्योग की एकमात्र उम्मीद आभूषणों की कीमतों में गिरावट आने को लेकर है जिसके कारण दुकानों पर ग्राहकों की संख्या में इजाफा हो सकता है। पिछले महीने बहुमूल्य धातुओं की कीमत 4,000 रुपए प्रति ग्राम के रिकॉर्ड स्तर पर जा पहुंचा था, और मौजूदा समय में, सोने का भाव लगभग 3,800 रुपए प्रति ग्राम है। वर्ष 2018 में, आभूषण उद्योग वर्ष 2017 की दिवाली के समय हुई बिक्री के बराबर रहने में कामयाब रहा था। अखिल भारतीय रत्न एवं आभूषण घरेलू परिषद के अध्यक्ष अनंत पद्मनाभन ने मंगलवार को कहा, त्योहार के मौसम की शुरुआत में, सोने की कीमतें पिछले महीने 40,000 रुपए प्रति 10 ग्राम की ऊंचाई पर जा पहुंची थी और अभी भी कीमत अधिक बनी हुई हैं। इसने उपभोक्ता धारणा को और कमजोर बनाया है और उसे गंभीर रूप से प्रभावित किया है। उन्होंने कहा, अगर इस सप्ताह के दौरान कीमतें घटने लगती हैं तो खुदरा मांग में कुछ सुधार हो सकता है। हालांकि, पिछले साल की तुलना में कुल कारोबार 30 प्रतिशत कम रहेगा। भारत के लिए विश्व स्वर्ण परिषद के प्रबंध निदेशक सोमसुंदरम पीआर ने कहा कि बहुमूल्य धातुओं की अधिक कीमत के कारण यह दिवाली बहुत चमकदार नहीं होने वाली है और पहले से ही अर्थव्यवस्था के सभी प्रमुख संकेतकों के सुस्त होने और अर्थव्यवस्था में चौतरफा उदासीनता के कारण उपभोक्ता धारणा प्रभावित हुई है। हालांकि, आभूषण खुदरा विक्रेता आशावादी हैं, जो ऑफर और योजनाओं के साथ उपभोक्ताओं को आकर्षित करने की कोशिश कर रहे हैं।

## पेज एक का शेष

### चिदंबरम को ...

केस में उसे चिदंबरम को हिरासत में लेकर पूछताछ करने की आवश्यकता है। इसका विरोध करते हुए चिदंबरम के वकील कपिल सिब्बल ने दलील दी कि प्रवर्तन निदेशालय को चिदंबरम को कस्टडी में लेने की जरूरत नहीं है। सर्वोच्च अदालत में अपनी जमानत का अनुरोध करते चिदंबरम ने मंगलवार को कहा कि सीबीआई सिर्फ उन्हें अपमानित करने के लिए हिरासत में रखना चाहती है। न्यायमूर्ति आर भानुमति की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष चिदंबरम की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल और अभिषेक मनु सिंघवी ने दलील दी कि पूर्व वित्तमंत्री या उनके परिवार के सदस्यों पर ऐसा कोई आरोप नहीं है कि उन्होंने कभी इस मामले के गवाहों को प्रभावित करने या उनसे संपर्क करने का प्रयास किया हो। मामले में किसी प्रकार के आर्थिक नुकसान या धन हड़पने जैसा भी कोई आरोप नहीं है। दोनों अधिवक्ताओं ने कांग्रेस नेता की जमानत रद्द करने संबंधी दिल्ली उच्च न्यायालय के 30 सितंबर के फैसले के निष्कर्षो पर भी सवाल उठाए और कहा कि जमानत याचिका पर फैसला करते समय उसे मामले के गुण दोषों में नहीं जाना चाहिए था। न्यायालय ने कहा कि वह बुधवार को जांच ब्यूरो की ओर से सॉलिसीटर जनरल तुषार मेहता की दलीलें सुनेगा। पूर्व वित्त मंत्री ने इस मामले में उन्हें जमानत देने से इनकार करने संबंधी उच्च न्यायालय के 30 सितंबर के फैसले को शीर्ष अदालत में चुनौती दे रखी है। चिदंबरम ने कहा है कि उन्हें लगातार जेल में बंद रखना सजा के रूप में है और अज्ञात व अपुष्ट आरोपों पर किसी व्यक्ति को उसकी स्वतंत्रता से वंचित नहीं किया जा सकता है। सीबीआई ने चिदंबरम को जमानत देने से इनकार करने संबंधी उच्च न्यायालय के उन निष्कर्षो को सोमवार को शीर्ष अदालत में चुनौती दी जिसमें कहा गया था कि कांग्रेसी नेता के भागने का खतरा नहीं है और वह साक्ष्यों के साथ छेड़छाड़ भी नहीं कर सकते हैं। हालांकि, गवाहों को प्रभावित करने संबंधी तीसरा बिन्दु उनके खिलाफ जाता है। केंद्रीय जांच ब्यूरो ने वित्त मंत्री के रूप में चिदंबरम के कार्यकाल के दौरान 2007 में आईएनएक्स मीडिया समूह को विदेश से 305 करोड़ रुपये के निवेश की विदेशी निवेश संवर्द्धन बोर्ड की मंजूरी में कथित अनियमित्ताओं के संबंध में 15 मई, 2017 को प्राथमिकी दर्ज की थी।इसके बाद, प्रवर्तन निदेशालय ने 2017 में ही मनी लांड्रिंग (धन शोधन) का मामला दर्ज किया था।

### ड्रग के ...

पर पटेल ने कहा कि उनके पास (मीडिया) ज्यादा जानकारी है क्योंकि कई कागजात जिसे उन्होंने भी नहीं देखा है, मीडिया के पास खुद पहुंच गए हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने जोर देकर कहा कि सीजे हाउस संपत्ति पटेल परिवार ने 1963 में ग्वालियर के राज परिवार सिंधिया से खरीदी थी। इसे लेकर पटेल परिवार के भीतर विवाद पैदा हो गया और 1978 में मुकदमा दायर हुआ। इसके बाद से यह संपत्ति बॉम्बे हाई कोर्ट के कोर्ट रिसीवर के नियंत्रण में है। उनकी संपत्ति पर दो होटलों ने अतिक्रमण कर रखा है जिनमें से एक श्रीनिकेतन है जिसका मालिक एमके मोहम्मद है। कानूनी प्रक्रिया के दौरान मोहम्मद समझौते के लिए राजी हो गया और 1988 और 1990 में कानूनन यह संपत्ति हाजरा इकबाल मेमन के नाम हस्तांतरित कर दी। इस हस्तांतरण प्रक्रिया की मुंबई के उप रजिस्ट्रार कार्यालय में बाकायदा रजिस्ट्री कराई गई थी। पटेल ने बताया कि बॉम्बे हाईकोर्ट के 1997 के आदेश के मुताबिक, उन लोगों (पटेल परिवार) ने हाजरा के लिए वैकल्पिक आवास की व्यवस्था की थी। यह व्यवस्था वैसी ही थी जैसी कि टेल्को (अब टाटा मोटर्स) जैसे कुछ कॉरपोरेट घराने को मुहैया कराई गई थी। इस इमारत को बृहन्मुंबई म्युनिसिपल कॉरपोरेशन की तरफ से असुरक्षित घोषित किया गया औक कोर्ट ने इसके पुनर्निमाण का आदेश दिया। पटेल ने दोहराया कि संपत्ति के दस्तावेज दिखाते हैं कि लेनदेन साफ-सुथरा और पारदर्शी है। इससे पहले, प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारियों ने बताया कि पटेल तथा उनकी पत्नी द्वारा संचालित रियल एस्टेट कंपनी मिलेनियम डेवलपर्स तथा मिर्ची की पत्नी हाजरा इकबाल मेमन के बीच एक सौदे के सिलसिले में धन शोधन रोकथाम कानून के तहत पटेल का बयान दर्ज किया जा सकता है। ईडी विमानन घोटाले से जुड़े धनशोधन के एक अन्य मामले में पहले ही राकांपा नेता से पूछताछ कर चुकी है। ईडी ने हाल ही में मिर्ची के दो कथित सहयोगियों को गिरफ्तार किया था।

### भाजपा ने...

अलावा दूसरी अन्य बातों को नकार रहे थे कि हत्या की साजिश सावरकर एवं उनके समूह की थी। तिवारी ने कहा, अगर कपूर आयोग की लिखी रिपोर्ट में बात सही है तो सरकार को बहुत ही गंभीरता से विचार करना चाहिए कि क्या महात्मा गांधी की 150वीं जयंती पर यह कदम उचित है? कांग्रेस नेता ने दावा किया कि यह आरएसएस एवं भाजपा का एक बहुत ही सुनियोजित और बहुत सोचा समझा कदम है कि एक तरफ महात्मा गांधी की तारीफ करते रहो और दूसरी तरफ सावरकर के लिए भारत रत्न की मांग करते रहो। वहीं इस पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव डी राजा ने कहा कि सत्तारूढ़ पार्टी भाजपा महात्मा गांधी के हत्यारे नाथूराम गोडसे को सम्मानित करने का भी प्रस्ताव रख सकती है। राजा ने यहां कहा, यह हमारे समय की सबसे बड़ी विडंबना है कि जब हम गांधीजी की जन्मशती का जश्न मना रहे हैं तो भाजपा सावरकर को भारत रत्न देने की मांग कर रही है जो उनकी हत्या मामले में एक आरोपी थे। भाकपा नेता ने कहा, वो दिन भी दूर नहीं है जब भाजपा गांधीजी के हत्यारे नाथूराम गोडसे को भारत रत्न देने की मांग करेगी। यह उनके एजेंडे का हिस्सा है।

### कश्मीर में ...

आतंकवादियों में एक पाकिस्तानी नागरिक शामिल है। आतंकवादियों का यह हताशा शीरमल गांव में किया गया क्योंकि घाटी में फलों के परिवहन में बढ़ोतरी देखी जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि 25 लाख से अधिक प्रीपेड मोबाइल फोन और व्हाट्सएप्प समेत अन्य इंटरनेट सेवाएं फिलहाल बाधित रहेंगी। राज्यपाल सत्यपाल मलिक ने सोमवार को कहा था कि इंटरनेट सेवाएं जल्दी ही बहाल की जाएंगी लेकिन सुरक्षा अधिकारियों के अनुसार इसमें दो महीने का समय लग सकता है। उन्होंने कहा कि प्रीपेड सेवाओं पर फैसला अगले महीने लिया जा सकता है।

### सीरिया में ...

प्रधानमंत्री ने शुक्रवार को एर्दोआन से बात की और तुर्की के प्रति पाकिस्तान का समर्थन तथा एकजुटता व्यक्त की। तुर्की की सैन्य कार्रवाई के मुद्दे पर चीन का रुख भारत के रुख के अनुरूप है। भारत ने पिछले सप्ताह उत्तरी सीरिया में तुर्की की सैन्य कार्वाई पर चिंता जताते हुए इसे एकतरफा करार दिया था।

### बाबर की ...

अयोध्या में कथित मस्जिद छह दिसंबर, 1992 को ढहाए जाने के बाद भी विवादित संपत्ति के बारे में डिक्री की मांग कर सकते हैं? पीठ ने परासरण से कहा, वे कहते हैं, एक बार मस्जिद है तो हमेशा ही मस्जिद है, क्या आप इसका समर्थन करते हैं। इस पर परासरण ने कहा, नहीं, मैं इसका समर्थन नहीं करता। मैं कहूंगा कि एक बार मंदिर है तो हमेशा ही मंदिर रहेगा। पीठ द्वारा परासरण से अनेक सवाल पूछे जाने के बाद प्रधान न्यायाधीश ने कहा, धवन जी, क्या हम हिन्दू पक्षकारों से भी पर्याप्त संख्या में सवाल पूछ रहे हैं? प्रधान न्यायाधीश की यह टिप्पणी महत्वपूर्ण थी क्योंकि मुस्लिम पक्षकारों की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता राजीव धवन ने सोमवार को आरोप लगाया था कि सवाल सिर्फ उनसे ही किए जा रहे हैं और हिन्दू पक्ष से सवाल नहीं किए गए। संविधान पीठ अयोध्या विवाद में इलाहाबाद उच्च न्यायालय के सितंबर, 2010 के फैसले के खिलाफ दायर अपीलों पर मंगलवार को 39वें दिन भी सुनवाई कर रही थी।


इस बार गुरुवार को आने वाले करवाचौथ के त्योहार के लिए पहले से मेंहदी लगाकर तैयारी करतीं जम्मू में महिलाएं

# हिमांशी का मुफ्त हुआ न्यूरल ट्यूब डेफेक्ट ऑपरेशन

- आरबीएसके योजना से काम हुआ आसान

**ललितपुर।** जनपद के मड़ावरा ब्लॉक के इमिलिया गांव निवासी दीपक कुमार की पत्नी ने डेढ़ साल पहले बच्ची को जन्म दिया था। बच्ची का नाम हिमांशी है। बच्ची ने जब जन्म लिया तो उसकी रीढ़ की हडडी की ओर एक फोड़ा सा था। वह जगह फूली हुई थी। मेडिकल भाषा में इसे न्यूराल ट्यूब डेफेक्ट कहते है। दीपक बताते हैं हिमांशी का जन्म बिरधा प्राथमिक चिकित्सालय में हुआ था जन्म से ही रीढ़ की हडडी पर फोड़ा सा था। ललितपुर जिला अस्पताल मे दिखाया वहां बताया गया कि जिले में इसका इलाज नहीं होता है। उन्होने झाँसी में दिखाया जहां ऑपरेशन बताया गया। दीपक का कहना है कि वह एक किसान है और ऑपरेशन के लिए बतायी गई राशि जुटाना उनके लिए असमर्थ था। कुछ समय बाद राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) की टीम गाँव में बच्चों के स्क्रीनिंग के लिए आई तब उन्होने हिमांशी का चेकअप किया और ऑपरेशन के लिए झाँसी रेफर किया। हिमांशी के ऑपरेशन की उम्मीद छोड़ दी थी। आरबीएसके टीम की मदद से उनकी बेटी का ऑपरेशन हो सका। पूरा इलाज मुफ्त में हुआ उनका कोई पैसा खर्च नहीं हुआ। ललितपुर के आरबीएसके मैनेजर डा.सुखदेव बताते हैं कि हिमांशी का इलाज आरबीएसके के अंतर्गत हुआ है। इस तरह की बीमारी के इलाज के लिए 2 लाख से अधिक का खर्चा आता है। आम परिवारों के लिए इतना खर्चा वहन करने की स्थिति नहीं होती है। आरबीएसके के तहत हिमांशी का ऑपरेशन बिलकुल मुफ्त किया गया।


ऑपरेशन उपरान्त बच्चे को लिये उसके अभिभावक

### आरबीएसके दे रहा कई बच्चों को जिंदगी

राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम एक ऐसी पहल है जिसका उद्देश्य 0 से 19 वर्ष के बच्चों में चार प्रकार की विसंगतियों की जाँच करना है। इनको 'फोर डी' भी कहते है- डिफेक्ट एट बर्थ, डिफिशिएंसी, डिजीज, डवलपमेंट डिलेज इन्क्लूडिंग डिसएबिलिटी यानि किसी भी प्रकार का विकार, बीमारी, कमी और विकलांगता। इन कमियों से प्रभावित बच्चों के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम निशुल्क सर्जरी सहित प्रभावी उपचार प्रदान कराता है। ये कार्यक्रम पूरे प्रदेश भर में लागू है।

### क्या है न्यूरल ट्यूब डेफेक्ट

झांसी के आरबीएसके मैनेजर डा.रामबाबू बताते हैं कि यह जन्मजात विकृति है। नवजात बच्चों में ये गंभीर बीमारी गर्भवती महिलाओं में फॉलिक एसिड की कमी की वजह से हो जाती है। यह बीमारी तब होती है जब गर्भावस्था के 5 हफ्ते के दौरान बच्चे में स्पाइनल कॉर्ड विकसित होना शुरू हो जाता है। फोलिक एसिड की कमी से स्पाइनल (रीढ़ की हडडी) में विकृति उत्पन्न हो जाती है। न्यूरल ट्यूब डिफेक्ट के मामलों में ये भी हो सकता है कि आधा ब्रेन (दिमाग) का विकास न हो। नसों के विकास में समस्या आ सकती है। प्रेग्नेंसी के दौरान पेट में पल रहे बच्चे को इस तरह की विकृति से बचाने के लिए शादी के बाद ही फॉलिक एसिड लेना शुरू कर देना चाहिए। अगर ऐसा किया जाए तो बच्चों को इस जन्मजात विकृति को बचाया जा सकता है।

### एक हजार में से एक या दो शिशुओं को होती है यह बीमारी

डा.रामबाबू बताते हैं कि ये बीमारी रेयर है और एक हजार शिशुओं में इस तरह के एक या दो मामले ही सामने आते हैं। यदि सही समय पर इलाज नहीं किया गया तो बच्चे जान को खतरा होता है या वह विकलांग हो सकता है।

# भाजपा ने 2022 तक सबके लिए घर का किया वादा



पार्टी का घोषणापत्र जारी करते महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फणनवीस, भाजपा के कार्यवाहक राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा व महाराष्ट्र भाजपाध्यक्ष चंद्रकांत पाटिल

एजेंसी। मुंबई

**भाजपा ने** आगामी महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए मंगलवार को अपना घोषणा पत्र जारी कर दिया। इसमें अगले पांच वर्ष में राज्य की अर्थव्यवस्था एक हजार अरब तक पहुंचाने, पांच करोड़ रोजगार का सृजन करने और वर्ष 2022 तक सभी को घर देने का वादा किया है।

भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष जे पी नड्डा ने यहां संकल्प पत्र जारी किया। मौके पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस, राज्य के पार्टी अध्यक्ष चंद्रकांत पाटिल तथा मुंबई इकाई के प्रमुख मंगल प्रभात लोढा मौजूद थे। घोषणा पत्र जारी करते हुए नड्डा ने फड़णवीस की प्रशंसा में कहा, मुख्यमंत्री ने महाराष्ट्र की राजनीतिक संस्कृति बदल दी है। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र राज्य को पहले भ्रष्टाचार से भरपूर कहा जाता था लेकिन अब इसे भ्रष्टाचार मुक्त कहा जाता है।उन्होंने कहा कि फड़णवीस ने राज्य को स्थाई सरकार दी है। राज्य की 288 विधानसभा सीटों पर 21 अक्टूबर को मतदान होना है।

# करजत जामखेड़ः पवार के पौत्र का मुकाबला अनुभवी भाजपा नेता से

एजेंसी। जामखेड़

**अहमदनगर लोकसभा** के करजत जामखेड़ विधानसभा क्षेत्र में भाजपा का प्रभुत्व रहा है और इस बार राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी ने शरद पवार के पौत्र रोहित पवार को उतारा है जिससे मुकाबला रोचक हो गया है।

रोहित को मौजूदा विधायक तथा जल संरक्षण मंत्री राम शिंदे के खिलाफ उतारा गया है। अहमदनगर लोकसभा सीट पर प्रभुत्व को लेकर शरद पवार तथा जिले के राजनीतिक रूप से प्रभावशाली विखे-पाटिल परिवार के बीच द्वंद्व पहले से चलता आ रहा है।पवार ने तब अहमदनगर लोकसभा सीट को तत्कालीन कांग्रेस नेता राधाकृष्ण विखे पाटिल के बेटे सुजय के लिए छोड़ने से मना कर दिया था जिसके बाद सुजय भाजपा में शामिल हो गए और यहां से चुनाव जीत गए।चुनाव के दौरान सुजय को करजत जामखेड़ विधानसभा क्षेत्र से वोटों की बढ़त पाने के लिए संघर्ष करना पड़ा था। भाजपा स्थानीय बनाम बाहरी के आधार पर रोहित के खिलाफ प्रचार कर रही है। शरद पवार के बड़े भाई अप्पासाहेब पवार के पौत्र रोहित भी मानते हैं कि उनकी लड़ाई मुश्किल है।उन्होंने कहा, इस क्षेत्र में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने दो रैलियों को संबोधित





किया और भाजपा अध्यक्ष अमित शाह 19 अक्टूबर को रैली करने जा रहे हैं जिससे संकेत मिलता है कि भाजपा उम्मीदवार के लिए लड़ाई मुश्किल है।

भाजपा पिछले 25 साल से इस सीट पर जीत दर्ज करती आ रही है। 2014 के चुनाव में राम शिंदे ने 84,058 वोटों से जीत हासिल की थी। उस समय शिवसेना के उम्मीदवार ने अलग से किस्मत आजमाई थी और उसे 46,242 वोटों के साथ दूसरे स्थान से संतोष करना पड़ा था। राकांपा उम्मीदवार तीसरे स्थान पर रह गए थे। रोहित पवार ने कहा कि वह पिछले छह महीने से क्षेत्र का दौरा कर रहे हैं और मतदाताओं से संपर्क साध रहे हैं।उन्होंने कहा, इस क्षेत्र में 1995 से मतदाता भाजपा उम्मीदवार को चुनते आ रहे हैं। लांकि पार्टी ने क्षेत्र में कोई विकास नहीं किया है। जीत की संभावनाओं के सवाल पर रोहित ने माना कि लड़ाई कठिन है।अपने साथ बाहरी उम्मीदवार का ठप्पा लगा होने के बारे में पूछे जाने पर राकांपा उम्मीदवार ने प्रदेश भाजपा अध्यक्ष चंद्रकांत पाटिल के पुणे के कोठरूद से

**● रोहित पवार ने कहा कि वह पिछले छह महीने से क्षेत्र का दौरा कर रहे हैं और मतदाताओं से संपर्क साध रहे हैं। उन्होंने कहा, इस क्षेत्र में 1995 से मतदाता भाजपा उम्मीदवार को चुनते आ रहे हैं**

चुनाव लड़ने का उदाहरण दिया जो कोल्हापुर के रहने वाले हैं।

उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री को मुझे और चंद्रकांत पाटिल को साथ में रखना चाहिए और तब करजत जामखेड़ में मेरे बाहरी होने की बात करनी चाहिए। हालांकि भाजपा उम्मीदवार शिंदे ने विश्वास जताया कि वह इस बार हैट्रिक लगाएंगे।

उन्होंने कहा, मेरे खिलाफ कोई लहर नहीं है। मेरे विरोधी पैसों का इस्तेमाल कर मतदाताओं को लुभाने की कोशिश कर रहे हैं। शिंदे ने रोहित पवार से किसी तरह की चुनौती की बात को खारिज कर दिया। हालांकि स्थानीय भाजपा के कुछ नेता मानते हैं कि शिंदे की स्थिति इस बार कमजोर है।

# बिहार में महिला, शिशु पोषण स्तर में सुधार, बाल मृत्यु दर में कमी आई

**रिपोर्ट का निष्कर्ष**

एजेंसी। नई दिल्ली

**बिहार सरकार** के साथ बिल एंड मिलिंड गेट्स फाउंडेशन तथा प्रोजेक्ट कंसर्न इंटरनेशनल (पीसीआई) द्वारा महिलाओं एवं शिशुओं में पोषण के स्तर को बेहतर बनाने के लिए पिछले वर्षो में शुरू किए गए कार्यक्रम के कारण बाल मृत्यु दर में एक तिहाई कमी आई है।

बिल एंड मिलिंडा गेट्स फाउंडेशन की भारत इकाई के प्रमुख (पोषण) डा. आलोक रंजन ने संवाददाताओं को बताया कि महिलाएं में पोषण के प्रति जागरूकता फैलाना हमारी योजना के केंद्र में है और इसके तहत बिहार के ग्रामीण क्षेत्र में जमीनी स्तर पर हमने खास पहल की और इसमें प्रदेश सरकार का भी सहयोग मिला। उन्होंने बताया कि इसके तहत बिहार के हर जिले में हर महीने की सात तारीख को गोद भराई कार्यक्रम, हर महीने की 19 तरीख को अन्नप्राशन कार्यक्रम आयोजित किया जाता है और महिलाओं को पोषण एवं पोषक तत्वों के बारे में जानकारी दी जाती है। पीसीआई के भारत में सहायक निदेशक इंद्रजीत चौधरी ने बताया कि महिलाओं को पोषण वाटिका लगाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसके तहत महिलाएं अपने घर के पास छोटी बाटिका तैयार करती है और उसमें साग सब्जी लगाती है। बिल एंड मिलिंड गेट्स फाउंडेशन तथा प्रोजेक्ट कंसर्न इंटरनेशनल ने इस बारे में एक अध्ययन किया है जिसमें महिला एवं बाल शिशु पोषण स्तर में सुधार का दावा किया गया है।

अधिकारियों ने बताया कि बिहार सरकार के साथ महिलाओं और बच्चों के लिए स्वास्थ्य देखभाल को प्राथमिकता देते हुए लक्ष्यकेन्द्रित प्रयास प्रारंभ किए गए थे और अब इसका प्रभाव दिखना शुरू हो गया है। पिछले कुछ वर्षो में राज्य में बाल मृत्यु दर में एक तिहाई की कमी आई है।

# सोशल मीडिया पर पुलिसकर्मियों की मांगें पोस्ट करने वाला कांस्टेबल निलंबित

एजेंसी। जबलपुर (मध्यप्रदेश)

**मध्य प्रदेश पुलिस** ने सोशल मीडिया पर पुलिस व्यवस्था में सुधार लाए जाने सहित पुलिसकर्मियों की विभिन्न मांगों को कथित तौर पर पोस्ट करने वाले अपने एक कांस्टेबल को निलंबित कर दिया है।जबलपुर जिले के पुलिस अधीक्षक अमित सिंह ने मंगलवार को बताया, कांस्टेबल शुभम बाजपाई अपने मोबाइल नम्बर से सोशल मीडिया पर ग्रुप बनाकर पुलिस व्यवस्था में सुधार लाए जाने सहित पुलिसकर्मियों की विभिन्न मांगों को पोस्ट कर रहा है। उन्होंने कहा कि इस कान्स्टेबल का यह कृत्य पुलिस आचरण के विपरीत है और उसके द्वारा की गई अनुशासनहीनता से पुलिस विभाग एवं शासन की छवि भी धूमिल हो रही है, जिसके चलते उसे सोमवार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबन के दौरान यहां उसे पुलिस लाइन में अटैच किया गया है।सिंह ने बताया कि शुभम जबलपुर जिले की नुनसर पुलिस चौकी में पदस्थ था। वह फेसबुक, व्हाट्सऐप एवं ट्विटर पर पुलिस व्यवस्था में सुधार लाए जाने सहित पुलिसकर्मियों की विभिन्न मांगों को पोस्ट कर रहा था।

## अरूप कुमार गोस्वामी ने ली सिक्किम उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायधीश पद की शपथ

**गंगटोक।** न्यायमूर्ति अरूप कुमार गोस्वामी ने मंगलवार को सिक्किम उच्च न्यायालय के नए मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ली।उन्हें यहां न्यू राजभवन में राज्यपाल गंगा प्रसाद ने पद की शपथ दिलाई। गोस्वामी जस्टिस विजय कुमार बिष्ट की जगह लेंगे। गोस्वामी के शपथ ग्रहण समारोह में सिक्किम के मुख्यमंत्री पी एस तमांग, न्यायमूर्ति मीनाक्षी मदन राय और न्यायमूर्ति भास्कर राज प्रधान शामिल हुए।

## चाय पीने के बाद बेहोश हुए 14 लोग

**जयपुर।** राजस्थान में अलवर जिले के भिवाडी थाना क्षेत्र में सोमवार की रात चाय पीने के बाद कुछ महिलाओं समेत 14 लोग बेहोश हो गए जिन्हें सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। अलवर के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ ओमप्रकाश मीणा ने मंगलवार को बताया कि सोमवार की रात बाबा मोहनदास के मेले में आए 15 श्रृद्धालुओं ने एक थड़ी पर चाय पी थी। इसके बाद उन्होंने बेहोशी महसूस होने की शिकायत की। इन लोगों को भिवाड़ी के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती करवाया गया।

## मराठवाड़ा में 12 लाख लोगों के लिए भेजे गए 621 टैंकर पानी

**औरंगाबाद।** महाराष्ट्र के मराठवाड़ा क्षेत्र में बारिश की कमी के बाद पानी की समस्या दूर करने के लिए 621 टैंकर इस क्षेत्र में भेजे जा रहे हैं। इन टैंकरों से करीब 12 लाख लोगों को पानी मुहैया कराया जाएगा। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।औरंगाबाद संभागीय आयुक्त कार्यालय की ओर से उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार महाराष्ट्र के कई अन्य हिस्सों में अच्छी बारिश हुई लेकिन वर्षों से सूखे का सामना कर रहे मराठवाड़ा क्षेत्र में इस बार 25 फीसदी कम बारिश हुई है।आंकड़े में बताया गया है, पानी की कमी को देखते हुए क्षेत्र के चार जिलों में 621 टैंकर पानी भेजे गए हैं जिससे 531 बसावटों में राहत मिलेगी। इसमें कहा गया है कि इस क्षेत्र में रहनेवाले 12 लाख से ज्यादा लोग पानी की अपनी रोजमर्रा की जरूरतों के लिए टैंकर पर निर्भर है।बीड के कलेक्टर आस्तिक कुमार पांडे ने बताया कि उनका जिला सबसे ज्यादा प्रभावित है।

# भाजपा के नेताओं की भाषा तानाशाह जैसीः आम्बेडकर

एजेंसी। औरंगाबाद

**वंचित बहुजन** अघाडी (वीबीए) के प्रमुख प्रकाश आम्बेडकर ने आरोप लगाया है कि चुनाव प्रचार में भाजपा नेता जिस प्रकार की भाषा का प्रयोग कर रहे हैं वह तानाशाह जैसी है, जो लोकतंत्र के लिए उचित नहीं है।

आम्बेडकर ने भाजपा नीत सरकार पर भ्रष्टाचार में लिप्त होने का भी आरोप लगाया लेकिन कहा कि पैसा हथियाने का इसका तरीका पूर्व की कांग्रेस तथा राकांपा सरकार से अलग है।वीबीए के प्रमुख ने महाराष्ट्र के औरंगाबाद जिले में सोमवार को एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए मुस्लिम समुदाय से धर्मनिरपेक्ष ताकतों का समर्थन करने और वीबीए से मित्रता का नया अध्याय शुरू करने की अपील की। उन्होंने कहा कि भाजपा के नेता दावा कर रहे हैं कि राज्य की 288 विधानसभा सीटों में से वह करीब 240 सीटें जीतेंगे। आम्बेडकर के कहा, उन्हें लगता है कि वे कभी सत्ता से बाहर नहीं होंगे, लेकिन उन्हें याद रखना चाहिए कि यह मतदाता है जो सरकार का निर्णय करता है, न कि राजनीतिक दल।

नेता ने कहा, भाजपा नेता अपने प्रचार में जिस तरह की भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं वह तानाशाह जैसी है और लोकतंत्र के लिए उचित नहीं है। उन्होंने भाजपा नीत सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि वह भी पूर्व की सरकार की भांति भ्रष्टाचार में शामिल है, बस उनका धन हथियाने का तरीका पूर्ववर्ती सरकार से भिन्न है।उन्होंने आरोप लगाया कि सड़क नेटवर्क बढ़ाने के लिए शुरू की गई परियोजनाएं सरकार के लिए धन जुटाने का माध्यम है। आम्बेडकर ने ऑल इंडिया मजलिसे इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) पर भी निशाना साधा। एआईएमआईएम ने पिछले माह पार्टी से संबंध समाप्त कर लिए थे।



नई दिल्ली में राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद से मिलने के बाद पत्रकारों से मुखातिब होते पश्चिम बंगाल से आये भाजपा नेताओं के साथ कैलाश विजयवर्गीय

## सरकार का यकीन विचारकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने में : येचुरी

**नई दिल्ली।** माकपा महासचिव सीताराम एचुरी ने मोदी सरकार पर विचारकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने और शिक्षण संस्थाओं पर हमलों में यकीन करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि ऐसे माहौल को बढ़ावा दिया जा रहा है जो आलोचनात्मक विचारों को नष्ट करता हो। एचुरी ने देश में विपरीत विचारधारा वाले लोगों के लिए बार बार खतरे उत्पन्न किए जाने का हवाला देते हुए मंगलवार को कहा, आरएसएस भाजपा की सरकार विचारकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने और विश्वविद्यालयों पर हमले कराने में यकीन करती है। इस सरकार ने ऐसा वातावरण तैयार किया है जिसमें विरोधी विचारों को नष्ट किया जा रहा है। हमारा संविधान वैचारिक स्वतंत्रता के लिए प्रतिबद्ध है लेकिन यह बात भाजपा आरएसएस की सरकार के लिए संकट उत्पन्न करती है। जेएनयू के पूर्व छात्र अभिजीत बनर्जी को अर्थशास्त्र का नोबेल पुरस्कार दिए जाने और आर्थिक मंदी से जुड़ी मीडिया रिपोर्ट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए एचुरी ने कहा कि सरकार को गरीबों के भरण पोषण के लिए सार्वजनिक वितरण प्रणाली को दुरुस्त बनाने पर प्राथमिकता के साथ ध्यान केन्द्रित करना चाहिए। उन्होंने कहा, पहले अपने नागरिकों का भरण पोषण सुनिश्चित हो।

# उपचुनाव में भारी बहुमत से जीतेगी कांग्रेस : पायलट

एजेंसी। जयपुर

**राजस्थान के** उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने मंगलवार को फिर दोहराया कि राज्य की दो विधानसभा सीटों के उपचुनाव में कांग्रेस पार्टी भारी बहुमत से जीतेगी।कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष पायलट ने यहां संवाददाताओं से कहा, दोनों विधानसभा क्षेत्रों में संगठन पूरी ताकत से लगा हुआ है। और सरकार ने जो काम किए हैं... अंततः इन दोनों चुनाव में सरकार के काम की परीक्षा ली जाएगी और हमारी सरकार व पार्टी इस परीक्षा के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने कहा, दोनों विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी भारी बहुमत से जीतेगी। पायलट ने कहा पांच साल जब हम विपक्ष में थे तो लगभग हर उपचुनाव हमने जीता था तो कोई कारण नहीं है कि इस बार हम सरकार में हैं और उपचुनाव नहीं जीत पाएं।



उल्लेखनीय है कि राजस्थान की खींवसर और मंडावा विधानसभा सीट के लिए उपचुनाव 21 अक्टूबर को होगा। कांग्रेस ने मंडावा में रीटा चौधरी को और खींवसर में हरेंद्र मिर्धा को प्रत्याशी बनाया है।पायलट ने कहा कि सरकार बनने के बाद हमारी सबसे पहली और सबसे महत्वपूर्ण प्राथमिकता जनता के जीवन को बेहतर बनाना है।

## तीन बच्चों के साथ महिला ने कुएं में कूदकर दी जान

एजेंसी। सरायकेला

**● पुलिस ने बताया कि सोमवार रात को महिला और उसके पति का किसी घरेलू मामले को लेकर झगड़ा हुआ था**

**झारखंड** के सरायके ला-खरसावां जिले में एक महिला ने कथित तौर पर अपने तीन बच्चों को कुएं में फेंकने के बाद कुएं में कूदकर अपनी जान दे दी। मंगलवार को पुलिस ने बताया कि सोमवार रात को महिला और उसके पति का किसी घरेलू मामले को लेकर झगड़ा हुआ था। पुलिस अधिकारी ने प्रारंभिक जांच रिपोर्ट के हवाले से बताया कि सोमवार देर रात महिला ने कूदने से पहले अपने एक साल के जुड़वां बेटों और तीन साल की बेटी को कुएं में फेंक दिया।कुचाई पुलिस स्टेशन के अधिकारी उदय गुप्ता ने बताया कि मंगलवार सुबह कुचाई पुलिस स्टेशन के अंतर्गत इचाडीह गांव में कुएं से सभी चार शव बरामद कर लिए गए।

## भाजपा के शिष्टमंडल ने राष्ट्रपति से पश्चिम बंगाल में हस्तक्षेप की मांग की

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में तृणतूम कांग्रेस के शासनकाल में संवैधानिक व्यवस्था टूटने का आरोप लगाते हुए भाजपा के एक शिष्टमंडल ने मंगलवार को राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने मुलाकात की और इस संबंध में हस्पक्षेप करने का आग्रह किया। भाजपा के वरिष्ठ नेता मुकुल राय ने कहा कि 2018 के पंचायत चुनाव से लेकर अब तक राज्य में पार्टी से जुड़े 89 लोग मारे जा चुके हैं। उन्होंने दावा किया कि इस वर्ष मई में लोकसभा चुनाव के बाद से ही 35 लोग मारे गए हैं। राय ने बताया कि ममता बनर्जी नीत सरकार भाजपा कार्यकर्ताओं के खिलाफ फर्जी मामले दर्ज कर रही है जिसमें से अधिकांश मामले मादक पदार्थ रखने के हैं। उन्होंने दावा किया कि 20 हजार लोगों को जेल में बंद कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में अराजक स्थिति है और कानून व्यवस्था की स्थिति चिंताजनक है। राज्य में संवैधानिक व्यवस ध्वस्त हो चुकी है और हम इस संबंध में राष्ट्रपति से हस्तक्षेप की मांग करते हैं।

# सुनवाई से जज को हटाने के लिए सोशल मीडिया में अभियान पर कोर्ट सख्त

एजेंसी। नई दिल्ली

**उच्चतम न्यायालय** के न्यायाधीश न्यायमूर्ति अरुण मिश्रा ने भूमि अधिग्रहण कानून के प्रावधानों की व्याख्या के लिए गठित संविधान पीठ से हटाने के लिए सोशल मीडिया और खबरों में चलाए जा रहे अभियान पर मंगलवार को नाराजगी व्यक्त की और कहा कि यह किसी न्यायाधीश विशेष के खिलाफ नहीं बल्कि संस्थान की छवि धूमिल करने का प्रयास है। न्यायमूर्ति अरुण मिश्रा भूमि अधिग्रहण कानून के प्रावधानों की व्याख्या के लिए गठित पांच सदस्ईय संविधान पीठ की अध्यक्षता कर रहे हैं। किसानों के संगठन सहित कुछ पक्षकारों ने न्यायिक नैतिकता के आधार पर न्यायमूर्ति मिश्रा से सुनवाई से हटने का अनुरोध करते हुए कहा है कि संविधान पीठ उस फैसले के सही होने के सवाल पर विचार कर रही है जिसके लेखक वह खुद हैं। शीर्ष अदालत ने पिछले साल छह मार्च को कहा था कि समान सदस्यों वाली उसकी दो अलग-अलग पीठ के



भूमि अधिग्रहण से संबंधित दो अलग-अलग फैसलों के सही होने के सवाल पर वृहद पीठ विचार करेगी। न्यायमूर्ति मिश्रा ने मंगलवार को इस प्रकरण की सुनवाई के दौरान कहा, यदि इस संस्थान की ईमानदारी दांव पर होगी तो मैं त्याग करने वाला पहला व्यक्ति हाऊंगा। मैं पूर्वाग्रही नहीं हूं और इस धरती पर किसी भी चीज से प्रभावित नहीं होता हूं। यदि मैं इस बात से संतुष्ट होऊंगा कि मैं पूर्वाग्रह से

**● उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश अरुण मिश्रा को भूमि अधिग्रहण कानून के प्रावधानों की व्याख्या के लिए गठित संविधान पीठ से हटाने के लिए सोशल मीडिया पर कुछ लोग चला रहे हैं अभियान**

प्रभावित हूं तो मैं स्वयं ही इस मामले की सुनवाई से खुद को अलग कर लूंगा। उन्होंने पक्षकारों से कहा कि वह उन्हें इस बारे में संतुष्ट करें कि उन्हें इस प्रकरण की सुनवाई से खुद को क्यों अलग करना चाहिए।

न्यायमूर्ति मिश्रा ने कहाकि यदि मैं सोचूंगा कि मैं बाहरी तथ्यों से प्रभावित हो सकता हूं तो मैं सुनवाई से हटने वाला पहला व्यक्ति होऊंगा। न्यायमूर्ति मिश्रा ने कहा कि सवाल यह है कि क्या हम संविधान पीठ में बैठ सकते हैं, हालांकि हमने ही इस मामले को वृहद पीठ के पास भेजा था। यह फैसले के खिलाफ अपील नहीं है जिसका मैं एक हिस्सा था। मैं अपना दृष्टिकोण बदल सकता हूं या इसमें सुधार कर सकता हूं, यदि मुझे इसके लिए राजी किया जाए। इससे पहले, सुनवाई शुरू होते ही कुछ पक्षकारों की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता श्याम दीवान ने कहा कि पांच सदस्ईय संविधान पीठ की अध्यक्षता कर रहे न्यायाधीश ने उस निर्णय पर हस्ताक्षर किए थे जिसके सही होने के मुद्दे पर यह पीठ विचार कर रही है, इसमें पक्षपात का तत्व हो सकता है। संविधान पीठ के अन्य सदस्यों में न्यामयूर्ति इन्दिरा बनर्जी, न्यायमूर्ति विनीत सरन, न्यायमूर्ति एम आर शाह और न्यायमूर्ति एस रवीन्द्र भट्ट शामिल हैं। न्यायमूर्ति मिश्रा वह फैसला सुनाने वाली पीठ के सदस्य थे जिसने कहा था कि सरकारी एजेन्सियों द्वारा किया गया भूमि अधिग्रहण भू स्वामी द्वारा मुआवजे की राशि स्वीकार करने मे पांच साल तक का विलंब होने के आधार पर रद्द नहीं किया जा सकता।

## उच्च अदालतों में रिक्त पदों की संख्या बढ़ती जा रही है : कानून मंत्रालय

एजेंसी। नई दिल्ली

**उच्चतम न्यायालय** न्यायाधीशों की अपनी पूर्ण क्षमता के साथ काम कर रहा है जबकि देश की 25 उच्च न्यायालयों में न्यायाधीशों के रिक्त पदों की संख्या बढ़ती जा रही है। कानून मंत्रालय के हालिया डेटा में यह जानकारी निकल कर सामने आई है। ए आंकड़े मंत्रालय ने एक अक्टूबर को जारी किए थे, जो दिखाते हैं कि उच्च न्यायालयों में 420 न्यायाधीशों की कमी है, जो इस वर्ष अब तक सर्वाधिक है। गत एक अक्टूबर तक उच्च अदालतों में 659 न्यायाधीशों थे जबकि कुल मंजूर पद 1079 हैं। सितंबर में, 25 उच्च न्यायालयों में न्यायाधीशों के 414 पद रिक्त थे। अगस्त में यह आंकड़ा 409 था और जुलाई में 403। उच्च न्यायालयों में 43 लाख से अधिक मामले लंबित हैं। उच्च न्यायालयों में न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिए उच्चतम न्यायालय का तीन सदस्ईय कोलेजियम उम्मीदवारों के नामों की सिफारिश करता है। इसके बाद, उच्च न्यायालय का कोलेजियम संबंधित उच्च न्यायालयों के लिए उम्मीदवारों के नामों को शॉर्ट लिस्ट करता है और उन चयनित नामों को कानून मंत्रालय के पास भेज देता है। मंत्रालय खुफिया ब्यूरो से उन लोगों की पृष्ठभूमि की जांच करवाने के बाद अंतिम निर्णय के लिए इसे उच्चतम न्यायालय के कोलेजियम में भेज देता है। न्याय विभाग के आंकड़ों के मुताबिक जनवरी में उच्च न्यायालयों में रिक्त पदों की संख्या 392 थी। सितंबर में चार नए न्यायाधीशों की नियुक्ति के साथ उच्चतम न्यायालय में न्यायाधीशों की कुल संख्या 34 तक पहुंच गई जो सर्वाधिक है।

## क्विक न्यूज

### विरोध के बावजूद फेसबुक ने डिजिटल मुद्रा लिब्रा की दिशा में आगे बढ़ाया कदम

**न्यूयॉर्क।** सोशल मीडिया कंपनी फेसबुक ने तमाम विरोधों और मतभेदों के बावजूद एक नई डिजिटल मुद्रा लिब्रा को अमल में लाने की दिशा में सोमवार को आधिकारिक तौर पर कदम बढ़ा दिया है। अमेरिकी नियामकों एवं राजनेताओं की ओर से आलोचनाओं के बावजूद फेसबुक इस योजना पर आगे बढ़ रही है। नई मुद्रा का प्रबंधन लिब्रा एसोसिएशन करेगी। लिब्रा एसो. ने सोमवार को जिनिवा में उद्घाटन बैठक में 21 सदस्ईय चार्टर पर हस्ताक्षर किए। पहले इसमें 27 सदस्य थे, लेकिन हाल के दिनों में वीजा, मास्टरकार्ड और पेपाल जैसी कुछ कंपनियों ने इससे हाथ पीछे खीच लिया। लिब्रा एसोसिएशन के बचे ज्यादातर सदस्यों में वेंचर कैपिटल कंपनियां शामिल हैं। ऊबर, स्पॉटीफाई और वोडाफोन भी इसके सदस्य बन गए है। 180 अन्य कंपनियों ने जुड़ने की इच्छा जताई है और इसमें शामिल होने के लिए प्रारंभिक आवश्यक्ताओं को पूरा किया है। लिब्रा की घोषणा के बाद से ही फेसबुक अमेरिकी नियामकों और राजनेताओं की तरफ से आलोचना झेल रही है। उपयोगकर्ता की निजता की रक्षा करने को लेकर फेसबुक की चुनौतियां लिब्रा को भी प्रभावित करेंगी। वही, दूसरी ओर चीन की भी अपनी डिजिटल मुद्रा पेश करने की तैयार में जुटी है। सरकार और केंद्रीय बैंक इसकी मंजूरी दे सकती है। सितंबर के अंत में , चीन के केंद्रीय बैंक के गवर्नर ई गंग ने कहा कि नई मुद्रा मौजूदा इलेक्ट्रॉनिक भुगतान प्रणाली से जुड़ा हो सकती है। वीचैट और अलीपे एप, बैंक खातो के माध्यम से युआन लेनदेन की अनुमति देते हैं।

### मारुति का 2018-19 में सीएसआर गतिविधियों पर 154 करोड़ रुपए का निवेश

**नई दिल्ली।** मारुति सुजुकी इंडिया ने मंगलवार को कहा कि उसने अपनी कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) पहलों पर 2018-19 में 154 करोड़ रुपए से अधिक का निवेश किया। मारुति की सीएसआर पहल सामुदायिक विकास, सड़क सुरक्षा और कौशल विकास पर केंद्रित रही। मारुति के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी केनिचि आयुकावा ने बयान में कहा परियोजनाओं का चयन जरूरत का आकलन करके और हितधारक से परामर्श के आधार पर किया गया है।

# घरेलू शेयर बाजार में तीसरे दिन तेजी, सेंसेक्स 292 अंक उछला

**मुंबई।** अमेरिका - चीन व्यापार समझौते को लेकर सकारात्मक खबरें आने और त्योहारी मौसम के चलते मांग में सुधार की उम्मीदों से मंगलवार को घरेलू शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन तेजी देखने को मिली। बंबई शेयर बाजार का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 421 अंक की घट - बढ़ के बाद 291.62 अंक यानी 0.76 प्रतिशत बढ़कर 38,506.09 अंक पर बंद हुआ। इसी प्रकार , नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 87.15 अंक यानी 0.77 प्रतिशत की तेजी के साथ 11,428.30 अंक पर बंद हुआ।

वाहन और धातु कंपनियों के शेयरों में मजबूती से बाजार में तेजी देखने को मिली। सेंसेक्स की कंपनियों में सबसे ज्यादा तेजी वेदांता, महिंद्रा एंड महिंद्रा, ओएनजीसी, हीरो मोटोकॉर्प, मारुति और हिंदुस्तान यूनिलीवर में रही। इनमें 3.79 प्रतिशत तक की तेजी आई। वहीं, दूसरी ओर भारती एयरटेल, इंफोसिस , टाटा मोटर्स, एचसीएल टेक , टेक महिंद्रा और बजाज फाइनेंस के शेयर 2.53 प्रतिशत तक गिर गए।

सेंसेक्स की 30 में से 24 कंपनियों के शेयर बढ़त के साथ जबकि 6 गिरकर बंद हुए। पिछले तीन कारोबारी दिवस में सेंसेक्स 625.69 अंक यानी 1.64 प्रतिशत जबकि निफ्टी 193.75 अंक यानी 1.71 प्रतिशत बढ़ा। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा , अमेरिका - चीन व्यापार वार्ता से सकारात्मक संकेत आने और त्योहारी सीजन को देखते हुए वाहन कंपनियों के शेयरों में तेजी से बाजार की धारणा मजबूत हुई। पिछले दो दिनों से विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक शुद्ध खरीदार रहे। इससे वैश्विक बाजार में स्थिरता आई।

विशेषज्ञों का मानना है कि केंद्रीय बैंक मौद्रिक नीति को लेकर नरम रुख को बरकरार रख सकता है और दिसंबर 2019 की मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक में नीतिगत दर में कटौती कर सकता है। सोमवार को जारी सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, खुदरा मुद्रास्फीति सितंबर में 14 महीने के उच्च स्तर 3.99 प्रतिशत पर पहुंच गई। इस वृद्धि के बावजूद खुदरा महंगाई दर आरबीआई के चार प्रतिशत के दायरे में है। थोक मूल्य सूचकांक आधारित (डब्ल्यूपीआई) मुद्रास्फीति सितंबर महीने में गिरकर तीन साल से अधिक के निचले स्तर 0.33 प्रतिशत पर रही।







### रुपए में बांड जारी कर 3,000 करोड़ रुपए जुटाएगी आईओसी

**नई दिल्ली।** पेट्रोलियम क्षेत्र में देश की सबसे बड़ी कंपनी इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) की इस महीने घरेलू मुद्रा बांड के जरिए 3,000 करोड़ रुपए जुटाने की योजना है। आईओसी के निदेशक (वित्त) संदीप कुमार गुप्ता ने मंगलवार यह जानकारी दी। हमारी रुपय में अंकित बांड जारी कर 3,000 करोड़ रुपए जुटाने की योजना है। इतनी ही राशि चालू वित्त वर्ष में आगे जुटाई जा सकती है। बांड निर्गम 1,000 करोड़ रुपए का होगा। अधिक अभिदान मिलने पर 2,000 करोड़ रुपए के अतिरिक्त बांड जारी करने का विकल्प होगा। बांड दस साल के परिपक्वता वाले होंगे। सितंबर तिमाही के अंत में कंपनी के ऊपर कर्ज 81,000 करोड़ रुपए था। गुप्ता ने कहा, हमने चालू वित्त वर्ष में 25,000 करोड़ रुपए के पूंजी व्यय की योजना बनाई है। इसमें से करीब 8,000 करोड़ अगस्त के अंत तक खर्च किया जा चुका है और 1,500 करोड़ रुपए सितंबर में खर्च हुआ।

# गेल के विभाजन पर विचार करेगा मंत्रिमंडल

● **2022 से पहले नही बेचा जाएगा पाइपलाइन कारोबार**

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**केंद्रीय मंत्रिमंडल** सरकारी कंपनी गेल इंडिया लिमिटेड के पाइपलाइन कारोबार को अलग करके एक पृथक इकाई बनाने के प्रस्ताव पर अगले महीने तक विचार कर सकता है। रणनीतिक निवेशक को इसकी बिक्री 2022 से पहले नहीं की जाएगी। मामले से जुड़े सूत्रों ने यह जानकारी दी। गेल देश की सबसे बड़ी प्राकृतिक गैस विपणन कंपनी है। देश के 16,234 किलोमीटर लंबे पाइपलाइन नेटवर्क का दो - तिहाई से अधिक का स्वामित्व उसके पास है।प्राकृतिक गैस के उपयोगकर्ता अक्सर यह शिकायत करते रहे हैं कि अपने ईंधन के परिवहन के लिए वे 11,551 किलोमीटर लंबे पाइपलाइन नेटवर्क का इस्तेमाल नहीं कर पाते हैं।

एक ही कंपनी के पास दोनों कारोबार होने की वजह से पैदा हो रही इस तरह की समस्याओं को दूर करने के लिए गेल के विभाजन पर विचार किया जा रहा है। गेल के पाइपलाइन कारोबार को अलग करके नई इकाई बनाने के प्रस्ताव को केंद्रीय मंत्रिमंडल के समक्ष रखा जा सकता है। मंत्रिमंडल इस प्रस्ताव पर इस महीने या नवंबर तक विचार कर सकता है या मंजूरी दे सकता है।

मंत्रिमंडल की मंजूरी मिलने के बाद, पाइपलाइन कारोबार को एक अलग अनुषंगी इकाई में स्थानांतरित करने के लिए सलाहकार की नियुक्ति की जाएगी। इस प्रक्रिया को पूरा होने में 8-10 महीने का समय लगेगा। पाइपलाइन कारोबार वाली अनुषंगी कंपनी को रणनीतिक निवेशक को 2022 से पहले नहीं बेचा जा सकता है क्योंकि सरकार का मानना है कि गैस बाजार इससे पहले परिपक्व नहीं होगा और गेल को राष्ट्रीय गैस पाइपलाइन ग्रिड का निर्माण करने के लिए सरकार के समर्थन की जरूरत होगी।

# अमेरिका के साथ व्यापार विवाद नहीं, बस कुछ मतभेद हैं: गोयल

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री** पीयूष गोयल ने कहा कि व्यापार मोर्चे पर भारत का अमेरिका के साथ किसी तरह का विवाद नहीं है और दोनों देशों में द्विपक्षीय व्यापार एवं निवेश की भारी संभावनाएं हैं। गोयल ने इंडिया एनर्जी फोरम को संबोधित करते हुए कहा , हमारा अमेरिका के साथ व्यापार में कोई विवाद नहीं है। हमारे बीच कुछ मुद्दों पर असहमतियां जरूर हैं लेकिन मुझे नहीं लगता है कि दुनिया में ऐसा कोई संबंध होता है ... जहां कुछ मतभेद नहीं हों। मुझे लगता है कि हमें कुछ हद तक नोक झोंक का स्वागत करना चाहिए। थोड़ी बहुत अनिश्चितता संबंधों को आगे ले जाने में मदद करती है।

अमेरिका की ओर से भारत का जीएसपी दर्जा वापस लेने या भारतीय उत्पादों पर शुल्क लगाने के बाद गोयल की यह प्रतिक्रिया अहम है। खासकर तब जब दोनों देश व्यापार समझौते पर बातचीत कर रहे हैं। गोयल का मानना है कि



अमेरिकी समकक्ष के साथ बातचीत से द्विपक्षीय संबंधों में सुधार आया है। व्यापार में सामान्य तरजीही व्यवस्था (जीएसपी) से भारत को बाहर करने से जुड़े सवाल पर गोयल ने कहा कि" कुछ लोगों की नजर में यह विवाद हो सकता है , लेकिन मेरा मानना है कि यह मेरे लिए अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि के साथ बातचीत करने का एक अवसर है।

अमेरिकी ऊर्जा कंपनियों के लिए कारोबारी संभावना के बारे में उन्होंने कहा, यहां गैस और परमाणु ऊर्जा दोनों क्षेत्र में काफी अवसर हैं। भारत और अमेरिका में मजबूत संबंध है , जिसके और आगे बढ़ाने की संभावनाएं हैं ... हमें संबंधों को धीरे - धीरे बढ़ाने के बजाए प्रगाढ़ संबंध बनाने चाहिए ... हमने अमेरिका के साथ 500 अरब डॉलर व्यापार का लक्ष्य रखा है।

भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार 2018-19 में करीब 88 अरब डॉलर रहा था। गोयल ने व्यापार उपचार महानिदेशालय द्वारा आयात पर डंपिग - रोधी शुल्क लगाने पर कहा कि यह एक अर्ध - न्यायिक निकाय है और इसका सरकार से कोई लेना - देना नहीं है।

## आर्थिक नरमी चक्रीय, भारत में निवेश का सही समय

**नई दिल्ली।** वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को कहा कि हाल की आर्थिक नरमी चक्रीय है और वृद्धि में फिर से तेजी आने से पहले भारत में निवेश का यह सही समय है। उन्होंने स्वीकार किया कि देश की आर्थिक वृद्धि पिछली दो तिमाहियों...जनवरी-मार्च और अप्रैल-जून...में धीमी हुई है और छह साल के न्यूनतम स्तर 5 प्रतिशत रह गई। उन्होंने माना कि भारत तीव्र वृद्धि वाली बड़ी अर्थव्यवस्था नहीं रह गई है।

सेरा वीक इंडिया एनर्जी फोरम में एक परिचर्चा के दौरान गोयल ने कहा, एक अर्थव्यवस्था के रूप में भारत में काफी अवसर हैं... हमारी अर्थव्यवस्था भी दुनिया की अन्य अर्थव्यवस्था की तरह ही है, इस तरह की आर्थिक सुस्ती नहीं हो तो यह बेहतर कर सकती है ... हाल के समय में चुनौतियां बढ़ी हैं।

उन्होंने आगे कहा कि पिछली दो तिमाहियों से पहले लगभग चार-पांच साल हमारी गति अच्छी रही। मौजूदा नरमी चक्रीय है और यह विभिन्न क्षेत्रों में अवसर प्रदान करती है।मंत्री ने कहा, मुझे नरमी दिखाई दे रही है लेकिन मैं इससे व्याकुल नहीं हूं... यह हम सभी के लिए एक अवसर है। हम क्षमताओं, उत्पादकता और उत्पादन लागत का फिर से आकलन करें।

उन्होंने जोर देकर कहा कि देश में निवेश का यह सही समय है। उन्होंने निवेशकों से अर्थव्यवस्था में फिर से तेजी आने से पहले निवेशकों से निवेश करने को कहा। आर्थिक वृद्धि को गति देने के सरकार के प्रयासों के बारे में उन्होंने कहा कि पिछले पांच साल में भारत ने सामूहिक रूप से निवेश देखा जो पिछले पांच साल के मुकाबले ढाई गुना था।

उन्होंने कहा कि भारतीय रेलवे वृद्धि का इंजन बनने के साथ लॉजिस्टिक लागत नीचे लाने के लिए अगले 12 साल में 700 अरब डॉलर के कार्यक्रम पर जोर देगा। लॉजिस्टिक लागत से देश के सभी उद्योगों पर प्रभाव पड़ेगा।गोयल ने कहा कि इसी प्रकार बुनियादी ढांचा क्षेत्र में अगले पांच साल में।,400 अरब डॉलर निवेश निवेश का दृष्टकोण है, इससे निश्चित रूप से वृद्धि को गति मिलेगी।




# भारत ऊर्जा उपयोग के तौर तरीकों में बदलाव अपने ढंग से करेगा: प्रधान

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**भारत** ऊर्जा उपयोग में बदलावों को अपने ढंग से करेगा और ऐसा करते हुए वह पूरी जिम्मेदारी के साथ आगे बढ़ेगा। आने वाले दशकों में वैश्विक ऊर्जा मांग में भारत की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। पेट्रोलियम मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने मंगलवार को यह बात कही। पूरी दुनिया कार्बन उत्सर्जन बढ़ने से पर्यावरण को हो रहे नुकसान को लेकर चिंतित है। इसे कम करने के लिए कई देश नवीकरणीय बिजली और इलेक्ट्रिक वाहन जैसे पर्यावरण अनुकूल विकल्पों पर जोर दे रहे हैं। सेरावीक की ओर से आयोजित इंडिया एनर्जी फोरम में मंत्रीस्तरीय संवाद में प्रधान ने कहा कि अमेरिका और चीन के बाद भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा ऊर्जा उपभोक्ता देश है।

भारत में प्रति व्यक्ति ऊर्जा खपत वैश्विक औसत का सिर्फ एक तिहाई ही है। इससे यह महत्वपूर्ण हो जाता है कि सभी के लिए उचित मात्रा में ऊर्जा उपलब्धता सुनिश्चित हो। इससे तात्पर्य है कि सभी के लिए सस्ती और टिकाऊऊर्जा तक पहुंच होनी चाहिए।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि ऊर्जा की भारी जरूरत और वृद्धि क्षमता को देखते हुए आगामी दशकों में



भारत की वैश्विक ऊर्जा मांग में प्रमुख स्थिति होगी। उन्होंने कहा ऊर्जा की भारी मांग को पूरा करने के लिए भारत को विभिन्न ऊर्जा स्त्रोतों की जरूरत होगी। ए स्त्रोत वाणिज्यिक रूप से व्यवहारिक होने चाहिए। कोई भी एक स्त्रोत ऊर्जा की मांग को पूरा नहीं कर सकता है।

प्रधान ने कहा, भारत ऊर्जा साधनों के उपयोग में बदलाव लाने के बारे में अपने हिसाब से आगे बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि ऐसा करते हुए भारत पूरी जिम्मेदारी के साथ कदम बढ़ाएगा। इसका वेश्विक ऊर्जा परिवर्तन क्षेत्र में भी प्रभाव होगा। उन्होंने कहा कि 5,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था के लक्ष्य को हासिल करने की भारत की यात्रा में ऊर्जा क्षेत्र का अहम योगदान होगा।

# अधिक उत्पादन की समस्या से निपटने के लिए कॉफी की खपत बढ़ाएं: वाणिज्य सचिव

**नई दिल्ली।** कॉफी की पैदावार ज्यादा होने से इस समय इसकी कीमतों में नरमी का दबाव पड़ रहा है। इससे निपटने के लिए इसकी खपत बढ़ाने जैसे कदम उठाने होंगे। वाणिज्य सचिव अनूप वाधवान ने मंगलवार को यह बात कही। वाधवान ने कहा कि दुनिया के कॉफी व्यापार में भारत की छोटी ही सही लेकिन अहम भूमिका है। एक प्राथमिक उत्पाद के चलते यह हमेशा कीमतों के दबाव का सामना करने वाली जिंस है। इससे उत्पादन की विविधता प्रभावित होती है। आज हम दुनिया में अधिक उत्पादन (कॉफी) की स्थिति का सामना कर रहे हैं। उत्पादन आधिक्य का असर कीमतों में दबाव के रूप में देखने को मिल रहा है। कृषि क्षेत्र के अन्य प्राथमिक उत्पादों की तरह इस क्षेत्र में भी अधिक उत्पादन हमेशा वरदान नहीं होता। वह यहां कॉफी पर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार घरेलू और वैश्विक स्तर की चुनौतियों से वाकिफ है। कॉफी बोर्ड जैसे कई संगठन इससे प्रक्रियाबद्ध तरीके से निपटने का काम कर रहे हैं। इसी कार्यक्रम में वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि कॉफी बोर्ड को भारतीय कॉफी को दुनिया में पहचाने जाने वाला ब्रांड बनाने की दिशा में काम करना चाहिए। सचिव वाधवान ने कहा कि किसान सबसे अधिक दबाव में रहता है। हमें किसान को आर्थिक तौर पर मजबूत करने की जरूरत है और इसका एक तरीका यह है कि मूल्यवर्द्धन श्रृंखला को उसके पास ले जाया जाए।

### मोबाइल दरें उद्योग के लिए व्यवहारिक नहीं, इन्हे बढ़ाने की जरूरत

**नई दिल्ली।** दूरसंचार कंपनी भारती एयरटेल ने मंगलवार को कहा कि मोबाइल सेवा की मौजूदा दरें दूरसंचार उद्योग के लिए व्यवहारिक नहीं रह गई हैं, इन्हें बढ़ाने की जरूरत है। एयरटेल के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (भारत एवं दक्षिण एशिया) गोपाल विट्टल ने रिलायंस जियो के वॉयस कॉल के लिए 6 पैसे प्रति मिनट का शुल्क लिए जाने के कदम पर चुटकी लेते हुए कहा कि इंटरकनेक्शन उपयोग शुल्क (आईयूसी) टैरिफ का हिस्सा नहीं है। बल्कि यह कॉल को एक नेटवर्क से दूसरे नेटवर्क पर भेजने (ट्रांसमिट) की लागत है , जिसका निपटान दूरसंचार कंपनियों के बीच आपस में होता है।

### आरबीआई यूनियन ने कहा सहकारी बैंकों को शीर्ष बैंक के नियंत्रण में लाया जाए

**मुंबई।** रिजर्व बैंक के कर्मचारियों के संगठन ने शहरी सहकारी बैंकों पर दोहरा अधिकार क्षेत्र समाप्त करने और उसे आरबीआई के दायरे में लाने का बुधवार को सुझाव दिया। पंजाब एंड महाराष्ट्र सहकारी (पीएमसी) बैंक में घोटाले के मद्देनजर अखिल भारतीय रिजर्व बैंक कर्मचारी संघ ने यह बात कही। यूनियन ने यह भी कहा कि आरबीआई को सभी सहकारी बैंकों की मौके पर जाकर निगरानी करनी चाहिए। फिलहाल इनकी निगरानी सालाना आधार पर दूर बैठकर की जाती है। आरबीआई द्वारा पीएमसी में जनवरी से वित्तीय अनियमितताएं पाए जाने के बाद से बैंक 23 सितंबर से नियामकीय पाबंदी के दायरे में है। केंद्रीय बैंक ने 24 सहकारी बैंकों को अपने प्रशासक के अंतर्गत लाया है। यूनियन ने कहा, शहरी सहकारी बैंकों पर राज्यों की सहकारी समिति पंजीयक और आरबीआई का नियंत्रण है। यह दोहरा नियंत्रण व्यवस्था समाप्त होनी चाहिए।

# उत्तर प्रदेश में बिजली चोरी पर लगेगा अंकुश, हर साल दरें बढ़ने की परंपरा होगी खत्म: श्रीकांत शर्मा

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी आबादी वाले राज्य उत्तर प्रदेश में बिजली उपभोक्ताओं को हर साल बिजली बिल में होने वाली बढ़ोतरी से राहत मिलेगी। राज्य सरकार इसके लिए तकनीकी और वाणिज्यिक नुकसान में कमी लाने के साथ संयंत्रों की दक्षता बढ़ाने और बिजली चोरी पर अंकुश लगाने की दिशा में काम कर रही है। उत्तर प्रदेश के बिजली मंत्री श्रीकांत शर्मा ने यह कहा। उन्होंने यह भी कहा कि प्रदेश में जहां भी तकनीकी और वाणिज्यिक नुकसान (एटी एंड सी) 15 प्रतिशत से कम है, वहां 24 घंटे बिजली दी जा रही है। शर्मा ने भाषा से बातचीत में कहा, हमारा जोर सस्ती और स्वच्छ बिजली पर है। पिछली सरकारों में अनियमितता, कुप्रबंधन और नुकसान की वजह से हर साल बिजली दरों में बढ़ोतरी होती रही है।


उन्होंने कहा कि हम बिजली दरों को सस्ती रखने के लिए जहां एक तरफ नुकसान (एटी एंड सी) में कमी ला रहे हैं वहीं चोरी पर अंकुश लगाने के लिए कदम उठा रहे हैं। इसके अलावा हम सस्ती बिजली के लिए पीपीए (बिजली खरीद समझौता) कर रहे हैं। सिंगरौली में हमने 2.99 रुपए प्रति यूनिट पर पीपीए किया। अब बिजली बिल में हर साल बढ़ोतरी की परंपरा समाप्त होगी। उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग ने हाल ही में बिजली दरों में 8 से 12 प्रतिशत बढ़ोतरी की है। इसके तहत 500 यूनिट से अधिक बिजली खपत करने पर घरेलू ग्राहकों को 7 रुपए यूनिट तक बिजली देनी पड़ रही है।

नुकसान के बारे में शर्मा ने कहा, राज्य बिजली क्षेत्र के विभिन्न मदों में घाटा लगभग 72,000 करोड़ रुपए पुंहच गया है। हमारा 2032 तक इसे 10,000 करोड़ रुपए से नीचे लाने का लक्ष्य है। मंत्री के अनुसार, हालांकि सस्ती और 24 घंटे बिजली के लिए लोगों का भी सहयोग जरूरी है। जो भी बिजली खपत हो, उसका भुगतान होना चाहिए। ग्राम पंचायत, प्रधान तय करें कि जो बिजली खपत हो, उसके बिल का भुगतान हो।

बिजली चोरी रोके जाने के उपायों बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, स्मार्ट I प्रीपेड मीटर इसका समाधान है। अभी लगभग 7 लाख स्मार्ट प्रीपेड लगाए जा चुके हैं और 2022 तक पूरे प्रदेश में सभी ग्राहकों को इसके दायरे में लाया जाएगा। इसके अलावा चोरी पर लगाम लगाने के लिए हमने नोएडा और गाजियाबाद जैसे शहरों में 62 विशेष थाने खोले हैं, जो बिजली चोरी के ही मामलों से निपटेंगे।

एक अन्य सवाल के जवाब में शर्मा ने कहा, अभी राज्य में व्यस्त समय में बिजली की मांग 22,000 मेगावाट है और हम इसे पूरा करने में पूरी तरह सक्षम है। राज्य की बिजली उत्पादन क्षमता फिलहाल करीब 10,500 मेगावाट है। सरकार ने जम्मू कश्मीर, मध्य प्रदेश, हिमाचल प्रदेश के साथ बिजली समझौते भी किए हैं। साथ ही जरूरत पड़ने पर पश्चिम गलियारे से भी।,500 से 2,000 मेगावाट बिजली ली जा रही है।

प्रदेश में बिजली क्षेत्र में निवेश बढ़ाने के बारे में उन्होंने कहा, कारोबार सुगमता को बढ़ावा देने के साथ हमने एकल खिड़की व्यवस्था स्थापित की है जहां निवेशकों को एक जगह सभी प्रकार की मंजूरी मिलती है। नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री की भी जिम्मेदारी संभाल रहे शर्मा ने कहा, हमने 2022 तक नवीकरणीय ऊर्जा के जरिए 10,700 मेगावाट बिजली उत्पादन क्षमता का लक्ष्य रखा है जो अभी 18 प्रतिशत (1,926 मेगावाट) है। इसके अलावा हम किसानों की आय दोगुनी करने के लिए सौर ऊर्जा चालित पंपों और किसानों की बंजर जमीन पर सौर संयंत्र लगाने को बढ़ावा दे रहे हैं।



# तुर्क बलों की कार्रवाई का कुर्द ने दिया जवाब सीमावर्ती शहर पर अपना प्रभुत्व किया कायम

● अमेरिका के अपने नाटो सहयोगी (तुर्की) पर प्रतिबंध लगाने के बावजूद भी अंकारा ने पीछे हटने के कोई संकेत नहीं दिए हैं



तुर्की के बलों द्वारा मंगलवार को बमबारी के कारण सीरिया के रास-अल-अयन में धुएं और धूल निकालते हुए

एजेंसी। तल तमर (सीरिया)

**उत्तरपूर्वी** सीरिया में तुर्की की सैन्य कार्रवाई के बीच कुर्द बलों ने सीमावर्ती शहर पर अपना प्रभुत्व कायम कर लिया है। अमेरिका के अपने नाटो सहयोगी (तुर्की) पर प्रतिबंध लगाने के बावजूद भी अंकारा ने पीछे हटने के कोई संकेत नहीं दिए हैं। वहीं सुरंगों, मुंडेरों और खाइयों के घने नेटवर्क का उपयोग करते हुए, सीरियन डेमोक्रेटिक फोर्सेस (एसडीएफ) के कुर्द लड़ाके रास-अल-ऐन की रक्षा कर रहे हैं।

ब्रिटेन स्थित सीरियन आब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स ने कहा कि उन्होंने रास-अल-ऐन के पास तुर्क बलों और उनके सीरियाई समर्थकों के खिलाफ एक व्यापक अभियान चलाया। उल्लेखनीय है कि तुर्की नौ अक्टूबर से कुर्द लड़ाकों की अगुवाई वाले सीरियाई लोकतांत्रिक बलों (एसडीएफ) को निशाना बना रहा है लेकिन रास-अल-ऐन पर कुर्दों का वर्चस्व कायम है। इलाके में एएफपी के एक संवाददाता ने बताया कि शहर के आसपास संघर्ष मंगलवार को जारी है, जबकि तुर्की ने हाल ही में यह दावा किया था कि उसने इलाके पर कब्जा कर लिया है।

सीरिया से अपने सैनिकों को वापस बुलाने के अमेरिका के फैसले के बाद तुर्की ने बुधवार को सीमा पर कुर्द लड़ाकों पर हमला किया था। सांसत से घिरे तुर्की के राष्ट्रपति रजब तैयब एर्दोआन सीरिया से लगती अपनी सीमा पर 30 किलोमीटर गहरा बफर जोन बनाना चाहते हैं। वह एसडीएफ को दूर रखना चाहते हैं और तुर्की की धरती पर मौजूद 36 लाख अरब सीरियाई शरणार्थियों के एक हिस्से के लिए एक पुनर्वास क्षेत्र बनाना चाहते हैं। सैन्य कार्रवाई में अभी तक कई लोग मारे गए हैं। जान गंवाने वाले अधिकतर कुर्द हैं। कम से कम 1,60,000 लोग विस्थापित हुए हैं। इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने उत्तरपूर्वी सीरिया में तुर्की की सैन्य कार्वाई के विरोध में तुर्क अधिकारियों के खिलाफ नए प्रतिबंधों की घोषणा करते हुए कहा कि यदि तुर्की तबाही की राह पर बढ़ता चला गया तो हम उसकी अर्थव्यवस्था को तेजी से बरबाद करने को तैयार है।

ट्रम्प ने एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर करने के साथ ही प्रशासन को तुर्की पर प्रतिबंध लगाने का अधिकार दिया। वित्त मंत्रालय तुर्की के रक्षा मंत्री खुलूसी आकार, आंतरिक मंत्री सुलेमान सोयलू और ऊर्जा मंत्री फातिह डोनमेज़ को अपनी प्रतिबंध सूची में पहले ही डाल चुका है। वहीं ट्रम्प ने अमेरिकी प्रतिनिधि सभा की अध्यक्ष नैन्सी पेलोसी को भेजे एक पत्र में तुर्की मामले को एक राष्ट्रीय आपदा बताया है। अमेरिका के रक्षा मंत्री मार्क एस्पर ने भी कहा था कि वह अगले सप्ताह ब्रसेल्स में नाटो जाएंगे और तुर्की की कार्वाई के जवाब में गठबंधन के सदस्यों को सामूहिक तथा व्यक्तिगत कूटनीतिक और आर्थिक उपाय अपनाने के लिए कहेंगे। उन्होंने कहा, अमेरिका और अंतरराष्ट्रीय समुदाय के लगातार विरोध और आगाह किए जाने के बावजूद, तुर्की के राष्ट्रपति रजब तैयब एर्दोआन ने उत्तरी सीरिया में एकतरफा कार्रवाई के आदेश दिए जिससे जानमाल का व्यापक नुकसान, विनाश, असुरक्षा और अमेरिकी सैन्य बलों के लिए खतरा बढ़ा है।

वहीं फ्रांस के राष्ट्रपति एमैनुएल मैक्रों ने सोमवार को अपने अमेरिकी समकक्ष डोनाल्ड ट्रम्प से कहा है कि इस्लामिक स्टेट (आईएस) को फिर से अस्तित्व में आने से रोकने की अत्यंत आवश्यकता है। राष्ट्रपति भवन ने कहा कि मैक्रों ने सोमवार शाम ट्रम्प को फोन कर चेताया कि क्षेत्र में सैनिकों को वापस बुलाने और उसके बाद कुर्दों के खिलाफ तुर्की के हमले ने आईएस के फिर से सिर उठाने के खतरे को बढ़ा दिया है। मैक्रों ने एर्दोआन और अपने इराकी समकक्ष बरहाम सालिह से भी बातचीत की। फ्रांस और अन्य देश इस बात से चिंतित हैं कि कुर्द अधिकारियों के कब्जे से आईएस सदस्य भाग सकते हैं और क्षेत्र में बने हालात का फायदा उठा सकते हैं।

## किसी भी आईएस आतंकी को सीरिया से भागने नहीं दिया जाएगा : एर्दोआन

**इस्तांबुल।** तुर्की के राष्ट्रपति रजब तैयब एर्दोआन ने मंगलवार को प्रकाशित एक संपादकीय में कहा कि इस्लामिक स्टेट के किसी भी आतंकी को उत्तरी सीरिया से भागने नहीं दिया जाएगा। उन्होंने यह टिप्पणी क्षेत्र में अपने आक्रामक अभियान को लेकर पश्चिमी देशों की आशंका को लेकर व्यक्त की। एर्दोआन ने वाल स्ट्रीट जर्नल में लिखा, हम सुनिश्चित करेंगे कि आईएसआईएस (इस्लामिक स्टेट) का कोई भी लड़ाका उत्तर-पूर्वी सीरिया से भाग नहीं पाए। उन्होंने सीरिया में कुर्दों के खिलाफ तुर्की के अभियान के चलते बड़े पैमाने पर आतंकियों के भागने की पश्चिमी देशों की आशंका को पाखंड करार दिया। एर्दोआन ने कहा, जो देश आज आईएसआईएस से लड़ने के मुद्दे पर तुर्की को भाषण देते हैं, वही देश 2014 और 2015 में विदेशी आतंकवादियों की बाढ़ को रोकने में विफल रहे। अमेरिका ने तुर्की पर सोमवार को प्रतिबंध लगा दिए और उससे सैन्य अभियान बंद करने को कहा। इसने तुर्की पर आरोप लगाया कि उसका नाटो सहयोगी चरमपंथियों की रिहाई सुनिश्चित कर आम लोगों की जिन्दगी को खतरे में डाल रहा है। कुर्द अधिकारियों ने दावा किया है कि तुर्की के हमले ने उनके लिए अपने हिरासत केंद्रों की सुरक्षा को मुश्किल बना दिया है। उन्होंने कहा कि रविवार को आईएस आतंकियों के परिवारों के 800 सदस्य आइन इस्सा शिविर से भाग गए। वहीं, शुक्रवार को पांच आतंकी एक अन्य जेल से भाग गए। वहीं, तुर्की ने कहा है कि कुर्द बलों ने क्षेत्र में अफरातफरी उत्पन्न करने के लिए जानबूझकर कैदियों को छोड़ा है। आईएस आतंकियों के कुछ पारिवारिक सदस्यों ने भी समाचार एजेंसी के साथ बातचीत में इसी तरह का दावा किया। तुर्की ने कहा है कि वह क्षेत्र में सभी हिरासत केंद्रों का नियंत्रण अपने हाथ में लेगा।

# ब्रिटेन के शाही जोड़े ने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति से की मुलाकात



एजेंसी। इस्लामाबाद

**ब्रिटेन** के युवराज विलियम और उनकी पत्नी केट मिडलटन ने अपनी पांच दिवसीय पाकिस्तान यात्रा के पहले दिन यहां देश के प्रधानमंत्री इमरान खान और राष्ट्रपति आरिफ अल्वी से मुलाकात की। डॉन न्यूज की खबर के अनुसार प्रधानमंत्री आवास में ड्यूक और डचेस ऑफ कैम्ब्रिज का खान ने स्वागत किया, जहां उनके लिए दोपहर के भोज का आयोजन किया गया था। इस बैठक से पहले, राष्ट्रपति अल्वी और उनकी पत्नी समीना आरिफ ने ऐवान-ए सदर में उनका स्वागत किया था।

राष्ट्रपति सचिवालय की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार राष्ट्रपति ने मानसिक स्वास्थ्य, जलवायु परिवर्तन और गरीबी उन्मूलन के बारे में जागरूकता बढ़ाने के प्रयासों के लिए शाही जोड़े की सराहना की। ड्यूक ऑफ कैम्ब्रिज ने आवभगत के लिए राष्ट्रपति का शुक्रिया किया। शाही जोड़े ने जलवायु परिवर्तन का मुकाबला करने और गरीबी को कम करने के लिए पाकिस्तान सरकार द्वारा की गई पहलों की सराहना भी की। दिन में सुबह नीले रंग का सलवार-कुर्ता पहने नजर आईं डचेस ऑफ कैम्ब्रिज यहां हरे रंग की पोशाक में पहुंची।

पाकिस्तान में ब्रिटिश उच्चायुक्त थॉमस ड्रियू, ड्यूक के निजी सचिव सिमन केस और ड्यूक और डचेस ऑफ कैम्ब्रिज के संचार सचिव क्रिश्चियन जोन्स शाही जोड़े के साथ मौजूद थे। इससे पहले दोनों यहां एक बालिका विद्यालय पहुंचे थे और छात्राओं से बातचीत की थी। ड्यूक और डचेस ऑफ कैम्ब्रिज सोमवार को इस्लामाबाद पहुंचे थे। 13 साल बाद कोई शाही परिवार यहां पहुंचा है। इससे पहले प्रिंस ऑफ वेल्स और डचेस ऑफ कॉर्नवेल कैमिला ने 2006 में देश का दौरा किया था। वहीं विलियम की मां राजकुमारी डायना 1990 में यहां आई थीं।

शाही जोड़ा आज इस्लामाबाद स्थित मॉडल कॉलेज फॉर गर्ल्स पहुंचा। यह स्कूल चार साल की बच्चियों से ले कर 18 वर्ष की युवतियों के लिए सरकार द्वारा चलाया जाता है। ब्रिटेन स्थित टीच फर्स्ट योजना पर आधारित टीच फॉर पाकिस्तान कार्यक्रम इसकी सहायता करता है। शाही जोड़ा स्कूल के विभिन्न हिस्सों में गया और गणित की एक कक्षा का भी निरीक्षण किया। स्कूल के ब्च्चों के साथ भी उन्होंने काफी गर्मजोशी से बात की। स्कूल के प्रशासन ने शाही दम्पति को स्कूल और पाकिस्तान में शिक्षा प्रणाली के बारे में बताया। अपने पांच दिवसीय दौरे पर दम्पति राजधानी इस्लामाबाद और लाहौर के अलावा उत्तरी क्षेत्रों और खैबर पख्तूनख्वा जाएंगे।

जियो न्यूज की खबर के अनुसार इसके बाद विलियम और केट हिमालय की गोद में बसे मार्गल्ला हिल्स भी जाएंगे। खबर के अनुसार, ड्यूक और डचेस ऑफ कैम्ब्रिज राष्ट्रपति आरिफ अल्वी और प्रधानमंत्री इमरान खान से मुलाकात करेंगे। वे ब्रिटिश उच्चायुक्त थॉमस ड्रियू द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भी शिरकत करेंगे। रावलपिंडी के नूर खान हवाईअड्डे पर विदेश मंत्री शाह मोहम्मद कुरैशी और उनकी पत्नी ने केट और विलियम का स्वागत किया था। केनसिंगटन पैलेस ने पिछले सप्ताह ड्यूक ऑफ कैम्ब्रिज विलियम की अपनी पत्नी केट मिडलटन के साथ 14 से 18 अक्टूबर की यात्रा को क्षेत्र में सुरक्षा चिंताओं के चलते सबसे जटिल बताया था। संडे टेलीग्राफ की खबर के मुताबिक 1,000 से ज्यादा पुलिसकर्मी यात्रा के दौरान सुरक्षा में तैनात रहेंगे। भाषा निहारिका नरेश

# ट्रम्प ने तुर्की पर लगाए प्रतिबंध, कहा उसकी अर्थव्यवस्था को बरबाद कर देंगे

एजेंसी। वाशिंगटन

**अमेरिका** के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने उत्तरपूर्वी सीरिया में तुर्की की सैन्य कार्वाई के विरोध में तुर्की अधिकारियों के खिलाफ नए प्रतिबंधों की घोषणा करते हुए कहा कि यदि तुर्की तबाही की राह पर बढ़ता चला गया तो हम उसकी अर्थव्यवस्था को तेजी से बरबाद करने को तैयार है।

साथ ही कहा स्टील पर शुल्क बढ़ाते हुए अमेरिका ने 100 अरब डॉलर के व्यापार सौदे पर बातचीत भी बंद कर दी है। ट्रम्प ने एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर करने के साथ ही प्रशासन को तुर्की पर प्रतिबंध लगाने का अधिकार दिया। वित्त मंत्रालय तुर्की के रक्षा मंत्री हुलसी अकार, आंतरिक मंत्री सुलेमान सोयलू और ऊर्जा मंत्री फातिह डोनमेज़ को अपनी प्रतिबंध सूची में पहले ही डाल चुका है। वहीं ट्रम्प ने अमेरिकी प्रतिनिधि सभा की अध्यक्ष नैन्सी पेलोसी को भेजे एक पत्र में तुर्की मामले को एक राष्ट्रीय आपदा बताया है।

अमेरिका के सीरिया से अपने सैनिकों को वापस बुलाने के फैसले के बाद अंकारा ने बुधवार को सीमा पर कुर्द लड़ाकों पर हमला किया था। अमेरिका के इस कदम की रिपब्लिक पार्टी ने निंदा की थी और कुछ ने इसे कुर्द के प्रति विश्वासघात बताया था। ट्रम्प ने एक बयान में कहा, यह



कार्यकारी आदेश मानवाधिकार के गंभीर हनन, संघर्ष विराम को बाधित करने, विस्थापित लोगों को घर लौटने से रोकने, शरणार्थियों को जबरन वापस उनके देश भेजने या सीरिया में शांति, सुरक्षा और स्थिरता को खतरा पहुंचाने वालों के खिलाफ अमेरिका को कड़े प्रतिबंध लगाने का अधिकार देगा। उन्होंने कहा कि तुर्की की सैन्य कार्वाई आम नागरिकों को खतरे में डाल रही है और क्षेत्र में शांति, सुरक्षा तथा स्थिरता को खतरा पहुंचा रही है। उन्होंने कहा कि वह तुर्की के अपने समकक्ष को यह पूरी तरह स्पष्ट कर चुके हैं कि उनकी कार्वाई एक मानवीय संकट पैदा कर रही है और युद्ध अपराध जैसे हालात पैदा कर रही है। राष्ट्रपति ने कहा, अगर तुर्की के नेताओं ने खतरनाक और विनाशकारी मार्ग पर चलना जारी रखा, तो मैं उसकी अर्थव्यवस्था को तेजी से बरबाद करने को पूरी तरह तैयार हूं। उन्होंने बताया कि आदेश के तहत कई तरह की पाबंदियां लगाई जा सकती हैं जैसे आर्थिक पाबंदी, सम्पति की खरीद-ब्रिक्री पर रोक, अमेरिका में प्रवेश पर प्रतिबंध आदि। ट्रम्प ने बताया कि अमेरिका तुर्की से 100 अरब डॉलर के व्यापार सौद पर बातचीत भी तत्काल बंद कर देगा। स्टील पर शुल्क भी 50 प्रतिशत बढ़ा दिया जाएगा।

इस बीच, अमेरिका के विदेश मंत्री माइक पोम्पिओ ने एक बयान में कहा, जैसा कि राष्ट्रपति ने स्पष्ट कर दिया है, उत्तरपूर्वी सीरिया में तुर्की की कार्रवाई डी-आईएसआईएस (आईएसआईएस को मात देने) के अभियान को नुकसान पहुंचा रही है, आम लोगों की जान को खतरे में डाल रही है और क्षेत्र में सुरक्षा को खतरा पहुंचा रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि तुर्की अपना अभियान जारी रखता है, तो यह संभावित विनाशकारी परिणामों के साथ एक बड़े और कठिन मानवीय संकट को जन्म देगा। पोम्पिओ ने तुर्की से उत्तरपूर्वी सीरिया में अपनी एकतरफा कार्वाई तत्काल रोकने की मांग की। साथ ही सुरक्षा के बारे में अमेरिका के साथ बातचीत वापस शुरू करने को कहा। उल्लेखनीय है कि तुर्की कुर्द लड़ाकों की अगुवाई वाले सीरियाई लोकतांत्रिक बलों (एसडीएफ) को निशाना बना रहा है जो इस्लामिक स्टेट समूह को हराने के पांच साल के अभियान में अमेरिका का प्रमुख सहयोगी रहा है।

## सऊदी और ईरान के बीच का तनाव कम करने के प्रयास के तहत रियाद जाएंगे इमरान

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान सऊद्दी अरब और ईरान के बीच के तनाव को कम करने के प्रयासों के तहत मंगलवार को रियाद जाएंगे। खान की रियाद की यह यात्रा तेहरान की उनकी यात्रा के दो दिन बाद हो रही है। रियाद नीत गठबंधन के 2015 में यमन पर हमलों की शुरूआत और 2016 में प्रमुख शिया धर्मगुरु को मृत्युदंड दिए जाने के बाद ईरान और सऊदी अरब के संबंधों में तनाव आ गया। इस वर्ष 14 सितंबर को सऊदी अरब के तेल प्रतिष्ठानों पर हमले के बाद दोनों देशों के बीच तनाव चरम पर पहुंच गया है। पाकिस्तान के विदेश कार्यालय ने ईरान के सर्वोच्च नेतृत्व के साथ 13 अक्टूबर को हुई बातचीत का प्रत्यक्ष तौर पर जिक्र करते हुए कहा , प्रधानमंत्री खान हाल ही में अन्य नेताओं के साथ हुई बातचीत के आलोक में सऊदी नेतृत्व के साथ बातचीत करेंगे। कार्यालय ने कहा कि इस दौरान द्विपक्षीय संबंधों और अन्य क्षेत्रीय घटनाक्रमों पर भी चर्चा होगी। इस वर्ष खान की सऊदी अरब की यह तीसरी यात्रा है। इससे पहले उन्होंने मई और सितंबर में सऊदी अरब की यात्रा की थी। ईरान की यात्रा के दौरान खान ने राष्ट्रपति हसन रूहानी और सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खमनेई से मुलाकात की थी।

# परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की धमकी देने के खतरों को लेकर भारत ने चेताया

एजेंसी। संयुक्त राष्ट्र

● एक जिम्मेदार परमाणु शक्ति होने के नाते भारत का परमाणु सिद्धांत इन हथियारों का पहले प्रयोग नहीं करना और परमाणु हथियार रहित देशों के खिलाफ इसका इस्तेमाल नहीं करने का है

**जम्मू-कश्मीर** का विशेष राज्य का दर्जा हटाए जाने के बाद पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान के दक्षिण एशिया में संभावित परमाणु युद्ध संबंधी बयान के कुछ दिनों बाद, भारत ने सीमा पार आतंकवाद को छुपाने के लिए देशों द्वारा परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की धमकी देने के खतरों को लेकर चेताया। निरस्त्रीकरण सम्मेलन (सीडी) में भारत के स्थाई प्रतिनिधि राजदूत पंकज शर्मा ने कहा कि वैश्विक सुरक्षा हालात लगातार बदल रहे हैं। उन्होंने कहा कि एक जिम्मेदार परमाणु शक्ति होने के नाते भारत का परमाणु सिद्धांत इन हथियारों का पहले प्रयोग नहीं करना और परमाणु हथियार रहित देशों के खिलाफ इसका इस्तेमाल नहीं करने का है। उन्होंने निरस्त्रीकरण, वैश्विक चुनौतियों और शांति के लिए खतरों से निपटने वाली प्रथम समिति की आम बहस में सोमवार को कहा, वैश्विक सुरक्षा हालात लगातार बदल रहे हैं। कुछ ऐतिहासिक निरस्त्रीकरण संधियों एवं समझौतों के समाप्त होने और सीमा पार आतंकवाद को छुपाने के लिए देशों द्वारा परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की धमकी देने से पैदा होने वाले खतरों और परमाणु सीमा के कम होने की चिंता है।

शर्मा का यह बयान ऐसे समय में आया है जब कुछ ही दिन पहले खान ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के 74वें सत्र में पहली बार भाषण दिया और 50 मिनट के अपने संबोधन में उन्होंने आधा समय भारत और कश्मीर पर ही बात की। भारत ने इसका कड़ा जवाब देते हुए कहा था कि परमाणु विध्वंस की धमकी अस्थिरता का सूचक है, न कि शासन कला की।

जम्मू-कश्मीर को विशेष राज्य का दर्जा देने वाले संविधान के अनुच्छेद 370 को पांच अगस्त को हटाए जाने के बाद से पाकिस्तान कश्मीर मामले का अंतरराष्ट्रीयकरण करने की कोशिश कर रहा है, जबकि भारत का कहना है कि यह भारत का आंतरिक मामला है और पाकिस्तान को हकीकत स्वीकार कर लेनी चाहिए। भारत ने साथ ही कहा है कि कश्मीर मामले में किसी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता की कोई आवश्यकता नहीं है। शर्मा ने कहा कि निरस्त्रीकरण तंत्र उम्मीदों पर खरा नहीं उतर पाया, जैसा कि निरस्त्रीकरण सम्मेलन (सीडी) में दो दशकों से अधिक समय से बरकरार गतिरोध और इस साल सत्र आयोजित करने में संयुक्त राष्ट्र निरस्त्रीकरण आयोग की असमर्थता से स्पष्ट है। उन्होंने कहा, हां, वार्ता एवं सहयोग के मूल्यों में हमारे बुनियादी भरोसे के कारण उम्मीद कायम है।

शर्मा ने कहा कि निरस्त्रीकरण सम्मेलन कार्य संबंधी कार्यक्रम पारित करने में इस साल असफल रहा। उन्होंने कहा कि ऐसा राजनीतिक इच्छाशक्ति के अभाव और विभाजनकारी नीतियों के कारण हुआ। इसके लिए प्रक्रिया के नियमों में कमी को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता। शर्मा ने कहा, हमें एकमात्र निरस्त्रीकरण वार्ता मंच के रूप में सीडी को बचाए रखने और इसके जनादेश के अनुसार ठोस काम करने की आवश्यकता है। भारत सीडी के एजेंडे के सभी मूल मामलों पर साथी सदस्यों के साथ काम करने को तैयार है। नई दिल्ली ने 2006 में संयुक्त राष्ट्र महासभा में जमा कराए गए परमाणु निरस्त्रीकरण कार्य पत्र की रूपरेखा के अनुसार चरणबद्ध तरीके से परमाणु हथियारों को पूर्णतः नष्ट करने की भी अपील की।

## क्विक न्यूज

### मैक्रों ने ट्रम्प को आईएस के दोबारा अस्तित्व में आने को लेकर किया आगाह

**पेरिस।** फ्रांस के राष्ट्रपति एमैनुएल मैक्रों ने सोमवार को अपने अमेरिकी समकक्ष डोनाल्ड ट्रम्प से कहा है कि इस्लामिक स्टेट (आईएस) जिहादी समूह को फिर से अस्तित्व में आने से रोकने की अत्यंत आवश्यकता है। राष्ट्रपति भवन ने कहा कि मैक्रों ने सोमवार शाम ट्रम्प को फोन कर चेताया कि क्षेत्र में सैनिकों को वापस बुलाने और उसके बाद कुर्दों के खिलाफ तुर्की के हमले ने आईएस के फिर से सिर उठाने के खतरे को बढ़ा दिया है। फ्रांस के नेता ने तुर्की के राष्ट्रपति रजब तैयब एर्दोआन और अपने इराकी समकक्ष बरहाम सालिह से भी बातचीत की। फ्रांस और अन्य देश इस बात से चिंतित है कि कुर्द अधिकारियों के कब्जे से आईएस सदस्य भाग सकते है और क्षेत्र मे बने हालात का फायदा उठा सकते है। उल्लेखनीय है कि तुर्की कुर्द लड़ाकों की अगुवाई वाले सीरियाई लोकतांत्रिक बलो (एसडीएफ) को निशाना बना रहा है जो इस्लामिक स्टेट समूह को हराने के पांच साल के अभियान मे अमेरिका का प्रमुख सहयोगी रहा है।

### अफगानिस्तान में चुनाव प्रचार के दौरान हिंसा में 85 आम लोग मारे गए

**काबुल।** संयुक्त राष्ट्र की एक एजेंसी ने कहा है कि अफगानिस्तान मे हाल मे राष्ट्रपति चुनाव से संबंधित हिंसा मे सैकड़ो लोग मारे गए या घायल हो गए। अफगानिस्तान मे संयुक्त राष्ट्र सहायता मिशन (यूएनएएमए) ने अपनी रिपोर्ट मे कहा कि आठ जून से लेकर 30 सितंबर तक चुनावी हिंसा मे 85 लोग मारे गए और 373 अन्य घायल हो गए। चुनाव के दिन हुई हिंसा मे 28 आम लोग मारे गए और 249 अन्य घायल हो गए। हताहतों मे एक तिहाई से अधिक बच्चे थे। मृतकों की संख्या काफी अधिक होने के बावजूद अफगान सुरक्षाबलों ने चुनावी दिन को एक बड़ी सफलता बताया और कहा कि तालिबान कोई ऐसा बड़ा हमला करने मे विफल रहा जो सुर्खियां बनता। रिपोर्ट मे कहा गया कि तालिबान ने ज्यादातर हमलों मे रॉकेटों, ग्रेनेडो और मोर्टार का इस्तेमाल किया। चुनाव केंद्रों और स्कूलों को निशाना बनाने के लिए देसी बमों तक का इस्तेमाल किया गया।

### कोलम्बस दिवस पर कोलम्बस की प्रतिमाओं के साथ छेड़छाड़

**प्रोविडेंस।** अमेरिका मे कोलम्बस दिवस पर क्रिस्टोफर कोलम्बस की प्रतिमाओ पर लाल रंग डालकर और उनपर 15वी सदी के इस इतालवी नाविक के खिलाफ संदेश लिखकर छेड़छाड़ की गई। रोड आइलैंड के प्रोविडेंस मे कोलम्बस की एक प्रतिमा पर सोमवार को लाल रंग डालकर उस पर नरसंहार का जश्न मनाना बंद करो का संदेश लिखा था।

# ब्रेक्जिट समझौता इस सप्ताह होने की संभावना : बार्नियर

एजेंसी। लक्जमबर्ग

**ब्रेक्जिट** के लिए यूरोपीय संघ के वार्ताकार मिशेल बार्नियर ने मंगलवार को कहा कि ब्रिटेन के साथ समझौता इस सप्ताह हो सकता है, लेकिन उन्होंने आगाह भी किया कि अभी और जटिल वार्ताओं की आवश्यकता है। ब्रिटेन और यूरोपीय संघ (ईयू) के अधिकारी बृहस्पतिवार को शुरू हो रही ईयू नेताओं की शिखर वार्ता से पहले ब्रेक्जिट पर समझौता करने की कोशिश में लगे हैं। वहीं, प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन 31 अक्टूबर तक ब्रिटेन को यूरोपीय संघ से अलग करने के अपने वादे पर कायम हैं।

ब्रिटेन के साथ जारी वार्ता पर ईयू देशों को जानकारी देने के लिए यहां पहुंचे बार्नियर ने कहा, यह कवायद सप्ताहांत तथा कल और तेज हो गई। हालांकि समझौता मुश्किल होगा- सच कहूं तो बहुत मुश्किल होगा- इसके बावजूद इस सप्ताह यह संभव है। उन्होंने कहा, जाहिर है कोई भी समझौता सभी के लिए होना चाहिए- पूरे ब्रिटेन और यूरोपीय संघ के लिए। मैं बता दूं कि यह वक्त अच्छे इरादों को कानूनी रूप देने का है। ब्रिटेन के बिना किसी समझौते के यूरोपीय संघ से अलग होने की चिंताओं के बीच पिछले कुछ दिनों से उम्मीद जगी है कि कोई समझौता हो सकता है। हालांकि अभी तक कोई निर्णायक फैसला नहीं लिया गया है। ईयू छोड़ने पर ब्रिटेन के 2016 के जनमत संग्रह के तीन साल से भी अधिक समय से बातचीत अब भी इस मुद्दे पर अटकी है कि ब्रिटेन प्रशासित उत्तरी आयरलैंड और आयरलैंड के बीच सीमा पर सीमा शुल्क जांच से कैसे बचा जा सकता है। गौरतलब है कि उत्तरी आयरलैंड और आयरलैंड अब भी यूरोपीय संघ का हिस्सा हैं।



**जापान में तूफान से मरने वालों की संख्या 70 पहुंची**

**तोक्यो।** जापान में तूफान हगीबिस के कारण मरने वालों की संख्या बढ़कर लगभग 70 हो गई है। राष्ट्रीय प्रसारणकर्ता एनएचके ने सोमवार को यह जानकारी दी। उसने बताया कि राहत कार्य और बचाव कार्य तीसरे दिन भी जारी है। एनएचके ने बताया कि इस घातक तूफान के बाद से 15 लोग अब भी गायब हैं। शनिवार रात आए इस भयावह तूफान ने तोक्यो और आसपास के इलाकों को बुरी तरह प्रभावित किया है।

# नाइजीरियाई पुलिस ने 300 से अधिक बच्चों को यातना गृह से बचाया

एजेंसी। कानो (नाइजीरिया)

**उत्तरी** नाइजीरिया में पुलिस ने छापेमारी की और एक इस्लामिक बोर्डिंग स्कूल में बंधक बना कर यौन उत्पीड़न का सामना रहे 300 से अधिक बच्चों को मुक्त कराया। एक महीने में छापेमारी कर 300 से अधिक बच्चों को ऐसे संस्थान से मुक्त कराने की यह दूसरी घटना है।

कैटसिना राज्य के दौरा क्षेत्र में रविवार को कुछ छात्र छात्रावास से भाग कर सड़क पर प्रदर्शन करने लगे थे। इसके बाद पुलिस ने स्कूल में छापा मारकर छात्रों को मुक्त कराया। कैटसिना पुलिस प्रमुख सानुसी बुबा ने पत्रकारों को बताया कि छात्रों को बंधक बना कर उत्पीड़ित किया जाता था। इन छात्रों को जंजीरों से बांध कर रखा गया था। उन्होंने बताया, हमें जानकारी मिली कि यहां 300 से अधिक छात्र हैं जिन्हें कई प्रकार से यातनाएं दी जा रही थी। अमानवीय व्यवहार की वजह से कुछ छात्र रविवार को निकल भागे और विरोध किया। लगभग 60 छात्र वहीं रह गए।

बुबा ने बताया कि इस स्कूल की स्थापना 78 वर्षीय उलेमा बेलो माय अल्माजीराई ने 40 साल पहले की थी। बाद में उन्होंने स्कूल का प्रबंधन अपने बेटे को सौंप दिया। इस स्कूल में बच्चों को उनके माता-पिता कुरान सीखने और नशामुक्ति के लिए भेजते थे। दौरा राजधानी से 70 किमी दूर और नाइजर की सीमा के पास स्थित है। बुबा के बताया कि छात्रों को अमानवीय ढंग से रखा जाता था। कुछ छात्रों ने खुलासा किया कि उनके शिक्षक उनका यौन उत्पीड़न भी करते थे। पुलिस ने छात्रों को उनके घर पहुंचाने का आश्वासन दिया है।

# आदिल के गोल से भारत ने बांग्लादेश से मैच ड्रा कराया

## ● फीफा विश्व कप क्वालीफायर मैच

एजेंसी। कोलकाता



आदिल खान के आखिरी क्षणों में किए गए गोल की मदद से भारत ने फीफा विश्व कप क्वालीफायर मैच में मंगलवार को यहां बांग्लादेश को।-। से ड्रा पर रोका लेकिन इससे उसके क्वालीफाई करने की उम्मीदों को करारा झटका लगा है। कतर के खिलाफ पिछले मैच में गोलरहित ड्रा खेलने वाले भारत को इस मैच में जीत दर्ज करनी चाहिए थी लेकिन उसने गोल करने के कई मौके गंवाए और इस बीच बांग्लादेश को गोल करने का सुनहरा मौका भी प्रदान किया। इस मैच में भी अंक बांटने से भारत की ग्रुप ई में आगे की राह मुश्किल हो गई है। भारत तीन मैचों में दो अंक लेकर ग्रुप में चौथे स्थान पर है। बांग्लादेश को साद उदीन ने 42वें मिनट में बढ़त दिलाई थी लेकिन आदिल खान ने 89वें मिनट में बराबरी का गोल करके भारतीय टीम को शर्मसार होने से बचा दिया। इस तरह से भारतीय टीम का पिछले 20 वर्षों में बांग्लादेश पर जीत दर्ज करने का इंतजार बना रहा। उसने अपने इस पड़ोसी देश को आखिरी बार 1999 में सैफ खेलों में हराया था। इन दोनों टीमों के बीच पिछले तीन मैच बराबरी पर छूटे जबकि 2009 सैफ खेलों में बांग्लादेश जीत दर्ज करने में सफल रहा था। भारतीय टीम के प्रदर्शन से कोच इगोर स्टिमक भी निराश होंगे क्योंकि पहले हाफ में वे रणनीति के अनुरूप आक्रामक रवैया नहीं अपना पाई जबकि इस बीच आपसी तालमेल नहीं होने के कारण उसने गोल गंवाया। राहुल भेके की बाएं छोर से लगाई गई फ्री किक को बांग्लादेश के कप्तान जमाल भुयां ने अपने कब्जे में किया। उन्होंने उसे भारतीय गोल की तरफ पहुंचाया लेकिन गोलकीपर गुरप्रीत सिंह संधू उसे बाहर नहीं कर पाए और साद ने हेडर से गेंद गोल में पहुंचा दी। भारत ने दूसरे हाफ में अपनी पूरी ताकत गोल करने में लगा दी लेकिन हर बार उसे अंतिम क्षणों की चूक के कारण निराशा हाथ लगी। इस बीच भारतीय टीम कम से कम तीन अवसरों पर गोल करने के बेहद करीब थी लेकिन उसे नाकामी हाथ लगी। ऐसे समय में जब भारतीय टीम पर हार का खतरा मंडरा रहा था तब आदिल ने महत्वपूर्ण गोल करके टीम को अंक दिलाया। सुनील छेत्री ने इससे ठीक पहले गोल करने का शानदार अवसर गंवाया था लेकिन आदिल ने ऐसी कोई गलती नहीं की। उन्होंने स्थानापन्न ब्रैंडन फर्नांडिस की कार्नर किक पर हेडर से गोल करके दर्शकों में जोश भरा जो बांग्लादेश का गोल होने के बाद काफी निराश थे। भारत अब 14 नवंबर को अफगानिस्तान और 19 नवंबर को ओमान से उनकी सरजमीं पर भिड़ेगा।

### भारतीय फुटबाल टीम ने सैफ अंडर-15 महिला चैंपियनशिप जीती

**थिम्पू।** भारत ने मंगलवार को यहां बांग्लादेश को पेनल्टी शूटआउट में 5-3 से हराकर सैफ अंडर-15 महिला फुटबाल चैंपियनशिप का खिताब जीता। दोनों टीमें नियमित समय में गोल नहीं कर पाई। भारतीय टीम ने शुरू से आक्रामक रवैया अपनाया जबकि बांग्लादेश ने जवाबी हमले किए लेकिन कोई भी गोल करने में सफल नहीं हो पाई। पेनल्टी शूटआउट में भारतीय गोलकीपर आद्रिजा सरखेल ने बांग्लादेश का पहला शाट बचा दिया। भारतीय कप्तान शिल्की देवी ने अंतिम पेनल्टी पर गोल करके भारत को जीत दिलाई।

## सीओए ने रखा हितों के टकराव नियम में संशोधन का प्रस्ताव

**नई दिल्ली।** पूर्व खिलाड़ियों को जल्द ही एक साथ कई भूमिकाएं निभाने की छूट मिल सकती है क्योंकि प्रशासकों की समिति (सीओए) ने बोर्ड के संविधान के विवादास्पद हितों के टकराव नियम में संशोधन करने की सिफारिश की है। मौजूदा संविधान के अनुसार कोई भी व्यक्ति एक बार में कई भूमिकाएं नहीं निभा सकता है तथा इसके कारण कई दिग्गज क्रिकेटरों पर हितों के टकराव के आरोप भी लगे। इनमें बीसीसीआई अध्यक्ष बनने जा रहे सौरव गांगुली, वीवीएस लक्ष्मण और कपिल देव भी शामिल हैं। सीओए ने उच्चतम न्यायालय में सोमवार को अपनी 11वीं और आखिरी स्थिति रिपोर्ट सौंपी जिसमें बीसीसीआई संविधान के नियम 38 में संशोधन का प्रस्ताव किया है। अगर यह संशोधन स्वीकार कर लिया जाता है तो फिर उन पूर्व खिलाड़ियों को कई भूमिकाएं निभाने की अनुमति मिल सकती है जिनका बीसीसीआई या राज्य संघों के साथ दो साल से कम का अनुबंध है। उन्हें क्रिकेट सलाहकार समिति जैसी विभिन्न समितियों से जुड़ने की अनुमति मिल सकती है और उन्हें कमेंट्री करने से भी नहीं रोका जा सकेगा।

## भारत को सुल्तान जोहोर कप में जापान ने हराया

एजेंसी। जोहोर बाहरू

भारतीय जूनियर हाकी टीम को सुल्तान जोहोर कप में मंगलवार को यहां जापान ने 3-4 से हराया जो टूर्नामेंट में टीम की पहली पराजय है। भारत के लिए गुरसाहिबजीत, शारदा नंद तिवारी और प्रताप लाकड़ा ने गोल किए लेकिन टीम जापान से एक गोल से पीछे रह गई। जापान ने मैच के शुरुआती क्षणों में ही आक्रामक खेल के दम पर पेनल्टी कार्नर हासिल किया और वतारू मात्सुमोतो ने उसे गोल में बदल कर टीम का बढ़त दिला दी। भारतीय टीम को तीसरे मिनट में पेनल्टी कार्नर मिला लेकिन प्रताप लाकड़ा के प्रयास को ताकुमि कितागवा ने नाकाम कर दिया। दूसरे क्वार्टर में भारत बराबरी करने के ज्यादा मौके बनाए लेकिन टीम जापान की रक्षापंक्ति को नहीं भेद सकी। इस बीच जापान ने मैच के 22वें मिनट में दूसरा गोल दाग दिया। कोसेइ कवाब ने पेनाल्टी कार्नर को गोल में बदला जिससे टीम मध्यांतर से पहले 2-0 से आगे हो गई। दोनों टीमों के बीच तीसरे क्वार्टर में करीबी मुकाबला रहा जहां मध्यांतर के तुरंत बाद भारत को दूसरा पेनल्टी कार्नर मिला और मंदीप मोर के शाट को गुरसाहिबजीत ने गोल में बदल दिया। इसके दो मिनट के बाद ही केइता वतानाबे जापान के पांचवें पेनल्टी को गोल में बदल कर टीम को 3-। से आगे कर दिया। कोसेइ कवाबे ने 37वें मिनट में जापान के लिए चौथा गोल दागा। एक मिनट के बाद शारदा नंद के ड्रैग फ्लिक से भारत ने वापसी की और स्कोर 4-2 हो गया। अंतिम क्वार्टर में भारत ने आक्रामक खेल का सहारा लिया और लगातार जापान के सर्किल में पहुंच कर हमले किया।

**PUBLIC NOTICE**

To be known to all that my client **Smt. Madhu Bala Shrivastava** W/o Sh. Hari Har Prashad Shrivastava R/o C-2/246, Yamuna Vihar, Delhi-110053, is the owner of Property Bearing No.246, Block-C-2, Area Measuring 35.00 SQ. MTRS., Situated at Yamuna Vihar, Delhi-110053, Vide DDA File No. F.17(862) 75/LSB(R), has applied for conversion of the aforesaid property from lease hold to freehold. The original documents i.e. Demand Letter and Possession Letter of the above said property have been lost or misplaced by my client and is/are not traceable inspite of her best efforts. An F.I.R. /NCR to this effect has been lodged in the Police Station, Crime Branch, Delhi (LR No. 1637645/2019 dated 2019). Any person (s) claiming any right, interest, having any objection or found in possession of original documents, may write/contact with above named person at above Address/Phone No.7982971094 within 15 days from the date of publication of this notice. The person claiming any right, interest, objection with respect to this property, can personally inform or write to Deputy Director LAB (Residential) or Director (Residential), Vikas Sadan, New Delhi.

**Naveen Aggarwal, Advocate**
**Ch.No. 7, Tis Hazari Court, Delhi-54**

**PUBLIC NOTICE**

To be known to all that my client **Dr. Kishore Kumar** S/o Late Sh. Bishwanath Prasad R/o Flat No.B-2&3/2293, First Floor, Vasant Kunj, New Delhi-110070, is the owner of DDA SFS Flat No.2293, on First Floor, Alongwith Scooter Garrage, Pocket-2&3, Sector-B, Situated at Vasant Kunj, New Delhi-110070, Vide DDA File No. F.125 (65)88/SFS/VK/II, has applied for original copies of lost papers in respect of said flat. The original documents i.e. Demand/Allotment Letter, 5th & Final Demand Letter, Possession Letter, NOC for Water & Electricity connection, Site Possession Slip and Payment Challans of the above said property have been lost or misplaced by the client and is/are not traceable inspite of her best efforts. An F.I.R./NCR to this effects has been lodge in the Police Station, Crime Branch, Delhi (LR no.1728118/ 2019 dated 2019). Any person (s) claiming any right, interest, having any objection or found in possession of original documents, may write/contact with above named person at above Address/Phone No. 989944 7354 within 15 days from the date of publication of this notice. The person claiming any right, interest, objection with respect to this property, can personally inform or write to Deputy Director LAB (Housing) or Director (Housing), Vikas Sadan, New Delhi.

**Naveen Aggarwal, Advocate**
**Ch.No. 7, Tis Hazari Court, Delhi-54**

**GOVT. OF BIHAR**
**OFFICE OF THE RESIDENT ENGINEER,**
**BIHAR BHAWAN. NEW DELHI**
**NO.998 /Dated 15/10/19**
**Short notice inviting quotation**

The reputed firms/registered contractor are requested to submit sealed quotation for following work in Bihar Bhawan and Bihar Niwas Chanakyapuri, New Delhi for the year 2019-20 Quotation will be submitted up to 28.10.2019 till _3.00 pm and opened on 29.10.2019 at _3.30 pm at the office of the Resident Engineer, Bihar Niwas Chanakyapuri, New Delhi undersigned office has right to cancel quotation without any further information. Registration, Tin No., Pan No. and authorization of firm/Registration paper here enclosed. Details information paper can be obtained from the office of the Resident Engineer Bihar Bhawan, New Delhi. Man power and cab registration certificate issue from Excise department must be enclosed .

| S.No | Particulars |
|---|---|
| 1 | Replacement of treadmill in gymnagium of Bihar Niwas. |
| 2 | Changing damage with rain water pipe severage pipe etc. for Bihar Bhawan |
| 3 | Construction of grees chamber at Bihar Niwas for the year 2019-20 |
| 4 | Supply of 29 Nos Sony make large size 43" T.V A3W 672 g at Bihar Bhawan and Bihar Niwas for the year 2019-20 |
| 5 | Providing fitting and fixing 2 Nos Mane gate of Bihar Bhawan for the year 2019-20 |
| 6 | Providing fitting and fixing 2 Nos Mane gate of Bihar Niwas for the year 2019-20 |
| 7 | Supply fitting and fixing small size fridge 10 Nos at Bihar Bhawan and Bihar Niwas for the year 2019-20 |
| 8 | Renovation and changing tiles, bathroom fitting. Electrical work of Room No 304, 305, and 306 at Bihar Bhawan for the year 2019-20 |

Sd/-
Executive Engineer-cum-
Resident Engineer
Bihar Bhawan, New Delhi

# दूसरी वाहिनी सीतापुर के एथलीटों ने वैजयंती जीती

## ● 27वीं वाहिनी सीतापुर के सीटू बेस्ट एथलीट बने

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

35वीं वाहिनी पीएसी, महानगर में सम्पन्न मध्य जोन पीएसी एथलेटिक्स प्रतियोगिता में दूसरी वाहिनी सीतापुर के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए वैजयंती जीत ली है। 35वीं वाहिनी लखनऊ उपविजेता रही। वहीं 11वीं वाहिनी सीतापुर के बलवन्त यादव डेकेथलान में 2901 अंक अर्जित कर लौह पुरूष बने। 27वीं सीतापुर के आरक्षी सीटू कुमार बेस्ट एथलीट बने। विजेताओं को वैजयंती पुलिस महानिरीक्षक पीएसी निलाब्जा चौधरी ने प्रदान की।

परिणाम- हाफ मैराथनः प्रथम अजीत कुमार 35वीं वाहिनी लखनऊ, द्वितीयराजेश यादव 35वीं वाहिनी लखनऊ, तृतीय राम विलास 26वीं वाहिनी गोरखपुर। 1500 मीटर दौड़ः प्रथम अनीस सिंह दूसरी वाहिनी सीतापुर, द्वितीय सुरेन्द्र यादव 26वीं वाहिनी गोरखपुर, तृतीय नीरज कुमार 27वीं वाहिनी सीतापुर। 400 मीटर दौड़ : प्रथम पुनीत कुमार 35वीं वाहिनी लखनऊ, द्वितीय विनय कुमार यादव 11वीं वाहिनी सीतापुर, तृतीय उस्मान हैदर दूसरी वाहिनी सीतापुर। भाला फेंकः प्रथम अम्बिका यादव 10वीं वाहिनी बाराबंकी, द्वितीय योगेन्द्र यादव 26वीं वाहिनी गोरखपुर, तृतीय रजनीश सिंह 35वीं वाहिनी लखनऊ। 110 मीटर बाधा दौड़ः प्रथम सुरजीत कुमार यादव 26वीं वाहिनी गोरखपुर, द्वितीय बलवंत यादव 11वीं वाहिनी सीतापुर, तृतीय चंद्रदीप कुशवाहा दूसरी वाहिनी सीतापुर। 3000 मीटर स्टेपलचेजः प्रथम अनीश सिंह दूसरी वाहिनी सीतापुर, द्वितीय अतुल सिंह 10वीं वाहिनी बाराबंकी, तृतीय सिराज अहमद 11वीं वाहिनी सीतापुर। डेकाथलानः प्रथम बलवंत यादव 11वीं वाहिनी सीतापुर, द्वितीय खुशहाल चौहान 25वीं वाहिनी रायबरेली, तृतीय महेश यादव 25वीं वाहिनी रायबरेली। 200 मीटर दौड़ः प्रथम सीटू कुमार 27वीं वाहिनी सीतापुर, द्वितीय उस्मान हैदर दूसरी वाहिनी सीतापुर, तृतीय विपिन कुमार 27वीं वाहिनी सीतापुर। चार गुणा 400 मीटर रिले दौड़ः प्रथम 11वीं वाहिनी सीतापुर, द्वितीय दूसरी वाहिनी सीतापुर, तृतीय 25वीं वाहिनी रायबरेली।

### जिला स्तरीय एथलेटिक्स

## अजय और प्रिया बने बेस्ट एथलीट



**लखनऊ।** केडी सिंह बाबू स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में अजय कुमार चौहान (अंडर-14 बालक) और प्रिया मिश्रा (अंडर-14 बालिका) में बेस्ट एथलीट घोषित किए गए हैं। वहीं अंडर-16 में दीपांशु पटेल और हर्षिता यादव बेस्ट एथलीट बनीं। इससे पूर्व प्रतियोगिता का शुभारम्भ भारतीय ओलंपिक संघ के कोषाध्यक्ष आनन्देश्वर पांडेय ने किया। इस मौके पर क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी जितेन्द्र यादव भी मौजूद थे। परिणाम-अंडर-14 बालकः (100 मी. रेस) अजय चौहान प्रथम, दीपक कुमार द्वितीय, अर्पित राव तृतीय। अंडर-14 बालिकाः (100 मी.) पूर्वी रस्तोगी प्रथम, गौरी पांडेय द्वितीय, वैष्णवी पांडेय तृतीय। (600 मी. रेस बालक) उमैर खान प्रथम, रितेश कुमार द्वितीय, अमन खान तृतीय। (600 मी. रेस बालिका) रूबी यादव प्रथम, प्रिया मिश्रा द्वितीय, नेहा शुक्ला तृतीय। (लम्बी कूद बालक) सीतेश सिंह प्रथम, अजय तिवारी द्वितीय, वीमान्शु सिंह तृतीय। (लम्बी कूद बालिका) प्रिया मिश्रा प्रथम, रीशिका अवस्थी द्वितीय, अलीना राय तृतीय। (ऊंची कूद बालक) आशीष सिंह प्रथम, वैभव जयसवाल द्वितीय, अगम शुक्ला तृतीय। (ऊंची कूद) गौरी पांडेय प्रथम, मुस्कान द्वितीय, अलीना राय तृतीय। (गोला फेंक बालक) अली हैदर प्रथम, आर्या सिंह द्वितीय, सिद्धार्थ तृतीय। (गोला फेंक बालिका) सुचिता वर्मा प्रथम, नेहा शुक्ला द्वितीय, अंकिता वर्मा तृतीय। अण्डर-16 बालकः (100 मी. रेस) दीपांशु पटेल प्रथम, शेषनाथ यादव द्वितीय, भानु प्रताप तृतीय। (100 मी. रेस) रश्मि सिंह प्रथम, अंशु द्वितीय, शिप्रा पटेल तृतीय। (200 मी. रेस बालक) शेषनाथ यादव प्रथम, विकास कुमार द्वितीय, शिखर सिंह तृतीय। (200 मी. रेस बालिका) पायल चौहान प्रथम, रागिनी सिंह द्वितीय, अंशु दूबे तृतीय। (400 मी. रेस बालक) विकास कुमार प्रथम, ऐरिन सिंह द्वितीय, रजनीश मिश्रा तृतीय। (400 मी. रेस बालिका) गरिमा यादव प्रथम, पायल चौहान द्वितीय, श्रेया सिंह तृतीय। (1000 मी. रेस बालक) अभिषेक कुमार प्रथम, अनुपम द्वितीय, हिमांशु यादव तृतीय। (1000 मी. रेस बालिका) सपना राय प्रथम, सुनीता देवी द्वितीय, प्रतीक्षा यादव तृतीय। (ऊंची कूद बालक) सौरभ प्रथम, यश द्वितीय, विवेक तृतीय। (ऊंची कूद बालिका) श्रेया यादव प्रथम, सम्पदा द्वितीय, सौभाग्या गुप्ता तृतीय। (लम्बी कूद बालक) शिखर सिंह प्रथम, रोहित सिंह राठौर द्वितीय, अर्जुन यादव तृतीय। (लम्बी कूद बालिका) रागिनी सिंह प्रथम, श्रेया यादव द्वितीय, शिप्रा तृतीय। (गोला फेंक बालक) देवाशीष वर्मा प्रथम, पुस्कर सिंह द्वितीय, रूद्रांश केसरवानी तृतीय। (गोला फेंक बालक) यशी सरना प्रथम, रोली पांडेय द्वितीय, सफलता यादव तृतीय। (100 मी. बाधा दौड़ बालक) श्रीकांत सिंह प्रथम, ऐरिन सिंह द्वितीय, कुमैल रिजवी तृतीय। (100 मी. बाधा दौड़ बालक) रागिनी सिंह प्रथम, सफलता यादव द्वितीय, सैदिव्या तृतीय। (डिस्कम थ्रो बालक) रूद्रांश प्रथम, ऐरिन पाण्डेय द्वितीय, पुस्कर सिंह तृतीय। (डिस्कम थ्रो बालिका) हर्षिता यादव प्रथम, पूर्णिमा द्वितीय, अदिति चौहान तृतीय।(भाला फेंक बालक) आईजेक लारटियास प्रथम, संजय यादव द्वितीय, करीम अहमद तृतीय। (भाला फेंक बालिका) पूर्णिमा प्रथम, यशी द्वितीय, अनामिका तृतीय।

**बिहार सरकार**
**स्थानिक अभियन्ता का कार्यालय**
**बिहार भवन,नई दिल्ली**
**संक्षिप्त निविदा आमत्रण सुचना**

पत्रांक-998/स्था0 अभि0, नई दिल्ली दिनांक-15/10/2019

बिहार भवन एवं बिहार निवास चाणक्यपूरी, नई दिल्ली हेतु निम्नलिखित कार्य के लिए समुचित श्रेणी मे बिहार लोक निर्माण विभाग मे पंजिकृत ढेकेदारों भवन निर्माताओ से बिहार लोक निर्माण विभाग एफ-2 एकरारनामा मे होने वाले कार्य के लिए मुहरबंद निविदाएँ आमन्त्रित की जाती है।

1. विज्ञापन दाता का नाम एवं पाता– स्थानिक अभियंता, बिहार भवन, चाणक्यपुरी, नई दिल्ली
2. परिमाण विपत्र के बिकी की तिथी एवं समय– 30-10-2019 (कार्यालय अवधि तक)
3. निविदा प्राप्त की तिथि एवं समय– 30-10-2019 (अपराहण 3.00 बजे तक)
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय– 31-10-2019 (अपराहण 3.00 बजे से 5.00 बजे तक)
5. परिमाण विपत्र निर्गत का स्थान– 1, स्थानिक अभियंता कार्यालय, बिहार निवास चाणक्यपुरी, नई दिल्ली 2,उपस्थानिक अभियंता कार्यालय, बिहार निवास चाणक्यपुरी, नई दिल्ली
6. निविदा प्राप्ति का स्थान– स्थानिक अभियंता कार्यालय, बिहार निवास चाणक्यपुरी, नई दिल्ली

| क्रम सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन राशि | बी.ओ.क्यू. राशि | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Painting & polishing work of 1srt. 2nd & 3rd floor rooms of Bihar Niwas. | 319123 | 6500 | 750 | एक माह |
| 2 | Repair painting & polishing work of all rooms of Bihar Bhawan. | 193709 | 4000 | 750 | एक माह |
| 3 | Repair painting & polishing work of staircase and corridor old & new wing of Bihar Bhawan. | 138411 | 3000 | 500 | एक माह |
| 4 | Repair painting and polishing work of doors of rooms, bathrooms and saft of Bihar Niwas. | 700000 | 14000 | 1250 | एक माह |
| 5 | Repair & painting work in out house of Bihar Bhawan. | 343122 | 7000 | 750 | एक माह |
| 6 | Repair & painting work of exterior surface of old wing of Bihar Bhawan. | 288112 | 6000 | 750 | एक माह |
| 7 | Repair & painting work of all parapet of Bihar Niwas. | 202127 | 4500 | 500 | 15 दिन |
| 8 | Roof treatment with cico plastering work of east side roof of Bihar Niwas. | 267004 | 6000 | 750 | 15 दिन |
| 9 | Roof treatment work with cico plasterin of west side roof of Bihar Niwas. | 267004 | 5600 | 750 | एक माह |

शर्ते

1. निविदा के साथ अद्यतन निबंधन आयकर प्रमाण पत्र, वाणिज्य कर प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र, पैन कार्ड, लेबर लाईसेन्स आदि की छाया प्रति जो राजपत्रित पदाधिकारी से अभिप्रमाणित हो संलग्न करना होगा।
2. अग्रधन की राशि डाकघर के एन.ए.सी./सावधि जमा के रुप में संलग्न की जानी है जो स्थानिक अभियंता चाणक्यपुरी, बिहार भवन नई दिल्ली की नाम से निविदा अवधि मे प्लेज्ड हा।
3. संवेदक के बिहार भवन निर्माण विभाग मे पंजीकृत होना अनिवार्य हो।
4. निविदाकरों को भारतीय मानक विनिर्देश के अनुसार कार्य हेतु अपेक्षित सामग्री की खुद व्यवस्था करनी होगा।
5. बिना कोई कारण बताए निविदा स्थगित एवं रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के सुरक्षित होगा।
6. प्रक्कलन की राशि घट बढ सकती है।

उक्त संबध मे किसी प्रकार की जानकारी हेतु अधोहस्ताक्षरी कार्यालय से कार्यालय अवधि में सपर्क कर प्राप्त किया जा सकता है।

हस्ता/–
कार्यपालक अभियता-सह-
स्थानिक अभियन्ता
बिहार भवन, नई दिल्ली

### रोड सेफ्टी वर्ल्ड सीरीज में दिग्गज क्रिकेटर ले सकते है भाग

**मुंबई।** मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर और वेस्टइंडीज के महान बल्लेबाज ब्रायन लारा अगले साल फरवरी में आयोजित होने वाले रोड सेफ्टी वर्ल्ड सीरीज (सड़क सुरक्षा विश्व श्रृंखला) मे भाग ले सकते है।

THE PIONEER CLASSIFIEDS

CHANGE OF NAME

I, Roma Singh, D/o. Shafiq Singh, R/o. 102-A, D-1 Pocket, Mayur Vihar Phase-3, Vasundhra Enclave, Delhi-110096, have changed my name from ROMA SINGH to NOOR UL AIIN on 07.10.2019 for all purposes.

PD(8634)A

CHANGE OF RELIGION

I, Roma Singh, D/o. Shafiq Singh, R/o. 102-A, D-1 Pocket, Mayur Vihar Phase-3, Vasundhra Enclave, Delhi-110096, have changed my religion from 'Hinduism' to 'Islam' on 07.10.2019 for all purposes.

PD(8635)A

# कई बार जिंदगी में कम ही ज्यादा होता है : गांगुली

## ● विश्व क्प हर तीन साल में कराने के विचार पर दी प्रतिक्रिया

एजेंसी। कोलकाता



बीसीसीआई के अध्यक्ष बनने जा रहे पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली ने क्रिकेट विश्व कप को हर तीन साल में करवाने के आईसीसी के विचार पर मंगलवार को कुछ प्रतिक्रिया देने से बचते हुए कहा कि कई बार जिंदगी में कम ही अधिक होता है। विश्व कप का पहला आयोजन 1975 में हुआ था जिसके बाद आमतौर पर हर चार साल में इसका आयोजन होता है। हालांकि 1992 में यह पांच साल और 1999 में तीन साल के अंतराल पर हुआ था। गांगुली ने यहां बंगाल क्रिकेट संघ के कार्यालय में पत्रकारों से कहा, कई बार जिंदगी में कम ही अधिक होता है। ऐसे में हमें कुछ भी फैसले करने से पहले सचेत रहना होगा। फुटबाल विश्व कप का आयोजन हर चार साल में होता है जहां उसकी दीवानगी देखते ही बनती है। बीसीसीआई में अध्यक्ष पद का नामांकन दखिल करने के बाद यहां पहुंचे गांगुली का शानदार स्वागत हुआ। उनका 23 अक्टूबर को बीसीसीआई का अध्यक्ष चुना जाना लगभग तय है। आईसीसी के नए प्रस्ताव में टी20 विश्व कप हर साल और 50 ओवरों का विश्व कप तीन साल में एक बार कराने की पेशकश है। पूर्व भारतीय कप्तान ने कहा, इस बारे में फैसला आईसीसी को करना है। मैं अभी इस पर प्रतिक्रिया देने की स्थिति में नहीं हूं। जब मैं इस चर्चा का हिस्सा बनूंगा तब इस बारे में बात करूंगा।

### आईसीसी प्रतियोगिताओं में नाकआउट में हारने की आदत खत्म करे भारत

**कोलकाता।** पूर्व भारतीय कप्तान और बीसीसीआई अध्यक्ष बनने जा रहे सौरव गांगुली चाहते है कि विराट कोहली की अगुवाई वाली राष्ट्रीय टीम आईसीसी प्रतियोगिताओं मे नाकआउट मे हारने की आदत को खत्म करे। गांगुली ने यहां पत्रकारो से कहा, भारत अच्छी टीम है। मै जानता हूं कि उनहोंने बड़ा टूर्नामेंट नही जीता है लेकिन वे बड़े टूर्नामेंटो मे अच्छा प्रदर्शन करते है केवल सेमीफाइनल और फाइनल को छोड़कर। विराट इसको बदल सकता है। वह चैंपियन खिलाड़ी है। भारत 2013 चैंपियन्स ट्राफी के बाद आईसीसी का कोई टूर्नामेट नही जीत पाया है। टीम 2017 चैंपियन्स ट्राफी मे उप विजेता रही थी जबकि इस साल के शुरू मे विश्व कप सेमीफाइनल मे न्यूजीलैड से हार गई थी। भारतीय टीम 2016 विश्व टी20 में भी सेमीफाइनल से आगे नही बढ़ पाई थी।

**PUBLIC NOTICE**

To be known to all that my client , **Mrs. Shashi Bala,** W/o Sh. C.K. Malik, R/o 25-B, first floor, Pocket-6, Kondli Gharoli, Phase-2, Delhi-110096, purchaser/ Owner of MIG Flat No-25-B, first floor, Pocket-6, Kondli Gharoli, Phase-2, Delhi-110096, has applied for conversion of the aforesaid flat from lease hold to free hold vide DDA File No. M43(381)1998/ KG/AY in DDA. The original documents i.e Possesion Letter & NOC to water and Electric of the above said flat has been lost. An NCR/LR No. 1725435/2019 dated 14/10/2019 to this effect has been lodged in P.S. Crime Branch, Delhi. Any person (s) claiming any right, interest, having any objection or found in possession of original documents, may write/contact with above named person at above Address/Phone No. 9871160991 within 15 days from the date of publication of this notice. The person claiming any right, interest, objection with respect to this property, can personally inform or write to Deputy Director (LAB)H or Director (H), D Block, 3rd Floor, Vikas Sadan, New Delhi.

**Naveen Aggarwal, Advocate**
**Ch.No. 7, Tis Hazari Court, Delhi-54**

शुद्धिपत्र

ICICI Bank
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड
पंजी. कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर, चकली सर्किल, ओल्ड पाद्रा रोड,वडोदरा-390 007
कार्पोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बान्द्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बान्द्रा (पू). मुंबई-400051
शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक, द्वितीय तल, वीडियोकॉन टावर, झंडेवालान एक्सटेंशन, नई दिल्ली-110055

सरफासी ऐक्ट की धारा 13 (2) के तहत सरफासी सूचना दिनांकित 27-जून-2019, ऋण खाता नंबर एलबीडीईएल00003788759 हेतु जारी की गई थी, जिसके आवेदक सुबल जालान तथा अन्य सह-आवेदक थे, ऋण दस्तावेज के अनुसार, पता मार्वेला फ्लैट नंबर-1202, 12वां तल, महागुन मॉडर्न, प्लॉट नंबर जीएच-02, सेक्टर-78, नोएडा, गौतमबुद्ध नगर -201305 के साथ एरिया 5600 वर्ग फीट के रूप में पढ़ें।

दिनांकित : 16-10-2018 हस्ता./–
स्थान : दिल्ली/एनसीआर प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

**ई-निविदा प्रेस सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से कार्यकारी अभियंता, सिविल मंडल-4, सिंचाई एवं बाढ नियंत्रण विभाग, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार, एल एम बंध, कार्यालय परिसर, शास्त्री नगर, दिल्ली 31 कार्य के लिए सिंचाई एवं बाढ नियंत्रण विभाग से पंजीकृत अनुमोदित एवं पात्र ठेकेदारों से आनलाईन प्रतिशत दर दिनांक क्रम न 1 से 9 16.10.2019 तक क्रम न 10 से 13 19.10.2019 और अपराह्न 3:00 बजे तक आमंत्रित करते है

एच.ओ.ए.: 4711 डिवलमेंट ओफ छठ पूजा
1 एन आई टी न0 131/ईई/सी डी-4/आई एफ सी/2019-20 (आई डी न0 2019_आई एफ सी_181842_1)
कार्य का नामः बायीं बैंक की यमुना नदी पर आई एस बी टी पर डी/एस पर छठ पूजा घाट बनाने के प्रबंध का कार्य। अनुमानित लागत 6,81,079/- घरोहर राशि रू 13,622/- समापन की अवधि 10 दिन।

एच.ओ.ए.: 4711 डिवलमेंट ओफ छठ पूजा
2 एन आई टी न0 132/ईई/ सी डी-4/आई एफ सी/2019-20 (आई डी न0 2019_आई एफ सी_181844_1)
कार्य का नामः बायीं बैंक की यमुना नदी पर एल एम बंध से समन्वित दूरी 1950मी से समन्वित दूरी 2375मी वाजिराबाद पर यु/एस पर छठ पूजा घाट बनाने के प्रबंध का कार्य। अनुमानित लागत 7,14,538/- घरोहर राशि रू 14,291/- समापन की अवधि 10 दिन।

एच.ओ.ए.: 4711 डिवलमेंट ओफ छठ पूजा
3 एन आई टी न0 133/ईई/सी डी-4/आई एफ सी/2019-20 (आई डी न0 2019_आई एफ सी_181846_1)
कार्य का नामः बायीं बैंक की यमुना नदी पर एल एम बंध से समन्वित दूरी 1400मी से समन्वित दूरी 1950 मी वाजिराबाद पर यु/एस पर छठ पूजा घाट बनाने के प्रबंध का कार्य। अनुमानित लागत 6,92,057/- घरोहर राशि रू 13,481/- की अवधि 10 दिन।

एच.ओ.ए.: 4711 डिवलमेंट ओफ छठ पूजा
4 एन आई टी न0 134/ईई/सी डी-4/आई एफ सी/2019-20 (आई डी न0 2019_आई एफ सी_181848_1)
कार्य का नामः बायीं बैंक की यमुना नदी पर 5 वीं पुस्ता गमरी पर छठ पूजा घाट बनाने के प्रबंध का कार्य। अनुमानित लागत 5,97,427/- घरोहर राशि रू 11,949/- की अवधि 10 दिन।

एच.ओ.ए.: 4711 डिवलमेंट ओफ छठ पूजा
5 एन आई टी न0 135/ईई/सी डी-4/आई एफ सी/2019-20 (आई डी न0 2019_आई एफ सी_181850_1)
कार्य का नामः बायीं बैंक की यमुना नदी पर वाजिराबाद डी/एस पर छठ पूजा घाट बनाने के प्रबंध का कार्य। अनुमानित लागत 12,27,919/- घरोहर राशि रू 24,558/- की अवधि 10 दिन।

एच.ओ.ए.: 4711 डिवलमेंट ओफ छठ पूजा
6 एन आई टी न0 136/ईई/सी डी-4/आई एफ सी/2019-20 (आई डी न0 2019_आई एफ सी_181899_1)
कार्य का नामः मुस्ताफाबाद विधान सभा क्षेत्र शिव विहार फेस 1 ए, ब्लॉक पर छठ पूजा घाट बनाने के प्रबंध का कार्य। अनुमानित लागत 4,20,981/- घरोहर राशि रू 8,420/- की अवधि 10 दिन।

एच.ओ.ए.: 4711 डिवलमेंट ओफ छठ पूजा
7 एन आई टी न0 137/ईई/सी डी-4/आई एफ सी/2019-20 (आई डी न0 2019_आई एफ सी_181876_1)
कार्य का नामः गोकुल पुरी विघान सभा क्षेत्र अम्बैडकर डी ब्लॉक और गोकुल पुरी (टीला मंडोली) पर छठ पूजा घाट सुधार का कार्य। अनुमानित लागत 62,798/- घरोहर राशि रू 1,256/- की अवधि 10 दिन।

एच.ओ.ए.: 4711 डिवलमेंट ओफ छठ पूजा
8 एन आई टी न0 138/ईई/सी डी-4/आई एफ सी/2019-20 (आई डी न0 2019_आई एफ सी_181875_1)
कार्य का नामः गोकुल पुरी विघान सभा क्षेत्र एसी-68 हर्ष विहार (रामलीला रोड़) सी ब्लॉक पर छठ पूजा घाट बनाने के प्रबंध का कार्य। अनुमानित लागत 2,28,946/- घरोहर राशि रू 4,579/- की अवधि 10 दिन।

एच.ओ.ए.: 4711 डिवलमेंट ओफ छठ पूजा
9 एन आई टी न0 139/ईई/सी डी-4/आई एफ सी/2019-20 (आई डी न0 2019_आई एफ सी_181873_1)
कार्य का नामः गोकुल पुरी विघान सभा क्षेत्र एसी-68 दायीं बैंक की एस्केप ड्रैन न0 1, पर डी/एस समन्वित दूरी 980मी छठ पूजा घाट सुधार का कार्य। अनुमानित लागत 4,89,754/- घरोहर राशि रू 9,795/- की अवधि 10 दिन।

एच.ओ.ए.: विलिज डिवलमेन्ट अंडर आईडीआरयुभी
10 एन आई टी न0 126/ईई/सी डी-4/आई एफ सी/2019-20 (आई डी न0 2019_आई एफ सी_181868_1)
कार्य का नामः गोण्डा विधान सभा क्षेत्र एसी-68 महिला मोहल्ला पर राजेश पायलट चौपाल की मरम्मत का कार्य। अनुमानित लागत 30,77,693/- घरोहर राशि रू 61,554/- समापन की अवधि 150 दिन।

एच.ओ.ए.: 2711 नान प्लान (रिवन्यू) मेंटेनस ड्रैनज
11 एन आई टी न0 128/सी डी-4/आई एफ सी/2019-20 (आई डी न0 2019_आई एफ सी_181862_1)
कार्य का नामः बंद ड्रेन से समन्वित दूरी 0 मीटर से 1000 मी तक बहते हुए तत्वों एवं रूकावटों को दुर करने का कार्य 6 माह की अवधि का कार्य (अक्टुबर 2019 से मार्च 2020)। अनुमानित लागत 17,56,537/- घरोहर राशि रू 35,131/- समापन की अवधि 180 दिन।

एच.ओ.ए.: एमएलएएलएडी फंडस् अंडर डिपार्टमेंन्ट ओफ डिवलमेन्ट
12 एन आई टी न0 129/ईई/सी डी-4/आई एफ सी/2019-20 (आई डी न0 2019_आई एफ सी_181857_1)
कार्य का नामः गांधीनगर विधान सभा क्षेत्र (एसी-61) (शेष वर्क) के विभिन्न पार्कों में खुली जिम और एस बी आर टाईल प्रदान और लगाने का कार्य। अनुमानित लागत 83,79,476/- घरोहर राशि रू 1,67,590/- समापन की अवधि 90 दिन।

एच.ओ.ए.: एमएलएएलएडी फंडस् अंडर डिपार्टमेंन्ट ओफ डिवलमेन्ट
13 एन आई टी न0 130/ईई/सी डी-4/आई एफ सी/2019-20 (आई डी न0 2019_आई एफ सी_181855_1)
कार्य का नामः गोण्डा विधान सभा क्षेत्र, एसी-66 गॉव गढी माडू एक्सै पर ग्रण्ड प्लौर की पर्किंग पर चौपाल के ऊपर की बिल्डिगा के एक प्लौर पर मरम्मत और निर्माण का कार्य। अनुमानित लागत 90,02,151/- घरोहर राशि रू 1,80,043/- समापन की अवधि 350 दिन।

नोटः-
1) ठेकेदारों की सूचीबद्धता निविदा खुलने की अन्तिम तिथि को वैध होनी चाहिए अगर निविदा खोलने की तिथि आगे बढाई जाती है तो उसी वैधता तारीख निविदा खुलने वाले दिन तक समझी जायेगी।
2) निम्नलिखित की प्रतियाँ भी ई निविदा पर डालना अनिवार्य है।
1 जीएसटी पंजीकरण की छाया प्रति अप टू डैटुफाईल रिटैन प्रुफ।
2 पंजीकरण की छाया प्रति उपयुक्त वर्ग में।
3 धरोहर राशि की छाया प्रति।
4 ईएसआईसी/ईपीएफओ पंजीकरण की छाया प्रति।
5 पेन नं0/स्थायी खाता संख्या की छाया प्रति।
6 वैध फोन न0 वटसप न0/मेल/की छाया प्रति।
3) धरोहर राशि डीडी/एफडीआर के रूप में जो कि देय होगी ई ई, सी डी-4 के संदर्भ में निविदा खोलने के 3.00 बजे तक भौतिक रूप में कार्यालय ई ई, सी डी-4 जमा की जायेगी। यदि धरोहर राशि भौतिक रूप से जमा नहीं की गयी तो निविदा रद्द समझी जायेगी। उपरोक्त उल्लेखित कार्य का विवरण वेबसाईट http://govtprocurement.delhi.gov.in से देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है।
4) निविदा दस्ती जमा नहीं की जाएगी। केवल निविदा वेबसाईट ई प्रोक्योरमेन्ट पर अपलोड की हुई मान्य है।

हस्ता/–
कार्यकारी अभियंता, सी डी-4

DIP/Shabdarth/0833/19-20

# टीम में जगह बनाना बड़ी चुनौती : कुलदीप

**एजेंसी। नई दिल्ली**

### ● अंतरराष्ट्रीय करियर में मिलने वाली चुनौतियों में से एक

भारतीय टीम के अंतिम एकादश में जगह बनाने के लिए संघर्ष कर रहे स्पिनर कुलदीप यादव ने कहा कि उनके लिए यह चुनौती अंतरराष्ट्रीय करियर में मिलने वाली कई चुनौतियों में से एक है।

कुलदीप और युजवेन्द्र चहल को पिछले दो महीने में ज्यादा मौके नहीं मिले हैं क्योंकि अगले साल होने वाले टी20 विश्व कप के मद्देनजर भारतीय टीम प्रबंधन ने वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफी टी20 श्रृंखला में युवा खिलाड़ियों को मौका दिया। टी20 टीम से बाहर होने के बाद टेस्ट टीम के अंतिम एकादश में जगह बनाने के लिए संघर्ष कर रहे कुलदीप ने पीटीआई-भाषा से कहा, मैंने जब क्रिकेट खेलना शुरू किया था तो कभी नहीं सोचा था कि भारत के लिए खेलूंगा। मैं भारत के लिए पिछले तीन साल से खेल रहा हूं और



मुझे कई चुनौतियों को सामना करना पड़ेगा जिसमें से मौजूदा चुनौती भी एक है। उन्होंने कहा, कड़ी मेहनत और अनुशासन के बिना कुछ भी संभव नहीं है और मैं उसी दृष्टिकोण के साथ खेल रहा हूं। चौबीस साल के इस खिलाड़ी ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में आस्ट्रेलिया के खिलाफ मार्च 2017 में पदार्पण मैच में चार विकेट लेने के बाद कम समय में ही तीनों प्रारुपों की टीम में जगह पक्की कर ली। वह एकदिवसीय क्रिकेट में हैट्रिक लेने वाले तीसरे भारतीय गेंदबाज भी बने। कुलदीप टेस्ट टीम का हिस्सा है लेकिन मौजूदा सत्र में उन्होंने खेलने का मौका नहीं मिला है क्योंकि रविचंद्रन अश्विन और रविन्द्र जडेजा शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। विश्व कप के बाद उन्होंने सात मैचों में 56.16 की औसत से सिर्फ सात विकेट लिए है। कुलदीप से जब पूछा गया कि उन्होने टी20 से खुद को और चहल को बाहर किए जाने के बारे में टीम प्रबंधन से बात की है तो उन्होंने कहा, मैं टेस्ट श्रृंखला खत्म होने के बाद इस बारे में उनसे बात करूंगा।

# तीसरे टेस्ट के लिए रांची में तैयारी











रांची की पिच तैयार करते ग्राउंड्समैन, दक्षिण अफ्रीका व भारत के खिलाड़ी भी पहुंचे

## गांगुली के मार्गदर्शन में तरक्की करेगा भारतीय क्रिकेट : लक्ष्मण



**एजेंसी। नई दिल्ली**

चैम्पियन बल्लेबाज वीवीएस लक्ष्मण ने मंगलवार को कहा कि पूर्व कप्तान सौरव गांगुली के मार्गदर्शन में भारतीय क्रिकेट निश्चित तौर पर तरक्की करेगा। भारत के लिए 113 टेस्ट और 311 वनडे खेल चुके गांगुली ने सोमवार को मुंबई में बीसीसीआई अध्यक्ष पद के लिए नामांकन भरा। उनका 23 अक्टूबर को होने वाली बोर्ड की सालाना आम बैठक में निर्विरोध चुना जाना तय है। लक्ष्मण ने ट्वीट किया , सौरव गांगुली को बीसीसीआई अध्यक्ष बनने की बधाई। मुझे इसमें कोई शक नहीं कि उनकी कप्तानी में भारतीय क्रिकेट तरक्की करेगा। नई भूमिका के लिए शुभकामनाएं दादा। गांगुली ने जवाब में लिखा , शुक्रिया वीवीएस। आपका योगदान काफी अहम रहेगा।

# सिंधू-प्रणीत दूसरे दौर में पहुंचे

### ● डेनमार्क ओपन

**एजेंसी। ओडेन्से (डेनमार्क)**





विश्व चैम्पियन पीवी सिंधू ने डेनमार्क ओपन में मंगलवार को यहां इंडोनेशिया की ग्रेगोरिया मारिस्का तुंजुंग के खिलाफ सीधे गेम में जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की। पांचवीं वरीयता प्राप्त सिंधू को पूर्व विश्व जूनियर चैम्पियन इंडोनेशिया की खिलाड़ी ने दोनों गेम में कड़ी टक्कर दी। सिंधू ने हालांकि 38 मिनट तक चले मुकाबले को 22-20 21-18 से अपने नाम कर इस खिलाड़ी के खिलाफ जीत का शत प्रतिशत रिकार्ड बरकरार रखा। ओलंपिक रजत पदक विजेता अगले दौर में कोरिया की अन से यंग से भिड़ेंगी। विश्व चैम्पियनशिप के कांस्य पदक विजेता बी साई प्रणीत ने शुरुआती दौर में दिग्गज लिन डैन को 35 मिनट तक चले मुकाबले में 21-14 21-17 से हराया। हैदराबाद के इस शटलर का अगले दौर में विश्व रैंकिंग में पहले पायदान पर काबिज और दो बार के विश्व चैम्पियन जापान के केंटो मोमोटा से सामना हो सकता है। मोमोटा ने उन्हें हाल ही में स्विट्जरलैंड में हुए विश्व चैम्पियनशिप में हराया था। थाईलैंड ओपन चैम्पियन सात्विकसाइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी ने जीत से अपने अभियान का आगाज किया। भारतीय जोड़ी ने कोरिया के किम जी जुंग और ली योग डेई को 24-22 21-11 से हराया। राष्ट्रमंडल खेलों के पूर्व चैम्पियन पारुपल्ली कश्यप हालांकि पहले दौर की चुनौती से पार नहीं पा सके। उन्हें थाईलैंड के सित्तिकोम थाम्मासिन से 13-21 12-21 से हार झेलनी पड़ी। राष्ट्रीय चैम्पियन सौरभ वर्मा का सफर भी पुरुष एकल में हार के साथ खत्म हो गया। नीदरलैंड के मार्क कालजौ से पहला गेम जीतने के बाद सौरभ अच्छा नहीं खेल पाए और 21-19 11-21 17-21 से हार गए।

# महिला वनडे रैंकिंग : चोटिल मंदाना ने गंवाया नंबर एक स्थान

### ●न्यूजीलैंड की सैटरवेट नंबर एक बल्लेबाज

**एजेंसी दुबई**

भारत की चोटिल सलामी बल्लेबाज स्मृति मंदाना ने आईसीसी महिला एकदिवसीय बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष स्थान गंवा दिया है और उनकी जगह न्यूजीलैंड की एमी सैटरवेट नंबर एक बल्लेबाज बन गई हैं। मंदाना चोटिल होने के कारण दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की श्रृंखला में भाग नहीं ले पाई थी जिसका उन्हें नुकसान हुआ और वह एक पायदान नीचे दूसरे स्थान पर खिसक गई। मंदाना के 755 अंक हैं। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वनडे श्रृंखला से पहले अभ्यास के दौरान मंदाना के दाएं पांव की उंगलियों पर गेंद लगने से फ्रैक्चर हो गया था। भारत ने यह श्रृंखला 3-0 से जीती। अन्य भारतीय बल्लेबाजों में कप्तान मिताली राज सातवें स्थान पर खिसक गई हैं जबकि हरमनप्रीत कौर आगे बढ़कर 17वें स्थान पर पहुंच गई हैं। गेंदबाजों की रैंकिंग में झूलन गोस्वामी, शिखा पांडे और पूनम यादव क्रमश: छठे, आठवें और नौवें स्थान पर हैं। आलराउंडरों में दीप्ति शर्मा तीसरे स्थान पर हैं जबकि शिखा पांडे शीर्ष दस में पहुंच गई है।

# विदर्भ ने बड़ौदा को सात विकेट से हराया

### ●विजय हजारे वनडे ट्राफी टूर्नामेंट

**एजेंसी। वडोदरा**

आफ स्पिनर अक्षय वखारे (22 रन पर चार विकेट) के नेतृत्व में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर विदर्भ ने विजय हजारे एकदिवसीय ट्राफी के एलीट ग्रुप बी के मैच में बड़ौदा को सात विकेट से करारी शिकस्त दी।

इस हार के साथ ही बड़ौदा की टीम क्वार्टर फाइनल में पहुंचने की दौड़ से बाहर हो गई। टीम के आठ मैचों में तीन जीत के साथ 12 अंक है। विदर्भ के नाम सात मैचों में 12 अंक है और टीम अगर-मगर के फेर के साथ नाकआउट चरण में जगह बनाने की दौड़ में बनी हुई है। हले बल्लेबाजी का न्यौता मिलने पर





बड़ौदा की टीम 50 ओवर में 131 रन पर आउट हो गई। टीम के लिए 10वें नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे ऋषि अरोठे ने सबसे ज्यादा 30 रन बनाए जबकि स्वप्निल सिंह ने 27 और कप्तान कृणाल पंड्या ने 21 रन का योगदान दिया। वखारे ने 10 ओवर में 22 रन देकर चार विकेट लिए। रजनीश गुरबानी और अधिक किफायती रहे जिन्होंने 10 ओवर में 16 रन देकर दो विकेट चटकाए। आदित्य सरवटे को भी दो सफलता मिली। छोटे लक्ष्य का पीछा करने उतरे विदर्भ के लिए कप्तान फैज फजल (नाबाद 58) और विकेटकीपर जितेश शर्मा (37) ने पहले विकेट के लिए 71 रन की साझेदारी कर बड़ौदा की हार सुनिश्चित कर दी। बड़ौदा ने हालांकि 15 रन के अंदर विदर्भ के तीन बल्लेबाजों को पवेलियन भेजकर वापसी की कोशिश की लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी।

## शीर्ष 30 में जगह बनाने के लिए बाकी प्रतियोगिताओं में अच्छा प्रदर्शन करना चाहता हूं : लक्ष्य सेन

**एजेंसी। नई दिल्ली**

अपने पहले बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर खिताब से लक्ष्य सेन शीर्ष 50 के करीब पहुंच गए हैं लेकिन डच ओपन चैंपियन ने कहा कि वह विश्व रैंकिंग में शीर्ष 30 में जगह बनाने के लिए सत्र के बाकी टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन करना चाहते हैं। इस 18 वर्षीय खिलाड़ी ने रविवार को जापान के युसुके ओनोडेरा को 15-21 21-14 21-15 से हराकर डच ओपन का खिताब जीता जो उनका बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर में पहला खिताब है। इस सप्ताह विश्व रैंकिंग में 52वें स्थान पर पहुंचे सेन ने पीटीआई से कहा, यह मेरे करियर का सबसे बड़ा खिताब है। इससे पहले मैं क्वार्टर फाइनल और सेमीफाइनल तक पहुंचा था, इसलिए आखिर में सुपर 100 टूर्नामेंट जीतकर अच्छा लग रहा है। इससे मेरी रैंकिंग में सुधार होगा और मुझे सुपर 500 टूर्नामेंट में खेलने का मौका मिलेगा। उन्होंने कहा, वर्ष के शुरू में मेरा लक्ष्य शीर्ष 50 में जगह बनाना था और इस जीत से मैं इसके करीब पहुंच जाऊंगा। मुझे अब भी इस साल में कुछ टूर्नामेंट खेलने हैं। अगर मैं उनमें अच्छा प्रदर्शन करता हूं तो मेरी रैंकिंग में और सुधार होगा। अगले साल के शुरू में मैं शीर्ष 30 में जगह बना सकता हूं। लक्ष्य अब 29 अक्टूबर से सारलोरलक्स ओपन सुपर 100 में हिस्सा लेंगे और इसके बाद दो अंतरराष्ट्रीय चैलेंज प्रतियोगिताओं आइरिश ओपन (13 से 16 नवंबर) और स्कॉटिश ओपन (21 से 24 नवंबर) में खेलेंगे। वह सैयद मोदी अंतरराष्ट्रीय सुपर 300 (26 नवंबर से एक दिसंबर) में भी खेलेंगे।

## आस्ट्रेलियाई महिला टी20 टीम को पुरूष टीम के बराबर इनामी राशि

**एजेंसी। सिडनी**

क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने मंगलवार को कहा कि अगले साल होने वाले टी20 विश्व कप के लिए वह महिला टीम की इनामी राशि को बढ़ाकर पुरूष टीम के बराबर करेगा। इससे पहले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने अगले साल से महिला प्रतियोगिताओं की पुरस्कार राशि मे 320 प्रतिशत की बढ़ोतरी का फैसला भी किया था। आस्ट्रेलिया में 2020 में होने वाले आईसीसी महिला टी20 विश्व कप के विजेता को अब दस लाख डालर और उप विजेता को पांच लाख डालर की राशि मिलेगी। क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने कहा कि वह महिला टीम के लिए अतिरिक्त राशि जारी करेगा जिससे वह पुरुषों को मिलने वाले पुरस्कार राशि के बराबर हो पाए। अगर महिला टीम अगले साल विश्व कप जीतती है तो आस्ट्रेलियाई बोर्ड उसे अतिरिक्त छह लाख डालर देगा। क्रिकेट आस्ट्रेलिया के अध्यक्ष केविन राबर्ट्स ने एक बयान मे कहा, हम अपनी उस प्रतिबद्धता को पूरा कर रहे है जिसमे टी20 विश्व कप जीतने पर महिला टीम को पुरूष टीम के बराबर पुरस्कार राशि देना शामिल है। इसमें कोई शक नहीं कि हम अपने प्रतिभाशाली क्रिकेटरों के वित्तीय मामले को मजबूत करना चाहते है। इसमे हमें लंबा सफर तय करना है और हम अपने खिलाड़ियों के बीच के लैगिंग भेदभाव को खत्म करने मे अपनी भूमिका निभाएंगे।

# उक्रेन यूरो 2020 के लिए क्वालीफाई

**एजेंसी। पेरिस**

### ● पुर्तगाल को हराया : रोनाल्डो ने कैरियर का 700वां गोल दागा

उक्रेन ने पुर्तगाल को हराकर यूरो 2020 के लिए क्वालीफाई कर लिया हालांकि इस मैच में पुर्तगाल के स्टार फुटबालर क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने अपने कैरियर का 700वां गोल दागा। सोफिया में दूसरे मैच में इंग्लैंड ने बुल्गारिया को हराया लेकिन मेजबान प्रशंसकों ने इंग्लैंड के खिलाड़ियों पर नस्लवादी टिप्पणियां की। उक्रेन से पहले पोलैंड, रूस, इटली और बेल्जियम भी 12 जून से शुरू हो रहे यूरो कप फुटबाल में जगह बना चुके हैं। ग्रुप ए की शीर्ष टीम इंग्लैंड को अभी इंतजार करना होगा। बुल्गारिया को 6-0 से हराने के बावजूद अभी वह क्वालीफाई नहीं कर सका है। इस मैच में घरेलू दर्शकों ने दो बार नस्लवादी नारे लगाए जिसके कारण मैच रोकना पड़ा। इंग्लैंड फुटबाल संघ ने तो फीफा से मामले की जांच के लिए कहा है। इस बीच फ्रांस और तुर्की के बीच चल रहे राजनयिक तनाव की पृष्ठभूमि में खेला गया मैच ड्रा रहा। फ्रांस ने सीरिया में सैन्य अभियान के लिए तुर्की की निंदा की है। फ्रांस अगले महीने मोलदोवा को हराकर क्वालीफाई कर सकता है। दूसरी ओर तुर्की अगर आइसलैंड के खिलाफ ड्रा भी खेलता है तो क्वालीफाई कर जाएगा।



## कुछ पाकिस्तानी खिलाड़ियों के रवैए से निराश हैं मिसबाह

**एजेंसी। कराची**

मुख्य कोच और मुख्य चयनकर्ता मिसबाह उल हक कुछ पाकिस्तानी खिलाड़ियों के रवैए से काफी निराश है जो अभ्यास से बचते हैं और जिनमें अनुशासन का अभाव है। पाकिस्तान को हाल ही में श्रीलंका ने तीन मैचों की टी20 श्रृंखला में हराया। एक सूत्र ने कहा , मिसबाह सबसे ज्यादा इस बात को लेकर खफा हैं कि मुख्य कोच और मुख्य चयनकर्ता के तौर पर यह उनकी पहली श्रृंखला थी और कुछ खिलाड़ी प्रबंधन के निर्देश मानने को तैयार नहीं थे। उन्होंने फिटनेस के ऊंचे मानदंड बनाए रखने के लिए अभ्यास भी नहीं किया। वह निराश हैं कि कुछ खिलाड़ी अभ्यास को हलके में ले रहे हैं और अनुशासन में भी सुधार नहीं है। वह कप्तान सरफराज अहमद के रवैए से भी खुश नहीं है जो खराब समय में जिम्मेदारी लेने से बच रहे हैं। एक अन्य सूत्र ने कहा कि मिसबाह तीन सीनियर खिलाड़ियों वहाब रियाज, इमाद वसीम और हैरिस सोहेल के रवैए से नाखुश हैं।



# नीशाम ने आईसीसी की खिल्ली उड़ाई



**एजेंसी। नई दिल्ली**

### ● टाइब्रेकर में बाउंड्री गिनने का नियम हटने के बाद की प्रतिक्रिया

न्यूजीलैंड के हरफनमौला जिम्मी नीशाम ने मंगलवार को आईसीसी का मजाक बनाया जब खेल की शीर्ष ईकाई ने बाउंड्री गिनने का विवादित नियम हटाने का फैसला किया। इसी नियम की वजह से इंग्लैंड को एक दिवसीय विश्व कप फाइनल में पराजय झेलनी पड़ी थी। आईसीसी ने सोमवार को सुपर ओवर के अपने नियम में बदलाव किया। जुलाई में पुरूषों के विश्व कप में इंग्लैंड को बाउंड्री की गिनती के आधार पर न्यूजीलैंड के खिलाफ विजेता घोषित किया गया था। दोनों टीमों के बीच सुपर ओवर भी टाई रहा था जिसके बाद बाउंड्री की गिनती की गई जिसमें इंग्लैंड विजई रहा। नीशाम ने ट्वीट किया , अगला एजेंडा : टाइटैनिक पर बर्फ देखने के लिए अच्छी दूरबीन। न्यूजीलैंड के पूर्व बल्लेबाजी कोच क्रेग मैकमिलन ने कहा , आईसीसी ने थोड़ी देर कर दी। न्यूजीलैंड क्रिकेट के मुख्य कार्यकारी डेविड व्हाइट ने कहा कि उन्हें खुशी है कि विश्व कप के विवादित फाइनल के बाद आईसीसी ने नियम में सुधार किया। भविष्य के लिए यह बेहतर है। अतीत को हम बदल नहीं सकते लेकिन हमें खुशी है कि बेहतर समाधान निकाला गया है। आईसीसी ने ऐलान किया है कि सुपर ओवर के भी टाई रहने की स्थिति में विजेता का निर्धारण होने तक सुपर ओवर खेले जाते रहेंगे।

### तमिल फिल्म में काम करेंगे हरभजन


**चेन्नई।** भारतीय क्रिकेटर इरफान पठान के बाद अब उनके पूर्व साथी खिलाड़ी हरभजन सिंह भी तमिल सिनेमा मे पदार्पण करेंगे। टरबनेटर के नाम से मशहूर हरभजन मशहूर अभिनेता संतानम की फिल्म डिकीलूना में काम करेंगे। फिल्म निर्माताओं ने मंगलवार को एक विज्ञप्ति में कहा , हरभजन सिंह का फिल्म मे अहम किरदार है।

## डेविस कप के लिए टीम पाकिस्तान भेज सकता है एआईटीए, जल्द शुरू करेगा वीजा प्रक्रिया

**एजेंसी। नई दिल्ली**

अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआईटीए) ने मंगलवार को अपने खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ के लिए पाकिस्तानी वीजा हासिल करने की प्रक्रिया शुरू करने का फैसला किया जिससे संकेत मिलते हैं कि अगर आईटीएफ इस मुकाबले को तटस्थ स्थान पर करवाने की उसकी मांग को नामंजूर कर देता है तो वह अगले महीने के डेविस कप मैच के लिए टीम को पड़ोसी देश भेज सकता है। यह भी पता चला है कि एआईटीए किसी भी खिलाड़ी पर पाकिस्तान का दौरा करने के लिए दबाव नहीं बनाएगा और वह यहां तक कि अंतरराष्ट्रीय टेनिस महासंघ (आईटीएफ) से निलंबन, रेलीगेशन और जुर्माने से बचने के लिए दूसरे दर्जे की टीम भेजने को भी तैयार है। अगर आईटीएफ मुकाबले को किसी तटस्थ स्थान पर करवाता है तो प्रजनेश गुणेश्वरन को छोड़कर सभी शीर्ष खिलाड़ी इसके लिए उपलब्ध रहेंगे। प्रजनेश की मुकाबले के पहले दिन यानि 29 नवंबर को शादी है। यह मुकाबला पहले इस्लामाबाद में 14-15 सितंबर को होना था लेकिन आईटीएफ ने सुरक्षा की समीक्षा करने के बाद इसे 29-30 नवंबर तक टाल दिया था।

## ट्विटर पर शाहरुख को फॉलो कर रहे 3.9 करोड़ लोग



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान ने ट्विटर पर फॉलोअर संख्या तीन करोड़ 90 लाख के पार जाने पर अपने प्रशंसकों का उनके प्यार और सहयोग के लिए धन्यवाद व्यक्त किया। शाहरुख (53) ने ट्विटर पर अपने प्रशंसकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए सेल्फी साझा की और लिखा 'प्यार और खुशियां बांटते रहो। अपने आप को हमेशा खुश रखो ... सकारात्मक रहो तो पूरी दुनिया भी आपको सुंदर लगेगी। सभी को ढेर सारा प्यार। वह हाल में सऊदी अरब फिल्म उद्योग के कार्यक्रम जॉय फोरम में भाग लेने रियाद गए थे जहां उन्होंने जैकी चैन और ज्यां क्लाउदे वां दाम, और 'अक्वामैन' स्टार जेसन मोमोआ से मुलाकात की। शाहरुख ट्विटर पर सबसे अधिक फॉलो की जाने वाली भारतीय हस्तियों में से एक हैं।


## वाणी को रणबीर कपूर लगते हैं कूल



**फिल्म** अभिनेत्री वाणी कपूर का कहना है कि 'रणबीर कपूर के साथ काम करने का अनुभव मेरे लिए बहुत अच्छा रहा। वो अपने दृष्टिकोण में एक सामान्य और विनम्र व्यक्ति लगते हैं। जब भी वो किसी फिल्म के सेट पर आते हैं तो उनकी विनम्रता देखकर लगता ही नहीं कि वो इतनी सफल फिल्मों का हिस्सा रहने वाले कलाकार हैं। वो किसी प्रकार के दंभ का षिकार नहीं रहते। यही कारण है कि उनके जैसे अभिनेता के साथ काम करना सरल होता है। उनके साथ काम करके मेरी अभिनय कला में भी सुधार हुआ है।

## मैं सबसे भाग्यशाली लड़की हूं : कारा

**लॉस एंजेलिस।** मॉडल से अभिनेत्री बनीं कारा डेलेविंगन का ऐसा मानना है कि वह इस दुनिया की सबसे भाग्यशाली लड़की हैं और इसके लिए वह अपनी गर्लफ्रेंड एशले बेंसल का शुक्रिया अदा करती हैं। बेवर्ली हिल्स में रविवार की रात कारा को इस साल के गर्ल अप हैशटैगगर्लहीरो अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। इस मौके पर कारा खुद को अपनी गर्लफ्रेंड की तारीफ करने से नहीं रोक पाईं। 27 वर्षीय इस अभिनेत्री ने बताया, अपनी जिंदगी में किसी ऐसे इंसान का होना काफी अच्छी बात है जो मुझे बहुत प्यार करती है और मुझे अपना समर्थन देती है। मैं इस दुनिया की सबसे खुशकिस्मत लड़की हूं। गर्ल अप एक संगठन है जो विकासशील देशों में महिलाओं के नेतृत्व को बढ़ावा देती है। संगठन ने एलजीबीटीक्यू समुदाय (समलैंगिकता) में अपना समर्थन देने के लिए कारा को सम्मानित किया। इस पर कारा ने कहा, यह मेरे लिए काफी बड़ी बात है, खासकर तब जब मैं यह मानती हूं कि गर्ल अप वाकई में एक कमाल की संस्था है।



# बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे कादरी गोपालनाथ

वो एक ऐसे अन्वेषक थे जिन्होंने सैक्साफोन जैसे वाद्ययंत्र के सहारे कर्नाटक संगीत को दुनिया के मानचित्र पर स्थापित किया। जी हां, हम बात कर रहे हैं **कादरी गोपालनाथ** की, दुनिया भर के उनके संगीत के लाखों प्रशंसक उनकी स्मृतियों को अपने मन-मस्तिष्क में सदैव संजोकर रखेंगे, बता रहे हैं **विजय साईं-**



पिछले ही सप्ताह अचानक हमें कर्नाटक संगीत के महान गुरू और सैक्साफोन-वादक कादरी गोपालनाथ (1949-2019) के देहावसान की जानकारी मिली, वो 69 साल के थे। उनका स्वास्थ्य भी अच्छा ही चल रहा था क्योंकि वो विभिन्न स्थानों पर प्रस्तुतियां दे रहे थे। उनके निधन से भारतीय शास्त्रीय संगीत ने एक महान पुरोधा और नवोन्मेषक खोया है।

गोपालनाथ का जन्म 6 दिसंबर 1949 को दक्षिण कन्नड़ के एक तालुक बंतवाल में हुआ था। वो नागस्वरम कलाकार तनियप्पा और गृहणी थांगम्मा की नौ संतानों में से तीसरे थे। उन्होंने नागस्वरम और क्लेरिनेट बजाना बचपन में ही सीख लिया था। उन्होंने मैसूर के दशहरा समारोह में राजमहल के बैंड को पहली बार सुना था। आठ वर्ष की आयु में भी उन्हें सैक्साफोन बहुत भा गया। मंगलौर में उनका प्रषिक्षण गोपालकृष्ण अय्यर के सानिध्य में हुआ और बाद में कुंबकोणम के बालकृष्ण पिल्लई ने भी उन्हें प्रषिक्षित किया। एक पुजारी ने उन्हें सुना और बाद में कादरी मंदिर में उन्हें पूजा समारोह में इसे बजाने के लिए निमंत्रित किया। ये उनका एक औपचारिक पदार्पण था। तब उनकी आयु 15 वर्ष की रही होगी।

एक उभरती प्रतिभा का निर्धन परिवार में रहकर बड़े होना एक अत्यंत दुष्कर होता है। आय के साधन बढ़ाने के लिए उन्होंने बीड़ी बनाने का भी काम किया। उन्होंन ऑल इंडिया रेडियो में कई ऑडिशन दिये और अंततः उन्हें 'बी हाई' श्रेणी में चयनित कर लिया गया। वर्ष 1978 में ऑल इंडिया रेडियो में पदार्पण के बाद उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा। 1980 मं जैज़ फेस्टिवल में जॉन हैंडी के साथ प्रस्तुति देकर तो वे एकदम से छा गए।

उन्होंने मृदंगम वादक संगीत कलानिधि टीवी गोपालकृष्णन के सानिध्य में भी प्रषिक्षण लिया। उन्हें प्यार से टीवीजी के नाम से पुकारा जाता था। वो फिल्म संगीत निर्देशक इल्याराजा और कई विभूतियों के भी गुरू थे। टीवीजी ने उन्हें इस वाद्ययंत्र में और नवोन्मेषों की जानकारी दी।

कर्नाटक वाद्ययंत्र संगीत में नागस्वरम प्राचीनकाल से स्थापित है और मंदिरों तथा अन्य पर्वों पर होने वाले समारोहों में इसे बजाया जाता रहा है। इस विधा में लेकिन अन्य वाद्ययंत्रों को स्थान नहीं मिल सका। मैसूर पैलेस ऐसे राजाओं के लिए जाना जाता था जो संगीत और कला के महान संरक्षक थे। पैलेस के पास अपना भी एक बैंड था और उसी बैंड से गोपीनाथ ने भी प्रेरणा ली। सर्वप्रथम तो उन्होंने सैक्साफोन संबंधी प्रस्तुतियां ही दी थीं लेकिन हैदराबाद की एक कंपनी के सहयोग से उन्होंने कर्नाटक संगीत के अनुरूप एक वाद्ययंत्र विकसित किया।

वो वाद्ययंत्र गोपीनाथ का एक अनूठा और मौलिक नवोन्मेष था। उनसे पहले किसी ने जटिल कर्नाटक संगीत से जुड़े स्वर सैक्साफोन पर नहीं बजा पाए थे। क्लैरिनेट पर तो कई कलाकार काम कर रहे थे लेकिन सैक्साफोन पर किसी ने काम नहीं किया था। सैक्साफोन पर स्वरों को स्थिरता देना कठिन साधना थी, लेकिन गोपीनाथ ने इसे कर दिखाया।

प्रारंभ में विधा के रूढ़िवादी संरक्षकों ने इसका विरोध किया लेकिन बाद में उन्होंने अपने संगीत से ही उन लोगों को चुप कराने में सफलता प्राप्त की। उन्होंने दिखाया कि कर्नाटक संगीत के लिए विषेष रूप से विकसित किया गया सैक्साफोन भी बनाया जा सकता है। उन्हें बड़े संस्थानों ने भी प्रस्तुति देने के लिए निमंत्रित किया। मद्रास की गौरवशाली म्यूजिक अकादमी ऑफमद्रास, नारद गणसभा, कृष्ण गणसभा तथा अन्य संस्थानों ने भी उन्हे निमंत्रित किया। उन्होंने साबित किया कि जटिल कर्नाटक सुर भी सैक्साफोन तथा अन्य पष्चिमी वाद्ययंत्रों पर निकाले जा सकते हैं। उनकी एक कंसर्ट में प्रसिद्ध निर्देशक के बालचंद्र और युवा संगीत निर्देषक ए आर रहमान भी उपस्थित थे, जिन्होंने उन्हें उनकी फिल्मों में संगीत देने के लिए आमंत्रित किया।

इस प्रकार 1994 की फिल्म 'डुएट' में प्रभु की लीड भूमिका वाली फिल्म में उन्होंने 'अंजली अंजलि पुष्पांजलि' गाना प्रस्तुत किया था। उनका ये गाना हिट हुआ और इसके बाद उन्हें काम के कई ऑफर भी मिले। लेकिन संगीत समीक्षक सुबुद्दू ने बताया कि गोपीनाथ ने फिल्मों के सभी निवेदनों को ठुकरा दिया और केवल कर्नाटक संगीत पर पूरा ध्यान दिया।

दुनिया भर के शास्त्रीय संगीत महोत्सवों में उन्हें प्रस्तुति देने के लिए आमंत्रित किया जाता था, फिर चाहे वो बर्लिन जैज़ फेस्टिवल हो या मेक्सिको का इंटरनेशनल सर्वेंटिनो फेस्टिवल या फिर म्यूजिक हॉल फेस्टिवल इन पेरिस, यूएसए, कनाडा या अन्य कोई ही क्यों न हो। रॉयल एलबर्ट हॉल, लंदन में 1994 में बीबीसी प्रॉमिनेड में प्रस्तुति देने वाले वो पहले कर्नाटक संगीतज्ञ थे। कर्नाटक सैक्साफोन से उनका नाम उसी प्रकार जुड़ता चला गया जैसा कि यू श्रीनिवास का नाम मैंडोलिन वादन से जुड़ गया था।

वो प्रसिद्ध श्रंगेरी शारदा पीठम, अनोबिला मठ तथा पिल्लयारपट्टी मंदिर के अस्थान विद्वान थे। उन्होंने कई अद्भुत एलबम भी निकाले थे जिनमें से कुछ ईस्ट-वेस्ट तथा सदर्न ब्रदर्स, अमेरिकन जैज़ तथा शास्त्रीय बांसुरी वादक जेम्स न्यूटन के साथ किये गए थे। 2008 में उन्होंने अमेरिकन कंपोज़र रुद्रेष महंथप्पा किन्समेन के साथ एक एलबम किया था। म्यूजिकल जुगलबंदी के लिए भी वो काफी लोकप्रिय थे। पियानोवादक अदनान सामी से लेकर हिंदुस्तानी बांसुरीवादक प्रवीण गोडखिंडी तक के साथ जुगलबंदी करने में उन्हें कभी किसी प्रकार की झिझक नहीं हुई। उन्हें अक्सर सैक्साफोन चक्रवर्ती कहकर पुकारा जाता था।

संगीत के क्षेत्र में उनके अमूल्य योगदान के लिए उन्हें 2008 में ब्लू रिज़ोमे ने न्यू क्वार्टेट में गोपालनाथ नाम से कार्ल सीगफ्रीड के माध्यम से एक प्रस्तुति समर्पित की गई। इसके अतिरिक्त तमिलनाडु का एक पुरस्कार कलाइमामणि भी उन्हें समर्पित किया गया। केन्द्र सरकार द्वारा उन्हें 2004 में संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार से भी विभूषित किया गया। उन्हें पदमश्री 2004 तथा संगीत चूड़ामणि पुरस्कार 2018 में प्रदान किया गया।

गोपालनाथ के दो पुत्रों में से एक मणिकांत कादरी भी संगीतकार हैं।

## कैटरीना के लिए चुनौती थी फिल्म 'भारत'



**बॉलीवुड** अभिनेत्री कैट्रीना कैफ का कहना है कि उन्होंने फिल्म भारत को एक चुनौती के रूप में लिया था और उन्हें इस बात की प्रसन्नता है कि उन्हें इससे काफी कुछ सीखने को मिला।

सलमान खान की फिल्म में कैटरीना को कुमुद रैना का चरित्र निभाने के लिए दिया गया था। अली अब्बास जफर की इस फिल्म में उन्हें प्रियंका चोपड़ा जोनस के स्थान पर लिया गया था।

कैटरीना ने बताया, 'जैसे ही मुझे इसकी स्क्रिप्ट मिली मैंने इसे स्वीकार कर लिया। इसमे मेरा चरित्र बहुत ही असामान्य है और उन्हें इससे जुड़ी तैयारियों के लिए केवल दो माह का समय मिला था। मैंने इसे एक चुनौती के रूप में लिया था लेकिन ये इतनी अच्छी रही कि ये आपको मेरे पहले के कामों से भी बेहतर दिखेगी।

# निरंतर प्यार के लिए प्रशंसकों की आभारी हूं : ऐश्वर्या



**मुंबई।** अभिनेत्री ऐश्वर्या राय बच्चन ने सिनेमा की दुनिया में 25 साल पूरे कर लिए हैं। उन्होंने इतने लंबे समय तक निरंतर प्यार के लिए प्रशंसकों का शुक्रिया अदा किया है।

अभिनेत्री ने 1994 में मिस वर्ल्ड का खिताब जीता था और वह तब से ही मनोरंजन उद्योग का हिस्सा बनी हुई हैं। उन्होंने इस खिताब के जीतने के तीन साल बाद मणि रत्नम की फिल्म इरूवर से रूपहले पर्दे पर पदार्पण किया और इसी साल और प्यार हो गया से उन्होंने बॉलीवुड में कदम रखा।

अभिनेत्री ने एक साक्षात्कार में कहा, मैं दर्शकों के सदाबहार प्यार के लिए उनकी आभारी हूं। जिस तरह से उन्होंने मेरा समर्थन किया, गले लगाया और मुझे प्रोत्साहित किया, वह एक अनूठा आशीर्वाद है। उन्होंने कहा कि शुरुआत में लोग मेरे उस इरादे को नहीं समझ पा रहे थे कि मैं क्यों क्षेत्रीय सिनेमा या एक निश्चित निर्देशकों के साथ ही काम करती हूं। हालांकि, अभिनेत्री का यह भी कहना है कि वह अपने करियर में नए रास्ते अपनाने से पीछे नहीं रहती हैं। निर्देशक मणि रत्नम की फिल्म में भी अभिनेत्री काम करने जा रही हैं। इससे पहले वह उनके साथ इरुवर गुरु , और रावण में भी काम कर चुकी हैं। अभिनेत्री हिंदी सिनेमा की उन चुनिंदा अभिनेत्रियों में से एक हैं, जो पश्चिम की पिंक पैंथर , मिस्ट्रेस ऑफ स्पाइसेज , और ब्राइड एंड प्रिजूडिस जैसी फिल्मों में काम कर चुकी हैं। फिलहाल अभिनेत्री ने हॉलिवुड अभिनेत्री एंजेलिना जोली के किरदार को मालफिसेंट: मिस्ट्रेस ऑफ एविल में अपनी आवाज दी है। उनके इस काम को उनकी बेटी आराध्या ने भी पसंद किया है। सिनेमा की दुनिया में मौजूदा समय में महिलाओं के बेहतर किरदार की बहस चल रही है। अभिनेत्री का मानना है कि यह बहस कुछ समय तक जारी रहनेवाली है और यह बहस प्रत्एक उद्योग में चल रही है।

# रंग को लेकर पूर्वाग्रह हमारे पितृसत्तात्मक समाज की देन है: नंदिता

**एजेंसी। नई दिल्ली**

**अभिनेत्री-निर्देशक** नंदिता दास का मानना है कि सुंदरता की कोई एक परिभाषा नहीं हो सकती और सुंदरता देखने वाले की आंखों में निहित है। नंदिता दास के अनुसार यह विचार मुख्य रूप से समाज की पितृसत्तात्मक स्थापना से उपजा है और वह उम्मीद करती हैं कि एक समय आएगा जब रंग रुप को नहीं बल्कि उपलब्धियों को महत्व दिया जाएगा।

उन्होंने कहा, मेरे लिए यह (सुंदरता) कितना महत्वपूर्ण है? यदि मेरे पास करने के लिए 10 चीजें हैं, तो मैं कैसे दिखती हूं यह मेरी सूची में 11 वीं चीज होगी। उन्होंने ए बातें जेएसडब्ल्यू समूह के समर्थन से यूनेस्को द्वारा आयोजित इंडिया गॉट कलर अभियान के लांच के मौके पर कहीं। इस बातचीत का संचालन यूनेस्को के निदेशक और प्रतिनिधि एरिक फाल्ट ने किया।



इसमें 2009 में एक पैनलिस्ट के रूप में डार्क इज़ ब्यूटीफुल अभियान शुरू करने वाली और वुमेन ऑफ वर्थ की संस्थापक और निदेशक कविता एमैनुअल भी शामिल रहीं। नंदिता दास वर्ष 2013 से इस अभियान का समर्थन कर रही हैं। डार्क इज़ ब्यूटीफुल अभियान की 10वीं सालगिरह पर इसे इंडिया गॉट कलर का नाम दिया गया।

25 सितंबर को भारत में रंगभेद के खिलाफ जागरुकता फैलाने वाला एक वीडियो ऑनलाइन रीलीज किया गया था। इसमें स्वरा भास्कर, राधिका आप्टे, अली फज़ल, दिव्या दत्ता, तनिष्ठा चटर्जी, तिलोत्तमा शोम और विक्रांत मैसी जैसे कलाकार नजर आए थे।

# बुकर पुरस्कार: निर्णायक मंडल ने तोड़ा नियम, एटवुड एवं एवरिस्टो बर्नी संयुक्त विजेता

**एजेंसी। लंदन**

**बुकर** पुरस्कार के लिए विजेताओं का चयन करने वाले निर्णायक मंडल ने 1992 के बाद पहली बार नियमों को तोड़ते हुए इस साल प्रतिष्ठित पुरस्कार के लिए कनाडाई लेखिका मार्गरेट एटवुड और ब्रितानी लेखिका बर्नार्डिन एवरिस्टो को संयुक्त विजेता घोषित किया। एटवुड (79) यह पुरस्कार अपने नाम करने वाली सर्वाधिक उम्र की विजेता हैं। इन पुरस्कारों की शुरुआत 1969 में की गई थी। इस पुरस्कार के लिए छांटी गई छह पुस्तकों में ब्रितानी-भारतीय उपन्यासकार सलमान रुश्दी का उपन्यास क्विचोटे भी शामिल था।

बुकर के नियमों के अनुसार इस पुरस्कार को बांटा नहीं जा सकता, लेकिन निर्णायक मंडल ने कहा कि वे एटवुड की द टेस्टामेंट और एवरिस्टो की गर्ल, वुमैन, अदर में से किसी एक को नहीं चुन सकते। इससे पहले 1992 में दो लोगों को संयुक्त रूप से यह पुरस्कार दिया गया था। इसके बाद नियमों में बदलाव कर दिया गया था। आयोजकों ने इस साल के निर्णायक मंडल से कहा था कि वे दो विजेताओं




को नहीं चुन सकते। पांच सदस्ईय निर्णायक मंडल के अध्यक्ष पीटर फ्लोरेंस ने पांच घंटे के विचार विमर्श के बाद कहा, हमारा निर्णय है कि नियमों को तोड़ा जाएगा।

निर्णायक मंडल ने कहा कि वे चाहते हैं कि दोनों लेखिकाएं यहां गिल्डहॉल में एक बड़े कार्यक्रम में 50,000 पाउंड की राशि आपस में बांटें।फ्लोरेंस ने कहा, हमने उनके बारे में जितनी चर्चा की, हमें उतना ही ज्यादा यह महसूस हुआ कि हम दोनों को इतना पसंद करते हैं कि दोनों ही विजेता बनें। 79 वर्षीय कनाडाई लेखिका एटवुड ने एवरिस्टो के साथ यह पुरस्कार साझा करने पर खुशी जताते हुए मजाकिया लहजे में कहा, मुझे लगता है कि मैं काफी बुजुर्ग हो गई हूं और मुझे लोगों के इतने ध्यान की आवश्यकता नहीं है, इसलिए मुझे खुशी है कि आपको भी पुरस्कार मिला है। उन्होंने कहा, यदि मैं अकेले यह पुरस्कार जीतती... तो मुझे थोड़ा संकोच होता। इसलिए मैं खुश हूं कि आपको (एवरिस्टो) भी यह पुरस्कार मिला है। एवरिस्टो ने कहा, हम ब्लैक ब्रितानी महिलाएं जानती हैं कि यदि हम अपने बारे में नहीं लिखेंगी तो कोई और भी यह काम नहीं करेगा।

एवरिस्टो ने कहा, यह अविश्वसनीय है कि मुझे मार्गरेट एटवुड के साथ यह पुरस्कार मिला, जो महान और उदार हैं। इनके अलावा लुसी एलमन को डक्स, न्यूबरीपोर्ट चिगोजी ओबिओमा को एन ऑर्केस्ट्रा ऑफ मायनोरिटीज और एलिफ शफक को 10 मिनट्स 38 सेकंड्स इन दिस स्ट्रेंज वर्ल्ड के लिए शार्टलिस्ट किया गया था।

एटवुड का उपन्यास द हैंडमेड्स टेल भी 1986 में इस पुरस्कार के लिए छांटा गया था लेकिन तब वह यह पुरस्कार जीत नहीं पाई थीं। इस साल 151 किताबों में से इन छह उपन्यासों को छांटा गया था। अंतिम छह में जगह बनाने वाले इन लेखकों को भी 2500-2500 पाउंड राशि पुरस्कार मिलेगी।

रुश्दी ने मिडनाइट्स चिल्ड्रन के लिए 1981 में यह पुरस्कार अपने नाम किया था। मुंबई में जन्मे रुश्दी की पुस्तक पांच बार इस पुरस्कार के लिए छांटी गई है। पिछले साल एना बर्न्स को मिल्कमैन के लिए यह पुरस्कार मिला था।